# नाटकचन्द्रिका

व्याख्याकार

बाबूलाल शुक्ल, शास्त्री



चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी-१

॥ श्रीः ॥

चौखम्बा संस्कृत ग्रन्थमाला

ग्रन्थ-संख्या ९७

श्रीरूपगोस्वामिप्रभुपादप्रणीता

# नाटकचन्द्रिका

## सटिप्पण 'प्रकाश' हिन्दीव्याख्योपेता

व्याख्याकार एवं सम्पादक

**बाबूलाल शुक्ल, शास्त्री**

एम० ए०, साहित्याचार्य

आचार्य : संस्कृत, पालि तथा प्राकृत विभाग,
भाषा एवं शोधसंस्थान, जबलपुर विश्वविद्यालय,
जबलपुर

**चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी-१**

THE

CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES

WORK NO. 97

# NĀṬAKACANDRIKĀ

OF

SRĪ RŪPA GOSWĀMĪN

EDITED WITH

THE PRAKĀŚA HINDĪ COMMENTARY
AND CRITICAL NOTES.

BY

**Prof. S'RĪ BĀBŪLĀLA S'UKLA S'ĀSTRĪ,**

M. A., Sāhityācharya,

Department of Sanskrit, Pali and Prakrita

Institute of Languages and Research

University of Jabalpur,

JABALPUR

THE

CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE

Post Box 8. VARANASI-1 ( India ) Phone : 3145.

1964

Publisher : The Chowkhamba Sanskrit Series Office, Varanasi-1
Printer : Vidya Vilas Press, Varanasi-1
Edition : First, 1964.
Price : Rs. 7-50

पूज्य पितृचरण

श्री पं० नन्दकिशोर जी शुक्ल

की

दिवंगत आत्मा को

सादर

समर्पित

# INTRODUCTION

## Critical Apparatus

The present edition of Nāṭakacandrikā with the Prakāśa Hindi commentary and critical notes is based on the following manuscripts and Printed texts of the same.

1. A manuscript of Nāṭakacandrikā Preserved in the Madras Government manuscripts library. It is catalogued under No. 12900. It contains 44 leaves with 12 lines on a leaf. It is written in Dēvanāgarī characters. It is broken at places and is often found incorrect. It is important as it differs at several places from other mss. I have designated this manuscript as 'A'.

2. A manuscript of Nāṭakacandrikā found in the Collection of manuscripts belonging to Bhaiyaji, the custodian of Lakshmi Narain temple, Khargone. It contains 38 leaves with ten lines on each page. It is written in Dēvanāgarī characters. Its colophon reads—"इति नाटकचन्द्रिका समाप्ता। लिखितं मथुराक्षेत्रे सं० १७८२ विक्रमाब्दे।" It is fairly correct. It does not give full illustrations. It is designated as 'B'.

3. Of the printed texts of Nāṭakacandrikā the Calcutta edition has been used. It is prepared by Shri Purinath Das and is printed in Bengali characters. I have designated this edition as "क".

4. I have also used Shri Rāsabihāri Goswami's edition of Nāṭakacandrikā which is published from Murshidābād, Kasimbazar. It is also in Bengali script. It was published in 1907. This text also is not available in the market. I have designated this edition as "ख".

Nāṭakacandrikā quotes generally from "Lalita Mādhava"—

a devotional drama by the same author. Lalita Mādhava too is not published so far. I was obliged to prepare an edition of Lalita Mādhava for editing the citations of Nāṭakacandrikā. Fourtunately I was successful in procuring two manuscripts of Lalita Madhava from the Bhandarkar Oriental Research Institute, Poona. This edition ( which will be published soon ) has helped in the correction of citations from Lalita Mādhava which occur in Nāṭakacandrikā. In this way care has been taken to make the present edition as far authentic as possible.

## Rupa Goswamin : the Author

Rūpa Goswamin was a scion of the Goswami line and Kumāra was his father. Sanātana and Vallabha were his brothers. His sixth ancestor Aniruddha was a king of Karanata about Śake 1338. His family was immensely rich. Rūpa and Sanātana were the prime ministers of Husain Śāha, the Emperor of Gauda. By nature of a religious disposition they were attracted by the teachings of the great reformer Chaitanya or Sri Gauranga Mahāprabhu, and left home to become ascetics. Rūpa was born in 1490 A. D. and passed away in 1563 A. D.

## The Works of Rūpa Goswamin

As a poet and rhetorician, Rūpa Goswamin is of high order. The poetic instinct saturated with Bhakti or love of Shri Krishna has manifested itself in several forms of composition, always with the life of Shri Krishna or its theme. In his Laghūṭoṣini commentary of Sanātana Goswamin's, लघुभागवतामृत, Jīvagoswamin ascribes seventeen works to Rūpa Goswamin. Of the seventeen works the following eight are the most important. ( 1 ) Hansadūta and ( 2 ) Uddhava Sandeśa are lyrics, ( 3 ) Dānakelikaumudī, ( 4 ) Lalitamādhava and ( 5 ) Vidagdha Mādhava are dramatic compositions, ( 6 ) Nāṭakacandrikā, ( 7 ) Ujjvala Nīlamaṇi and ( 8 ) Bhaktirasāmritasindhu are his works on poetics which treat 'flavour' from the Vaiṣṇava point

of view. In these works Rūpa Goswamin combines the aesthetic with the devotional. The turn from the purely artistic to the artistic cum devotional has the obvious advantage that it imparts a depth to the fleeting emotions and helps to stabilize them. It lifts them from the ethereal to the trancendental sphere and stirs not only the heart but also the spirit and becomes an expression of the souls' desire to merge their identities. In this way Rūpa gives a new interpretation to the Bharata's Rasasūtra—विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः According to this interpretation devotion is the pivot to which the aspirants' heart is fixed. Gopis and Sri Krishna figure as the basis of this devotion. That is to say, the Gopies have imbibed the spirit of deep devotion which is a medium for the realization of the true essence of supreme bliss. Shri Krishna and his physical charms, ever fresh and captivating are the support of this devotion. His qualities, actions and graces are the excitants. The personal accomplishments of Rādhā and her associates and their addresses to Lord Krishna are the ensuants. All there arise simultaneously and produce a devotional supreme bliss.

The above interpretation of the Bharata's Rasasūtra finds a full analysis in Rūpa Goswamin's famous works भक्तिरसामृत• सिन्धुः and उज्ज्वलनीलमणिः. In the former work we find four oceans designated after the four directions. Each direction has several waves. In the eastern direction we find devotion in its general form ; in the southern we meet विभाव, अनुभाव, सात्त्विक and व्यभिचारिभाव ; in the western we come across an analysis of devotional flavour which is classified under several compartments and labelled as शान्त, प्रीत, प्रेम, वात्सल्य and मधुर भक्तिरस In the northern direction हास्य, अद्भुत, वीर, करुण, रौद्र, बीभत्स and भयानक sentiments are described. Their mutual contrariness or otherwise is also discussed. However, this work is wanting in the description of the sweet flavour and of the heroes and heroines. Rūpa Goswamin's Work उज्ज्वलनीलमणि supplies the

above desideratum. There is an illustrative description of the nintysix kinds of heroes and three hundred and sixty kinds of heroines. The erotic sentiment arising from the constancy in love ( प्रेमारति ) pervades the atmosphere.

Nāṭakacandrikā is Rūpa Goswamin's production of ripe experience. It aims at aesthetic pleasure as the sole resultant of dramatic composition, the sweet experiences of which are derived from its study or its performances, the basis whereof is the charming figure of Lord Krishna himself and which indeed is the consequence of his beneficial benevolence. The sensations of pleasure create not only a sense of wonder but also a rise of flavour as it is evident from the following verse in भक्तिरसामृतसिन्धुः ( भ० र० सि० द० वि० पश्चि० लह० ७७-७९ )—

"नवे रताङ्कुरे जाते हरिभक्तस्य कस्यचित् ।
विभावत्वादिहेतुत्वं किञ्चित्तत्काव्यनाटययोः ॥
हरेरीषच्छ्रुतिविधौ रसास्वादः सतां नयेत् ।
रतेरेव प्रभावोऽयं हेतुस्तेषां तथा कृतौ ॥"

According to the writers on poetics the permanent feelings which exist inside in the form of experiences derived from the associated group of विभाव, अनुभाव and व्यभिचारिभाव, no matter whether they are displayed on the stage or read in the Kāvya, are transformed into what is called the property of flavour. But there is a fundamental difference in the theory of Rasa as enunciated by Rūpa Goswamin. The aesthetic pleasure which a non-devotional Kāvya would impart would be of ordinary type which would not impress the devotional spectator or reader whose dormant feelings the transcendental devotional kāvya alone can awaken.

Thus viewed the devotional literature is a medium through which an aspirant who has surpassed the stage of an ordinary aesthetician can experience the pleasure of flavour he desires after his full emancipation. With this difference Rūpa Goswami can be truely called a seasoned master in the school of suggestion in poetry.

## Acknowledgements

I feel a great pleasure in putting on record my sincere obligations to the authorities of the Madras Government manuscripts Library for sending me a transcript copy of the manuscript in their possession, to the Bhaiyaji for allowing me to use a copy of the manuscript in his collection, to Shri Purinātha Dās and Shri Rāsabihāri Goswami for the use of their printed editions and to Dr. A. D. Pusalkar of the B. O. R. I. Poona for lending me two copies of the mss of Lalita-Mādhava for the verification of quotations cited in the play.

I am obliged to Dr. Rāj Bali Pāndeya, M. A. D. Litt. Vidyāratna, the Director of the Institute of Languages and Research and Head of the Department of Ancient Indian History and culture and to Dr. Hirālal Jain, M. A., L. L. B. D. Litt. Head of the Department of Sanskrit, Pali and Prākrit of the Institute of Languages and Research, University of Jabalpur for their encouragement.

I am deeply grateful to Shri Babu Krishna Das Gupta. the proprietor of Chowkhamba Sanskrit Series for including the present work in the series, to Shri M. D. Gupta and Shri V. D. Gupta for their kind assistance and to Shri Rāma chandra Jhā of the Chowkhamba Press in arranging the speedy and neat printing of the Work.

January 26, 1964
Department of Sanskrit, Pali
and Prakrit,
University of Jabalpur.

**B. L. Shukla, Shastri.**

## Acknowledgements

I feel a great pleasure in putting on record my sincere obligations to the authorities of the Madras Government Manuscripts Library for sending me a transcript copy of the manuscript in their possession, to the Bhaiyaji for allowing me to use a copy of the manuscript in his collection, to Śrī Purnātha Dās and Śrī Rāsabihārī Goswāmī for the use of their printed editions and to Dr. A. D. Pusalkar of the B. O. R. I. Poona for lending me two copies of the mss of Lalita-Mādhava for the verification of quotations cited in the play.

I am obliged to Dr. Rājbali Pāndeya, M. A. D. Litt Vidyāratna, the Director of the Institute of Languages and Research and Head of the Department of Ancient Indian History and culture and to Dr. Hiralal Jain, M. A., LL. B. D. Litt. Head of the Department of Sanskrit, Pali and Prākrit of the Institute of Languages and Research University of Jabalpur for their encouragement.

I am deeply grateful to Śrī Braj Krishna Das Gupta, the proprietor of Chowkhamba Sanskrit Series for including the present work in the series, to Shri M. D. Gupta and Shri V. D. Gupta for their kind assistance and to Shri Pāna chandra Jhā of the Chowkhamba Press in arranging the speedy and neat printing of the Work.

January 26, 1964
Department of Sanskrit, Pali
and Prakrit,
University of Jabalpur.

S. L. Shukla, Shastri

# उपोद्घातः

इयमिदानीं सटिप्पणप्रकाशहिन्दीव्याख्यासमुपेता नाटकचन्द्रिका सम्सुद्र्या-ध्येतृगणसौकर्याय प्रकाशपथमानीयते। तामेतां नाटकीयलक्षणजातपुञ्जिमां नाटक-चन्द्रिकां श्रीगौरकृष्णनटराजनाट्यमाधुरीकलः श्रीरूपगोस्वामि-प्रभुपादः प्रणिनाय। अयं श्रीरूपगोस्वामी श्रीगौराङ्गमहाप्रभोः समसामयिकः अतः अस्य सत्ताकालः १४९० खिस्ताब्दादारभ्य १५५३ खिस्ताब्दपर्यन्त इति ऐतिह्यविदां सुविमर्शः।

श्रीरूपगोस्वामिनः जनकः श्रीकुमारः, ज्येष्ठभ्राता सनातनः वल्लभश्चानुजः आसीद्यस्य अनुपम इति नामान्तरम्। श्रीसनानतरूपदेवौ गौडीयहुसेनशाहस्य मन्त्रिणावास्ताम्। तावेतौ श्रीचैतन्य साक्षात्कारजातसमुद्बोधौ जातवैराग्यौ च स्वस्वमन्त्रिपदं विहायाजीवनं वृन्दावनवासमुररीकृत्य श्रीकृष्णभक्तितत्परौ स्वस्वकार्य-जातं निर्वाहयन्तौ सायुज्यमापतुरिति।

श्रीरूपगोस्वामिनः अनुजस्य वल्लभस्य जीवगोस्वामी सूनुरभवत्। असावपि वृन्दावने गोस्वामिपदमवाप्य सायुज्यमाप्तवान्। अनेन जीवगोस्वामिमहाभागेन श्रीरूपगोस्वामिप्रणीतानां ग्रन्थानां सङ्ग्रहसूची श्रीसनातनप्रणीतस्य लघुभागवतस्य लघुतोषिणीव्याख्यायां निदर्शिता। ततो ज्ञायते यद्रूपगोस्वामिपादैः सप्तदशग्रन्थाः विरचिता इति। ते यथा—( १ ) हंसदूतम्, ( २ ) उद्धवसन्देशः, ( ३ ) दान-केलिकौमुदी, ( ४ ) ललितमाधवम्, ( ५ ) विदग्धमाधवम्, ( ६ ) नाटक-चन्द्रिका, ( ७ ) उज्ज्वलनीलमणिः, ( ८ ) भक्तिरसामृतसिन्धुः, ( ९ ) लघु-भागवतामृतम्, ( १० ) पद्यावली, ( ११ ) स्तवमाला, ( १२ ) उत्कलिका-मञ्जरी, ( १३ ) आनन्दमहोदधिः, ( १४ ) मथुरा-महिमा, ( १५ ) गोविन्द-विरुदावलिः, ( १६ ) मुकुन्दमुक्तावलि; (१७) अष्टादशलीलाच्छन्दः इति। अन्यच्च-यमुनास्तोत्रमू, गौराङ्गस्तवकल्पतरुः, कुसुमस्तबकः चतुःपुष्पाञ्जलिस्तवः अपि श्री रूपगोस्वामिप्रणीताः समुपलभ्यन्ते इति विवरणेभ्यः ज्ञायते।

श्री नाटकचन्द्रिकायां विदग्धमाधव-ललितमाधव-पद्यावली-पद्यानां समाहरणा-दस्या रचनाकालस्तत्परो भावी, अथ च भक्तिरसामृतसिन्धुरुज्ज्वलनीलमणिग्रन्थ-योश्चानुल्लेखादनयोः पूर्वमेवास्या निर्मितिरित्यपि सुस्पष्टमेव। श्रीललितमाधवस्य

रचनासमाप्तिः १५३७ खिस्ताब्दे श्रीभक्तिरसामृतसिन्धोश्च १५४१ खिस्ताब्दे इति ज्ञापिते एतत्समयमध्यान्तःपातो एव नाटकचन्द्रिकायाः निर्माणकालः इति सुस्थितैव सरणिः।

श्रीनाटकचन्द्रिकायाः एका टीका श्रीबलदेवविद्याभूषणेनापरा श्रीमद्विश्वनाथ-चक्रवर्तिभट्टाचार्येण विरचितासीदिति सूचीषु निरूपितमास्ते परमस्माभिः कुत्रापि नोपलब्धमदः आदर्शपुस्तकम्।

प्रकृतपुस्तकसम्पादने हस्तलिखितमेकमादर्शपुस्तकं मद्रशासनाधिकृतहस्त-लिखितग्रन्थागारादपरं श्रीभैय्याजीपुस्तकालयाल्लब्धम् अन्यच्च बङ्गाक्षरे मुद्रितं पुस्तकद्वयम् इति सङ्कलनेन च पुस्तकचतुष्टयमवलम्ब्य तत्साहाय्येन च संवाद्य सम्पादितमेतन्नाटकचन्द्रिकायाः संस्करणं श्रीरूपगोस्वामिसाहित्यविमर्शकानां कृते पुनः हिन्दीव्याख्यानेन संयोज्य समयोजि। अस्मिन् सम्पादन-कर्मणि पुस्तकादि-सम्प्रेषणेन मम साहाय्यं कृतवद्भ्यः अधिकारिभ्यः सुहृद्भ्यश्च धन्यवादाः।

प्रस्तुतग्रन्थप्रकाशनेन संस्कृतभाषाया साहित्यसंवर्द्धनेन च चौखम्बासंस्कृत-ग्रन्थमालाप्रकाशकः श्रीकृष्णदासगुप्तः महाभागः, श्रीविट्ठलदास गुप्तः श्रीमोहनदास-गुप्तश्च धन्यवादमर्हति। अन्ते च मुद्रणकार्ये दत्तावधानान् श्रीरामचन्द्र झा महाभागान् अपि धन्यवादैरभिनन्दन् विरमाम्यस्मादनल्पजल्पनाद् व्यापारात् इति।

भाषानुसन्धानसंस्थानम्<br>जबलपुरम्

विदुषामाश्रवः<br>**बाबूलाल शुक्लः, शास्त्री**

# भूमिका

श्री रूपगोस्वामी के ग्रन्थों का अनुशीलन करते समय आज से लगभग ५ वर्ष पूर्व 'हरिभक्तिरसामृतसिन्धु' तथा 'नाटकचन्द्रिका' की हस्तलिखित प्रतियाँ मुझे मिलीं थी। उनमें 'हरिभक्तिरसामृतसिन्धु' का एक संस्करण काशी से मुद्रित हो चुका था, किन्तु 'नाटकचन्द्रिका' के किसी मुद्रित संस्करण को न पाकर इसे मूल संस्कृत में सुसम्पादित कर प्रकाशित करने की इच्छा से इस ग्रन्थ की अन्य हस्तलिखित तथा मुद्रित प्रतियों का खोजकर सङ्कलन करना आरम्भ किया गया। इनमें प्राप्य प्रतियों का विवरण निम्नलिखित है :—

( अ ) यह मद्रास के शासकीय हस्तलिखित ग्रन्थागार ( Madras Government Manuscript Library ) में स्थित प्रति की प्रतिलिपि है। इसका ग्रन्थ क्रमाङ्क १२९००, पत्र संख्या ४४ तथा प्रति पृष्ठ पर १२ पङ्क्तियाँ हैं। पुस्तक देवनागराक्षरों में लिखित है। यह ग्रन्थ अनेक स्थानों पर खण्डित और अशुद्ध है, परन्तु पाठान्तर की भिन्नता के कारण इस ग्रन्थ का अपना महत्त्व भी है।

( ब ) यह प्रति श्री भैयाजी के संग्रह से 'हरिभक्तिरसा-मृत-सिन्धु' के सटीक ग्रन्थ के साथ प्राप्त हुई थी ( भैयाजी खरगोन [ म० प्र० ] के निवासी तथा लक्ष्मीनारायण मन्दिर के स्वामी हैं और इसी मन्दिर में इनका परम्परागत ग्रन्थसंग्रह भी है। ) इसकी पत्रसंख्या ३८ तथा प्रतिपृष्ठ पर १० पङ्क्तियाँ हैं। ग्रन्थ देवनागराक्षरों में लिखित है। इसकी पुष्पिका में लिखा है : 'इति नाटकचन्द्रिका समाप्ता। लिखितं मथुराक्षेत्रे सं० १७८२ विक्रमाब्दे'।

इसका पाठ अधिक शुद्ध है तथा उदाहरणपद्यों के कई स्थानों पर प्रतीक मात्र हैं ।

( क ) बंगाक्षरों में मुद्रित प्रति । श्री पुरीनाथ दास महाशय सम्पादित ।

( ख ) बंगाक्षरों में मुद्रित प्रति । इसे श्री रासविहारी गोस्वामी ने मुर्शीदाबाद कासिमबाजार से प्रकाशित किया था । इसका मुद्रण-प्रकाशन सन् १९०९ में हुआ था । सम्प्रति यह मुद्रित संस्करण भी अप्राप्य है ।

इस प्रकार मैंने इन चार प्रतियों के आधार पर 'नाटकचन्द्रिका' का तुलनात्मक पाठान्तर समन्वित संस्करण तैयार करना आरम्भ किया । नाटकचन्द्रिका में प्रायः 'ललितमाधव-नाटक' से ही ( समस्त ) उदाहरण लिये गये हैं । अतः उक्त नाटक के स्थान सङ्केत नाटकचन्द्रिका में देना आवश्यक प्रतीत हुआ । यह हमें विदित था कि श्रीरूप-गोस्वामी की कृतियों के बंगाक्षरों में संस्करण हो चुके हैं, परन्तु सम्प्रति कोई भी संस्करण प्राप्य नहीं था । 'नाटकचन्द्रिका' को व्यवस्थित करने के लिए 'ललितमाधव' नाटक प्राप्त करना आवश्यक था अतः मैंने भण्डारकर प्राच्य संशोधन मन्दिर, पूना से सम्पर्क स्थापित कर वहाँ से 'ललितमाधव नाटक' की दो हस्तलिखित प्रतियाँ प्राप्त कर उनके आधार पर 'ललितमाधव' का भी एक संस्करण तैयार किया तथा इसी नाटक की संस्कृत-व्याख्या में उद्धृत 'नाटकचन्द्रिका' की कारिकाओं तथा विवरणों से नाटकचन्द्रिका के अनेक अंशों का मिलान कर पाठों का व्यवस्थित सम्पादन किया । इतना हो जाने पर मैंने नाटकचन्द्रिका संशोधित संस्करण को प्रकाशनार्थ चौखम्बा संस्थान वाराणसी को भेज दिया । वर्तमान समय में उसके प्रचार, प्रसार और अनुशीलन में हिन्दी व्याख्या के जोड़ देने से ही बल

मिलेगा ऐसी प्रकाशक महोदय की साग्रह प्रेरणा से प्रेरित होकर मैंने इसकी प्रकाश हिन्दी व्याख्या भी लिखी और आवश्यक स्थलों पर अतिसंक्षिप्त टिप्पणियाँ भी जोड़ दी। इस प्रकार प्रस्तुत कृति को पूर्ण एवं प्रामाणिक संस्करण बनाने का उद्योग किया गया है आशा है कि सुधी पाठक इससे लाभान्वित होगें। मुद्रणावस्था में प्रमादवश छूटी हुई अशुद्धियों को दूर करने के लिये अन्त में शुद्धिपत्र भी दे दिया गया है। नदीष्ण विद्वान् एवं सुधी पाठक इन्हें ध्यान में रखकर ही प्रस्तुत कृति का अवलोकन करेगें, ऐसी प्रार्थना है। विद्वज्जन एवं संशोधक विद्वानों के बोधार्थ एक अंग्रेजी तथा संस्कृत प्राक्कथन भी दिया गया है जिससे इस संस्करण का सभी उपयोग कर सकें।

**रूपगोस्वामी** : व्यक्तित्व एवं स्थितिकाल :

रूपगोस्वामी के मूलवंशज कर्नाटक[1] ब्राह्मण थे जो कर्नाटक प्रदेश से चौदहवीं शती के अन्तिम और पन्द्रहवीं शती के आरम्भ में ही निष्क्रमण कर बंगाल में बस गये थे। इनके मूल पुरुष का नाम जगद्गुरु सर्वज्ञ था जो कर्नाटक प्रदेश के राजपुत्र भी थे। इनका गोत्र भारद्वाज था तथा इन्हें तीनों वेद का पूर्ण ज्ञान था। सर्वज्ञ के पुत्र अनिरुद्ध हुए जो यजुर्वेद के पारङ्गत विद्वान् थे। अनिरुद्ध की दो पत्नियों से दो पुत्र हुए—रूपेश्वर तथा हरिहर। इनमें प्रथम पुत्र विद्वान् हुआ परन्तु दूसरा पुत्र दुराचरण की कुटेव में पड़ गया और उसने षड्यन्त्र द्वारा अपने बड़े भाई को राजपुत्र के पद से हटवा दिया। विद्वान् रूपेश्वर को एक पुत्र हुआ जिसका नाम पद्मनाभ था।

---

१. कर्नाटक ब्राह्मण होने के प्रमाणों का विशेष विवरण बी॰ मजूमदार के Op. cit पृष्ठ ५०–५३ पर द्रष्टव्य।

यह यजुर्वेद तथा उपनिषद् का नदीष्ण विद्वान् था। पद्मनाभ ने गङ्गा-नदी के तट पर वर्तमान नवहट्ट ग्राम को अपना आवास बनाया तथा वहाँ एक यज्ञ भी किया। पद्मनाभ के पाँच पुत्र हुए जिनमें सबसे छोटे पुत्र का नाम मुकुन्द था। सम्बन्धियों से परस्पर कलह के कारण मुकुन्द ने नवहट्ट ग्राम को भी छोड़ दिया और वे पूर्वी बंगाल में रहने के लिये चले गये।

भक्तिरत्नाकर के अनुसार ये पूर्वबंगाल के फतेयाबाद (जो जेसोर के पास है) में जा बसे थे जो उस समय बाकला चन्द्रद्वीप परगना था। मुकुन्द को एक पुत्र हुआ जिसका नाम श्रीकुमार था। श्रीकुमार के पुत्रों में तीन प्रसिद्ध पुत्र थे जिनके नाम हैं—सनातन, रूप तथा अनुपम[1] (इसका दूसरा नाम वल्लभ भी था।)

इनमें ज्येष्ठ पुत्र सनातन ने नवद्वीप के सुप्रसिद्ध विद्वान् रत्नाकर विद्यावाचस्पति से अध्ययन किया था। ये रत्नाकर पण्डित सुप्रसिद्ध नैयायिक वासुदेव सार्वभौम के अनुज थे। वैष्णवतोषिणी टीका के मङ्गलाचरण में सनातन ने इनकी वन्दना की है[2]। अध्ययन के बाद बंगाल के शाह हुसेन के दरबार में मन्त्रीपद पर रूप और सनातन की नियुक्ति हो गयी और इनके सभी कुटुम्बीजन गौड़ के समीप रामकेलि ग्राम में

---

१. अनुपम का मूलनाम वल्लभ था। इसी प्रकार रूप और सनातन के भी मूलनाम क्रमशः अमर तथा सन्तोष थे। चैतन्यदेव से दीक्षित हो जाने पर इनके नाम बदल कर सनातन, रूप तथा अनुपम रखे गये।

२. रत्नाकर विद्यावाचस्पति ने पक्षधर मिश्र प्रणीत तत्त्वचिन्तामण्यालोक पर टीका लिखी थी। द्र० गोपीनाथ कविराज Op cit pp. 68-69,

३. भट्टाचार्यं सार्वभौमं विद्यावाचस्पतिं गुरुम्।
वन्दे विद्याभूषणञ्च गौडदेशविभूषणम्॥

बस गये। रूप ने भी शाह के दरबार में पर्याप्त प्रतिष्ठा प्राप्त की। सनातन और रूप के शाह के दरबार में रखे गये मुस्लिम नाम भी मिलते हैं—( वहाँ ये साकिरमलिक तथा डबीरखास के नाम से प्रख्यात थे। ) रामकेलिग्राम में प्रभु चैतन्यदेव से साक्षात्कार होने पर उनके व्यक्तित्व एवं सिद्धान्त से प्रभावित होकर ये सभी भाई उनके शिष्य हो गये[1] और प्रसिद्ध है कि चैतन्य महाप्रभु ने ही इन्हें सनातन तथा रूप नाम दे दिये थे।

इस विवरण से स्पष्ट है कि चैतन्यदेव से साक्षात्कार होने के पूर्व दोनों भाईयों ने इस्लाम धर्म की दीक्षा ले ली होगी। किन्तु 'भक्तिरत्नाकर' में इन आचार्यों के जीवन का जो विवरण मिलता है उससे इनके मुस्लिम धर्म स्वीकार करने की बात पुष्ट नहीं होती। रामकेलिग्राम के आसपास कर्नाटक ब्राह्मणों का आवास ( Colony ) था। जहाँ वे अपने परम्परागत सामाजिक और धार्मिक कृत्य निर्बाध करते थे। इनको म्लेच्छजन से सम्पर्क रहने के कारण अशुचि[2] समझा जाता था परन्तु इस जाति का नवद्वीप के वैष्णव धर्म से सम्पर्क था और आरम्भ से ही विष्णु भक्ति की ओर इनका झुकाव चला आ रहा था। अतएव यह स्पष्ट है कि रूप और सनातन प्रसिद्ध विद्वान्[3] एवं वैष्णव धर्म के ही अनुयायी थे।

---

१. रूप और सनातन के वैराग्य की कथा 'प्रेमविलास' में वर्णित है।

२. अशुचि जाति बतलाना स्वयं को हीन बतलाने के उद्देश्य से ही है। जैसा कि प्रायः भक्तजन की रचनाओं में परिलक्षित होता है। सूर ने भी स्वयं को 'प्रभु हौं सब पतितन को टीको' कहा है। इससे सूरदास का नीच जाति होना प्रकट नहीं होता। इसी प्रकार अन्त्यलीला में सनातन के उद्गार—'नीचवंशे मोर जन्म' या 'नीचजाति देह मोर अत्यन्त असार' से उसे नीचवंश का नहीं माना जा सकता।

३. चैतन्यचरित ( अन्त्यलीला ) के अनुसार उस समय सनातन के समान अन्य विद्वान् नहीं था और इनकी इसी योग्यता को देखकर चैतन्य महाप्रभु ने वृन्दावन में दोनों भाइयों को रहने तथा वैष्णवसिद्धान्त पर ग्रंथ रचने की प्रेरणा दी थी।

रूपगोस्वामी ने 'दानकेलिकौमुदी' नामक भाणिका की रचना सन् १४९६ ई० में की थी जिसमें कृष्णलीला का एक स्पष्ट एवं भक्ति-भाव पुरस्सर चित्रण किया गया है। इसके अतिरिक्त दो दूतकाव्यों की भी इनके द्वारा रचना की गयी। ये सभी कृतियाँ चैतन्यदेव के साक्षात्कार के पूर्व ही निर्मित थीं। इनसे स्पष्ट है कि रूप तथा सनातन देव शुद्ध ब्राह्मण ही थे केवल ये शाह के मन्त्रि या सेवक मात्र रहे थे तथा इसी कारण उन्हें भी म्लेच्छ कहा जाने लगा होगा। विष्णु या कृष्ण में निष्ठा रहने एवं विद्वान् होने के कारण जब ये चैतन्यदेव से मिले तो उनके नवीन, सरल और भावनाप्रधान भक्तिसिद्धान्त को सुनकर प्रणत हो गये तथा उन्हें इस सम्प्रदाय के प्रति परम श्रद्धा एवं उत्साह प्राप्त हुआ। उन्हें वैष्णव मान्यता का एक महत्वपूर्ण एवं नवीन समाधान मिल गया और रामकेलिग्राम में चैतन्यदेव के दर्शन के पश्चात् वैष्णव भक्ति में प्रगाढ़ अनुराग हो चुका था। इस प्रकार कुछ समय बीतने के पश्चात् रूप अपने अनुज अनुपम के साथ प्रयाग जाकर श्री चैतन्यदेव से मिले। इस समय चैतन्यदेव वृन्दावन से लौट कर प्रयाग, काशी आदि होकर जगन्नाथ पुरी की यात्रा को जा रहे थे। प्रयाग में श्री चैतन्यदेव के साथ दस दिन रहकर रूपदेव ने उनके साथ काशी तक जाने का प्रस्ताव किया किन्तु चैतन्यदेव के द्वारा इन्हें पुनः वृन्दावन लौट जाने की प्रेरणा दी गयी। सनातन देव काशी तक श्री चैतन्यदेव के साथ गये पर इन्हें भी अपने साथ पुरी तक जाने की अनुमति नहीं मिली और चैतन्यदेव ने इन्हें भी वृन्दावन जाने के बाद पुनः लौटकर पुरी में मिलने को कहा। वृन्दावन लौट जाने के बाद रूपगोस्वामी अपने अनुज अनुपम के साथ पुनः चैतन्य के दर्शनार्थ पुरी की ओर रवाना हुए परन्तु बंगालप्रान्त में गङ्गा नदी के तीर तक पहुँचने पर मार्ग में ही इनके अनुज अनुपम की मृत्यु हो गयी। रूपदेव

पुरी में लगभग १० मास तक रहे और फिर वृन्दावन लौट आये। रूप देव के पुरी से लौट आने के पश्चात् सनातनदेव पुरी में जाकर श्री चैतन्यदेव से मिले। चैतन्यदेव से वैष्णव सिद्धान्तों की महत्ता और शास्त्रीयपक्ष को प्रख्यापित करने के लिये ग्रन्थनिर्माण की प्रेरणा लेकर फिर रूप और सनातन आजीवन वृन्दावन रहे। रूपगोस्वामी के एक उल्लेख से विदित होता है कि उन्हें श्रीकृष्ण ने गोपकुमार के रूप में दर्शन देकर दूध पिलाया था[1]।

जीवगोस्वामी ने सनातनगोस्वामी प्रणीत लघुभागवतामृत की लघुतोषिणी व्याख्या में सनातन तथा रूपगोस्वामी के द्वारा निर्मित ग्रन्थों की एक सूची[2] दी है। जिससे प्रतीत होता है कि रूपगोस्वामी ने सत्रह ग्रन्थों की रचना की थी। इनमे (१) हंसदूत तथा (२) उद्धव-सन्देश, खण्डकाव्य हैं। (३) दानकेलिकौमुदी, (४) ललितमाधव तथा (५) विदग्धमाधव नाट्यकृतियाँ हैं। तथा (६) नाटकचन्द्रिका, (७) उज्ज्वलनीलमणि और (८) भक्तिरसामृतसिन्धु साहित्यशास्त्र के ग्रन्थ हैं। इनके ये आठ ग्रन्थ महत्त्वपूर्ण हैं। इन ग्रन्थों के अतिरिक्त इनकी अन्य रचनाएँ भी हैं। यथा—(१) लघुभागवतामृत,

---

१. गोपालबालकव्याजाद् ययोः साक्षाद्बभूव ह।—
साक्षाच्छ्रीयुतगोपालः क्षीराहरणलीलया॥ (लघु० तो०)

२. तयोरनुजस्त्स्तेषु काव्यं श्रीहंसदूतकम्।
श्रीमदुद्धवसन्देशं छन्दोऽष्टादशकं तथा॥
स्तवश्चोत्कलिकावल्ली गोविन्दविरुदावली।
प्रेमेन्दुसागराद्याश्च बहवः सुप्रतिष्ठिताः॥
विदग्धललिताग्राख्यमाधवं नाटकद्वयम्।
भाणिका दानकेल्याख्या रसामृतयुगं पुनः॥
मथुरामहिमा पद्यावली नाटकचन्द्रिका।
संक्षिप्तं च भागवतामृतञ्चैते च संग्रहः॥

(२) पद्यावली, (३) स्तवमाला, (४) उत्कलिकामञ्जरी ( वल्लरी ), (५) आनन्दमहोदधि, (६) मथुरामहिमा, (७) गोविन्द-विरुदावली (८) मुकुन्दमुक्तावली तथा (९) अष्टादश छन्द[1]। इनके अतिरिक्त (१) यमुनास्तोत्र, (२) गौराङ्गस्तवकल्पतरु, (३) कुसुमस्तबक तथा (४) चतुःपुष्पाञ्जलिस्तव भी रूपगोस्वामी की रचनाओं में गिने जाते हैं।

रूप, सनातन तथा जीव गोस्वामी का स्थितिकाल निश्चय करने के लिये ऐतिहासिक सूचनाओं की उपलब्धि तो प्राप्य है नहीं किन्तु उनकी कृतियों के अन्त में दिये गये समय तथा उनके चैतन्य महाप्रभु से साक्षात् उपदेश ग्रहण करने तथा बारबार दर्शनार्थ जाने आदि के विवरण से एक आनुमानिक स्थितिकाल का लगभग सही रूप अङ्कित किया जा सकता है। जैसा स्पष्ट है कि दो दूतकाव्यों में चैतन्य के प्रति नमस्क्रिया नहीं होने से इनकी रचना चैतन्य से दीक्षित होने के पूर्व ही हो गयी थी। भक्तिरसामृतसिन्धु में पद्यावली का उल्लेख है। नाटकचन्द्रिका भी इनकी आरम्भिक रचना थी जिसको पुनः संशोधित तथा परिवर्द्धित किया गया होगा। इन ग्रन्थों के आरम्भ में श्री चैतन्य का कोई उल्लेख या नमस्क्रिया नहीं दी गयी है। इसके अतिरिक्त श्री रूपगोस्वामी के कुछ ग्रन्थों के अन्त में उनका रचनाकाल भी अङ्कित है। इनकी दानकेलिकौमुदी ( भाणिका ) की रचना शाके १४२७ ( ई० सं० १४९६ ) में हुई थी जो उनके मित्र के लिये निर्मित थी।[2] इस प्रकार स्पष्ट है कि यह

---

१. स्तवमाला में अष्टादशलीलाछन्द के नाम से जिस ग्रन्थ को संकलित किया है वह यही अष्टादशछन्द प्रतीत होता है जिसका उल्लेख ग्रन्थसूची में है।

२. ग्रथितः सुमनःसुखदा यस्य निदेशेन भणिका स्रगियम्।
तस्य मम प्रियसुहृदः कण्ठतटीं क्षणमलङ्कुरुताम्॥
गते मनुशते शाके चन्द्रस्वरसमन्विते।
नन्दीश्वरे निवसता भाणिकेयं विनिर्मिता॥ ( दान० कौ० पुष्पिका )

भाणिका चैतन्य के दर्शन के पूर्व ही ग्रथित की गयी थी। 'दान-केलिकौमुदी' में श्री चैतन्य की साक्षात् वन्दना नहीं है। इसके बाद विदग्धमाधव आता है। इसकी रचना[1] विक्रम संवत् १५८९ ( या ई० सन् १५३२ ) में तथा 'ललितमाधव' की रचना ज्येष्ठमास[2] शाके १४५९ ( ई० सन् १५३७ ) में हुई थी। नाटकचन्द्रिका में 'पद्यावली, 'विदग्धमाधव' तथा 'ललितमाधव' नाटक के ही उद्धरण मिलते हैं साहित्यशास्त्र पर लिखे गये 'भक्तिरसामृतसिन्धु' तथा 'उज्ज्वल-नीलमणि' के नहीं; अतएव नाटकचन्द्रिका की रचना इन नाटकों की समाप्ति के बाद हुई होगी। भक्ति-रसामृतसिन्धु[3] का लेखन-काल शाके १४६३ ( या ई० सन् १५४१ ) है तथा उज्ज्वल-नीलमणि इसी ग्रन्थ का पूरक ग्रन्थ है जो निश्चय ही भक्तिरसामृत-सिन्धु के बाद लिखा गया था। अत एव भक्तिरसामृतसिन्धु के पूर्व तथा ललितमाधव के पश्चात् अर्थात् शाके १४६० (या ई० सन् १४३९) में 'नाटकचन्द्रिका' की रचना हुई होगी यही मानना उचित होगा। इधर उत्कलिका-मञ्जरी[4] का रचनाकाल शाके १४७२ ( या ई० सन् १५५० ) और राधाकृष्णगणोद्देशदीपिका की रचना शाके १४७२ ( या ई० सन् १५५०-५२ ) में हुई थी। इस प्रकार

---

१. नवसिन्धुरबाणेन्दुसंख्ये संवत्सरे गते।
विदग्धमाधवं नाम नाटकं गोकुले कृतम् ॥ ( विद० नाट० पुष्पिका )

२. नवेन्दुवेदेन्दुमिते शकाब्दे शक्रस्य मासस्य तिथौ चतुर्थ्याम्।
दिने दिनेशस्य हरिं प्रणम्य समापयं भद्रवने प्रबन्धम् ॥
( ललि० मा० ना० पुष्पिका )

३. रामाङ्गशक्रगणिते शाके गोकुलमधिष्ठितेन।
श्रीभक्तिरसामृतसिन्धुर्विटङ्कितः क्षुद्ररूपेण ॥ ( भ० र० सि० पुष्पिका )

४. चन्द्राश्वभुवने शाके पौषे गोकुलवासिना।
इयमुत्कलिकापूर्ववल्लरी निर्मिता मया ॥ ( उत्क० वल्ल० पुष्पिका )

रूपगोस्वामी के साहित्यलेखन का मुख्यकाल १५३३ तथा १५५० ई० के मध्य ( प्रमुखरूप से ) रहा जिसका प्रारम्भ १४९५ ई० से पूर्व ही हो चुका था। चैतन्य-महाप्रभु के साक्षात् शिष्य होने से १५वीं शती का अन्तिम भाग और १६वीं शती का पूर्वार्द्ध रूपगोस्वामी का स्थितिकाल मानना चाहिये। अर्थात् १४९० ई० से लेकर १५५३ ई० के मध्य रूपगोस्वामी का जीवनकाल अवश्य रहा होगा यह निर्विवाद है।

नाटकचन्द्रिका, भक्तिरसामृतसिन्धु तथा उज्ज्वलनीलमणि ग्रन्थों का विषय रसशास्त्र है। इन ग्रन्थों के द्वारा अलङ्कार शास्त्र का समग्र विवरण वैष्णवसिद्धान्त को दृष्टिगत रखते हुए करना ग्रन्थकार को अभीष्ट था। ( इसी उल्लिखित क्रम में इन ग्रन्थों की रचना हुई थी यह बतला दिया गया है। ) नाटक-चन्द्रिका की पुष्पिका में रूपगोस्वामी के लिये 'ध्वनिप्रस्थापनपरमाचार्य' विशेषण मिलता है जिसका कारण है अलङ्कारशास्त्र पर स्वतन्त्र मान्यता की स्थापना करते हुए ग्रन्थ प्रणयन करना। रसशास्त्र की प्राचीनपरम्परा को वैष्णवमान्यता से मिलाकर बिना सिद्धान्तविरोध के व्याख्यान करना ही ध्वनिप्रस्थापन में आचार्यत्व ( प्राप्त करना होता ) है और पहिले इसी प्रकार शास्त्रानुगत नवीन व्याख्यान करने के कारण विश्वनाथ कविराज भी ध्वनिप्रस्थापन-परमाचार्य हो गये थे जो साहित्यदर्पण के प्रत्येक परिच्छेदसमाप्ति की पुष्पिकाओं से स्पष्ट है। परन्तु विश्वनाथ कविराज की अनेक मान्यताओं की सङ्गति वैष्णवमत के साथ नहीं बैठती थी और इसी कारण अलङ्कार-शास्त्र पर स्वतन्त्र ग्रन्थ लिखने की आवश्यकता थी। प्राचीनरसशास्त्र के सिद्धान्त में रूपगोस्वामी ने अपनी रचनाओं के द्वारा एक नया मोड़ दिया और उसे वैष्णवमान्यता के अनुसार धार्मिक भाव और परम्परा से

संयुक्त भी किया । रूपगोस्वामी को इसी कार्य के लिये श्रीकृष्ण एवं राधिका की प्रणय लीलाओं को रसात्मक चित्रण करते हुए धार्मिक भावना के साथ गहराई तक ले जाना पड़ा । उन्होंने अपनी रचनाओं में भक्तिरसशास्त्र को प्रतिपादित करने के लिये एक रागात्मक भक्ति की कल्पना की और उसमें श्रृङ्गाररस के समस्त भेद प्रभेदों का साङ्ग एवं सोदाहरण वर्णन प्रस्तुत किया । इस प्रकार श्रीकृष्ण की प्रीति या रति को स्थायीभाव मानकर मुख्य प्रतिपाद्य भक्तिरस हो गया और ( यहां पर ) रसास्वादक सहृदय का स्थान भक्त ने ले लिया । इस श्रीकृष्ण विषयिणी रति स्थायीभाव के आलम्बन विभाव हैं श्रीकृष्ण और गोपिकाएँ; आश्रय हैं श्रीकृष्ण और उनके नवनवस्वरूप, गुण तथा कार्य और उनकी विविध लीलाएँ उद्दीपनविभाव है; राधा व सखियों की साजसज्जा तथा उनके द्वारा इष्ट नामोच्चार आदि अनुभाव हैं । इन्हीं के संयोग से मधुरा रति या प्रीति की निष्पत्ति होकर मधुरास्वादनात्मा भक्तिरस का आस्वादन सम्भव होता है ।

'भक्तिरस' के इसी सिद्धान्त का सपरिकर विश्लेषण श्री रूपगोस्वामी ने अपने सुप्रसिद्ध ग्रन्थ 'भक्तिरसामृतसिन्धु' में किया है । इस ग्रन्थ का परिशिष्ट या पूरक ग्रन्थ है 'उज्ज्वलनीलमणि' । क्रमशः इन दोनों ग्रन्थों का संक्षिप्त विवरण यहाँ दिया जा रहा है ।

**भक्तिरसामृतसिन्धु**—इस ग्रन्थ में पूर्व, पश्चिम, उत्तर तथा दक्षिण नामक चार विभाग हैं तथा प्रत्येक विभाग में अनेक लहरियाँ हैं । पूर्व-विभाग में भक्ति का सामान्य स्वरूप एवं लक्षण है, दक्षिण-विभाग में रसाङ्गभूत विभाव, अनुभाव, सात्विक तथा व्यभिचारी भावों का वर्णन है, पश्चिम-विभाग में 'भक्तिरस' का विवेचन है तथा उसे शान्त भक्तिरस, प्रीत भक्तिरस, प्रेम भक्तिरस, वात्सल्य भक्तिरस तथा

मधुर भक्तिरस में विभाजित किया है। उत्तर-विभाग में हास्य, अद्भुत, वीर, करुण, रौद्र, बीभत्स तथा भयानक रसों का वर्णन देकर रसों के पारस्परिक विरोध तथा अविरोध की मीमांसा की गयी है। ( इस ग्रन्थ में मधुरश्रृङ्गार तथा नायक नायिकाओं का विवेचन नहीं होने से 'उज्ज्वलनीलमणि' की रचना की गयी। )

**उज्ज्वलनीलमणि**—इस ग्रन्थ में नायक के प्रसिद्ध चार विभेदों का और विभाजन करते हुए उसे पुनः दो प्रकारों में बांटा है। पति तथा उपपति। इनके फिर तीन विभाग हैं यथा--(१) पूर्ण, (२) पूर्णतर तथा (३) पूर्णतम। इस प्रकार इनके प्रत्येक भेद को दक्षिण धृष्ठ, अनुकूल तथा शठ प्रभेदों में विभक्त करने पर नायक के ९६ प्रकार हो जाते हैं।

इसी प्रकार नायिका के भी भेदप्रभेद हैं। जिनमें सर्वप्रथम नायिका के २ प्रकार आते हैं—(१) स्वकीया तथा (२) परकीया। इनमें श्रीकृष्ण की सभी रानियाँ स्वकीयान्तर्गत हैं। उनमें भी ८ मुख्य हैं। इन आठ नायिकाओं के नाम हैं (१) चन्द्रावली ( रुक्मिणी ), (२) सत्यभामा, (३) जाम्बवती, (४) अर्कनन्दिनी, (५) शैव्या, (६) भद्रा, (७) कौशल्या तथा (८) माद्री।

परकीया नायिका के प्रथम दो भेद हो जाते हैं (१) परोढ़ा तथा (२) कन्या। परोढ़ा के अन्तर्गत व्रजस्थ गोपियाँ हैं। परोढ़ा के पुनः तीन भेद होते हैं—(१) साधनपरा, (२) देवी तथा (३) नित्यप्रिया। साधनपरा के दो भेद हैं (१) यौथिक्य तथा (२) अयौथिक्य। इनमें यौथिक्य नायिका समूह में रहती है। इनके पुनः दो प्रकार होते हैं (१) मुनि तथा (२) उपनिषद्। इनमें व्रज में जन्म ग्रहण कर गोपीभाव को प्राप्त करने वाले ऋषियोंकी मुनि

संज्ञा है। तथा व्रज में जन्म लेकर अपने तप के फलस्वरूप जिन देवियों ने गोपीभाव को प्राप्त किया वे वैष्णवमत में सुप्रसिद्ध उपनिषदों की प्रथा के अनुसार उपनिषद् हैं। अयौथिक्य नायिका के भी दो प्रकार होते हैं (१) प्राचीन तथा (२) नवीन। श्रीकृष्ण के साथ भूतल पर अवतीर्ण होकर लीला करनेवाली श्री चन्द्रावली तथा राधिका 'नित्यप्रिया' कहलाती हैं।

इन सभी नायिकाओं के पुनः काव्यशास्त्र के अनुसार तीन प्रकार हो जाते हैं (१) मुग्धा (२) मध्या तथा (३) प्रगल्भा। इन्हीं प्रभेदों के प्राचीन भरत-मुनि प्रभृति आचार्यों द्वारा प्रतिपादित पुनः आठ प्रकार हो जाते हैं। यथा (१) अभिसारिका, (२) वासकसज्जा, (३) उत्कण्ठिता, (४) खण्डिता, (५) विप्रलब्धा, (६) कलहान्तरिता, (७) प्रोषितभर्तृका तथा (८) स्वाधीनपतिका। इस प्रकार नायिकाओं के सङ्कलित भेदों का योग ३६० हो जाता है।

श्रृङ्गार रस का स्थायीभाव है 'प्रेमारति'। इसके छः प्रकार हैं (१) स्नेह, (२) मान, (३) प्रणय, (४) राग, (५) अनुराग तथा (६) भाव। प्रेमारति के ये छः प्रकार ही क्रमशः परिशुद्ध होनेवाले इक्षु के गुड़, खण्ड, शर्करा, सिता और सितोपला के समान (परिशुद्ध होकर) श्रृङ्गाररस की उपलब्धि करवाते हैं। यही श्रृङ्गाररस मुख्य होने से 'उज्ज्वलनीलमणि' तथा 'नाटकचन्द्रिका' का प्रतिपाद्य मुख्य रस है।

अलङ्कारशास्त्र के (इन) तीनों ग्रन्थों में रूपगोस्वामी ने जो उदाहरण सङ्कलित किये हैं उनमें अधिकांश तो स्वयं की कृतियों के हैं या फिर वैष्णव-लीलाओं से सम्बन्धित अन्य ग्रन्थों के। श्री रूपगोस्वामी ने श्रीकृष्ण की द्वारिकालीला को आधार बनाते हुए 'ललितमाधव' नाटक की तथा व्रजलीला को आधार बनाकर 'विदग्ध-

माधव' नाटक की रचना की थी। इन रचनाओं में 'ललितमाधव' सर्वाङ्गपूर्ण महानाटक है। 'नाटकचन्द्रिका' में प्रायः नाटक के अङ्गों के उदाहरण ललितमाधव से ही लिये गये हैं। नाटकों के शास्त्रीय लक्षण की वैष्णवमतानुकूल व्याख्या करना भी प्रस्तुत ग्रन्थकार को इष्ट था और इसी आवश्यकता ने 'नाटकचन्द्रिका' के निर्माण की प्रेरणा दी होगी।

**नाटकचन्द्रिका—**

'नाटकचन्द्रिका' के आरम्भ में ही ग्रन्थकार ने भरतमुनि के मत का अनुसरण कर संक्षिप्त नाटक लक्षण लिखने की सूचना देते हुए बतलाया है कि उनकी यह रचना विश्वनाथ कविराज प्रणीत साहित्य-दर्पण की प्रक्रिया के अनुकूल नहीं है, क्योंकि उक्त ग्रन्थ में भरतमुनि के मत के प्रतिकूल लक्षण दिये गये हैं। उन्होंने शिङ्गभूपाल प्रणीत रसार्णवसुधाकर के अनुशीलन तथा तदनुसार नाटक-लक्षण लिखने की भी प्रवृत्ति दर्शायी है। (यह तो सब है ही) इसके अतिरिक्त वैष्णवमत को ध्यान में रखते हुए नाटकलक्षण में दिये गये 'सर्वानन्दप्रदायकम्' विशेषण के द्वारा श्रीगौरकृष्ण के प्रेम माधुर्य के आस्वादन द्वारा चरम प्रीति या मधुरा रति की निष्पत्ति से मधुरास्वादनात्मा भक्ति रस की निष्पत्ति का भी सङ्केत दिया गया है। यह प्रीति या मधुरा रति भगवादाश्रित नाट्यानुशीलन से प्रसूत प्रौढ़ानन्द द्वारा प्राप्त होती है; जो मूलतः श्री हरि की कृपा का ही परिणाम है। प्रेममाधुर्य के आस्वादन की यही उपलब्धि भक्तों में चमत्कार-प्रसूति के साथ साथ रसोद्बोध भी सम्पन्न करवाती है। जैसा कि भक्तिरसामृतसिन्धु के निम्न उद्धरण से स्पष्ट है।

नवे रताङ्कुरे जाते हरिभक्तस्य कस्यचित्।<br>
विभावत्वादिहेतुत्वं किञ्चित्तत्काव्यनाट्ययोः॥<br>
हरेरीषच्छ्रुतिविधौ रसास्वादं सतां नयेत्।<br>
हरेरेव प्रभावोऽयं हेतुस्तेषां तथा कृतौ॥

साहित्यशास्त्र के अन्य आचार्यों के मतानुसार काव्यगत विभावादि के संयोग से अन्तःकरण में वासनारूप में स्थित रत्यादि स्थायी भाव ही रसत्व को प्राप्त करता है। इस मत से वैष्णव मत का विभेद यह है कि प्राकृत नायक की दशा में जो रसोद्बोध होगा वह क्षुद्र होगा परमानन्दप्रदायक नहीं। केवल भगवद्विषयक काव्य के अनुशीलन द्वारा भक्तसहृदय ही उसका आस्वादन कर सकता है क्योंकि अलौकिकी भक्ति का सामर्थ्य विलक्षण होता है जिसके द्वारा साधारणीकरण की प्रक्रिया या महिमा से सामाजिक के हृदय में संस्कारवश अवस्थित रत्यादिभाव को उद्बुद्ध करवाया जाकर रसचर्वणा सम्पन्न की जाती है। रसशास्त्र की इसी स्वतन्त्र व्याख्या की स्थापना श्री रूपगोस्वामी की प्रतिपाद्य थी ( जिसे नाटकचन्द्रिका आदि ग्रन्थों के द्वारा प्रतिष्ठापित किया गया है ) तथा इसी रसध्वनि की स्वतन्त्र व्याख्या करने से विश्वनाथ कविराज की तरह श्री रूपगोस्वामी भी ध्वनिप्रस्थापनपरमाचार्य की विरुद को निर्विवाद रूप से धारण कर सकते थे ( जैसा कि 'नाटक-चन्द्रिका' की पुष्पिका में दिया गया है। )।

'नाटकचन्द्रिका' में केवल नाटक का लक्षण देकर तत्सम्बन्धित अङ्गों एवं उपाङ्गो के ही उदाहरण दिये गये हैं तथा रूपक के अन्य प्रभेदों का केवल सङ्केत भर किया गया है; जिसका कारण यह प्रतीत होता है कि इनके परम्परा प्राप्त लक्षणों के विषय में रूपगोस्वामी का मतैक्य है। केवल नाटक के लक्षण में जो सिद्धान्तभेद था उसे ही दूर करना इष्ट था जैसा कि हम बतला आये हैं। अत एव रूपकों के शेष ९ प्रकार तथा उपरूपकों के सभी प्रकारों के प्रसिद्ध लक्षण श्री रूपगोस्वामी को इष्ट थे। रूपगोस्वामी ने स्वयं ही 'दानकेलिकौमुदी' भाणिका की रचना की थी जिसका लक्षण उपरूपकों में प्रसिद्ध होने से अपने प्रस्तुत

ग्रन्थ में नहीं दिया । आशय यही है कि नाटकचन्द्रिका का आधार वैष्णव सिन्द्धात की व्याख्या के अतिरिक्त भरत मुनि का नाट्यशास्त्र और सिंहभूपाल का रसार्णवसुधाकर है । और इन दोनों ग्रन्थों के अनुसार सिद्धान्तों का संकलन करते हुए उसे अपनी वैष्णवमान्यताओं से एकरूपता देकर प्राचीन परम्परा में ( प्रस्तुत ग्रन्थ को ) उपस्थापित करना ग्रन्थकार को इष्ट था ।

रसार्णवसुधाकर के भाव तथा भाषा का नाटक-चन्द्रिका में पर्याप्त साम्य[1] दृष्टिगत होता है । किन्तु कहीं २ विभेद भी हैं । यथा :-

वस्तुनस्तु समस्तस्य साध्यं कार्यमिति स्मृतम् ।

( ना० चं० कारिका ३६, पृ० १७ )

वस्तुनस्तु मतं तस्य धर्मकामार्थलक्षणम् ।

फलं कार्यमिदं शुद्धं मिश्रं वा कल्पयेत् सुधीः ॥

( र० सु० ३।१७, पृ० २१३ )

तथा

नायकादेरीप्सितानामर्थानामनवाप्तितः ।

अरतिर्या भवेत्तद्धि विद्वद्भिर्विधुतं मतम् ।

अथवानुनयोत्कर्षं विधुतं स्यान्निराकृतिः ।

( र० सु० ३।४३, पृ० २२२ )

तथा

विधुतं कथितं दुःखमभीष्टार्थानवाप्तितः ।

अथवानुनयादीनां विधुतं स्यान्निराकृतिः ॥

( ना० चं० ६७, पृ० ३५ )

इसी प्रकार रसार्णवसुधाकर में प्रतिमुखसन्धि के अङ्गों में 'तापन'

---

१. तुलना के लिए द्रष्टव्य—नाटकचन्द्रिका तथा रसार्णवसुधाकर के क्रमशः बीज, बिन्दु तथा पताका के लक्षण ।

नहीं है परन्तु नाटकचन्द्रिका में उसे सोदाहरण प्रस्तुत किया गया है जो भरतमुनि के नाट्यशास्त्र के अनुकूल है। नाटकचन्द्रिका से साहित्यदर्पण की भिन्नता बहुत ही अल्प है किन्तु नायिकाभेद में गोपियों को परोढ़ा मानकर उनके उपपति कृष्ण के साथ मिलन को रसाभास के अन्तर्गत मान्यता प्रदान करने के कारण रूपगोस्वामी ने दर्पण का पूर्णतः निषेध किया। दशरूपक का भी इसी कारण अनुसरण नहीं किया कि उसमें नायक नायिकाओं के केवल परम्परागत भेद ही स्वीकृत थे। श्रीराधाकृष्ण की लीला के दर्शन श्रवण से परमानन्द की प्राप्ति को ये प्राचीन आचार्य साहित्यशास्त्र सम्मत नहीं मानते थे।

श्री रूपगोस्वामी ने लक्षणों के उदाहरण भी अधिकांश स्वनिर्मित ग्रन्थों से उद्धृत श्रीराधाकृष्ण की लीला के सरस प्रसङ्गों के ( दृश्य, श्रव्य काव्यों से ) ही दिये जो अन्य भाषाओं के साथ साथ संस्कृत भाषा में भी पर्याप्त लोकप्रिय शैली का रूप ले रहे थे। कालान्तर में इसी शैली ने और अधिक व्यापकता ली तथा इस क्षेत्र में 'रसगङ्गाधर' जैसी प्रौढ़ रचनाओं में रचनाकार के स्वयं के ही उदाहरणों ने स्थान प्राप्त किया। बाद में हिन्दी साहित्य में यह एक मुख्य परिपाटी बनकर रीतिकाल के प्रायः अनेक आचार्यों के द्वारा अनुसृत हुई जिसका विस्तार से यहाँ उल्लेख अवसर प्राप्त नहीं है।

## श्री रूपगोस्वामी के समसामयिक अन्य वैष्णव आचार्य तथा शिष्य परम्परा

**सनातन गोस्वामी—**

श्री रूपगोस्वामी के ज्येष्ठ भ्राता सनातन भी चैतन्यदेव के शिष्य थे। श्री सनातन का स्थितिकाल भी वही है जो श्री रूप का था। चैतन्यमत के भक्तों की चर्या व्यवस्थित करने तथा आगत भक्तों की

व्यवस्था का भार सनातन गोस्वामी वहन करते थे । इनकी रचनाओं में तथा हरिभक्तिविलास वैष्णवतोषिणी आदि प्रमुख हैं ।

**जीव गोस्वामी—**

रूपगोस्वामी के अनुज वल्लभ का हम पहिले उल्लेख कर आये हैं । इन्हीं वल्लभ के पुत्र श्री जीवगोस्वामी थे । इनका जन्म बंगाल में फतेहाबाद के समीपवर्ती रामकेली ग्राम में हुआ था । इनका जन्म शाके १४३५ या १४४५ में माना जाता है । जीवगोस्वामी बीस वर्ष की अवस्था से ही विरक्त हो वृन्दावन में गोस्वामी बन गये तथा आजीवन कृष्णभक्ति का प्रचार कर शाके १५४० ( सन् १६१८ ) में भगवदाश्रित हो गये । वैष्णवदिग्दर्शिनी में इनकी जन्म तिथि पौष कृष्ण तृतीया शाके १४४५ मिलता है ( तथा यही अधिक प्रामाणिक प्रतीत होती है । ) इनकी रचनाओं में भक्तिरसामृत-सिन्धु, गोविन्दविरुदावली, गोपालचम्पू तथा जाह्नव्याष्टक प्रमुख हैं । रूप-गोस्वामी ने 'उज्ज्वलनीलमणि' की 'लोचनरोचनी' टीका भी की थी । जीवगोस्वामी शास्त्रज्ञपण्डित थे जिन्होंने चैतन्य के सिद्धान्त को वेदान्तशास्त्र में अचिन्त्यभेदाभेद नाम से प्रतिपादित किया एवं पण्डित-मण्डली द्वारा अनुमोदन प्राप्त कर उसे स्थायी प्रतिष्ठा दिलवाई ।

**कविकर्णपूर—**

रूपगोस्वामी के समकालीन चैतन्यदेव के प्रमुख शिष्यों में कविकर्णपूर की भी गणना होती है । इनका नाम परमानन्द सेन तथा उपनाम कविकर्णपूर था । इनके पिता सिवानन्द सेन की वैद्यवंश के प्रसिद्ध वैष्णवों में गणना होती थी । ये बंगाल के हुगली जिले के काञ्चन-पल्ली (वर्तमान काञ्चरापारा) ग्राम के निवासी थे तथा इनका आसपास के प्रदेश में बड़ा मान एवं प्रभाव था । सिवानन्द सेन भी चैतन्यदेव

के शिष्य हो गये थे तथा प्रतिवर्ष जगन्नाथ जी के रथयात्रा-उत्सव में सम्मिलित होते थे। इन्होंने अपने गाँव में भी श्रीकृष्णराय की मूर्त्ति स्थापित की थी जिसके दर्शनार्थ आसपास के श्रद्धालु वैष्णवों की सदा बड़ी भीड़ लगी रहती थी। कविकर्णपूर का इन्हीं के घर सन् १५२४ ई० में जन्म हुआ। ये रूपगोस्वामी के शिष्य थे। कविकर्णपूर ने चैतन्य के भक्ति सिद्धान्त को सुव्यवस्थित एवं उनकी जीवनी को सर्वबोध बनाने के उद्देश्य से 'चैतन्यचन्द्रोदय' नाटक का निर्माण किया। इनकी दूसरी महत्त्वपूर्ण रचना है 'अलङ्कार-कौस्तुभ' जिसमें अनेक वैष्णव रचनाओं से उदाहरण एकत्र कर काव्यप्रकाश के समान काव्यशास्त्र का समग्र साङ्गोपाङ्ग विवेचन किया गया है। इस ग्रन्थ में दस किरण या अध्याय हैं जिनमें काव्यलक्षण, शब्दशक्ति, ध्वनि, गुणीभूतव्यङ्ग्य, रस, भाव गुण, शब्दालङ्कार, अर्थालङ्कार, रीति तथा दोष का विवेचन किया गया है। इसके अतिरिक्त इन्होंने आनन्द-वृन्दावन चम्पू तथा गौरगणोद्देश दीपिका की भी रचना की थी।

**कविचन्द्र—**

कविकर्णपूर के पुत्र का नाम कविचन्द्र था। कविचन्द्र ने भी अलङ्कारशास्त्र में 'काव्यचन्द्रिका' ग्रन्थ की रचना की। इस ग्रन्थ में ६ प्रकाश या अध्याय हैं। इसके अतिरिक्त सारलहरी तथा धातु-चन्द्रिका की भी कविचन्द्र ने रचना की। इनका समय सत्रहवीं शती का आरम्भ था।

**रघुनाथदास—**

रूपगोस्वामी के एक शिष्य रघुनाथदास ( भी ) थे जिनकी वैष्णव सिद्धान्तपरक अनेक रचनाएँ हैं। इसके अतिरिक्त इनकी रूप गोस्वामी प्रणीत 'दानकेलिकौमुदी' पर एक टीका भी थी जिसका

उल्लेख मात्र प्राप्त है। इनकी प्रसिद्ध कृति है 'मुक्ताचरित' नामक खण्डकाव्य।

**नारायण—**

रूपगोस्वामी की कृतियों के एक अन्य टीकाकार नारायण हैं। नारायण ने 'ललितमाधव' नाटक पर विद्वत्तापूर्ण टीका लिखी थी। इसके अतिरिक्त नारायण की अन्य रचनाओं के विषय में कोई उल्लेख नहीं मिलता।

**विश्वनाथ चक्रवर्ती भट्टाचार्य—**

चैतन्य सम्प्रदाय के साहित्य को बोधगम्य बना ने वालेविद्वानों में विश्वनाथ चक्रवर्ती का अतिशय महत्त्व है। ये गौडीय वैष्णव सम्प्रदाय के ग्रन्थों के प्रसिद्ध टीकाकार हैं। इनके द्वारा रूपगोस्वामी की कृतियों पर टीकाएँ लिखी गयीं। इनकी टीकाओं के नाम हैं—उज्ज्वलनील-मणि पर आनन्दचन्द्रिका, भागवत की 'सारार्थदर्शिनी' तथा 'दान-केलिकौमुदी' की टीका। इन्होंने नाटकचन्द्रिका पर भी एक व्याख्या लिखी थी जिसका उल्लेख आफ्रेख्ट की सूची में मिलता है परन्तु यह टीका सम्प्रति अप्राप्य है। इसके अतिरिक्त इन्होंने अनेक छोटे छोटे ग्रन्थों का भी निर्माण किया जिनसे वैष्णवसिद्धान्त हृदयङ्गम हो सके। इनका स्थितिकाल सहत्रवीं शती का अन्तिम चरण तथा अठारहवीं शती का आरम्भ था जो उज्ज्वलनीलमणि की टीका के निम्न उद्धरण से स्पष्ट है।

आश्विने शुक्लपञ्चम्यां वसुचन्द्रकलामिते।
शाके वृन्दावने पूर्णाभवदानन्दचन्द्रिका॥

अतएव इनका स्थितिकाल शाके १६१८ ( १७०६ ई० ) के आसपास ( मानना युक्तिसङ्गत ) है।

**आभारप्रदर्शन—**

'नाटकचन्द्रिका' के प्रस्तुत संस्करण को सुसम्पादित रूप देने में सर्वप्रथम मद्रास के शासकीय ग्रन्थागार के मुख्य अधिकारी धन्यवाद के पात्र हैं जिनकी उदार अनुकम्पा के कारण प्रस्तुत ग्रन्थ की एक प्रतिलिपि प्राप्त हो सकी। दूसरे श्री भैयाजी भट्ट का भी ( जिनके संग्रह से मूल हस्तलिखित प्रति प्राप्त हुई ) आभारी हूँ। बङ्गाक्षरों में मुद्रित प्रतियों का उपयोग करने के कारण श्री रासबिहारी गोस्वामी तथा श्री पुरीनाथ दास का तथा 'ललितमाधव' की दो हस्तलिखित एवं सटीक प्रतियों को प्रस्तुत संस्करण की सहायतार्थ प्रेषित करने के कारण संशोधकों के सहजस्नेही डा० ए० डी० पुसलकर, भाण्डारकर इन्स्टीट्यूट पूना का भी आभारी हूँ।

इसके अतिरिक्त आदरणीय डा० राजबली जी पाण्डेय एम० ए०, डी० लिट् अध्यक्ष, प्राचीन भारतीय संस्कृति और इतिहास विभाग, जबलपुर विश्वविद्यालय तथा डा० हीरालाल जी जैन, एम० ए० डी० लिट्०, अध्यक्ष संस्कृत, पालि एवं प्राकृत विभाग जबलपुर विश्वविद्यालय का आभारी हूँ, जिनकी प्रेरणा और सुझावों का नाटक-चन्द्रिका में उपयोग हुआ है। इस प्रसङ्ग में श्री जगदीशलाल जी शास्त्री एम० ए०, एम० ओ० एल० ( रिटायर्ड प्रोफेसर ) का भी अनुगृहीत हूँ, जिन्होंने पुस्तकगत अशुद्धियों का शुद्धिपत्र तैयार करने में सहयोग दिया। प्रिय भाई प्रो० कृष्णवल्लभ जोशी, एम० ए०, पी०-एच० डी० के अनवरत सहयोग तथा साहाय्य का भी अतिशय अनुगृहीत हूँ।

अन्त में चौखम्बा संस्कृत सीरीज के अध्यक्ष श्री बाबू कृष्णदास जी गुप्त का अतिशय आभारी हूँ जिनकी प्रेरणा और सतत आग्रह से ही

प्रस्तुत ग्रन्थ इस रूप में प्रकाशित हो सका। इसी सन्दर्भ में चौखम्बा संस्कृत सीरीज के उदीयमान बन्धुद्वय भाई श्री मोहनदास जी तथा विट्ठलदास जी गुप्त का भी आभारी हूँ जिनकी भावना संस्कृत के दुर्लभ ग्रन्थों को सदा प्रस्तुत करने में अग्रणी रहती है। पण्डित श्री रामचन्द्र जी झा व्याकरणाचार्य के सहयोग का नाटकचन्द्रिका में पर्याप्त महत्त्व है तथा उन्हीं के प्रयत्न से पुस्तक का मुद्रण सुव्यवस्थित हो सका है।

दि० २६-१-६४ } बाबूलाल शुक्ल, शास्त्री

# विषयानुक्रमणिका

श्रीरूपगोस्वामिप्रभुपादप्रणीता

# नाटकचन्द्रिका

## सटिप्पण 'प्रकाश' हिन्दीव्याख्योपेता

ग्रन्थप्रतिज्ञा

वीक्ष्य भरतमुनिशास्त्रं रसपूर्वसुधाकरञ्च रमणीयम् ।
लक्षणमतिसङ्क्षेपाद्विलिख्यते नाटकस्येदम् ॥ १ ॥
नातीव सङ्गतत्वाद् भरतमुनेर्मतविरोधाच्च ।
साहित्यदर्पणीया न गृहीता प्रक्रिया प्रायः ॥ २ ॥

[1]नाटकलक्षणम्—

दिव्येन दिव्यादिव्येन तथा दिव्येन वा युतम् ।

---

श्री भरतमुनि प्रणीत नाट्यशास्त्र और सिंहभूपाल प्रणीत रसार्णव-सुधाकर ग्रन्थों का अनुशीलन कर अतिसंक्षेप से नाटक[1] का स्वरूप बतलाया जा रहा है ॥ १ ॥

अतिशय संगत न होने और भरत मुनि के मत के प्रतिकूल होने से प्रस्तुत ग्रन्थ में विश्वनाथ कविराज के साहित्यदर्पण नामक ग्रन्थ का प्रायः अनुसरण नहीं किया गया है ॥ २ ॥

**नाटकलक्षण**

नाटक का नायक धीरोदात्त होता है। इसे दिव्य,[2] अदिव्य या

---

१. **नाटक**—दसरूपकों में प्रमुख भेद। प्रस्तुत ग्रन्थ में केवल नाटक का ही सांगोपांग लक्षण प्रतिपादित किया गया है। शेष रूपकों के भेदों में विशेषता न होने या उनके **नाट्यशास्त्र** आदि में प्रतिपादित लक्षण सर्वत्र प्राप्त होने से पुनः यहाँ पृथक् रूप से लक्षण देना इष्ट नहीं है।

२. **हरिभक्तिरसामृतसिन्धु** में ग्रन्थकार ने नायक के चार प्रकार* बतलाए हैं। ( द्र० ह० र० सि० प्रथम-लहरी ),

---

१. अथ नाटकलक्षणमिति अ० पु०।

धीरेणाढ्यमुदात्तेन कृष्णश्चेल्ललितेन च ॥ ३ ॥
शृङ्गारवीरान्यतरमुख्यं रम्येतिवृत्तयुक्¹ ।
प्रस्तावनान्तसम्बन्धं सन्धिसन्ध्यङ्गसङ्गतम् ॥ ४ ॥
सन्ध्यन्तरैकविंशत्या षट्त्रिंशद्भूषणैर्युतम् ।
पताकास्थानकैर्युक्तमर्थोपक्षेपकैस्तथा ॥ ५ ॥
भाषाविधानसंयुक्तं सत्काव्यगुणगर्भितम्² ।
नाटकं दोषरहितं सर्वानन्दप्रदायकम् ॥ ६ ॥

तत्र नायकः—

स्वयं प्रकटितैश्वर्यो दिव्यः कृष्णादिरीरितः ।

---

दिव्यादिव्य प्रकारों में से किसी एक प्रकार में रखा जाए। नाटक के नायक श्रीकृष्ण को रखने की दशा में धीरललित नायक भी (नाटक का नायक) हो सकता है। नाटक में शृङ्गार या वीर रस में से एक की मुख्यता रहती है।[1] नाटक की कथावस्तु मनोहारी तथा मधुर होना चाहिये तथा (नाटक में) प्रस्तावना, सन्धि और उनके अंगों का समुचित सन्निवेश रखा जाना चाहिए। इसको इक्कीस सन्ध्यन्तर, छत्तीस (भूषणादि) लक्षण, पताकास्थानक और अर्थोपक्षेपकों से भी संवलित किया जाय; पात्रों के (स्वभाव, पद आदि के) अनुसार संस्कृत, प्राकृत (शौरसेनी) आदि भाषाओं का प्रयोग, उत्तम काव्यरचना, दोषहीनता और सभी मनुष्यों को अभिनय आदि नाट्यप्रयोग के प्रस्तुतीकरण करण से जो आनन्द या मनोरंजन प्रदान करता हो तो इन लक्षणों से युक्त रूपक के प्रकार को **'नाटक'** समझना चाहिए॥ ३–६ ॥

**नायक**

जो स्वयं अपने ऐश्वर्य को प्रकट करने में सक्षम हो ऐसे श्रीकृष्ण आदि को **'दिव्य'** नायक समझना चाहिए। जो दिव्य होकर भी मनुष्यों के

---

१. तुलना—'एको रसो' इत्यादि (द० रू० ३.३३) या 'एक एव भवेदङ्गी' इत्यादि (साहि० दर्प० ६.१०)।

---

१. वाम्येति इति ब० पु०; २. गर्वितमिति ब० पु० पाठः।

दिव्योऽपि नरचेष्टत्वाद् दिव्यादिव्यो रघूद्वहः ॥ ७ ॥
अदिव्यो धर्मपुत्रादिरेषु कृष्णो गुणाधिकः ।
नायकानां गुणाः सर्वे यत्र सर्वविधाः स्मृताः ॥ ८ ॥
लालित्योदात्तयोरत्र व्यक्त्या शोभाभरोऽधिकः ।
तेनैष नायको युक्तः शृङ्गारोत्तरनाटके ॥ ९ ॥
यत् परोढोपपत्योश्च गौणत्वं कथितं बुधैः ।
तत्तु कृष्णश्च गोपीश्च विनेति प्रतिपादितम् ॥ १० ॥

---

समान आचारण करें वे श्रीराम आदि 'दिव्यादिव्य' नायक कहलाते हैं। जो धर्मराज युधिष्ठिर जैसे सत्याचरणशील पुरुष हों उन्हें 'अदिव्य' नायक समझना चाहिए। ( इन नायकों में ) सभी प्रकार के नायकों के गुण एक साथ विद्यमान रहने के अतिरिक्त अपने अप्रतिम सर्वोत्तम गुणों को विशेषरूप से रखने के कारण श्रीकृष्ण को ही सर्वोत्तम नायक माना जाता है। दूसरे श्रीकृष्ण में ललित एवं उदात्त गुणों की ( अन्य नायकों की अपेक्षा विशेष तथा एक साथ ) शोभापूर्ण अभिव्यक्ति की जा सकती है; अतएव श्रृङ्गाररसबहुल नाटक में श्रीकृष्ण को नायक बनाना अतिशय उपयुक्त रहता है ॥ ७–९ ॥

नाट्यशास्त्रादि के विद्वान् आचार्यों द्वारा परोढा नायिका के साथ उपपति के मिलन होने पर रसाभास हो जाने के कारण मुख्य रस में ऐसे प्रसङ्गों को निषिद्ध माना जाता रहा है। उक्त नियम का श्रीकृष्ण का राधिका तथा गोपियों के साथ मिलन-विहार आदि कार्य अपवाद समझना चाहिए।[1] जैसा कि सुदेवकृत **रसविलास** में कहा गया है ॥ १० ॥

---

१. **उज्ज्वलनीलमणि** का निम्न पद्य इसी विचार को पुष्ट करता है। यथा—

लघुत्वमत्र यत् प्रोक्तं तत्तु प्राकृतनायके ।
न कृष्णे रसनिर्यासस्वादार्थमवतारिणि ॥

( उज्ज्वलनीलमणिः, नाटकभेदप्रकरण २१ )

---

१. न स्वेष्टत्वाद्दिव्येति अ० पु०;  २. प्रतिपद्यतामिति अ० पु०।

तथा चोक्तम्—रसविलासे ( सुदेवकृते )

नेष्टा यदङ्गिनि रसे कविभिः परोढास्तद्गोकुलाम्बुजदृशाङ्कुलमन्तरेण ।
आशंसया रसविधेरवतारितानां कंसारिणा रसिकमण्डलशेखरेण ॥

अथ रसाः—

रसाः श्रृङ्गारवीराढ्या ज्ञेया रससुधार्णवे ।
अन्ये हास्यादयः कार्या अस्मिन्नङ्गतया बुधैः ॥ ११ ॥

अथेतिवृत्तम्—

इतिवृत्तं भवेत् ख्यातं क्लृप्तं मिश्रमिति त्रिधा ।
शास्त्रप्रसिद्धं ख्यातं स्यात् क्लृप्तं कविविनिर्मितम् ।
तयोः सङ्कुलतामिश्रं क्लृप्तं वर्ज्यन्तु नाटके ॥ १२ ॥

---

अलङ्कार शास्त्र के मूर्धन्य विद्वानों ने परोढा नायिका को मुख्य ( श्रृङ्गार ) रस के अनुपयुक्त माना है। उसे गोकुल की कमलनयनी गोपियों के साथ श्रीकृष्ण के विलास आदि को छोड़ कर समझना चाहिए। क्योंकि कंस के विघातक तथा रसिकशिरोमणि भगवान् श्रीकृष्ण की लीलाओं के सरस प्रसङ्ग उक्त नियम को ध्यान में रख कर नहीं छोड़े जा सकते।

**रस**

नाटक में स्थित श्रृङ्गार, वीर आदि रसों का स्वरूप 'रसार्णवसुधाकर' (आदि नाट्यशास्त्र के ग्रन्थों) से जान लेना चाहिए। हास्य आदि अन्य रसों का नाटक में सहायक या गौणरस के रूप में संयोजन किया जावे ॥ ११ ॥

**इतिवृत्त ( कथावस्तु )**

नाटकीय इतिवृत्त ( वस्तु )[1] के तीन प्रकार होते हैं—ख्यात, क्लृप्त तथा मिश्र। इनमें इतिहास-पुराण आदि में प्रसिद्ध आख्यान को 'ख्यात', कल्पित घटनाओं से निर्मित आख्यान को 'क्लृप्त' तथा दोनों

---

१. नाटकीय कथा के इतिवृत्त, इतिहास आदि नाम हैं। आजकल इसे कथावस्तु कहते हैं।

---

१. गोकुलाम्बुजदृशीकुलमिति अ० पु०; २. श्लोकोऽयं अ० पु० नास्ति।

[1]यदुक्तम्—

नाटकं ख्यातवृत्तं स्यात् क्लृप्तवृत्ता तु नाटिका ।
ईहामृगः मिश्रवृत्त इति नाट्योक्तभाषितम् ॥ १३ ॥

अथ प्रस्तावना—

अर्थस्य प्रतिपाद्यस्य तीर्थं प्रस्तावनोच्यते ।
प्रस्तावनायास्तु मुखे नान्दी कार्या शुभावहा ॥ १४ ॥

अथ नान्दी—

आशीर्नमस्क्रियावस्तुनिर्देशान्यतमान्विता ।
अष्टाभिर्दशभिर्युक्ता किं वा द्वादशभिः पदैः ॥ १५ ॥
चन्द्रनामाङ्किता प्रायो मङ्गलार्थप्रदोज्ज्वला ।
मङ्गलं चन्द्रकमलच[2]कोरकुमुदादिकम् ॥ १६ ॥

---

के मिश्रण से निर्मित इतिवृत्त को 'मिश्र' समझना चाहिए। ( अतएव ) नाटक की कथावस्तु क्लृप्त ( या मिश्र ) नहीं रखी जाती है ॥ १२ ॥

जैसा कि कहा भी है—

प्रख्यात ( ख्यात ) इतिवृत्त की नाटक में, क्लृप्त इतिवृत्त की नाटिका में तथा मिश्र इतिवृत्त की 'ईहामृग'[1] में योजना की जाती है ॥ १३ ॥

**प्रस्तावना**

नाटक आदि में प्रस्तुत किये जाने वाले अर्थ ( कार्य, उद्देश्य ) का 'प्रस्तावना' द्वारा माना जाता है। इस प्रस्तावना के प्रारंभ में मंगल कार्यों की आपादक नान्दी को अवश्य रखना चाहिए ॥ १४ ॥

**नान्दी**

नान्दी का आशीर्वाद, नमस्कार या वस्तु निर्देश आदि किसी एक तत्त्व को लेकर निर्माण किया जाता है। इसमें आठ, दस या बारह पद रहते हैं। नान्दी चन्द्र नाम से अङ्कित करने पर प्रायः मंगल तथा अभीष्ट अर्थ को देने वाली और उत्तम मानी जाती है। नान्दी में

---

१. ईहामृग—दस रूपकों में एक प्रकार।

---

१. नाटकमिति श्लोकः अ० पु० नास्ति। २. चक्रवाकेति ब. पु.।

तत्राशीरन्विता, यथा श्रीललितमाधवे—

सुररिपुसुदृशामुरोजकोकान्, मुखकमलानि च खेदयन्नखण्डः।
चिरमखिलसुरश्चकोरनन्दी दिशतु मुकुन्दयशःशशी मुदं वः ॥

( ल० मा० १।१ )

नमस्क्रियान्विता यथा तत्रैव—

अष्टौ प्रोक्ष्य दिगङ्गना घनरसैः पत्राङ्कुराणां श्रिया,
कुर्वन्मञ्जुलताभरस्य च सदा रामावलीमण्डलम्।
यः पीने हृदि भानुजामसुलभां चन्द्राकृतिश्चोज्ज्वलां,
सन्धानः क्रमते तमत्र मुदिरं कृष्णं नमस्कुर्महे ॥

( ल० मा० १।२ )

वस्तुनिर्देशान्विता यथा चात्रैव 'अष्टौ प्रोक्ष्य' (ल०मा० १।२) इत्यादिरेव। अष्टापदयुक्ता यथा—वीरचरिते प्रथमाङ्के

---

चन्द्र, कमल, चकोर, कुमुद आदि वस्तुओं का वर्णन रहना मंगलार्थक है ॥ १५-१६ ॥

इनमें से आशीर्वादात्मक नान्दी का उदाहरण ललितमाधव में :—

भगवान् श्रीकृष्ण का वह यशश्चन्द्र आपको आनन्द प्रदान करे जो दैत्यों ( देवताओं के शत्रुओं ) की रमणियों के उरोजरूपी चक्रवाकों और मुखकमलों को खिन्न करता है; जो कलाक्षय से रहित ( अखण्ड ) है और देवगण रूपी चकोरों को ही सदा आनन्द देता है।

नमस्कियात्मक नान्दी का उदाहरण भी इसी नाटक में

हम उन भगवान् श्रीकृष्ण को नमस्कार करते हैं जिनने ( मकरिका आदि ) पत्रभङ्गों की शोभा से आठों दिशा रूपी अंगनाओं को, अपने सौन्दर्यभार से गोपिकाओं के समूह को प्रोक्षित करते हुए वृषभानुनन्दिनी श्रीराधा के पीन उरोजों पर उज्ज्वल एवं दुर्लभ चन्द्राकृति के नखक्षत की योजना कर डाली।

वस्तुनिर्देशात्मक नान्दी का भी उपर्युक्त 'अष्टौ प्रोच्य' इत्यादि पद्य उदाहरण है। अष्टपदा नान्दी का उदाहरण जैसे (महा)वीरचरित में—

( प्रस्तावनायाः प्रथमः श्लोकः )—

अन्तःस्वच्छाय दिव्याय[1] नित्याय हतपाप्मने ।
व्यक्तक्रमविभागाय चैतन्यज्योतिषे नमः ॥

**कश्चिदष्टपदां पादैरष्टाभिः पठ्ययोज्ञगौ ॥ १७ ॥**

दशपदान्विता यथा अभिरामराघवे—

क्रियासुः कल्याणं भुजगशयनादुत्थितवतः,
कटाक्षाः कारुण्यप्रणयरसवेणीलहरयः ।
हरेर्लक्ष्मीलीलाकमलदलशोभाग्र्यसुहृदः[2],
सुधासारस्मेराः सुचरितविशेषैकसुलभाः ॥

द्वादशपदान्विता यथा—'सुररिपुसुदृशाम्' इत्यादि
( ललि० मा० ११ )

अत्रैव चन्द्रनामाङ्किता मङ्गलार्थता चास्ति

---

जो निर्मल, नित्य, कलंक या दोष रहित एवं अवतार आदि ग्रहण करने के द्वारा अपना आविर्भाव क्रम प्रकट करते हैं उन स्वयंप्रकाश ज्योति स्वरूप परब्रह्म को हमारा नमस्कार ।

कुछ विद्वान् आठ पादों से युक्त 'नान्दी' को अष्टपदा नन्दी मानते हैं॥

दस पदों की नान्दी का उदाहरण जैसे अभिरामराघव में—

अपने शेष शयन से उठकर बैठ जाने वाले भगवान् विष्णु के नेत्रों के वे कटाक्ष आपका कल्याण करें जिनमें करुणा और स्नेह की लहरें हिलोरे ले रही हैं—जो श्रीलक्ष्मी के लीलारूपी कमलवन एवं शोभा के विकास में अग्रगण्य सुहृद् के समान स्थित हो जाते हैं, जो विकसित होने पर अमृत के वर्षण करने वाले हैं एवं पुण्यशाली भक्तजन को ही ( कदाचित् ) प्राप्त होते हैं ।

द्वादशपदों की नान्दी का उदाहरण भी 'सुररिपुसुदृशाम्' इत्यादि पूर्वोक्त पद्य है ।

इसी में चन्द्र शब्द से अंकन भी किया गया है जो मंगलार्थ को संकेतित करता है ।

---

१. नित्याय देवायेति ब. पु. । २. पथ्यसुहृदः इति अ. पु. ।

भारत्या रचिता[1] वृत्तिरेषा तु चतुरङ्गिका।
प्ररोचनामुखे चैव वीथीप्रहसने तथा॥ १८॥

तत्र प्ररोचना—

देश-काल-कथा-नाट्य-सभ्यादीनां प्रशंसया।
श्रोतृणामुन्मुखीकारः कथितेयं प्ररोचना॥ १९॥

यथा ललितमाधवे—

सूत्रधारः—किमित्येवमुच्यते, पश्य-पश्य—

चकास्ति स्फुरदुत्सवः स्फुरति वैष्णवानां सभा,
चिरस्य गिरिरुद्भिरत्यमलकीर्तिधारां हरेः।
किमन्यदिह माधवो मधुरमूर्तिरुद्भासते,
तदेष परमोदयस्तव विशुद्धपुण्यश्रियः॥

(ल० मा० १।७)

---

इस (प्रस्तावना) की रचना भारती वृत्ति में की जाए। इस (वृत्ति) के प्ररोचना, आमुख, वीथी तथा प्रहसन नामक चार अङ्ग होते हैं॥ १८॥

**प्ररोचना**

देश, काल, कथानायक तथा नाटक की प्रशंसा के द्वारा दर्शकगण का अपनी ओर ध्यान आकृष्ट करना 'प्ररोचना' कहलाता है॥ १९॥

जैसे ललितमाधव (नाटक) में—

सूत्रधार—आप ऐसा क्यों कहते हैं? जरा देखिये, देखिये तो—

यहाँ बड़े उत्साह से उत्सव मनाया जा रहा है, जिनसे वैष्णवजन की सभाएँ निरन्तर प्रकाशित हो रही हैं और इस प्रकार श्रीहरि की विमल कीर्ति की धारा अजस्र प्रवाहित होती रहती है। फिर इससे अधिक क्या होगा कि मधुर स्वरूपधारी श्रीकृष्ण जी स्वयं ही यहाँ विराजते हैं। इसलिये आप लोगों के लिये यह बड़ा पवित्र, पुण्योदयकारी एवं सद्भाग्यसूचक अवसर है।

---

१. भारत्यत्रोचिता इति ब. पु.।

अथामुखम्—

सूत्रधारो नटीं ब्रूते स्वकार्यं प्रति युक्तितः ।
प्रस्तुताक्षेपि[1] चित्रोक्त्या यत्तदामुखमीरितम् ॥ २० ॥
यदामुखमिति प्रोक्तं सैव प्रस्तावनोच्यते ।
पञ्चामुखाङ्गान्युच्यन्ते[2] कथोद्धातः प्रवर्तकम् ॥ २१ ॥
प्रयोगातिशयश्चेति तथा वीथ्यङ्गयुग्मकम् ।
उद्धात्यकावलगितसंज्ञकं मुनिनोदितम् ॥ २२ ॥

तत्र कथोद्धातः—

सूत्रवाक्यं तदर्थं वा स्वेतिवृत्तसमं यदा ।
स्वीकृत्य प्रविशेत् पात्रं कथोद्धातः प्रकीर्तितः[3] ॥ २३ ॥

यथा हरिविलासे—

निरुपममहिमधराणां जगतीदुर्बोधगहन[4]भावानाम् ।
लोकोत्तरचरितानां को हृदयं ज्ञातुमीशीत ॥

---

**आमुख**

यदि सूत्रधार का नटी के साथ अपने कार्यार्थ किया जाने वाला चातुर्यपूर्ण वार्तालाप प्रस्तुत की जाने वाली ( नाटकीय ) कथा आदि को भी प्रकट करने लगे तो उसे 'आमुख' समझना चाहिये ॥ २० ॥

आमुख का ही दूसरा नाम प्रस्तावना है। इसके पाँच अंग होते हैं : जिनमें ( १ ) कथोद्धात ( २ ) प्रवर्तक तथा ( ३ ) प्रयोगातिशय आमुख के तथा ( ४ ) उद्धात्यक और ( ५ ) अवलगितक ये दो वीथ्यङ्ग होते हैं। भरत मुनि ने आमुख के ये ही पाँच अंग बतलाये हैं।।२१-२२।।

**कथोद्धात**

यदि सूत्रधार के कथन या आशय को लेकर उसे अपने मनोनुकूल बतलाते हुए रंगमंच पर पात्र प्रवेश करे तो उसे 'कथोद्धात' कहते हैं ॥

जैसे हरिविलास में—

जो अतिशय महिमा धारी, सांसारिक मनुष्यों से दुर्बोध विचार

---

१. वस्तुताक्षेपि इति ब. पु.; २. त्रीण्यामुखाङ्गानीति ब. पु.;
३. स कीर्तितः इति ब. पु. पाठः; ४. दुर्बोधभावानामिति ब. पु. ।

( नेपथ्ये ) हन्त, हन्त ! भोः, सत्यमात्थ। लोकोत्तर-चरितानां को हृदयं ज्ञातुमीशीतेति।

अथ प्रवर्तकम्—

आक्षिप्तः कालसाम्येन प्रवेशः स्यात् प्रवर्तनम्॥ २४॥

यथा केशवचरिते—

उल्लासयन् सुमनसां परितः कलापं,
　　संवर्द्धयन् सपदि वैभवमुद्धवस्य।
धीरं मुनेरपि मनो मदयन् समन्ता-
　　दानन्दनो मिलति सुन्दरि माधवोऽयम्॥

( इति निष्क्रान्तौ ) ( ततः प्रविशति माधवः )

---

एवं भावों से युक्त हैं उन लोकोत्तरपुरुषों के हृदय की बात कौन जानने में समर्थ हो सकता है ?

( नेपथ्य में ) अरे ! तुमने बिलकुल ठीक कहा कि लोकोत्तर पुरुषों के हृदय की बात कौन जान सकता है।

**प्रवर्तक**

यदि समयगत समानता के द्वारा किसी ( घटना आदि ) की सूचना दी जाये और उसी को लेते हुए मंच पर पात्र का प्रवेश हो तो उसे 'प्रवर्तक' समझना चाहिए॥ २४॥

जैसे केशवचरित में—( सूत्रधार के निम्नकथन के बाद पात्र का प्रवेश होना )

हे सुन्दरि, चारों ओर पुष्पों के समूह विकसित करते हुए, उत्सव की सम्पत्ति को शीघ्रता से बढ़ाते हुए और धीर प्रकृति के मुनिजन के शान्त चित्तों को भी मदमत्त करते हुए यह आनन्दप्रद वसन्तऋतु प्राप्त हो रही है [ मिल गया है[१] ]। ( फिर सूत्रधार आदि दोनों मंच से चले जाते हैं और माधव का प्रवेश होता है )

---

१ **माधव पक्ष में** अर्थ :—देवगण के चित्त को पूर्णतः आह्लादित करते हुए, उद्धव का मान वैभव बढ़ाते हुए तथा मुनिजन के शान्तचित्त को मदमस्त बनाते हुए यह माधव आज मिल रहे हैं।

---

१. प्रवृत्तिः स्यादिति ब. पु.।

यथा वा विदग्धमाधवे—

सोऽयं वसन्तसमयः समियाय यस्मिन्,
पूर्णं तमीश्वरमुपोढनवानुरागम्।
दूढग्रहारुचिरया सह राधयासौ
रङ्गाय सङ्गमयिता निशि पौर्णमासी[1]॥

(वि० मा० १।१०)

अथ प्रयोगातिशयः—

एषोऽयमित्युपक्षेपात् सूत्रधार-प्रयोगतः।
प्रवेशसूचनं यत्र प्रयोगातिशयो हि सः॥ २५॥

यथा-ललितमाधवे गर्भाङ्के—

वृद्धया शश्वदारब्धनिरोधामपि राधिकाम्।
निराबाधं सदा साकं[2] रमयत्येष[3] माधवः॥

---

अथवा विदग्धमाधव नाटक के निम्न पद्य में—

आज वही वसन्तऋतु आगयी है जिसमें पौर्णमासी तिथि की अति प्रकाशित रात्रि में पूर्णचन्द्र उसी सुन्दर विशाखा नक्षत्र के साथ अपनी नवीन रक्तिमा को लिये हुए (रात्रि की) शोभा बढ़ाने के लिये मिलेगा।[1]

**प्रयोगातिशय**

'यह है' इस प्रकार आरंभ करते हुए जब सूत्रधार किसी पात्र के प्रवेश की सूचना दे तो उसे 'प्रयोगातिशय' समझना चाहिए॥ २५॥

जैसे ललितमाधव के गर्भाङ्क में :—

यहाँ उस वृद्धा के द्वारा सदा रोकी जानेवाली राधिका के साथ भी बिना बाधा के यह माधव रमण करते रहते हैं।

---

१. **माधवपक्ष में** (अर्थ)—आज वही वसन्त ऋतु का समय आ गया जिसमें संपूर्ण कलाओं वाले श्रीकृष्ण जी का सुन्दरी राधा के साथ कौतुक एवं गूढ़ रहस्यों को प्रकट करने का अतिशय आग्रह रखने के कारण स्वयं पौर्णमासी (सान्दीपनी ऋषि की माता) रात्रि में मिलन करवायगी।

---

१. पौर्णमासीमिति अ. पु.; २. साधु इति ब. पु.;
३. त्यत्र इति ब. पु.।

ततः प्रविशति माधवः ।

अथोद्घात्यकम्—

पदानि त्वगतार्थानि तदर्थगतये नराः ।
योजयन्ति पदैरन्यैस्तदुद्घात्यकमुच्यते ॥ २६ ॥

यथा ललितमाधवे—

नटता किरातराजं, निहत्य रङ्गस्थले कलानिधिना[1] ।
समये तेन विधेयं गुणवति ताराकरग्रहणम् ॥

( ल० मा० १।११ )

( नेपथ्ये ) हन्त, राधामाधवयोः पाणिबन्धं कंसभूपतेर्भयादतिव्यक्तमुदाहर्तुमसमर्थो नटता किरातराजमित्यपदेशेन बोधयन् धन्यः कोऽयं चिन्ताविक्लवां मामाश्वासयतीत्यत्र पौर्णमासीप्रवेशः ।

---

इसके बाद माधव प्रवेश करते हैं ।

**उद्घात्यक**

जब किन्हीं अज्ञातार्थक पदों के साथ अन्य पदों को भी अर्थप्रतीति करवाने के लिये जोड़ दिया जाए तो उसे 'उद्घात्यक' समझना चाहिये ॥ २६ ॥

जैसे ललितमाधव में :—

उस कलानिधि ने अपनी नटलीला से रंगस्थल पर किरातराज का हनन कर अब यथोचित अवसर आने पर गुणशालिनी तारा का करग्रहण करना है ।

( नेपथ्य में ) ओहो । राधा और माधव की परस्पर पाणिग्रहण करने की बात को कंसराज के भय से प्रत्यक्षतः साफ-साफ कहने में असमर्थ हो इस नटलीला के द्वारा किरातराज के हनन के बहाने से बतला कर यह कौन मुझे आश्वस्त कर रहा है । मैं तो इसी चिन्ता से घबरा उठी थी ।

कहते हुए पौर्णमासी का प्रवेश करना [ प्रस्तावना के उद्घात्यक नामक प्रकार को स्पष्ट करता है । ]

---

१. कलानिधिना इति ब. पु. ।

अथावलगितम्—

यदेकस्मिन् समावेश्य कार्यमन्यत् प्रसाध्यते ।
परानुरोधात्तज्ज्ञेयं नाम्नावलगितं बुधैः ॥ २७ ॥

यथा कंसवधे—

सूत्रधारः—नटराज पुरुषोत्तम, कथं विलम्बसे ?

( नेपथ्ये ) आः कस्त्वमसि, यदत्र मां त्वरयसि ।

सूत्रधारः—कथमयं गोपालवेशो भगवानुपस्थितः । पश्य पश्य, इत्यादि ।

शृङ्गारप्रचुरे नाट्ये युक्तमामुखमेव हि ।
वीथीप्रहसनञ्चेति द्विविधे नात्र लक्षिते ॥ २८ ॥
अतस्तत्रामुखं तत्र भवेल्ललितमाधवे ।

---

अवलगितक

जब किसी एक व्यक्ति को दिये गए कार्य को दूसरे के द्वारा पूर्ण किया जाता हो तो अन्यानुरोध के कारण कार्य सम्पन्न होने से उसे 'अवलगितक' समझना चाहिये ॥ २७ ॥

जैसे कंसवध में—

सूत्रधार—नटराज पुरुषोत्तम, अब आप क्यों विलम्ब कर रहे हैं ?

( नेपथ्य में ) अरे ! तुम कौन हो जो मुझ से शीघ्र काम करने को कह रहे हो ?

सूत्रधार—अरे ! ये तो गोपाल का वेष धारण किये हुए स्वयं भगवान् आ रहे हैं । 'देखो, देखो' इत्यादि ।

यदि नाटक में शृङ्गार रस का बाहुल्य हो तो उसमें 'आमुख' को रखना ठीक होता है । यहाँ हमने प्रस्तावना के वीथी और प्रहसन नहीं बतलाये हैं ॥

इसलिये ( शृङ्गार प्रचुर होने से ) ललितमाधव में आमुख ही रहेगा ।

प्रस्तावना स्थापने द्वे आमुखस्यापरे भिदे।
इत्याख्याय स्फुटं केचित्तयोः कुर्वन्ति लक्षणम् ॥ २९ ॥

यथा—नटीविदूषकनटसूत्रसंलापसङ्गतम्।
स्तोकवीथ्यादिसहितं भवेत् प्रस्तावनामुखम् ॥
सर्ववीथ्यादिसहितं तदेव स्थापनोच्यते।
वीराद्भुतादि प्रायेषु भवेत् प्रस्तावनोचिता[1] ॥
हास्यबीभत्सरौद्रादौ प्रायेण स्थापना मतेति।
[2]वीथीप्रहसने द्वे तु रूपकाणां भिदे स्मृते ॥

अथ सन्धिः—

एकैकस्यास्त्ववस्थायाः प्रकृत्या चैकयैकया।
योगः सन्धिरितिं ज्ञेयो नाट्यविद्याविशारदैः ॥ ३० ॥

अथ प्रकृतिः—

पाञ्चविध्यात् कथायास्तु प्रकृतिः[3] पञ्चधा स्मृता।

---

आमुख के ही प्रस्तावना और स्थापना नामक दो प्रकार मानकर कुछ आचार्य उनके विभेदक लक्षण भी बतलाते हैं ॥ २८-२९ ॥

जैसे :—यदि नटी, विदूषक, नट तथा सूत्रधार के परस्पर संवाद रहें और बीथी के अंगों का पूर्णतः सन्निवेश न किया जाए तो उसे **'प्रस्तावना'** समझना चाहिए किन्तु वीथी के सभी अंगों का सन्निवेश होने पर वही **'स्थापना'** कहलाती है।

वीर तथा अद्भुत रसों की बहुलता होने पर प्रस्तावना तथा हास्य, बीभत्स और रौद्ररस के प्राचुर्य रहने पर 'स्थापना' होती है ॥

बीथी और प्रहसन रूपकों के दो प्रकार हैं ॥

**सन्धियाँ**

प्रत्येक अवस्था के साथ एक ( एक ) अर्थप्रकृति के संयोग या जोड़ को नाट्यविद्या के आचार्य सन्धि मानते हैं ॥ ३० ॥

**( अर्थ ) प्रकृति**

( नाटकीय ) कथा को पाँच विभाग में विभाजित करने के कारण

---

१. प्रस्तावनेरिता इति अ. पु. ; २. वीथीत्यादिश्लोकार्धः ब. पु. नास्ति ;
३. प्रकृता इति अ. पु. पाठः।

बीजं बिन्दुः पताका च प्रकरी कार्यमेव च ॥ ३१ ॥

तत्र बीजम्—

यत्तु स्वल्पमुपक्षिप्तं बहुधा विस्तृतिं गतम् ।
कार्यस्य कारणं धीरैस्तद्बीजमिति कथ्यते ॥ ३२ ॥

यथा ललितमाधवे—प्रथमद्वितीययोरङ्कयोः कल्पिते मुखसन्धौ [1]निगूढो राधामाधवयोरनुरागो बीजमुच्यते ।

अथ बिन्दुः—

फले प्रधाने बीजस्य प्रसङ्गोक्तैः फलाक्षरैः ।
विच्छिन्ने यदविच्छेदकारणं बिन्दुरुच्यते[2] ॥ ३३ ॥

यथा तत्रैव तृतीयचतुर्थयोः कल्पिते प्रतिमुखसन्धौ कृष्णस्य पुरगमनादिना मुख्यफले विच्छिन्ने तेनैव समाश्वासनम् 'एतास्तूर्णं नयत कियतीरि'त्यादि ( ल० मा० ३।२१ ) सूर्य-

---

अर्थ प्रकृति के भी पाँच भेद हो जाते हैं। इन पाँच भेदों के नाम हैं—(१) बीज, (२) बिन्दु, (३) पताका, (४) प्रकरी तथा (५) कार्य ॥ ३१ ॥

**बीज**

रूपक के आरंभ में स्वल्प रूप में संकेतित तथा बाद में अनेक रूप में विस्तार प्राप्त करने वाला फलका कारण 'बीज' कहलाता है ॥३२॥

जैसे ललितमाधव नाटक के प्रथम और द्वितीय अंकों में मुखसन्धि में स्थित राधा और माधव का पारस्परिक प्रच्छन्न अनुराग 'बीज' है।

**बिन्दु**

प्रधान फल के अन्तर्गत अवान्तर कथा के विच्छिन्न होने पर भी इतिवृत्त को जोड़ने और आगे बढ़ाने का कार्य करने वाला 'बिन्दु' होता है ॥ ३३ ॥

जैसे इसी नाटक के तीसरे और चौथे अंकों में प्रतिमुख सन्धि में स्थित श्रीकृष्ण के नगर-प्रस्थानरूपी मुख्य फल के विच्छिन्न हो जाने पर उन्हीं के द्वारा 'एतास्तूर्णं नयत' इत्यादि कह कर आश्वस्त

---

१. निरूढाविति ख. पु. ;  २. रिष्यते इति ब. पु. पाठः ।

वाक्यश्रवणजनितकृष्णप्रत्याशां 'नीते मङ्क्षुमिमङ्क्षुम्' (ल० मा० ४।१० ) इत्याद्युक्त्वा गर्भाङ्कश्च बिन्दुः।

अथ पताका—

यत् प्रधानोपकरणं प्रसङ्गात् स्वाम्यमृच्छति ।
सा पताका बुधैः प्रोक्ता यादवामात्यवृत्तवत्[1] ॥ ३४ ॥

यथा तत्रैव पञ्चमषष्ठयोः कल्पिते गर्भसन्धौ पौर्णमास्युद्धववृत्तं पताका ।

अथ प्रकरी—

यत् केवलं परार्थस्य साधनञ्च प्रदेशभाक् ।
प्रकरी सा समुद्दिष्टा नववृन्दादि वृत्तवत् ॥ ३५ ॥

यथा तत्रैव सप्तमाष्टमयोः कल्पिते विमर्शसन्धौ नववृन्दाबकुलादिवृत्तं प्रकरी ।

---

करना। सूर्य के कथन को सुन कर श्रीकृष्ण को फिर से आशा हो जाना तथा उनका 'नीते मङ्क्षुमिमङ्क्षुम्' इत्यादि कहना। यही गर्भाङ्क बिन्दु है।

**पताका**

जो प्रासंगिक कथा मुख्य कथा के साथ दूर तक चलती रहे तो उसे बुधजन 'पताका' कहते हैं। जैसे—यादव सचिव उद्धव का चरित्र ( पताका है ) ॥ ३४ ॥

जैसे इसी नाटक के पाँचवें, छठे अंकों में गर्भसन्धि में स्थित पौर्णमासी और उद्धव का चरित्र 'पताका' है।

**प्रकरी**

जो रूपक में एक सीमित प्रदेश तक चलती रहे तथा जिससे केवल दूसरों की इष्टसिद्धि हो तो ऐसी प्रासंगिक कथा 'प्रकरी' कहलाती है। जैसे—नववृन्दा का चरित्र ॥ ३५ ॥

जैसे इसी नाटक के सातवें और आठवें अंकों में विमर्शसन्धि में स्थित नववृन्दा और बकुला का चरित्र 'प्रकरी' है।

---

१. सादरामात्येति अ. पु. पाठः ।

अथ कार्यम्—

वस्तुनस्तु समस्तस्य साध्यं कार्यमिति स्मृतम् ।
राधामाधवयोः सङ्गो यथा ललितमाधवे ॥ ३६ ॥

यथात्र नवमदशमयोः कल्पिते निर्वहणसन्धौ राधामाधवयोः पुनस्सङ्गमपुरस्सरं क्रीडादि कार्यम् ।

प्रधानमङ्गमिति च तत्तु स्याद् द्विविधं पुनः ।
प्रधानं नेतृचरितं व्यापि कृष्णादिचेष्टितम् ॥ ३७ ॥
नायकार्थकृदङ्गं[1] स्यान्नायकेतरचेष्टितम्[2] ।
नित्यं पताका प्रकरी चाङ्गं बीजादयः क्वचित्[3] ॥ ३८ ॥
बीजाद्वा बीजमादौ स्यात् फलत्वात्कार्यमन्ततः ।

---

कार्य

नाटकीय कथा के अन्तर्गत जो प्राधान्येन साध्य हो उसे 'कार्य' समझना चाहिये। जैसे ललितमाधव नाटक में श्रीराधा और श्रीकृष्ण का मिलन साध्य होने से कार्य है ॥ ३६ ॥

जैसे इसी नाटक के नवम और दशम अंकों में स्थित निर्वहणसन्धि में राधा और श्रीकृष्ण का मिल कर पुनः क्रीडा-विहार आदि करना 'कार्य' है।

इस कथावस्तु या इतिवृत्त के प्रधान तथा अंग के रूप में दो भेद होते हैं। नायक का दूर तक चलने वाला चरित्र 'प्रधान' कहलाता है। जैसे श्रीकृष्ण आदि का ( ललितमाधव में ) चरित्र ॥ ३७ ॥

नायक के अतिरिक्त अमुख्य पात्रों के वे चरित्र-जिनसे नायक को फलप्राप्ति में सहायता मिलती हो-'अङ्ग' कहलाते हैं।

पताका और प्रकरी सदा इतिवृत्त के अंग माने जाते हैं किन्तु कभी-कभी बीज आदि भी अंग हो जाते हैं ॥ ३८ ॥

कभी बीज से अथवा कभी आरंभ में ही विद्यमान बीज के फलवान् होने से अन्त में 'कार्य' सम्पन्न होता है; इसलिये इनकी

---

१. नायिकेति अ. पु. पाठः । २. नायकेन विचेष्टितम् इति अ पु. पाठः ।
३. क्रमादिति स. पु. पाठः ।

तयोः सन्धानहेतुत्वान्मध्ये बिन्दुं मुहुः क्षिपेत् ॥ ३९ ॥
यथायोगं पताकायाः प्रकर्याश्च निवेशनम्[1] ॥ ४० ॥
अत एव बिन्दुर्यथा पञ्चमे—( ल० मा० नाटके )

स्फुरन्मणिसराधिकं नवतमालनीलं हरेः
उदूढनवकुङ्कुमं जयति हारि वक्षःस्थलम् ।
उडुस्तबकितं सदा तडिदुदीर्णलक्ष्मीभरं,
यदभ्रमिव लीलया स्फुटमदभ्रमुद्भासते ॥

( ल० मा० ५।२३ )

एवं षष्ठसप्तमादिष्वपि बिन्दुर्द्रष्टव्यः ।

अथावस्थाः—

कार्यस्य पञ्चधाऽवस्था नायकादिक्रियावशात् ।
आरम्भ-यत्न-प्राप्त्याशा-नियताप्ति-फलागमाः ॥ ४१ ॥

---

क्रमिकता या जोड़ को बनाये रखने के लिये बीच में ही 'बिन्दु' को ( सदा ) रखा जाता है ॥ ३६ ॥

आवश्यकतानुसार पताका तथा प्रकरी का भी इसी प्रकार क्रमिकता या जोड़ बैठाने के लिये सन्निवेश किया जाता है ॥ ४० ॥

जैसे ललितमाधव नाटक के पाँचवें अंक में 'बिन्दु' का निम्न उदाहरण द्रष्टव्य है :—

श्रीहरि का मणियों की सरों से प्रकाशित होनेवाला, कुङ्कुमचर्चित एवं तमाल के समान अतिशय नीलवर्ण वाला वह वक्षःस्थल ही सर्वोत्तम है जो अपनी लीला के विस्तार से नक्षत्रों की पाँत और बिजली से युक्त होकर रहनेवाले नवमेघ जैसा अतिशय शोभा पा रहा है।

इसी प्रकार षष्ठ और सप्तम अंक में 'बिन्दु' के उदाहरण देखे जा सकते हैं।

**अवस्था**

नायक के कार्य या प्रयोजनवश उसीके द्वारा आरंभ किये गये कार्य की पाँच अवस्थाएँ होती हैं। यथा :—( १ ) आरम्भ, ( २ ) यत्न, ( ३ ) प्राप्त्याशा, ( ४ ) नियताप्ति तथा ( ५ ) फलागम ॥ ४१ ॥

---

१. निवेदनमिति अ. पु. पाठः ।

तत्रारम्भः—

बुधैर्मुख्यफलोद्योग[1] आरम्भ इति कथ्यते ।

यथा ललितमाधवे मुखसन्धौ राधामाधवयोरन्योन्यसङ्गमाय व्यवसायारम्भः ।

अथ प्रयत्नः—

यत्नस्तु तत्फलावाप्तावौत्सुक्येन[2] तु वर्द्धनम् ॥ ४२ ॥

यथा तत्रैव प्रतिमुखसन्धौ राधया कृष्णस्यान्वेषणं कृष्णेन च गन्धर्वकृतनृत्यादौ राधावलोकनायोद्यमो यत्नः ।

अथ प्राप्त्याशा—

प्राप्त्याशा तु निजार्थस्य सिद्धिसद्भावभावना ॥

तथा मुनिनाप्युक्तम्—

ईषत्प्राप्तिर्यदा काचित्फलस्य परिकल्पते ।

---

**आरम्भ**

मुख्य उद्देश्य को सिद्ध करने लिये किया जाने वाला प्राथमिक प्रयास 'आरम्भ' कहलाता है ।

जैसे ललितमाधव नाटक की मुखसन्धि में श्रीराधा और श्रीकृष्ण का परस्पर मिलन के लिये किया गया उद्योग 'आरम्भ' है ।

**प्रयत्न**

कार्य या उद्‌देश्य की सिद्धि के लिये उत्सुक होकर किया जाने वाला उद्यम 'प्रयत्न' कहलाता है ॥ ४२ ॥

जैसे इसी नाटक की प्रतिमुखसन्धि में श्रीराधा का श्रीकृष्ण को ढूंढ़ना तथा श्रीकृष्ण के द्वारा गन्धर्वों के नृत्य में राधा को बार-बार देखने की चेष्टा करना 'प्रयत्न' है ।

**प्राप्त्याशा**

अपने उद्‌देश्य की विचार या कल्पना में पूर्ति हो जाना 'प्राप्त्याशा' है । जैसा कि भरतमुनि ने भी बतलाया है कि—'जब किसी विचार या

---

१. फलोद्योगमात्रमिति ब. पु. पाठः । २. तत्फलप्राप्ताविति ब. पु. पाठः ।

भावमात्रेण तां प्राहुः प्राप्त्याशां[1] प्राप्तिसम्भवाम् ॥
उपायापायशङ्काभ्यां प्राप्त्याशा प्राप्तिसम्भवः ।
इति केचित्तु नाट्यज्ञाः प्राप्त्याशां लक्षयन्ति हि ॥

यथा तत्रैव गर्भसन्धौ राधायाः सत्राजिति समर्पणेन कृष्णस्य च ललिताशङ्खचूडरत्नादिना[2] सम्भावनायोग्यत्वात् प्राप्त्याशा ।

अथ नियताप्तिः—

नियताप्तिरविघ्नेन कार्यसंसिद्धिनिश्चयः ।

यथा तत्रैव विमर्शसन्धौ राधादर्शनादविघ्नेन फलसंसिद्धि-निश्चयात् नियताप्तिः ।

अथ फलागमः—

निजाभीष्टफलावाप्तिर्भवेदेव फलागमः ॥ ४३ ॥

---

भावना के द्वारा उद्दिष्ट अर्थ पूर्णता को पहुँचने लगे तो उसे प्राप्त्याशा या प्राप्तिसम्भव समझना चाहिये ।' ( ना० शा० २१।११ )

अन्य विद्वानों का मत है कि उपाय और अपाय की आशंका से युक्त होने पर प्राप्त्याशा होती है । ( दश रू० १।२० तथा सा० दर्प० ६।५७ )

जैसे इसी नाटक की गर्भसन्धि में सत्राजित् को राधा के समर्पण के द्वारा श्रीकृष्ण का ललिता, शंखचूड, रत्न आदि से सम्भावना के अयोग्य हो जाना 'प्राप्त्याशा' है ।

**नियताप्ति**

उद्दिष्ट कार्य की सिद्धि का निर्विघ्न निश्चय करना 'नियताप्ति' है ।

जैसे इसी नाटक की विमर्शसन्धि में राधा के दर्शन हो जाने पर निर्विघ्न उद्दिष्ट की सिद्धि का निश्चय करना 'नियताप्ति' है ।

**फलागम**

अपनी अभीष्ट वस्तु या फल की प्राप्ति हो जाना 'फलागम' कहलाता है ॥ ४९ ॥

---

१. विधिज्ञाः प्राप्तिसम्भवम् इति ब. पु. पाठः ।
२. रत्नादिनायोग्यत्वादिति स. पु. पाठः ।

यथा तत्रैव निर्वहणसन्धौ व्रजवधूसमागम-राधालाभ-रत्ना-भिषेकादिः फलागमः ।

पताकायाः स्ववस्थानं क्वचिदस्ति न वा क्वचित् ।
पताकाया विहीने तु बीजविन्दू निवेशयेत् ॥ ४४ ॥

अथ सन्ध्यङ्गानि—

मुख्यप्रयोजनवशात् कथाङ्गानां समन्वये ।
अवान्तरार्थसम्बन्धः सन्धिः सन्धानरूपकः ॥ ४५ ॥
मुख-प्रतिमुख-गर्भ-विमर्शावुपसंहृतिः ।
पञ्चैते सन्धयस्तेषु मुखलक्षणमुच्यते ॥ ४६ ॥

अथ मुखम्—

मुखं बीजसमुत्पत्तिर्नानार्थरससम्भवा ।
अत्र तु द्वादशाङ्गानि बीजारम्भानुरोधतः ॥ ४७ ॥

---

जैसे इसी नाटक की निर्वहणसन्धि में गोपिकाओं से मिलना, राधा की प्राप्ति, रत्न का लाभ और राज्याभिषेक का होना 'फलागम' है।

नाटक में कहीं 'पताका' का सन्निवेश किया जाता है और कहीं (आवश्यक न होने से) उसे नहीं रखा जाता। अतएव पताका के न होने पर बीज और बिन्दु का ही सन्निवेश किया जाय ॥ ४४ ॥

**सन्धियाँ और उनके अंग**

मुख्य कार्य की पूर्ति के लिये कथा के भागों को परस्पर संयुक्त करने के लिये बीच में विद्यमान कार्यों का जोड़ बैठाना 'सन्धि' कहलाता है ॥ ४५ ॥

ये सन्धियाँ पाँच हैं—मुख, प्रतिमुख, गर्भ, विमर्श तथा उपसंहृति। अब (इनमें से) सर्वप्रथम मुखसन्धि का लक्षण बतलाते हैं ॥ ४६ ॥

**मुखसन्धि**

जहाँ अनेक रस और भावों से बीजरूप अर्थप्रकृति की सुन्दरता से उद्भावना की जाय तो उसे 'मुख' समझना चाहिये। इसके बीज और आरम्भ के साथ रहने के कारण बारह अंग होते हैं ॥ ४७ ॥

राधामाधवयोरत्र प्रेमबीजसमुद्भवः ।
सूचितः सौष्ठवात्तत्र यथा ललितमाधवे ॥ ४८ ॥
उपक्षेपः परिकरः परिन्यासो विलोभनम् ।
युक्तिः प्राप्तिः समाधानं विधानं परिभावना ॥ ४९ ॥
उद्भेदभेदकरणान्येषां लक्षणमुच्यते ।

अथोपक्षेपः—
उपक्षेपस्तु बीजस्य सूचनं कथ्यते बुधैः ॥ ५० ॥

यथा ललितमाधवे प्रथमेऽङ्के—

पौर्णमासी—( हन्त राधा-माधवयोरिति पठित्वा ) वत्से गार्गि, श्रूयताम्—

कृष्णापाङ्गतरङ्गितद्युमणिजासम्भेदवेणीकृते
राधायाः स्मितचन्द्रिकासुरधुनीपूरे निपीयामृतम् ।
अन्तस्तोषतुषारसंप्लवलवव्यालीढतापोच्चया[1]ः
क्रान्त्वा सप्त जगन्ति सम्प्रति वयं सर्वोर्द्ध्वमध्यास्महे ॥

( ल० मा० १।१३ )

---

जैसे ललितमाधव नाटक में राधा और श्रीकृष्ण के परस्पर अनुराग रूप बीज की सुन्दरता से उद्भावना होना 'मुख' है ॥ ४८ ॥

इस सन्धि के अंग हैं—उपक्षेप, परिकर, परिन्यास, विलोभन, युक्ति, प्राप्ति, समाधान, विधान परिभावना, उद्भेद, भेद तथा करण । अब क्रमशः इनके लक्षण बतलाता हूँ ॥ ४९ ॥

**उपक्षेप**

बीज ( या प्रस्तुत इतिवृत्त ) की संक्षेप में सूचना देना 'उपक्षेप' कहलाता है ॥ ५० ॥

जैसे ललितमाधव नाटक के प्रथम अंक में—

पौर्णमासी—वत्से गार्गी, सुनो ।

आज हम श्रीकृष्ण के अपांग रूपी तरंगों की लहरों वाली यमुना की धारा से श्रीराधा की मुसकानरूपी चन्द्रिका का प्रवाह रखनेवाली गंगा से मिलने पर उसी का अमृतपान कर आन्तरिक सन्तोष की शीतलता

---

१. तापोद्गमाः इति स. पु. पाठः ।

**अत्र राधामाधवयोरनुरागबीजस्य सूचनमुपक्षेपः ।**

अथ परिकरः—

**बीजस्य बहुलीकारो ज्ञेयः परिकरो बुधैः ॥ ५१ ॥**

**यथा तत्रैव प्रथमेऽङ्के—**

**गार्गी—( संस्कृतेन )**

**ह्रियमवगृह्य गृहेभ्यः कर्षति धारा वनाय या निपुणा ।**

**सा जयति निसृष्टार्था वरवंशजकाकली दूती ॥**

( ल० मा० १।२४ )

**अत्र वनाकर्षणादिना अनुरागबीजस्य बहुलीकरणात् परिकरः।**

अथ परिन्यासः—

**बीजनिष्पत्तिकथनं परिन्यास इतीर्यते ॥ ५२ ॥**

---

के लेशमात्र से अपने समस्त संतापों को दूर करती हुई सातों भुवनों को पार कर अब सभी लोकों के ऊपर विद्यमान गोलोक में स्थित हो गयी हैं।

प्रस्तुत पद्य में राधा और माधव के अनुराग की बीज रूप में सूचना मिलने से 'उपक्षेप' है।

**परिकर**

बीज के अर्थ या विषय का विस्तार होना 'परिकर' कहलाता है ॥

जैसे इसी नाटक के प्रथम अंक में—

गार्गी—(संस्कृत भाषा में बोलते हुए ) जिसने श्री राधा की लज्जा छुड़वा कर उसे वन में भागने के लिए खींच लिया उसी उत्तम बांस से बनी हुई सूक्ष्म और मधुर स्वरों वाली निसृष्टार्थ दूती जैसी बांसुरी की जय हो।

यहाँ वन में जाने के लिए आकृष्ट करने आदि के उल्लेख से उसी अनुराग का और विस्तार बतलाये जाने के कारण 'परिकर' समझना चाहिए।

**परिन्यास या ( परिविन्यास )**

उद्देश्य या कार्य की सिद्धि का निश्चयपूर्वक उल्लेख करना 'परिन्यास' कहलाता है ॥ ५२ ॥

यथा तत्रैव प्रथमेऽङ्के—

राधिका—(सरोमाञ्चम्) ललिदे, को क्खु कण्होणत्ति सुणीअदि जेण केअलं कण्णस्स च्चेअ अदिधी होत्तूण उम्मत्ती किज्जह्मि। [ ललिते, कः खलु कृष्ण इति श्रूयते येन केवलं कर्णस्यैवातिथी-भवता उन्मत्तीक्रियते ]

अत्रोन्मत्तीकरणेन बीजनिष्पत्तिकथनात् परिन्यासः।

अथ विलोभनम्—

नायिकादिगुणानां यद्वर्णनं तद्विलोभनम् ॥ ५३ ॥

यथा तत्रैव प्रथमेऽङ्के—

कृष्णः—( सन्निधाय )

समीक्ष्य तव राधिके वदनविम्बमुद्भासुरं[1]
त्रपाभरपरीतधीः श्रयितुमस्य तुल्यश्रियम्।
शशी किल कृशीभवत्सुरधुनीतरङ्गोक्षितां[2]
तपस्यति कपर्दिनः स्फुटजटाटवीमाश्रितः[3] ॥

( ल० मा० १।५६ )

---

जैसे इसी नाटक के प्रथम अंक में—

राधिका—( रोमाञ्चयुक्त होकर ) ललिते, यह कृष्ण कौन है जिसके सिर्फ नाम को सुनकर इतनी मस्ती आने लगती है।

यहाँ उन्मत्त होने की बात के द्वारा अनुराग का निश्चित उल्लेख हो जाने से 'परिन्यास' समझना चाहिये।

**विलोभन**

नायिका आदि के गुणों का बखान करना 'विलोभन' कहलाता है ॥ ५३ ॥

जैसे इसी नाटक के प्रथम अंक में—

श्रीकृष्ण—( पास आकर ध्यान से देखते हुए ) अरी राधिके, यह चन्द्र तुम्हारे प्रभासम्पन्न ( मुख ) बिंब को देख कर लज्जा के भार से झुक कर ( अब ) इसी के समान अपनी शोभा बढ़ाने का निश्चय कर

---

१. वदनविश्वमुद्धासुरमिति ब. पु. पाठः। २. तरङ्गोच्छ्रितः इति अ. पु. पाठः।
३. माश्थितः इति स. पु. पाठः।

अत्र राधासौन्दर्यगुणवर्णनाद्विलोभनम् ।

अथ युक्तिः—

सम्यक् प्रयोजनानां हि निर्णयो युक्तिरिष्यते ॥ ५४ ॥

यथा तत्रैव—

यशोदा—भअवदि ! चन्दाअलि, णोमालिआ, राहा महावी अ सव्वा मह आसाओ गुणसोरहपूरेण पूरेइ । तत्थवि वच्छो विअ वच्छा लहवी णेत्तभिंगं सोन्देरमरन्देण आणन्देइ । [ भगवति ! चन्द्रावलि, नवमालिका, राधा माधवी च सर्वा मम आशा गुणसौरभपूरेण पूरयति, तथापि वत्स इव वत्सा लव्वी नेत्रभृङ्गं सौन्दर्यमरन्देनाह्लादयति । ]

पौर्णमासी—गोकुलेश्वरि, सर्वासां गोकुलवासिनीनामीदृगेव समुदाचारः ।

---

कृशकाय हो आकाशगंगा की लहरों में नहा कर भगवान् शिव जी के मस्तक पर विद्यमान जटाजूट में बैठ मानो तपस्या कर रहा है ।

प्रस्तुत पद्य में श्रीराधा के सौन्दर्यगुण का विशेषतापूर्ण वर्णन होने से 'विलोभन' है ।

युक्ति

( अपने ) कर्त्तव्य का उचित रीति से निश्चय करना 'युक्ति' कहलाता है ॥ ५४ ॥

जैसे इसी नाटक में—

यशोदा—भगवती चन्द्रावली ! नवमालिका, राधा और माधवी सभी अपने गुणों के सौरभ की पवित्रता से मेरी आशा की पूर्ति कर रही हैं । पर इन सभी में यह छोटी बच्ची—जो मेरे बच्चे जैसी है—तो अपने सौन्दर्य मकरन्द के द्वारा मेरे नेत्रभृंगों को अतिशय आनन्दित कर रही है ।

पौर्णमासी—हे गोकुलेश्वरि ! सभी गोकुल-निवासियों का ऐसा ही अभिमत है ।

अत्र राधायां सर्वतोऽधिकानां गुणोत्कर्षाणां[1] निर्णयः युक्तिः ।

अथ प्राप्तिः—

प्राज्ञैस्सुखस्य सम्प्राप्तिः प्राप्तिरित्यभिधीयते ॥ ५५ ॥

यथा तत्रैव—

कृष्णः—( पुनरुत्कर्णो भवन् सपुलकम् )
मधुरिमलहरीभिः स्तम्बयत्यम्बरे या,
स्मरमदसरसानां सारसानां रुतानि ।
इयमुदयति राधाकिङ्किणीझङ्कृतिर्मे,
हृदि परिणमयन्ती विक्रियाडम्बराणि ॥ ( ल० मा० १।५१ )

अत्र राधाकिङ्किणीझङ्कृतिश्रवणात् कृष्णस्य सुखसम्प्राप्तिः प्राप्तिः ।

अथ समाधानम्—

बीजस्य पुनराधानं समाधानमिहोच्यते[2] ॥ ५६ ॥

---

यहाँ पर राधा में सबकी अपेक्षा अधिक गुणों के उत्कर्ष का निश्चय होने से 'युक्ति' है ।

**प्राप्ति**

सुख की उपलब्धि होना 'प्राप्ति' कहलाता है ॥ ५५ ॥

जैसे इसी नाटक में—

श्रीकृष्ण—( उसी ओर कान लगा कर रोमाञ्चित होते हुए ) जो आकाशचारी मदमत्त सारसों की ध्वनि को अपनी मधुरिमापूर्ण ध्वनि-लहरी से स्तब्ध कर देती है वही श्रीराधा की किंकिणी झंकार मेरे हृदय में अनेक भावनाओं के आडम्बर को उठाते हुए आ रही है ।

यहाँ राधा की किंकिणी की झंकार सुनकर श्रीकृष्ण को सुख की प्राप्ति होना 'प्राप्ति' है ।

**समाधान**

बीज की फिर से अच्छी तरह स्थापना करना 'समाधान' कहलाता है ॥ ५६ ॥

---

१. गुणोत्कर्षवर्णनाद् युक्तिः इति अ. पु. ।
२. समाधानं विधीयते इति ब. पु. पाठः ।

यथा तत्रैव द्वितीयाङ्के*—

राधिका—( सास्रम् ) कुन्दलदे, अवि णाम इमस्स एक्कस्स वि हदणेत्तस्स मग्गं क्खणं वि आरोहिस्सदि सो मह धण्णस्स कण्णस्स अदिधी । [ कुन्दलते, अपि नामास्यैकस्यापि हतनेत्रस्य मार्गं क्षणमपि आरोहिष्यति स मे धन्यस्य कर्णस्यातिथिः ]

अत्र स्वयं राधायाः पुनरनुरागबीजस्याधानात् समाधानम् ।

अथ विधानम्—

सुखदुःखकरं यत्तु तद्विधानं बुधा विदुः ॥ ५७ ॥

यथा तत्रैव द्वितीयाङ्के—

राधिका—(दूरतः कृष्णमीषदालोक्य, जनान्तिकं संस्कृतेन)

सहचरि निरातङ्कः कोऽयं युवा मुदिरद्युति-
र्व्रजभुवि कुतः प्राप्तो माद्यन्मतङ्गजविभ्रमः ।

---

जैसे इसी नाटक के प्रथम अंक में—

राधिका—( रो कर ) अरी कुन्दलते, क्या मेरे भाग्यशाली कान का अतिथि वह थोड़े समय तक मेरे इन अभागे नेत्रों के मार्ग पर भी आरोहण करेगा ?

यहाँ श्रीराधा के द्वारा अनुराग रूपी बीज को फिर से ग्रहण करने के कारण 'समाधान' है ।

**विधान**

सुख या दुःख से मिश्रित कार्य या घटना का उल्लेख करना 'विधान' कहलाता है ॥ ५७ ॥

जैसे इसी नाटक के द्वितीय अंक में—

राधिका—( दूर से ही कृष्ण की ओर धीरे से देखती हुई संस्कृत भाषा में )

अरी सखी, निर्भय होकर मदमत्त हाथी के समान गति से इस व्रज भूमि में आनेवाला सांवले रंग की सुन्दर एवं आह्लादक कान्ति लिये हुए यह कौन युवक है ? यह कहाँ से आया है ? जो अपनी उठायी हुयी

---

* एष भागः प्रथमाङ्के परिदृश्यते ।

१. राधया इति ब. पु. पाठः । २. वनभुवि इति ब. पु. पाठः ।

अहह चटुलैरुत्सर्पद्भिर्दृगञ्चलतस्करै-
र्मम धृतिधनं चेतःकोषाद्विलुण्ठयतीह यः ॥

( ल० मा० २।११ )

( पुनरवेक्ष्य ) हद्धी हद्धी प्पमादो, ललिदे पेक्ख पेक्ख एणं वम्हआरिणं दट्ठूण विक्खुहिदं मह हदहिअअम् । ता इमस्स महापावस्य अग्गिप्पवेसो जेव्व पराअचित्तम् । [हा धिक् हा धिक्, प्रमादः; ललिते, प्रेक्ष्य प्रेक्ष्य, एतं ब्रह्मचारिणं दृष्ट्वा विक्षुब्धं मे हतहृदयम् । तदेतस्य महापापस्य अग्निप्रवेश एव प्रायश्चित्तम् । ]

ललिता—हला, सच्चं कधेसि, ता णूणं सवण्णत्तणं भामेदि । [ हला, सत्यं कथयसि, तन्नूनं सवर्णत्वं भ्रमयति । ]

राधिका—( पुनर्निभाल्य[1], संस्कृतेन )

सहचरि हरिरेष ब्रह्मवेशं प्रपन्नः किमयमितरथा मे विद्रवत्यन्तरात्मा ।
शशधरमणिवेदी स्वेदधारां प्रसूते न किल कुमुदबन्धोः कौमुदीमन्तरेण॥

( ल० मा० २।१२ )

---

चंचल दृष्टियों (के भागों) से मेरे चित्तरूपी कोश में छिपे हुए धैर्य-धन पर डाका डाल रहा है।

( फिर ध्यान से देख कर ) हाय हाय ! बड़ी भूल हो गयी। सखि ललिता, जरा देख तो सही, इस ब्रह्मचारी को देखकर मेरा मन बड़ा चंचल हो गया है। इसलिए इस महापाप का प्रायश्चित्त अग्निप्रवेश के द्वारा ही हो सकता है।

ललिता—सखी, तुम ठीक कहती हो। तुम्हें यह वर्णगत समानता ही ( ब्राह्मण जैसा उक्त युवक का लगना ही ) भ्रम में डाल रहा है।

राधा—( फिर ध्यान से देख कर संस्कृत भाषा में ) अरी सखी, ब्राह्मण का वेश धारण करने वाला यह युवक श्रीकृष्ण ही है अन्यथा इसे देख कर कैसे मेरी अन्तरात्मा का उद्रेक होता ? क्योंकि चन्द्रमा की चन्द्रिका के विना चन्द्रकान्तमणि की वेदिका कैसे द्रवित हो सकती है ?

---

१. पुनरवेक्ष्य इति स. पु. पाठः ।

अत्र राधायाः कृष्णबुद्ध्या विप्रबुद्ध्या च सुखदुःखकथनाद्विधानम् ।

अथ परिभावना—

श्लाघ्यैश्चित्तचमत्कारो गुणौघैः[1] परिभावना ॥ ५८ ॥

यथा तत्रैव प्रथमाङ्के—

राधिका—( सचमत्कारं संस्कृतेन )

कुलवरतनुधर्मग्राववृन्दानि भिन्दन्
सुमुखि निशितदीर्घापाङ्ग-टङ्कच्छटाभिः ।
युगपदयमपूर्वः कः पुरो विश्वकर्मा
मरकतमणिकक्षैः गोष्ठकक्षां चिनोति ॥ ( ल० मा० १।५२ )

ललिता—हला, सो एसो दे पराणनाधो[2] । [ हला, स एष ते प्राणनाथः ]

---

प्रस्तुत भाग में राधा के द्वारा ब्राह्मण समझ कर दुःख और श्रीकृष्ण जान कर अपने सुख का उल्लेख करने के कारण 'विधान' है ।

**परिभावना**

प्रशस्त गुणों के उल्लेख से चित्त में चमत्कार उत्पन्न हो जाना 'परिभावना' समझना चाहिये ॥ ५८ ॥

जैसे इसी नाटक के प्रथम अंक में :

राधिका—( आश्चर्यान्वित होकर संस्कृत भाषा में ) अरी सखी, यह हमारे सम्मुख विद्यमान रहने वाला अपूर्व शिल्पी कौन है ? जो कुलबालिकाओं के शरीरधर्मरूपी प्रस्तरों को अपने बड़े-बड़े नेत्रों की तीखी धार रूपी टांकी की छटा से एक साथ तोड़ कर इस गोशाला के कक्ष से परिचित हो रहा है तथा जो मरकत मणि के समान शोभाशाली भी है ।

ललिता—सखि, यही तो तेरा प्राणधन है ।

---

१. गुणाढ्य इति ब. पु. पाठः । २. पराणनाहो इति स. पु. पाठः ।

राधा—( सोन्मादं पुनः संस्कृतेन )

स एष किमु गोपिकाकुमुदिनीसुधादीधितिः
स एष किमु[1] गोकुलस्फुरितयौवराज्योत्सवः ।
स एष किमु मन्मनःपिकविनोदपुष्पाकरः
कृशोदरि दृशोर्द्वयीममृतवीचिभिस्सिञ्चति ॥

( ल० मा० १।५३ )

अत्र कृष्णस्य वैदग्धसौन्दर्यादिगुणनिदर्शनेन च राधा-चमत्कारकथनात् परिभावना ।

अथोद्भेदः—

बीजस्य तु य उद्घाटः स उद्भेद इति स्मृतः ॥ ५९ ॥

यथा तत्रैव द्वितीयाङ्के—

राधिका—( अपवार्य, संस्कृतेन )

चलाक्षिगुरुलोकतः स्फुरति तावदन्तर्भयं,
कुलस्थितिरलन्तु मे मनसि तावदुन्मीलति ।

---

राधा—( उन्माद में भर कर फिर संस्कृत भाषा में बोलती हुई ) अरी कृशोदरि, क्या यही गोपिकारूपी कुमुदिनी का चन्द्र है ? या गोकुल में चलनेवाले युवकों के उत्सवों का (यही) राजकुमार है ? या मेरे मन रूपी कोकिल को आनन्दित करनेवाला वसन्त है, जो मेरे नेत्रों को अमृतलहरियों से सिंचित कर रहा है ।

यहाँ श्रीकृष्ण के वैदग्ध्य, सौन्दर्य आदि गुणों को बतला कर श्री राधा के मन को चमत्कृत करना 'परिभावना' है ।

उद्भेद

बीज का अंकुर बन कर फूट पड़ना ( या प्रकट होना ) 'उद्‌भेद' कहलाता है ॥ ५९ ॥

जैसे इसी अंक में—

राधिका—( अपवारित करती हुई संस्कृत भाषा में ) अरी चंचल-नयने, लोकलज्जा और भय गहरे होकर तभी तक रहते हैं और अपनी

---

१. किल इति स. पु. पाठः ।

चलन्मकरकुण्डलस्फुरितफुल्लगण्डस्थलं,
न यावदपरोक्षतामिदमुपैति वक्त्राम्बुजम् ॥

( ल० मा० २।२६ )

अत्रादौ संवृतस्यानुरागबीजस्य स्वमुखेनैवोद्घाटनादुद्भेदः ।

अथ भेदः—

बीजस्योत्तेजनं भेदो यद्वा सङ्घातभेदनम् ॥ ६० ॥

यथा तत्रैव कुन्दलता—राहे, अक्खलिदं तुम्ह सदीव्वदं, ता अलं सअं विक्खाविदेण । [ राधे, जाने अस्खलितं तव सतीव्रतं, तदलं स्वयं विख्यापितेन ]

विशाखा—( साभ्यसूयम् ) कुन्दलदे, का क्खु अवरा तुमं विअ वंशीए तिसंधज्जं आअण्णिअदि । [ कुन्दलते, का खल्वपरा त्वामिव वंश्या त्रिसन्ध्यमाकृष्यते । ]

---

कुलमर्यादा भी मन में तभी तक ठीक से जमी रहती है जब तक यह घूमनेवाले मकराकृति-कुण्डलों से शोभित गण्डस्थल वाला श्रीमाधव का मुखकमल प्रत्यक्ष नहीं होता ।

उक्त उदाहरण में अपने ही मुख से दबे हुए अनुराग को प्रकट करने से 'उद्‌भेद' है ।

भेद

बीजार्थ को उद्दीप्त करना या ( कूटनीति आदि से ) वर्गभेद उत्पन्न करना 'भेद' कहलाता है ॥६०॥

जैसे इसी अंक में—

कुन्दलता—राधे, मैं तुम्हारे अखंड सतीत्व को जानती हूँ । इसलिए खुद मत बखानो ।

विशाखा—( ईर्ष्या से ) अरी कुंदलते, भला और कौन ऐसी होगी जो तेरे समान बाँसुरी से हर समय आकृष्ट होती हो ।

कुन्दलता—( सनर्मस्मितं, संस्कृतेन )

ददामि सदयं सदा विशदबुद्धिराशीश्शतं,
भवादृशि पतिव्रताव्रतमखण्डितं तिष्ठतु ।
श्रुतैर्निखिलमाधुरीपरिणतेऽपि वेणुध्वनौ,
मनस्सखि मनागपि त्यजति वो न धैर्यं यथा ॥

( ल० मा० २।२० )

अत्र कुन्दलतया राधादिप्रेमबीजस्योत्तेजनाद्भेदनाच्चात्मनस्ताभ्यो भेदः ।

अथ करणम्—

प्रस्तुतार्थसमारम्भं करणं परिचक्षते ॥ ६१ ॥

यथा तत्रैव कुन्दलता—( संस्कृतेन )

त्रपां त्यज कुडङ्गकं प्रविश सन्तु ते मङ्गला-
न्यनङ्गसमराङ्गणे परमसांयुगीना भव ।
विवस्वदुदये भवद्विजयकीर्तिगाथावली
पुरस्सखि मुरद्विषः सहचरीभिरुद्गीयताम् ॥

---

कुन्दलता—( मुस्कुरा कर खुशामद करती हुई संस्कृत भाषा में ) अरी सखी, मैं तो निर्मल हृदय से दया करती हुई तुम्हें सौ बार यही आशीर्वाद दे रही हूँ कि यही पातिव्रत व्रत तुम्हारे जैसी ललना में अखंडित बना रहे कि जब बाँसुरी की ध्वनि अपने पूर्ण माधुर्य से युक्त होकर इस प्रकार बजने लगे तो उसे सुनकर तुम्हारा मन धैर्य को न छोड़ते हुए स्थिर बना रहे।

उक्त उदाहरण में कुन्दलता के द्वारा श्रीराधा के अनुराग बीज को पुनः उद्दीप्त करने और स्वयं को उस दशा से अलग बतलाने के कारण 'भेद' है।

**करण**

प्रस्तुत कार्य का आरंभ करना 'करण' कहलाता है ॥ ६१ ॥

जैसे इसी नाटक में—

कुन्दलता—(संस्कृत भाषा में) सखि, अपनी लाज अलग रख कर तुम इस लतागृह में चली जाओ, तुम्हारा कल्याण हो। अनंग के इस

अत्र प्रस्तुतस्य क्रीडारूपस्यार्थस्य समारम्भकथनात् करणम्।

अथ प्रतिमुखसन्धिः—

भवेत्प्रतिमुखं दृश्यादृश्यं बीजप्रकाशनम्।
बिन्दुप्रयत्नोपगमादङ्गान्यस्य त्रयोदश ॥ ६२ ॥
विषमात्यन्तविश्लेषाद्राधामाधवयोरिह ।
दृश्यादृश्यं प्रेमबीजं यथा ललितमाधवे ॥ ६३ ॥
विलासः परिसर्पश्च विधुतं[1] शमनर्मणी।
नर्मद्युतिः प्रगमनं विरोधः पर्युपासनम् ॥ ६४ ॥
पुष्पं वज्रमुपन्यासो वर्णसंहार इत्यपि।

---

समराङ्गण में तुम ऐसी चतुर योद्धा बनो कि सूर्योदय के समय तुम्हारी विजयगाथा का सखियों द्वारा गायन किया जाय।

यहाँ प्रस्तुत कार्य ( क्रीड़ा ) का आरंभ बतलाने से 'करण' है।

**प्रतिमुख-सन्धि**

मुखसन्धि में स्थापित बीज का लक्ष्य तथा अलक्ष्य रूप में प्रकट होना तथा बिन्दु के प्रयत्नों की उपलब्धि होने पर 'प्रतिमुखसन्धि' होती है। इस ( प्रतिमुख ) सन्धि के तेरह अंग होते हैं। ॥ ६२ ॥

जैसे ललितमाधव नाटक में राधा और माधव की विषम वियोग दशाओं में भी प्रेम का लक्ष्य तथा अलक्ष्य रूप में दिखाई देना 'प्रतिमुखसन्धि' है ॥ ६३ ॥

इसके अंग हैं ( १ ) विलास ( २ ) परिसर्प ( ३ ) विधुत (४) शम ( ५ ) नर्म ( ६ ) नर्मद्युति ( ७ ) प्रगमन[1] ( ८ ) विरोध[2] ( निरोध ? ) ( ९ ) पर्युपासन ( १० ) पुष्प ( ११ ) वज्र ( १२ ) उपन्यास तथा ( १३ ) वर्णसंहार ॥ ६४ ॥

---

१. नाट्यशास्त्र में प्रगमन तथा दशरूपक में 'प्रगयन' नाम मिलता है।

२. दशरूपक और नाट्यशास्त्र में विरोध के स्थान पर 'निरोध' पाठ मिलता है। यहाँ सभी प्रतियों में निरोध पाठ मिलने से हमने भी तथैव दे दिया है।

---

१. विद्युतमिति स. पु. पाठः।

तत्र विलासः—

विलासः सङ्गमार्थस्तु व्यापारः परिकीर्तितः ॥ ६५ ॥

यथा तत्रैव चतुर्थाङ्के—

माधवः—( अधरे वेणुं विन्यस्य )

अक्ष्णोर्बन्धुं हरिहयहरिन्नागरिप्रागरिक्तां,
रागेणाविष्कुरु गुरुरुचं भानवीयां नवीनाम् ।
चक्राभिख्यः किमपि विरहादाकुलः काकुलक्षं,
कुर्वन्मुख्यस्त्वयि सवयसामर्थिभावं तनोति ॥

( ल० मा० ४।२२ )

अत्र माधवस्य सङ्गमार्थव्यापारकथनाद्विलासः ।

अथ परिसर्पः—

स्मृतिर्नष्टस्य बीजस्य परिसर्प इति[1] स्मृतः ॥ ६६ ॥

---

**विलास**

मिलन के लिये किया जाने वाला उद्योग ( कार्य ) 'विलास' कहलाता है ॥ ६५ ॥

जैसे इसी नाटक के चतुर्थ अंक में—

माधव—( अपने ओठों पर बाँसुरी रखते हुए ) अरी पूर्व दिशा रूपी नागरी, तू आँखों की सहायक एवं ईषद् रक्त वर्ण वाली सूर्य की नवीन एवं उत्तम प्रभा को अनुरागपूर्वक इस प्रकार प्रकट कर दे जिससे विरह के कारण त्रस्त होने वाला यह प्रमुख चकवा लक्ष कर अपने सजातीय पक्षियों के साथ तुम्हारी याचकता को ग्रहण करने लगे ।

यहाँ मिलन हेतु किया गया माधव का उद्योग बतलाने के कारण 'विलास' है ।

**परिसर्प**

एक बार ओझल हो जाने वाले 'बीज' की फिर से याद आ जाना 'परिसर्प' कहलाता है ॥ ६६ ॥

---

१. इतीरितः इति ख. पुस्तके पाठः ।

यथा तत्रैव—

कृष्णः—सखे, सत्यमाशयैव कदर्थ्यमानोऽस्मि । यतः—

नीरे मङ्क्षु मिमङ्क्षुमात्ममुखरामुद्दिश्य चण्डद्युते[1]-
र्दूरान्मण्डलतः कृपातुरतया यः प्रादुरासीत्तदा ।
हा धिग्वागमृतेन तेन जनितस्तस्याः पुनस्सङ्गमः,
प्रत्याशाङ्कुर उच्चकैर्मम सखे स्वान्तं हठाद्विध्यति ॥
( ल० मा० ४।१० )

अत्र राधातिरोधानान्नष्टस्यानुरागबीजस्य पुनः सूर्यवचने-
नानुस्मरणात् परिसर्पः ।

अथ विधुतम्—

विधुतं कथितं दुःखमभीष्टार्थानवाप्तितः ।
अथवानुनयादीनां विधुतं स्यान्निराकृतिः ॥ ६७ ॥

---

जैसे इसी नाटक में—

कृष्ण—मित्र, सचमुच मैं इस आशा में ही कष्ट भोग रहा हूँ। देखो, जब उस दुःखी मुखरा को लक्ष्य कर जल में गोता लगाने को उद्यत हुआ तभी सूर्यमण्डल से जो अमृततुल्य वाणी कृपापूर्वक प्रकट हुई उसीने पुनर्मिलन की आशा को अंकुरित कर दिया था। पर हाय ! वही अब मेरे हृदय को बरबस बींध रहा है।

प्रस्तुत उदाहरण में राधा के ओझल हो जाने से नष्ट हो जाने वाले अनुरागरूपी बीजार्थ सूर्य के कथन से फिर याद आ जाने के कारण 'परिसर्प' है।

**विधुत**

अभीष्ट ( अर्थादि ) की प्राप्ति न होने से दुःखी होना 'विधुत' कहलाता है। अथवा किसी के अनुनयपूर्ण निवेदन पर ध्यान न देना 'विधुत' है ॥ ६७ ॥

---

१. चञ्चद्युतैरिति ख. पु. पाठः । २. तस्यामिति ब. पु. पाठः ।
३. राधातिरोधानानुष्ठानस्यानुरागबीजस्येति ख. पु. पाठः ।
४. वचनानुस्मरणात् इति ख. पु. ।

यथा तत्रैव तृतीयेऽङ्के—

राधा—( साक्रन्दम् )

निपीता न स्वैरं श्रुतिपुटिकया नर्मभणिति-

र्न दृष्टा निश्शङ्कं सुमुखि मुखपङ्केरुहरुचः ।

हरेर्वक्षःपीठं न किल घनमालिङ्गितमभू-

दिति ध्यायं ध्यायं स्फुटति लुठदन्तर्मम मनः ॥

( ल० मा० ३।२६ )

अत्र प्रकटमेव दुःखं विधुतम् । यथा वा तत्रैव—

पौर्णमासी—समाकर्ण्य वरवर्णिनी-वर्णितम् ( नेपथ्ये )

नाश्वासनं विरचय त्वमिदं हताशे

शुष्यन्मुखी मम गुणं परिकीर्तयन्ती ।

दूरादमार्दवभृतोऽपि मुहुः क्षमायाः

कुक्षिं विदारयति पश्य रथाङ्गनेमिः ॥ (ल० मा० ३।१७)

अत्र विशाखाकृतानुनयस्य राधया ग्रहणाद्विधुतम् ।

---

जैसे इसी नाटक के तृतीय अंक में—

राधा—( जोर से रोते हुए ) अरी सखी, आज मेरा मन इन्हीं बातों को बार बार याद कर के अति विकल होकर विदीर्ण हो रहा है कि मैंने श्रीहरि के चाटु वचन को ध्यान देकर नहीं सुना, निश्शंक हो कर उनके मुखकमल की शोभा भी नहीं निहारी और उनके विशाल वक्षः का गाढ़ आलिंगन भी नहीं किया ।

प्रस्तुत कथन में दुःख प्रकट होने से 'विधुत' है । अथवा इसी नाटक के इस उदाहरण में—

पौर्णमासी—इस वरवर्णिनी का वर्णन सुन लो । ( नेपथ्य में )

अरी हताशे, तुम इस तरह मेरे गुणों का बखान करते हुए अपने सूखे मुँह से मुझे क्यों आश्वासन दे रही हो, इसे बन्द करो । देखो जरा उधर दूर तक, इस कठोर पृथ्वी की कुक्षि को यह पहिये का घेरा विदीर्ण कर रहा है ।

उक्त उदाहरण में विशाखा के द्वारा किये जाने वाले अनुनय का श्रीराधा के द्वारा ग्रहण न करना 'विधुत' है ।

---

१. दुःखमिति अधिकं ब. पु. ।

अथ शमः—

अरतेः शमनं धीरैः शम इत्यभिधीयते ॥ ६८ ॥

यथा तत्रैव चतुर्थेऽङ्के—

वृन्दा—नागरेन्द्र, मुञ्च वैमनस्यम्। साम्प्रतं भवदभीष्टसिद्धये शारिकामुखेन ललितां सन्दिश्य विशाखया भवन्तं निवेदयिष्यामि।

अत्र जटिलया राधायां नीतायां वृन्दया माधवस्यारतिशमनाच्छमः। 'अपठित्वा शमं कश्चित्स पठत्यत्र तापनम्'। तथाहि—'उपायादर्शनं यत्तु तापनं नाम तद्भवेत्' इति। यथा तृतीयेऽङ्के—

वृन्दा—हा धिक्, हा हा धिक्, पश्य

न वक्तुं नावक्तुं पुरगमनवार्तां मुरभिदः

क्षमन्ते राधायै कथमपि विशाखाप्रभृतयः।

---

शम

व्यथा या अशान्ति का रुक जाना 'शम' कहलाता है ॥ ६८ ॥

जैसे इसी नाटक के चतुर्थ अंक में—

वृन्दा—नागरेन्द्र, तुम इस मानसिक अधीरता को बन्द करो। मैं अभी तुम्हारे मनोरथ की पूर्ति के लिये शारिका से ललिता को समाचार भिजवा कर पुनः विशाखा के द्वारा तुम्हें सूचित करवाती हूँ।

प्रस्तुत उदाहरण में जटिला के द्वारा राधा को ले जाने पर अशान्त माधव की व्यथा का वृन्दा के द्वारा शमन करने से 'शम' है।

कुछ आचार्य ( भरत तथा विश्वनाथ[1] ) 'शम' को न लेकर उसके स्थान पर 'तापन' मानते हैं। इसका लक्षण है—'जब कोई उपाय न सूझ पड़े तो 'तापन' नामक अंग होता है।' इसका उदाहरण भी इसी नाटक के तृतीय अंक में—

वृन्दा—हाय ! हाय ! जरा देखो तो सही। विशाखा आदि सखियाँ इस समय मुरारि के मधुवन में चले जाने की बात न राधा से छिपाना

---

१. द्रष्टव्य ना० शा० २१… ।७९ तथा साहि० दर्पण ६।८५

समन्तादाक्रान्ता निविडजडिमश्रेणिभिरिमाः
परं कर्णाकर्णिव्यवसितिमधीरो[1] विदधति ॥ (ल०मा० ३।१२)

अत्रोपायदर्शनं प्रकटमेव ।

अथ नर्म—

परिहासप्रधानं यद्वचनं नर्म तद्विदुः ॥ ६९ ॥

यथा तत्रैव चतुर्थेऽङ्के—

जटिला—( नासिकाग्रे तर्जनीं विन्यस्य स्थिता धुन्वन्ती साश्चर्यम् ) अरे बालियाभुजंग, कं डंसिदुं एत्थ भम्मसि । [ अरे बालिकाभुजङ्ग, कं दष्टुमत्र भ्राम्यसि ]

माधवः—लम्बोष्ठि, भवतीमेव गोष्ठपिशाचीम् ।

अत्र प्रकटमेव नर्म ।

---

चाहती हैं और न कहना ही । वे अतिशय जड़ होकर उसे चारों ओर से घेर कर जमी हैं पर इनकी आपस में एक दूसरे के कान में कहने की प्रवृत्ति से ही इनके हृदयों की अधीरता प्रकट हो रही है ।

प्रस्तुत उदाहरण में किसी उपाय के न सूझने के कारण 'तापन' स्पष्ट है ।

**नर्म**

परिहासपूर्ण कथन को 'नर्म' समझना चाहिये ॥ ६६ ॥

जैसे इसी नाटक के चतुर्थ अंक में—

जटिला—( अपनी नासिका के सामने तर्जनी को रख कर उसे घुमाती हुई आश्चर्य में आकर ) अरे बालिकाभुजंग, अब तुम किसे डसने को भटक रहे हो ।

माधव—अरी लम्बोष्ठी, तुझ गोशाला की पिशाचिनी को ही ।

प्रस्तुत संवाद में परिहास स्पष्ट है ।

---

१. धीरं विदधति इति अ. पु. पाठः ।

अथ नर्मद्युतिः—

नर्मजाता रुचिः प्राज्ञैः नर्मद्युतिरुदाहृता ॥ ७० ॥

यथा तत्रैव—ललिता—( स्मित्वा ) अयि सरले, तुज्झ हिअए कत्थूरिआपत्तभंगं लिहन्तीए मए पच्चक्खीकिदा सिविण-संगिणाअरकुंजर विब्भमासि। ता फुडं कधेहि, तइअजणसंग-जोग्गे तस्सिं ओसरे दीहसुत्ता नीवीसहअरी झत्ति णिक्कन्ता ण वेत्ति। [ अयि सरले, तव हृदये कस्तूरिकापत्रभङ्गं लिखन्त्या मया प्रत्यक्षीकृता स्वप्नसङ्गिनागरकुञ्जरविभ्रमासि, तत् स्फुटं कथय। तृतीयजनसङ्गायोग्ये तस्मिन्नवसरे दीर्घसूत्रा नीवीसहचरी झटिति निष्क्रान्ता न वेति ]

राधिका—(स्वगतम्) कधं तक्किदं अखिखधुत्ताए (प्रकाशम्, सभ्रूभङ्गम् ) वामे, किंत्ति अलिअं आसंकसि ? [ कथं तर्कितम-तिधूर्तया ? वामे, किमित्यलीकमाशङ्कसे ? ]

---

नर्मद्युति

नर्म से उत्पन्न होने वाली शोभा को बुधजन 'नर्मद्युति'[1] कहते हैं।
जैसे वहीं—

ललिता—( मुसकुराती हुई ), अरी भोली, मैंने तुम्हारे उरोजों पर कस्तूरी से पत्रभंग रचते समय देख लिया था कि तुम स्वप्न में मिलनेवाले उस नागर-रत्न के लिये घबड़ा रही हो। इसलिये मुझे साफ बतलाओ कि यह तुम्हारी सहचरी और दीर्घसूत्र ( लम्बी नाड़ी ) वाली नीवी उस समय कैसे रही होगी जब तीसरे व्यक्ति की उस समय स्थिति ही नहीं रहती।

राधा—( अपने मन में ) इस अतिधूर्ता ने आखिर ताड़ ही लिया ( प्रकट, नेत्रों को थोड़ा तिरछा करती हुई ) अरी, क्यों तू झूठ-मूठ आशंका कर रही है।

---

१. रसार्णवसुधाकर के अनुसार क्रोध को हटाने के लिये किया गया परिहास 'नर्मद्युति' कहलाता है।

---

१. द्युतिरिति ब. पु. पाठः।

अत्र ललितानर्मजातया राधाया रुच्या धृत्या वा नर्मद्युतिः।

अथ प्रगमन(ण)म्—

उत्तरोत्तरवाक्यन्तु भवेत् प्रगमनं पुनः॥ ७१॥

यथा तत्रैव—

राधा—वअ-णरवई-णन्दणं सवन्धुं, रहयवरोवरिपेक्खिअ-फ्फुरन्तम्। [व्रजनृपतिनन्दनं सवन्तु रथप्रवरोपरिप्रेक्ष्य स्फुरन्तम्।]

स्खलति मम वपुः कथं धरित्री,

भ्रमति कुतः किममी नटन्ति नीपाः। (ल० मा० ३।१४)

ललिता—सहि राहे, मा विसीद। पव्वदपरिक्कमोवक्कमो एसो [सखि राधे, मा विषीद। पर्वतपरिक्रमोपक्रम एषः।]

राधिका—

सहचरि, परिज्ञातं सद्यः समस्तमिदं मया,

पटिमपटलैस्त्वं निह्नोतुं कियत् प्रभविष्यसि ?

---

प्रस्तुत उदाहरण में ललिता के परिहास से होने वाली श्रीराधा की शोभा या धैर्य को बतलाने के कारण 'नर्मद्युति' है।

**प्रगयण** ( प्रगमन )

क्रमशः उत्तर-प्रत्युत्तरमय वाक्यों की रचना 'प्रगयण ( प्रगमन )' कहलाती है॥ ७१॥

जैसे इसी नाटक में—

राधा—अरे, व्रजराजकुमार को घूमते हुए देख कर यह सम्पूर्ण रथ भी हिलने लगा है। मेरा सारा शरीर हिल रहा है और ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह पृथ्वी चक्कर खा रही है और ये कदंब के वृक्ष नाच रहे हैं।

ललिता—सखी राधिके, घबराओ मत। ( यह ) इस पर्वत का घुमाव है।

राधिका—सखि, मैंने जल्दी ही यह सब समझ लिया है। अब तुम इसे अपने चातुर्यपट से कब तक छिपा रखोगी। अरी कृपणे,

विरम कृपणे भावी नायं हरेर्विरहक्लमो
मम किमभवन् कण्ठे प्राणा मुहुर्निरपत्रपाः ॥

इत्यत्र राधाललितयोरुत्तरोत्तरं प्रगमणम् । (ल० मा० ३।१५)

अथ विरोधः—

यत्र व्यसनमायाति विरोधस्स निगद्यते ॥ ७२ ॥

यथा तत्रैव—

राधिका—

चेतः खिन्नजने हरेः परिणतं कारुण्यवीचीभरै-
रित्याभीरनतभ्रुवां त्वयि भवेदालोकसम्भावना ।
मर्मग्रन्थिविकृन्तनव्यसनिनी तं तादृशं वैरिणी
क्रूरेयं विरहव्यथा न सहते मद्भागधेयोत्सवम् ॥ (ल० मा० ३।२७)

अत्र स्पष्ट एव राधागमनेन विरोधः ।

---

तुम अब रहने दो, अब मुझे माधव के विरह का दुःख ही नहीं रहेगा । पर क्या करूँ ये निर्लज्ज प्राण कण्ठ में बार बार क्यों आ रहे हैं ।

प्रस्तुत अंश में राधा और ललिता के उत्तरोत्तर संवाद में 'प्रगमन' है।

**विरोध**

विपत्ति जब आती है तो उसे 'विरोध' समझना चाहिये ॥ ७२ ॥

जैसे इसी नाटक में—

राधिका—सखि, मेरा चित्त उन कठोर हरि के स्नेह में लीन है इसी लिये आभीर अंगनाओं के करुणापूर्ण अवलोकन की संभावना हो सकती है। इधर मर्मस्थल की ग्रन्थियों को काटने में अभ्यस्त यह क्रूर विरहव्यथा भी मेरी बैरिन होकर सौभाग्यवश प्राप्त होने वाली प्रसन्नता या उत्सवों को सहन करना नहीं चाहती ।

प्रस्तुत अंश में राधा पर विपत्ति का आना 'विरोध' है ।

---

१. सखीति ब. पु. पाठः ।

अथ पर्युपासनम्—

रुष्टस्यानुनयो धीरैः पर्युपासनमीरितम् ॥ ७३ ॥

यथा तत्रैव चतुर्थे—

जटिला—अइ अहिसारमग्गोवज्झाइणि ललिदे, एण्हिं पुत्तउ मे अहिमण्णु विदूरे गदोत्थि, ता सुण्णं घरं मुक्किअ कीस तुए आणीदा वहुडी। [ अयि अभिसारमार्गोपाध्यायिनि ललिते, इदानीं पुत्रको मेऽभिमन्युर्विदूरे गतोऽस्ति। तत् शून्यं गृहं मुक्त्वा कस्मात्त्वया नीताऽत्र वधूटी। ]

ललिता—( सशङ्कमात्मगतम् ) हद्धी, डाइणीए अडाहिण-पइदीए डहिठम्मि वुड्ढिआए। [प्रकाशम्] अय्ये गग्गीए भणिदं अज्ज माहवीपुप्फेहिं पूइदो सूरो सुरहिक्कोडिप्पदो होदुत्ति माहवी-मण्डवं लंहिखदा मए राहिआ, ता प्पसीद प्पसीद। [ हा धिक् ! डाकिन्या दक्षिणप्रकृत्या दग्धास्मि वृद्धया। आर्ये, गार्ग्या भणि-तम्—'अद्य माधवीपुष्पैः पूजितः सूर्यः सुरभिकोटिप्रदो भवति' इति माधवीमण्डपं लम्भिता मया राधिका, तत् प्रसीद प्रसीद। ]

---

**पर्युपासन**

क्रोध को शान्त करने के लिये किया गया अनुनय विनय 'पर्युपासन' कहलाता है॥ ७३ ॥

जैसे इसी नाटक में—

जटिला—अरी अभिसार की आचार्या ललिते, मेरा पुत्र अभिमन्यु अभी दूर चला गया है इसलिये तू इस सूने घर में इस गोपिका को क्यों ले आयी ?

ललिता—( आशंकित हो कर मन ही मन में ) हाय हाय ! इस बूढ़ी और रूखे स्वभाववाली डाकन ने ( आज ) मुझे और जला भुना डाला। ( प्रकट ) आर्ये, गार्गी ने मुझे बतलाता था कि आज माधवी पुष्पों से सूर्य की पूजा करने पर करोड़ सुरभि की प्राप्ति होती है।

---

१. माहवीए इति ख. पु.।

अत्र रुष्टायाः जटिलाया ललितयाप्यनुनयात् पर्युपासनम् ।

अथ पुष्पम्—

परिशेषो विधानं यत् पुष्पं तदिति संज्ञितम् ॥ ७४ ॥

यथा तत्रैव—तृतीये

विदूरे कंसारिर्मुकुटितशिखण्डावलिरसौ

पुरे गौराङ्गीभिः कलितपरिरम्भो विलसति ।

( इति साभ्यसूयं पुनर्निरूप्य, सखेदम् । )

न कान्तोयं शङ्के सुरपतिधनुर्धाममधुर-

स्तडिल्लेखाहारी गिरिमवललम्बे जलधरः ॥ (ल० मा० ३।४०)

अत्र पुनर्जलधरतया विशेषज्ञानात्पुष्पम् ।

---

इसीलिये मैं राधा को इस माधवीलता मण्डप में ले आयी। तुम यूं ही क्यों नाराज हो रही हो।

प्रस्तुत अंश में रुष्ट होने वाली जटिला का ललिता के द्वारा किया गया अनुनय 'पर्युपासन' है।

**पुष्प**

एक बार वर्णन करने के बाद फिर से चित्ताकर्षक विशेष वचन द्वारा उसी का वर्णन करना 'पुष्प' कहलाता है ॥ ७४ ॥

जैसे इसी नाटक के तृतीय अंक में—

कंस के शत्रु श्रीमाधव तो वैदूर्य मणि के पर्वत सदृश और मोरपंखों की झालर का मुकुट धारण किये हुए हैं वे तो दूर है और इसका तो इन गौरवर्ण की अंगनाओं के द्वारा समीप ही आलिंगन किया जा रहा है ( फिर ईर्ष्या से देख कर दुःखी होकर ) यह कान्त नहीं है। मुझे ऐसी आशंका हो रही है कि इन्द्र के सतरंगे धनुष को धारण करने वाला यह कोई ऐसा विशिष्ट मेघ है जो विद्युत्लेखा के संयोग से सुन्दर लग रहा है और इसी ने इस पर्वत को उठा लिया है।

प्रस्तुत अंश में एक बार वर्णन करने के पश्चात् मेघ के रूप में पुनः परिचय देने के कारण 'पुष्प' है।

अथ वज्रम्—

वज्रं तदिति विज्ञेयं साक्षान्निष्ठुरभाषणम् ॥ ७५ ॥

यथा तत्रैव चतुर्थे—

जटिला—( पृष्ठतः परिक्रम्य पुत्रस्य हस्तमाकर्षन्ती साक्षेपम् । ) रे गोउलकिसोरीलंपडओ, अरे परघरलण्ठनओ । कहं तुमं वि अप्पणो पुत्तं मण्णिस्सदि जडिला ? [ रे गोकुल-किशोरीलम्पटक, अरे परगृहलुण्ठक ! कथं त्वामप्यात्मनः पुत्रं मंस्यति जटिला । ]

अत्र जटिलायाः पुत्रं प्रति निष्ठुरभाषणं[1] वज्रम् ।

अथोपन्यासः—

युक्तिभिस्सहितो योऽर्थः उपन्यासः स [2]उच्यते ॥ ७६ ॥

यथा तत्रैव—तृतीये-( नेपथ्ये )

अद्य प्राणपरार्धतोऽपि दयिते दूरं प्रयाते हरौ
हा धिग्दुस्सहशोकशङ्कुभिरभूद्भिद्यान्तरा राधिका ।

---

**वज्र**

मुँह पर ही कड़ी बातें सुना देना 'वज्र' कहलाता है ॥ ७५ ॥

जैसे इसी नाटक के चतुर्थ अंक में—

जटिला—( पीछे से आकर पुत्र का हाथ खींचती हुई ) अरे गोकुल किशोरियों के लंपट, दूसरे के घरों को लूटने वाले, क्या तुझे भी जटिला अपना पुत्र समझेगी ?

प्रस्तुत उदाहरण में अपने पुत्र को जटिला का कड़ी बातें सुनाना 'वज्र' है ।

**उपन्यास**

युक्तिपुरस्सर किसी बात को प्रस्तुत करना 'उपन्यास' कहलाता है ।

जैसे इसी नाटक के तीसरे अंक में—( नेपथ्य में )

आज बड़ा कष्ट है, हाय ! हाय ! श्रीहरि के दूर चले जाने से

---

१. तद् वज्रमिति ब. पु. पाठः । २. इष्यते इति ब. पु. पाठः ।

तेनास्याः प्रतिषेधमार्यचरिते त्वं मा कृथा मा कृथाः
क्षीणेयं क्षणमत्र सुष्ठु विलुठत्यार्त्तस्वरं रोदितुम् ॥

( ल० मा० ३।२९ )

अत्र युक्तिसहितार्थता प्रकटैव । केचित्—'उपन्यासः प्रसादनमि'ति वदन्ति । तत्रोदाहरणं-चतुर्थे—

जटिला—कुलपुत्ति, सिरेण मे साविदासि । [ कुलपुत्रि, शिरसा मे शापितासि । ]

अत्र जटिलायाः राधाप्रसादनम् ।

अथ वर्णसंहारः—

सर्ववर्णोपगमनं वर्णसंहार इष्यते ॥ ७७ ॥

यथा तत्रैव-चतुर्थे—

दैत्याचार्यस्तदास्ये विकृतिमरुणतां मल्लवर्यास्सखायो,
गण्डौन्नत्यं खलेशाः प्रलयमृषिगणा ध्यानमुश्रास्रमम्बा ।

---

यह राधिका असह्य शोक के शंकु से विद्धहृदय हो कर बड़ी दुःखी हो गयी और क्षीण होकर आर्तस्वर से कुछ क्षण रोने के लिये यहाँ ( पृथ्वी पर ) लुढ़क रही है इसलिये हे आर्यचरिते, तुम इसे मत रोको, मत रोको !

यहाँ युक्तिपूर्वक अपनी बात प्रस्तुत करने से 'उपन्यास' है । कुछ आचार्य 'प्रसादन ( प्रसन्न करना ) ही उपन्यास है'' ऐसा मानते हैं । इसका उदाहरण इसी नाटक के चतुर्थ अंक में :—

जटिला—कुलपुत्री, तुम्हें मेरे सर की सौगन्ध, इत्यादि ।

यहाँ जटिला का राधा को प्रसन्न करना 'उपन्यास' है ।

**वर्णसंहार**

सभी वर्णों ( चारों वर्णों ) का एकत्र समागम होना 'वर्णसंहार' कहलाता है ॥ ७७ ॥

जैसे इसी नाटक के चतुर्थ अंक में—

श्रीकृष्ण को रंगस्थल पर अवतीर्ण देख कर शुक्राचार्य ने मुँह पर

---

१. साहित्यदर्पण ६।९३ में यही ( उपन्यासः प्रसादनम् ) लक्षण है ।

१. आर्तस्वरा इति ब. पु. पाठः ।

रोमाञ्चं सांयुगीनाः कमपि नवचमत्कारमन्तः सुरेन्द्राः,
लास्यं दासाः कटाक्षं ययुरसितदृशां प्रेक्ष्य रङ्गे मुकुन्दम् ॥
( ल० मा० ४।४ )

अत्र दैत्याचार्य-नारदादयः ब्राह्मणाः, क्षितीशसांयुगीनादयः क्षत्रियाः, मल्ला दासादय वैश्या शूद्रादयश्च इति वर्णसंहारः ।

अथ गर्भसन्धिः—

दृष्टादृष्टस्य बीजस्य गर्भो ह्रासगवेषणात् ।
द्वादशाङ्गो भवेदेष पताकांशानुसारतः ॥ ७८ ॥
राजेन्द्रता प्रसङ्गेन ह्रासो वन्दिजनोक्तितः ।
पुनरन्वेषणं जातं प्रसेनान्वेषणात् पुनः ॥ ७९ ॥
ह्रासोद्भूः पुनरन्वेष्टिर्ललितादर्शनादभूत् ।
हरेः प्रणयबीजस्य यथा ललितमाधवे ॥ ८० ॥

---

घबराहट ( विकृति ), मल्लों ने लालिमा, मित्रों ने कपोलों के फैलाव, राजाओं ने प्रलय, ( नारद ) मुनि ने ध्यान, माता ने आँसुओं की धारा, योद्धाओं ने रोमाञ्च, देवताओं ने अपने मन में अपूर्व कौतूहल, सेवकों ने नृत्य करने और नीललोचना सुन्दरियों ने कटाक्षों से देखना—प्राप्त किया ।

प्रस्तुत वर्णन में दैत्याचार्य, नारद मुनि आदि ब्राह्मण, राजा और योद्धा आदि क्षत्रिय, मल्ल और दास आदि वैश्य और शूद्र आदि वर्ण हैं । ( इसलिये ) इनका एकत्र समागम होने से 'वर्णसंहार' है ।

**गर्भसन्धि**

प्रतिमुख सन्धि में प्रकाशित बीज का बार बार छिपना, प्रकट होना तथा उसी का नष्ट होना तथा पुनः अन्वेषण करना 'गर्भसन्धि' है । यह पताका के अंश के अनुसार किया जाता है ॥ ७८ ॥

जैसे ललितमाधव नाटक में माधव के अनुरागरूपी बीज का प्रासंगिक कथा के अन्तर्गत राजप्राप्ति के प्रसंग में ह्रास या छिपना और वन्दिजन के कथन से अन्वेषण, फिर प्रसेनजित् के अन्वेषण से

---

१. किमपीति ख. पु. पाठः ।

अभूताहरणं मार्गो रूपोदाहरणे क्रमः ।
संग्रहश्चानुमानञ्च तोटकाधिवले तथा ॥ ८१ ॥
उद्वेगः सम्भ्रमाक्षेपावेषां लक्षणमुच्यते ।

तत्राभूताहरणम्—

अभूताहरणं तत्स्याद्वाक्यं यत्कपटाश्रयम् ॥ ८२ ॥

यथा तत्रैव पञ्चमेऽङ्के—

विरचयन् जननीमतिविस्मितां
भुजचतुष्टयवानजनिष्ट यः ।
स भगिनीं तव शूरसुतात्मजो
[1]यदुवरः परिणेष्यति रुक्मिणीम् ॥ ( ल०मा० ५।९ )

अत्र कपटवाक्यमिदमभूताहरणम् ।

---

ह्रास और ललिता को देखने से अन्वेषण होने से 'गर्भसन्धि' है। इसके बारह अंग होते हैं॥ ७९-८० ॥

इन अंगों के नाम हैं— ( १ ) अभूताहरण ( २ ) मार्ग ( ३ ) रूप ( ४ ) उदाहरण ( ५ ) क्रम ( ६ ) संग्रह ( ७ ) अनुमान ( ८ ) तोटक ( ९ ) अधिबल ( १० ) उद्वेग ( ११ ) सम्भ्रम तथा ( १२ ) आक्षेप। अब क्रमशः इनके लक्षण बतलाए जाते हैं॥ ७८-८१ ॥

**अभूताहरण**

व्याजपूर्ण वचनों का अभिधान 'अभूताहरण' कहलाता है॥ ८२ ॥

जैसे इसी नाटक के पंचम अंक में—

जिसने चार भुजाओंवाले रूप को धारण कर जन्म लेते हुए अपनी माता को आश्चर्यचकित कर दिया था वही यादवश्रेष्ठ एवं शूरसेन प्रदेश की कन्या ( देवकी ) का पुत्र तुम्हारी बहिन रुक्मिणी से विवाह करेगा।

यहाँ व्याजपूर्ण वचन होने से 'अभूताहरण' है।

---

१. गुणवतीमिति अ. पु. पाठः ।

अथ मार्गः—

मार्गस्तत्त्वार्थकथनम् ,

यथा तत्रैव—कृष्णः ( पत्रिकां वाचयित्वा )

निखिला शिखिनि नयन्नपि सुखानि जात्यासितापाङ्गीः ।

रमयति कृष्णः सुघनो वृन्दावनगन्धिनीरेव ॥

( ल० मा० ५।१० )

अत्र हरिणा हृदयत्वप्रकटनान्मार्गः ।

अथ रूपम्—

रूपं[1] वाक्यं वितर्कवत्[2] ॥ ८३ ॥

यथा तत्रैव—

कृष्णः—( सानन्दम् ) सखे, कथमनुभूतपूर्वेव कापि शिञ्जितसरणी प्रसह्य मामार्द्रीकरोति ।

---

**मार्ग**

(प्रकृत विषय से सम्बद्ध) यथार्थ बात कह देना 'मार्ग' कहलाता है ।

जैसे इसी नाटक में—

नारद—( पत्रिका पढ़ते हुए )

वह काला मेघ समस्त मयूरों को सुख देने पर भी अतितप्त अंग वाली वृन्दावन की सुगन्धित लताओं को ही अधिक रमाता है ( रमण करवाता है ) ।

यहाँ श्रीहरि के मन की यथार्थ बात को प्रकट कर देने के कारण 'मार्ग' है ।

**रूप**

अनूठे या वितर्कपूर्ण वचनों का प्रयोग करना 'रूप' कहलाता है ॥८३॥

जैसे इसी नाटक में—

कृष्ण—( आनन्द में आकर ) मित्र, यह जानी पहिचानी पैंजन की गति मुझे बलात् अपनी ओर अनुरक्त कर रही है ।

---

१. वाचि इति अ० पु० पाठः । २. वितर्कत्वमिति ख० पु० पाठः ।

अत्र चन्द्रावलीनूपुरादिशिञ्जितश्रवणात् कृष्णस्य वितर्को रूपम् ।

अथोदाहरणम्—

सोत्कर्षं वचनं यत्तु तदुदाहरणं मतम् ॥ ८४ ॥

यथा तत्रैव—सुपर्णः ( निर्वर्ण्य सविस्मयम् )

सौन्दर्याम्बुनिधेर्विधाय मथनं दम्भेन दुग्धाम्बुधे-
र्गीर्वाणैरुदहारि हारि[1] परितो या सारसम्पन्मयी ।
सा लक्ष्मीरपि चक्षुषां चिरचमत्कारक्रियाचातुरीं
धत्ते हन्त, तथा न कान्तिभिरियं राज्ञः कुमारी यथा ॥

( ल० मा० ५।३० )

अत्र चन्द्रावलीरूपोत्कर्षकथनमुदाहरणम् ।

अथ क्रमः—

भावज्ञानं क्रमो यद्वा चिन्त्यमानार्थसङ्गतिः ॥ ८५ ॥

---

यहाँ चन्द्रावली के नूपुर आदि की आवाज सुन कर श्रीकृष्ण का वितर्क करना 'रूप' है ।

**उदाहरण**

उत्कर्षपूर्ण कथन को 'उदाहरण' समझना चाहिये ॥ ८४ ॥

जैसे इसी नाटक में—

सुपर्ण—( देख कर विस्मय-पूर्वक ) देवताओं ने अतिदंभ से क्षीर-समुद्र का मंथन कर जिस सौन्दर्य-सम्पत् की अधिष्ठात्री लक्ष्मी को उत्पन्न किया था वह लक्ष्मी भी नेत्रों को अतिशय चमत्कृत करने वाली ऐसी शोभा को नहीं धारण करती जैसी इस राजकुमारी की शोभा है।

यहाँ चन्द्रावली के सौन्दर्य का उत्कर्ष बतलाने के कारण 'उदाहरण' है।

**क्रम**

किसी की भावना या उसके द्वारा सोचे हुए अर्थ का उन्नयन करना 'क्रम' कहलाता है ॥ ८५ ॥

---

१. चारु चरितेति क० पु० पाठः ।

यथा षष्ठे—नवबृन्दा ( स्वगतम् )

जनितकमललक्ष्मीविभ्रमे नेत्रवीथीं
गतवति चिरकालादंशुके कंसहन्तुः[1] ।
अलघुभिरपि यत्नैर्दुस्तरां संवरीतुं
विकृतिमतुलबाधां हन्त ! राधा दधाति ॥ (ल०मा० ६।२५)

अत्र नवबृन्दाया राधाया भावज्ञानात् चिन्त्यमानहरि-चिह्नस्य राधया दर्शनाद्वा क्रमः ।

अथ संग्रहः—

संग्रहः सामदानार्थसंयोगः परिकीर्तितः[2] ॥ ८६ ॥

यथा तत्रैव पञ्चमे—भीष्मः ( सानन्दम् )

अविदितस्तनयामनयान्नय-
न्नुपकृतिं कृतवान्मम जाम्बवान् ।
मुनिमनःप्रणिधेयपदाम्बुज-

---

जैसे इसी नाटक के षष्ठ अंक में—

नवबृन्दा—( अपने मन में ) जिनके दर्शनों के कारण नेत्रों में कमल की शोभा अठखेलियाँ करती थी उन श्रीकृष्ण के पीताम्बर को बहुत समय बाद दिखाई देने पर यह राधा अनेक बार प्रयत्नों के द्वारा इस दुस्तर कष्ट को छिपाने पर भी विकार को धारण किए हुए है ।

प्रस्तुत अंश में नवबृन्दा के द्वारा राधा की आन्तरिक भावना की कल्पना कर लेने से अथवा राधा के द्वारा निध्यात श्रीहरि के प्रति होने वाले आन्तरिक भाव का ( चिन्हों को देख कर ) उन्नयन करने के कारण 'क्रम' है ।

**संग्रह**

प्रिय वचन के साथ दान आदि का करना 'संग्रह' कहलाता है ।।८६।।

जैसे इसी नाटक के पंचम अंक में—

भीष्म—बिना जाने ही इस कन्या को ले जाने वाले जाम्बवान् ने मुझ पर उपकार ही किया अन्यथा उसकी पुत्री को मुनिजन द्वारा

---

१. केशहन्तुरिति अ० पु० पाठः ।

२. अयमेव पाठः रसार्णवसुधाकरेऽपि लभ्यते ।

स्त्वमसि येन वरो दुहितुर्वरः ॥ ( ल० मा० ५।३७ )

अत्र सामनिमित्तकन्यासमर्पणादिना सङ्ग्रहः ।

अथानुमानम्—

लिङ्गादूहोऽनुमानता,

यथा तत्रैव षष्ठे—चन्द्रावली ( संस्कृतेन )

साधर्म्यं मधुरिपुविप्रयोगभाजां
तन्वङ्गी मुहुरियमङ्गकैस्तनोति ।
आकृत्या श्रियमपि माधवीं किमेनां
दैन्येपि प्रथयितुमार्तयः क्षमन्ते ॥ (ल०मा०६।२३)

अत्र दैन्येऽपि माधुरीदर्शनेन लिङ्गेन कृष्णविप्रयोग-भाक्त्वस्याभ्यूहोऽनुमानम् ।

अथ तोटकम्—

वचः संरम्भि तोटकम् ॥ ८७ ॥

---

समाधि में प्रत्यक्ष होने वाले आप जैसे परब्रह्म का वर के रूप में कैसे वरण होता ?

यहाँ प्रियवचन के साथ कन्या का दान करना 'संग्रह' है।

**अनुमान**

किसी के आंशिक चिह्न देख कर उसके समग्र स्वरूप की कल्पना करना 'अनुमान' कहलाता है ॥

जैसे इसी नाटक के षष्ठ अंक में—

चन्द्रावली—( संस्कृत भाषा में बोलती हुई ) यह कृशाङ्गी अपने कोमल अंग से माधव से वियुक्तजन की समानता बतला रही है और अपनी आकृति में वासन्ती शोभा धारण कर रही है इसलिये ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पीडाएँ इसकी शोभा को इस दीन अवस्था में भी विस्तीर्ण करने में लगी हैं।

प्रस्तुत उदाहरण में दुःखी होने पर भी मुख पर सुन्दरता के दिखलाई देने रूपी कारण से श्रीकृष्ण के वियोगरूपी कार्य की कल्पना करना 'अनुमान' है।

**तोटक**—क्रोधावेश में आकर कहना 'तोटक' कहलाता है ॥ ८७ ॥

यथा तत्रैव षष्ठे—

नारदः—मणीन्द्रं पारीन्द्रप्रवरमहरन्निघ्नतनयं
विनिघ्नन्ते तञ्च प्रवलमथ भल्लूकनृपतिः।
पराभूय स्वैरी तमपि मुरवैरी तव धनं
तदाहर्ता पाप त्वमसि पतितस्तापजलधौ॥

(ल० मा० ६।२५)

अत्र संरम्भेन तोटकं प्रकटमेव।

अथाधिबलम्—

बुधैरधिबलं प्रोक्तं कपटेनाधिवञ्चनम्॥ ८८॥

यथा तत्रैव पञ्चमे—कृष्णः—

पर्यशीलि पशुबालघटायां
केलिरङ्गघटनाय मया यः।
सुष्ठु सोऽयमकरोत्परदुर्गे
वैशयन् सचिवतां नटवेषः॥ (ल० मा० ५।२७)

अत्र नटवेषकपटेन परवञ्चनमधिबलम्।

---

जैसे इसी नाटक के षष्ठ अंक में—

नारद—जिस (स्यमन्तक) मणि को तेरे पुत्र प्रसेनजित् को मार कर सिंह ने ले लिया था उसे भालुओं के शक्तिशाली राजा जाम्बवान् ने सिंह को मार कर प्राप्त कर लिया। उस स्वच्छन्दचारी को पराजित कर माधव तेरे उसी धन को ले आएँगे अतः हे पापी, तू संताप के सागर में क्यों पड़ा हुआ है।

प्रस्तुत उदाहरण में क्रोधावेश में नारद का कथन 'तोटक' है।

**अधिबल**

छल या व्याज से दूसरे के अभिप्राय का पता लगाना या उसे छलना 'अधिबल' कहलाता है॥ ८८॥

जैसे इसी नाटक के पंचम अंक में—

श्रीकृष्ण—जिस नटवेष को मैंने पशु एवं ग्वाल बालों के समूह में क्रीडा, विलास आदि के लिये धारण किया था आज वही वेष मुझे शत्रुओं के दुर्ग में प्रवेश करने में बड़ा सहायक बन रहा है।

प्रस्तुत उदाहरण में नटरूप बना कर कपटवेष द्वारा शत्रुओं को धोखा देना 'अधिबल' है।

अथोद्वेगः—

शत्रुवैरादिसम्भूतं भयमुद्वेग उच्यते ॥ ८९ ॥

यथा तत्रैव—षष्ठे—

चन्द्रावली—( जनान्तिकम् ) सहि माहवि ! पेक्ख। एसो अज्जउत्तस्स सच्चसंकप्पिदा-सेदुविमद्दणो सच्चभामाए सोन्देरपूरो धीरं वि मं आन्दोलेदि। [ सखि माधवि, पश्य। एष आर्यपुत्रस्य सत्यसङ्कल्पिता-सेतुविमर्दनः सत्यभामायाः सौन्दर्यपूरो धीरामपि मामान्दोलयति। ]

अत्राविर्भूतसपत्नीदर्शनाच्चन्द्रावल्या उद्वेगः।

अथ सम्भ्रमः—

शत्रुव्याघ्रादिसम्भूता शङ्का स्यादिह सम्भ्रमः ॥ ९० ॥

यथा तत्रैव—पञ्चमे ( नेपथ्ये )

सप्तिस्सप्ती रथ इह रथः कुञ्जरः कुञ्जरो मे,
तूणस्तूणो धनुरुत धनुः भो कृपाणी कृपाणी।

---

**उद्वेग**

शत्रु या वैर से होने वाली घबड़ाहट को 'उद्वेग' समझना चाहिये॥

जैसे इसी नाटक के षष्ठ अंक में—

चन्द्रावली—( जनान्तिक के द्वारा ) अरी माधवी सखि, जरा देखो तो यह सत्यभामा के सौन्दर्य की बाढ़—जिसने आर्यपुत्र के सत्य संकल्प के पुल को ढहा दिया था—आज मुझ धीर स्वभाव वाली को भी बड़ा विचलित कर रही है।

प्रस्तुत कथन में सौत को देख कर होने वाली घबड़ाहट 'उद्वेग' है।

**सम्भ्रम**

शत्रु या सिंह आदि हिंसक पशुओं से होने वाली आशंका को 'सम्भ्रम' कहते हैं॥ ६०॥

जैसे इसी नाटक के पञ्चम अंक में—( नेपथ्य में )

अरे मेरा-घोड़ा, घोड़ा; रथ, रथ, हाथी, हाथी, तरकस, तरकस,

का भीः का भीरयमहमहं हा ! त्वरध्वं त्वरध्वं
राज्ञः पुत्री बत बत हृता कामिना वल्लवेन ॥ (ल०मा० ५।४०)

अत्र स्पष्ट एव सम्भ्रमः ।

अथाक्षेपः—

गर्भबीजसमुत्क्षेपमाक्षेपं परिचक्षते ॥ ९१ ॥

यथा तत्रैव षष्ठे—कृष्णः ( सवैक्लव्यम् )

निखिलसुहृदामर्थारम्भे विलम्बितचेतसा,
मसृणितशिखो यः प्राप्तोद्ऽभूद् मनागिव मार्दवम् ।
स खलु ललितासान्द्रस्नेहप्रसङ्गघनीभवन्
पुनरपि बलादिन्धे राधावियोगमयः शिखी ॥
( ल० मा० ६।४३ )

अस्य सुहृदर्थसम्पादने गर्भितस्य पुनः ललितादर्शने[1] नोत्क्षेपादाक्षेपः ।

---

धनुष, धनुष, तलवार, तलवार आदि के अतिरिक्त—ये मैं आया, अब डर नहीं, अरे जल्दी करो जल्दी करो, इस कामी ग्वाले ने महाराज की कुमारी का हरण कर लिया ।

उपर्युक्त वर्णन में आशंका-भगदड़ आदि के कारण 'सम्भ्रम' स्पष्ट है ।

आक्षेप—( आक्षिप्ति )

गर्भित बीज को प्रकट करना या उसका विकास करना 'आक्षेप' कहलाता है ॥ ९१ ॥

जैसे इसी नाटक के षष्ठ अंक में—

श्रीकृष्ण—( घबड़ाते हुये ) अपने सम्बन्धी और मित्रों के कार्यों में चित्त के लगे रहने से जिस राधा की वियोगाग्नि की ज्वालायें (थोड़ी) धीमी पड़ गयी थीं वे इस ललिता के घने स्नेह के प्रसंग से गहरी होकर फिर से जल उठी हैं और अब मुझे भी जला रही हैं ।

प्रस्तुत अंश में मित्रों के कार्य के करने के समय हृदय में छिपे हुये राधा के अनुराग को ललिता के दर्शन से प्रकट कर देने के कारण 'आक्षेप' है ।

---

१. दर्शनोत्क्षेपादिति ख० पु० पाठः ।

अथ विमर्शसन्धिः—

यत्र प्रलोभनक्रोधव्यसनाद्यैर्विमृश्यते ।
[1]बीजवान् गर्भनिर्भिन्नः स विमर्श इतीर्यते ॥ ९२ ॥
प्रकरीनियताप्त्यानुगुण्याद[3]त्राङ्गकल्पनम् ।
बकुला-नववृन्दादिप्रलोभनवशाद्यथा ॥ ९३ ॥
देवी शङ्कादितश्चात्र प्रेमबीजविमर्शनम् ।
राधामाधवयोः प्रोक्तं स्फुटं ललितमाधवे ॥ ९४ ॥
अववादोऽथ सम्फेटो विद्रवद्रवशक्तयः ।
[4]द्युतिप्रसङ्गश्छलनं व्यवसायो विरोधनम् ॥
प्ररोचना विवलनमादानं स्युस्त्रयोदश ॥ ९५ ॥

अथाववादः—

दोषप्रख्याववादः स्यात्,

---

विमर्श सन्धि[1]

जब गर्भसन्धि में विकसित बीजार्थ को प्रलोभन, क्रोध, दुर्गति (व्यसन) आदि के द्वारा विकसित करते हुये स्थिर किया जाये तो 'विमर्शसन्धि' समझना चाहिये ॥ ६२ ॥

इस सन्धि में प्रकरी तथा नियताप्ति के अंगों को आवश्यकतानुसार रखना चाहिये। जैसे ललितमाधव नाटक में बकुला और नववृन्दा के प्रलोभन और देवी आदि की आशंका से राधा और माधव के पारस्परिक अनुरागरूपी बीजार्थ का विकसित होना 'विमर्श' है ॥ ६३-६४ ॥

इस सन्धि के तेरह अङ्ग होते हैं। यथा—(१) अव(प)वाद, (२) सम्फेट, (३) विद्रव, (४) द्रव, (५) शक्ति, (६) द्युति, (७) प्रसंग, (८) छलन, (९) व्यवसाय, (१०) विरोधन,[2] (११) प्ररोचना, (१२) विवलन[3] तथा (१३) आदान ॥ ६५ ॥

अववाद—(किसी के) दोषों को बतलाना 'अववाद' कहलाता है।

---

१. नाट्यशास्त्र में इसका 'अवमर्श सन्धि' नाम मिलता है।

२. विरोधन के स्थान पर रसार्णवसुधाकर में 'निरोधन' पाठ मिलता है।

३. रसा० तथा दशरूपक में विवलनम् के स्थान पर विचलनम् पाठ मिलता है।

---

१. बीजार्थो इति क० ख० पु० पाठः। २. विमर्ष इति ख० पु० पाठः।
३. गुण्यादत्रादि इति ख० पु० पाठः। ४. अतिप्रसङ्गो इति ब० पु० पाठः।

यथा तत्रैव—सप्तमे

राधिका—( सव्यथम् )

चिरादद्य स्वप्ने मम विविधयत्नादुपगते
प्रपेदे गोविन्दः सखि नयनयोरक्षणभुवम् ।
गृहीत्वा हा ! हन्त त्वरितमथ तस्मिन्नपि रथं
कथं प्रत्यासन्नः स खलु पुरुषो राजपुरुषः ॥

(ल०मा०७।२२)

अत्रातुरस्य क्रौर्यकीर्त्तनादववादः ।

अथ सम्फेटः—

सम्फेटो रोषभाषणम् ।

यथा तत्रैव—

राधिका—( संस्कृतेन )

शास्तु द्वारवतीपतिस्त्रिजगतीं सौन्दर्यपर्याचितः,
किन्नस्तेन विरम्यतां कथमसौ शोकाग्निरुज्ज्वाल्यते ।
युष्माभिः स्फुटयुक्तिकोटिगरिमव्याहारिणीभिर्वला-

---

जैसे इसी नाटक के सप्तम अंक में—

राधिका—( संस्कृत-भाषा में ) अरी सखी, अनेक बार प्रयत्न करने पर बहुत दिनों बाद जब मेरी आशायें आज स्वप्न में पूरी होने लगीं और गोविन्द मेरी नेत्रों की भूमि में रक्षण प्राप्त कर चुके थे पर इतना हो चुकने पर आज रथ में बिठाकर जल्दी यहाँ से ले जाने वाला यह राजपुरुष न जाने कैसे आ धमका !

यहाँ व्यथा के कारण ( दूसरों के ) क्रूरतारूपी दोष को बतलाना 'अववाद' है ।

**सम्फेट**—क्रोध भरे वचन कहना सम्फेट है ।

जैसे इसी नाटक के सप्तम अंक में—

राधिका—( संस्कृत भाषा में )

द्वारिका के महाराज श्रीकृष्ण अपने साज सौन्दर्य आदि से पूर्ण होकर तीनों लोकों का शासन करें तो उससे हमें क्या वास्ता । इसलिये जाने दो। हमारी शोकाग्निको क्यों भड़काया जा रहा है? क्योंकि अपनी

दाकृष्टुं व्रजराजनन्दनपदाम्भोजान्न शक्या वयम् ॥

( ल० मा० ७।२ )

अत्र बकुलां प्रति गूढदोषोक्त्या सम्फेटः ।

अथ विद्रवः—

विद्रवो वधबन्धादिः ॥ ९६ ॥

यथा तत्रैवाष्टमे—कृष्णः—प्रिये, क्षणमद्भुतमाकर्ण्यतां साम्प्रतमहं सूरसौगन्धिकमाहरिष्यन् पाण्डवेन सह खाण्डवाटवीं प्राविशम् । तत्र मृगानाहिण्डतो गाण्डीविनः श्येनाभ्यां निगृहीतयोः पक्षिणोरेकः प्राहेत्यादिः ।

अत्र पक्षिनिग्रहादिना विद्रवः ।

अथ द्रवः—

द्रवो गुरुतिरस्क्रिया ।

यथा तत्रैव—माधवी—भट्टिदारिए कासारे पसारिदणि-

---

युक्तियों द्वारा करोड़ों गौरव प्रकट करने वाली आप जैसी से बलात् हम श्रीव्रजराज के चरण-कमलों से दूर नहीं की जा सकतीं !

यहाँ व्यथा के कारण बकुला के क्रूरतारूपी गूढ़ दोष को बतलाने के कारण 'सम्फेट' है ।

विद्रव—वध या बन्धन प्राप्त करना 'विद्रव' कहलाता है ॥ ९६ ॥

जैसे इसी नाटक के अष्टम अंक में—

श्रीकृष्ण—'प्रिये, मैं तुम्हें ( एक ) अद्भुत घटना सुनाता हूँ । अभी मैं सूर सौगन्धिक को लाने के लिये पाण्डव ( अर्जुन ) के साथ खाण्डववन में प्रविष्ट हो गया । वहाँ शिकार ढूँढ़ते हुये पाण्डव को दो बाज मिले । उनमें से एक को पाण्डव ने पकड़ लिया । तब उन पक्षियों में से एक कहने लगा' इत्यादि ।

प्रस्तुत उदाहरण में पक्षी को पकड़ लेना 'विद्रव' है ।

द्रव—गुरुजन का मर्यादोल्लंघन या तिरस्कार 'द्रव' कहलाता है ।

जैसे वहीं—माधवी—व्रत धारण किये हुये तालाब के तीर पर बैठी

अव्वदं वर्गी समरिअ हसामि । [ भर्तृदारिके, कासारे प्रसारित-निजव्रतां बकीं स्मृत्वा हसामि । ]

अत्र स्वामिन्या राधाया उपहासेन द्रवः ।

अथ शक्तिः—

विरोधशमनं शक्तिः ॥ ९७ ॥

यथा तत्रैव—नववृन्दा—( लतान्तरे स्थित्वा ) हन्त ! कथमङ्गीकृतराधाप्रसाधना देवीयमुपलब्धा । तदेष माधवो यावदेनां राधिकां प्रतीत्य न प्रमादमादधाति तावदहं पद्यमेकं हारीतेन हारयामीति[1] ।

अत्र राधात्वेन चन्द्रावलीज्ञानादुत्पन्नस्य विरोधस्य शमनात् शक्तिः ।

अथ द्युतिः—

तर्जनोद्वेजने[2] द्युतिः ।

यथा तत्रैव—राधा—( सभयम् ) हन्त, चंचल चंचरीअ

---

इस बगुली को देखकर मुझे हँसी आ रही है।

यहाँ अपनी स्वामिनी राधा का उपहास करने से 'द्रव' है।

शक्ति—विरोध का शान्त हो जाना 'शक्ति' कहलाता है ॥ ९७ ॥

जैसे वहीं—

नववृन्दा—( लताओं की ओट में खड़ी होकर ) अरे ! यहाँ तो श्री राधा के प्रसाधन को किये हुए महारानी मिल गई। तो जब तक इसे राधिका समझ कर माधव प्रमाद नहीं करते तब तक मैं एक पद्य इस हारीत ( शुक ) के द्वारा भिजवाती हूँ।

यहाँ राधा के रूप में चन्द्रावली का भान हो जाने से उत्पन्न हो जाने वाले वाले विरोध की शान्ति हो जाने से 'शक्ति' है।

द्युति—तर्जना या उद्वेग की प्राप्ति को 'द्युति' समझना चाहिये ॥

जैसे इसी नाटक में वहीं—

राधा—( भय से घबड़ा कर ) अरे चंचल भौंरे, जरा ठहर जा।

---

१. तावदेवाहमिति ब० पु० पाठः । २. तर्जनोत्तेजने इति अ० पु० पाठः ।

चिट्ठ चिट्ठ एसा लीलाकमलेण ताडेमि तुमं धिट्टं । [ चञ्चल-चञ्चरीक, तिष्ठ तिष्ठ एषा लीलाकमलेन ताडयामि त्वां धृष्टम् । ]

इत्यत्र भ्रमराद्युद्वेगेन भ्रमरं प्रति तर्जनेन च द्युतिः ।

अथ प्रसङ्गः—

प्रस्तुतार्थस्य शमनं प्रसङ्गः परिकीर्तितः ॥ ९८ ॥
प्रसङ्गं कथयन्त्यन्ये गुरूणां परिकीर्तनम् ॥

तत्राद्यं यथा तत्रैवाष्टमे

चर्चां सिञ्चति शोषयत्यपि मिथो विस्पर्द्धते वासकृत्
नेत्रद्वन्द्वमुरश्च यद्विरहतो बाष्पायमाणं मम ।
हन्त स्वप्नशतेऽपि दुर्लभतरप्रेक्ष्योत्सवा प्रेयसी
प्राप्योत्सङ्गमतर्कितं मम कथं सा राधिका वर्तते ॥
( ल० मा० ८।३ )

---

मैं तुझ ढीठ को अपने क्रीडाकमल से पीट कर अभी सीधा करती हूँ ।

प्रस्तुत अंश में भ्रमर आदि से उद्वेग होने या भौंरें को डांटने के कारण 'द्युति' है ।

**प्रसङ्ग**

आरब्ध उद्योग या प्रयोजन का ( उपलब्धि आदि के कारण ) शान्त हो जाना 'प्रसङ्ग' कहलाता है । दूसरे विद्वान् गुरुकीर्तन को 'प्रसङ्ग' मानते हैं ॥ ९८ ॥[1]

इनमें प्रथम लक्षण के अनुसार उदाहरण इसी नाटक के अष्टम अंक में—

श्रीकृष्ण—जिसके विरह में मेरे दोनों नेत्र और हृदय चर्चा के कारण सिंचित होते हैं और परस्पर एक दूसरे को सुखाने की स्पर्द्धा करते हैं और द्रवित होकर रुँध से जाते हैं । जिसके आनन्द-विहारों का देखना स्वप्न में भी दुर्लभ हो रहा था वही मेरी प्रिया राधिका आज अतर्कित रूप में प्राप्त होकर कैसे उत्संग में अवस्थित हो गयी यही आश्चर्य है ।

---

१. नाट्यशास्त्र, ( २१।९४ ) दशरूपक ( १।४४ ) तथा साहित्यदर्पण ( ६।१०८ ) में गुरुजन का उल्लेख करना 'प्रसङ्ग' माना गया है ।

अत्र प्रस्तुतस्य विरहदुःखस्य शमात् प्रसङ्गः ।

द्वितीयं यथा—सप्तमे—

राधा—( संस्कृतेन )

खेलन्मञ्जुलवेणुमण्डितमुखी　साचिभ्रमँल्लोचना,
मुग्धे मूर्ध्नि शिखण्डिनी　धृतवपुर्भङ्गीत्रयाङ्गीकृतिः ।
कैशोरे　कृतसङ्गतिः　सुरमुनेराराध्यते　शासना-
दस्माभिः　पितुरालये　जलधरश्यामच्छविर्देवता ॥

( ल० मा० ७।२५ )

अत्रेष्टदेवनारदयोः पितुश्च कीर्तनाद्गुरुकीर्तनम् ।

अथ छलनम्—

अपमानादिकरणं छलनं परिकीर्तितम् ॥ ९९ ॥

यथाष्टमे—कृष्णः—हन्त ! कलिकण्डूलतुण्डमात्रसर्वस्वे तमोमयि माधविके ! विरम्यताम् । द्वयोः[3] परं जेतुमशक्येयं चन्द्रावली ।

---

प्रस्तुत अंश में विरहजन्य दुःख के शान्त हो जाने से 'प्रसङ्ग' है। दूसरे लक्षण के अनुसार उदाहरण भी इसी नाटक के सप्तम अंक में—

राधा—( संस्कृत भाषा में ) देवर्षि नारद मुनि के उपदेश से, मेरे पिताजी के घर घनश्याम वर्ण वाले उस देवता की प्रतिमा का पूजन किया जाता है जो बाँसुरी से अपना मुँह सुन्दरतापूर्वक सटाये हुए होकर क्रीडा कर रही है, जिसके नेत्र चंचल हैं, भोले मुँह पर मोरपंख का मुकुट धारण किये है तथा जो त्रिभंगी से अपना शरीर अलंकृत किये है और सदा किशोर अवस्था में रहनेवाली है।

प्रस्तुत अंश में इष्टदेव, नारद तथा पिता जैसे गुरुजन का उल्लेख करने से 'प्रसंग' है।

छलन—अपमान आदि करना 'छलन' कहलाता है ॥ ९९ ॥

जैसे इसी नाटक के अष्टम अंक में—

श्रीकृष्ण—अरे, कलि के कण्डूलन में अपने को सब कुछ समझ

---

१. शमः प्रसङ्गः ब० पु० पाठः ।　२. भ्रमुँल्लेखनेति ब० पु० पाठः ।
३. त्वयेति ब० पु० पाठः ।

अत्र माधवीभर्त्सनापमानाच्छलनम् ।

अथ व्यवसायः—

व्यवसायस्तु सामर्थ्यस्याख्यापनमुदीर्यते ॥ १०० ॥

यथा सप्तमे—राधिका—( सन्निवृत्य सलज्जं संस्कृतेन )

कंसारेरवलोकमङ्गलविनाभावादधन्येधुना,
विभ्राणा हतजीविते प्रणयितां नाहं सखि, प्राणिमि ।
क्रूरेयं न विरोधिनी यदि भवेदाशामयी श्रृङ्खला,
प्राणानां ध्रुवमर्बुदान्यपि तस्य त्यक्तुं सुखेनोत्सहे ॥

( ल० मा० ७।१३ )

अत्र प्राणार्बुदत्यागार्थसामान्यकथनाद् व्यवसायः। कश्चित्तु—'व्यवसायस्तु विज्ञेयः प्रतिज्ञाहेतुसम्भवः' इत्याह ।

---

लेनेवाली नासमझ माधविके ! जरा ठहर जा। तुम दोनों से यह चन्द्रावली जीती नहीं जा सकेगी।

यहाँ माधवी को डाँट कर अपमानित करना 'छलन' है।

व्यवसाय—अपनी शक्ति का बखान करना 'व्यवसाय'[1] कहलाता है ॥ १०० ॥

जैसे इसी नाटक के सप्तम अंक में—

राधिका—( लौटकर संस्कृत भाषा में ) अरी सखी, आज मैं कंस के विनाशक श्रीकृष्ण के अवलोकन स्वरूप मंगल को पाये बिना अभागिन होकर प्रेमभाव को धारण किये हुए केवल इन दुष्ट प्राणों को स्थिर रखने के लिये साँसें नहीं ले रही हूँ। यदि क्रूर और आशामयी श्रृंखला इनके विरुद्ध न होती तो असाध्य अर्बुद रोग के समान इन प्राणों को मैं अति प्रसन्न हो छोड़ने को उद्यत हो जाती।

यहाँ प्राणों को असाध्य अर्बुदरोग से बतला कर सर्वसाधारण बात को कहकर अपने सामर्थ्य का बखान करने से 'व्यवसाय' है।

---

१. नाट्यशास्त्र में अपनी प्रतिज्ञा में दोष उत्पन्न होना 'व्यवसाय' माना है। व्यवसायस्तु विज्ञेयः प्रतिज्ञादोषसम्भवः। २१।९४ तथा दर्पण ने प्रतिज्ञा के कारण होने वाला कार्य व्यवसाय माना है (द्रष्टव्य—सा० दर्पण—व्यवसायस्तु विज्ञेयः प्रतिज्ञाहेतुसम्भवः। ६।११२)

---

१. निवृत्येति ब० पु० पाठः।

यथा तत्रैव सप्तमे—राधिका—( संस्कृतेन )

यस्योत्तंसः[1] स्फुरति चिकुरे केकिपत्त्रप्रणीतो
हारः कण्ठे विलुठति कृतः स्थूलगुञ्जावलीभिः ।
वेणुर्वक्त्रे रचयति रुचिं हन्त चेतस्ततो मे
रूपं विश्वोत्तरमपि हरेर्नान्यदङ्गीकरोति ॥

( ल० मा० ७।६ )

अथ विरोधनम्—

विरोधनं विरोधोक्तिः संरब्धानां परस्परम् ॥ १०१ ॥

यथाष्टमे—चन्द्रावली ( सोल्लुण्ठस्मितम् ) अइ लोलुहे आलि, कीस मं अनापेक्खिअ[2] तं णिअमहाव्वदं तुए सुट्ठु पडिट्ठिदम् । [ अयि लोलुपे आलि, कस्मान्मामनापृच्छ्य तन्निजमहाव्रतं त्वया सुष्ठु प्रतिष्ठितम् । ]

---

दूसरे विद्वान् ( विश्वनाथ कवि० साहि० दर्प० ६।११२ ) प्रतिज्ञा के कारण किये जानेवाले कार्य को 'व्यवसाय' कहते हैं ।

जैसे इसी नाटक के सप्तम अंक में—

राधिका—( संस्कृत भाषा में ) जिनके केशों पर मोरपंखों का मुकुट सुशोभित हो रहा है, गले में मोटी गुंजा की माला हिल रही है, जिनके मुँह लगने से बाँसुरी शोभा बढ़ा रही है उसी श्रीहरि की अलौकिक छवि की स्तुति करने वाला मेरा मन अब अन्य स्वरूप को स्वीकार करना नहीं चाहता है ।

**विरोधन**—क्रोध में आकर परस्पर विरोधी वचन कहना 'विरोधन' कहलाता है ॥ १०१ ॥

जैसे इसी नाटक के अष्टम अंक में—

चन्द्रावली—( मुसकुरा कर ताना देती हुई ) अरी ( अति ) चंचला सखी, मुझसे बिना पूछे अपने इस महाव्रत को तूने अच्छी तरह जमा लिया है ।

---

१. यस्योत्तंसं स्फुरति चिकुरे केकिपुच्छप्रणीतो इति ब० पु० पाठः ।

२. अनांमतिअ इति ख० पु० पाठः ।

राधिका—देइ, सरण्णस्स जणस्स संरक्खणे अक्खमासि तहवि परिहसेसि। णूणं ईसरीणां क्खु जुत्तं एदं। [ देवि, शरण्यस्य जनस्य संरक्षणेऽक्षमासि तथापि परिहससि। नूनमीश्वरीणां खलु युक्तमेतत्। ]

अत्र निगूढसरम्भयोश्चन्द्रावलीराधयोः विरोधोक्त्या विरोधनम्।

अथ प्ररोचना—

सिद्धवद्भाविनोऽर्थस्य सूचनात् स्यात्प्ररोचना ॥ १०२ ॥

यथा तत्रैव सप्तमे—

नववृन्दा—

अलं विलापैः समयक्रमस्य
दुरूहरूपा गतयो भवन्ति।
शरन्मुखे पश्य सरस्तटीषु
खेलन्त्यकस्मात् खलु खञ्जरीटाः ॥ (ल०मा० ७।५)

इत्युत्र खञ्जरीटदृष्टान्तेन भाविकृष्णसङ्गमस्य सूचनात् प्ररोचना।

---

राधिका—देवी, तुम अपने रक्ष्यजन का संरक्षण करने में असमर्थ रही। फिर भी इस प्रकार परिहास कर रही हो। ठीक है, समर्थ के लिये ऐसा ही उचित होता है।

प्रस्तुत अंश में छिपे हुए क्रोध में आकर चन्द्रावली और राधा का परस्पर विरोधी वचन कहना 'विरोधन' है।

प्ररोचना—भावी अर्थ ( घटना ) को घटित होते हुए बतलाना या सूचित करना 'प्ररोचना' कहलाता है ॥ १०२ ॥

जैसे इसी नाटक के सप्तम अंक में—

नववृन्दा—अब रोना बन्द करो। समय की गति और क्रम बड़े दुरूह होते हैं। देखो, शरदृतु के आरम्भ होते ही सरोवर के तटों पर आकर खंजन पक्षी सहसा विहार करने लगते हैं।

प्रस्तुत अंश में खंजन पक्षी के दृष्टान्त से कृष्ण-संगम की भावी घटना को घटित रूप में बतलाने से 'प्ररोचना' है।

यद्वा तत्रैव—राधा—( संस्कृतेन )

अजनि सफलः सौख्यं भूयान् कलेवरधारणे
सहचरि परिक्लेशो योऽभून्मया किल सेवितः ।
अहह यदिमाः श्यामश्यामा पुरो मम वल्लवी-
कुलकुमुदिनीबन्धोस्तास्ताः स्फुरन्ति मरीचयः ॥

( ल० मा० ७।२७ )

अत्र प्रतिमासन्दर्शनानन्देन भाविकृष्णसङ्गमनस्य सिद्धवत् सूचनात् प्ररोचना ।

अथ विवलनम्—

आत्मश्लाघा विवलनम् ॥

यथा तत्रैवाष्टमे—कृष्णः ( सविस्मयम् ) कोऽयं माधुर्येण ममापि मनो हरन् मणिकुड्यमवष्टभ्य पुरो विराजते ? ( पुनर्निभाल्य ) हन्त ! कथमत्राहमेव प्रतिबिम्बितोऽस्मि । ( इति सौत्सुक्यम् )

---

अथवा इसी नाटक के सप्तम अंक में—

राधिका—( संस्कृत भाषा में ) अरी सखी, अब तक मैंने जो कष्ट भोगा था वह इस शरीर के धारण करने से आज सफल हो गया और अतिशय सुख प्राप्त हुआ जब मैंने श्यामवर्ण वाली ग्वालकुल-कुमुदिनी के बन्धु की प्रतिमा की शोभा-किरणों को अपने सामने प्रस्फुटित होते देखा।

प्रस्तुत पद्य में श्रीकृष्ण की प्रतिमा के दर्शन से होनेवाले आनन्द के कारण भावी कृष्ण मिलन को घटित बतलाने से 'प्ररोचना' है।

**विवलन**—अपनी आत्मश्लाघा करना 'विवलन' कहलाता है।

जैसे इसी नाटक के अष्टम अंक में—

श्रीकृष्ण—( विस्मय में आकर ) यह कौन है जो अपने माधुर्य से मेरे मन को आकृष्ट कर इस मणिमय भित्ति के सहारे खड़ा हुआ है। ( फिर ध्यान से देख कर ) अरे ! यह तो मेरी ही परछाईं है। ( उत्कंठा के साथ )

अपरिकलितपूर्वः कश्चमत्कारकारी
स्फुरति मम गरीयानेष माधुर्यपूरः ।
अयमहमपि हन्त ! प्रेक्ष्य यं लब्धचेताः
सरभसमुपभोक्तुं कामये राधिकेव ॥

अत्र विस्मयेन निजरूपश्लाघनं विवलनम् । (ल० मा० ८।३४)

अथादानम्—

आदानं कार्यसङ्ग्रहः ॥ १०३ ॥

यथा तत्रैवाष्टमे—

नववृन्दा—( राधामवेक्ष्य ) हन्त ! हन्त !

आलोके कमलेक्षणस्य सजलासारे दृशौ न[1] क्षमे
नाश्लेषे किल शक्तिभागतिपृथुस्तम्भा भुजावल्लरी ।
वाणी गद्गदकुण्ठितोत्तरविधौ नालं चिरोपस्थिते
वृत्तिः कापि बभूव सङ्गमनये विघ्नः कुरङ्गीदृशः ॥ (ल०मा० ८।११)

---

अरे ! माधुर्य का यह अपूर्व तथा चमत्कार उत्पन्न करनेवाला कौन प्रवाह है जो मेरे सम्मुख उदित हो रहा है और जिसे देखकर मैं भी राधिका के समान प्रसन्नचित्त होकर उपभोगार्थ दौड़ पड़ने की इच्छा करने लगा हूँ ।

प्रस्तुत अंश में अपने ही रूप की विस्मय में आकर प्रशंसा करना 'विवलन' है ।

आदान—कार्यों का एकत्रीकरण 'आदान' कहलाता है ॥ १०३ ॥

जैसे इसी नाटक के अष्टम अंक में—

नववृन्दा—( राधा को देखकर ) अरे ! अरे ! हाय ! हाय !

ये बरसनेवाली आँखें कमलनयन हरि को देखने में समर्थ नहीं हैं, खंभे जैसी जड़ भुजा आलिंगन में तथा आरंभ में गद्गद होकर बाद में रुक जानेवाली वाणी संभाषण के लिये देर तक टिकने में समर्थ नहीं होने से इस मृगनयनी के मिलन के अवसर पर ये वृत्तियाँ उत्पन्न

---

१. लक्षये इति ख० पु० पाठः ।

अत्र कृष्णदर्शनादिरूपकार्यसङ्ग्रहादादानम् ।

कश्चित्तु विद्रवविवलन-छलनाद्यत्र न पठित्वा खेदप्रतिषेधछादनानि पठन्ति लक्षयन्ति च ।

तत्र खेदः—

मनश्चेष्टासमुत्पन्नः श्रमः खेद इतीर्यते ॥ १०४ ॥

यथा तत्रैव सप्तमे—राधिका—( संस्कृतेन )

ममायासीद्दूरे दिगपि हरिसङ्गप्रणयिनी
प्रपेदे खेदेन त्रुटिरपि महाकल्पपदवीम् ।
दहत्याशासर्पिर्विरचितपदप्राणदहनो
बलान्मां दुर्लीलः कमिव करवै हन्त! शरणम् ॥ (ल०मा०७।१)

---

होकर किसी न किसी विघ्न को उत्पन्न करने पर जैसे तुली हुई हैं ।

प्रस्तुत अंश में श्रीकृष्ण के दर्शनरूप कार्य का एकत्र (ग्रहण करने) से 'आदान' है ।

किसी आचार्य (विश्वनाथ कविराज आदि) ने विद्रव', विवलन और छलन के स्थान पर खेद, प्रतिषेध तथा छादन मानकर उनके लक्षण दिये हैं । क्रमशः दिये जानेवाले इन लक्षणों में 'खेद' का लक्षण इस प्रकार है—

खेद—मानसिक चेष्टाओं या कार्यों से होनेवाली थकावट को 'खेद' समझना चाहिये ॥ १०४ ॥

जैसे इसी नाटक के सप्तम अंक में—

राधिका—( संस्कृत भाषा में ) श्रीहरि के मिलन की आशा में यह दिशा मुझे दूर तक खींच लायी और थकावट के कारण पगडंडी भी छूट गयी। इधर शरीर में टिका हुआ दुर्लील एवं दाहक यह प्राण आशारूपी घृत को बलात् भस्म किये दे रहा हे। हाय ! इस समय किसकी शरण लूँ ( जिससे इस विपत्ति से त्राण मिले। )

---

१. नाट्यशास्त्र तथा साहित्यदर्पण में भी द्रव, छलन और विवलन के स्थान पर खेद, प्रतिषेध तथा छादन मिलते हैं ।

अथ प्रतिषेधः—

ईप्सितार्थप्रतीघातः प्रतिषेध इतीर्यते ॥ १०५ ॥

राधा—( समीक्ष्य सखेदमात्मगतम् ) कहं इंदीअरेण रहंगीए संगमिदुं अहिणंदिदे मच्छरा कलहंसी मिलिदा । [ कथमिन्दीवरेण रथाङ्ग्या सङ्गमितुमभिनन्दिते मत्सरा कलहंसी मिलिता । ]

अत्र देव्यागमनात् कृष्णसङ्गप्रतीघातः ।

अथ छादनम्—

कार्यार्थमपमानादेः सहनं छादनं मतम् ॥ १०६ ॥

यथा सप्तमे—नववृन्दा—( प्रविश्य ) सखि, सा विषादं कृथाः पश्य—

पादे निपत्य बदरीमवलम्बमाना
कान्तं रसालमनुविन्दति माधवीयम् ।

---

प्रतिषेध—इष्ट अर्थ में विघ्न उपस्थित हो जाना 'प्रतिषेध' कहलाता है ॥ १०५ ॥

जैसे—

राधिका—( ध्यान से देखकर दुःखी होती हुई मन में ) अरे ! इस कमल के साथ चकवी के मिलन के अवसर पर बीच में ही यह मत्सरिणी कलहंसी कैसे आ गयी ?

प्रस्तुत अंश में महादेवी के कारण श्रीकृष्ण के साथ राधिका के मिलन में विघ्न आ जाने से 'प्रतिषेध' स्पष्ट है ।

छादन—कार्यवश अपमान आदि को सहन करना 'छादन' कहलाता है ॥ १०६ ॥

जैसे इसी नाटक के सप्तम अंक में—

नववृन्दा—( आकर ) अरी सखी, तुम क्यों संताप कर रही हो । देखो—

यह माधवी लता इस बदरीवृक्ष का सहारा लेती हुई पैरों तक झुककर अनुनय द्वारा अपने इष्ट रसालवृक्ष को प्राप्त कर रही है क्योंकि

प्राणेशसङ्गमविधौ विनिविष्टचित्ता
नो पारवश्यकदनं मनुते हि साध्वी ॥ (ल०मा०७।३)

अत्र स्पष्टमेव छादनम् ।

अथ निर्वहणसन्धिः—

मुखसन्ध्यादयो यत्र विकीर्णा बीजसंयुताः ।
महत्प्रयोजनं यान्ति तन्निर्वहणमुच्यते ॥ १०७ ॥
अत्राङ्गकल्पनाकार्यफलागमसमागमात् ।
राधादीनां तु सर्वासां कुमारीणामवाप्तितः ॥ १०८ ॥
उद्वाहाद्युत्सवः प्रोक्तो यथा ललितमाधवे ।
सन्धिर्विरोधो ग्रथनं[1] निर्णयः परिभाषणम् ॥ १०९ ॥
प्रसादानन्दसमयाः कृतिर्भाषोपगूहने ।
पूर्वभावोपसंहारौ प्रशस्तिश्च मनीषिभिः ॥ ११० ॥
इति निर्वहणस्याङ्गान्युक्तान्यस्य चतुर्दश ।

---

प्रियमिलन का दृढ़ संकल्प कर अपना मन उसी में लगाने वाली पतिव्रता परवश होने पर भी दुःख को नहीं गिनती ! ।

प्रस्तुत कथन में छादन स्पष्ट ही है ।

**निर्वहणसन्धि**—जब मुख आदि में विकीर्ण बीज सुसम्बद्ध होकर मुख्य उद्देश्य की पूर्ति करे तो उसे 'निर्वहणसन्धि' समझना चाहिये ॥

इस सन्धि में कार्य और इष्ट प्राप्ति को ध्यान में रखकर इसके अंगों का निवेश करना चाहिये। ललितमाधव नाटक में राधा आदि कुमारियों की श्रीकृष्ण को प्राप्ति तथा विवाह आदि उत्सव होना 'निर्वहण-सन्धि' है ॥ १०८ ॥

इस सन्धि के चौदह अंग होते हैं। यथा—( १ ) सन्धि, ( २ ) विरोध, ( ३ ) ग्रथन, ( ४ ) निर्णय, ( ५ ) परिभाषण, ( ६ ) प्रसाद, ( ७ ) आनन्द, ( ८ ) समय, ( ९ ) कृति, (१०) भाषा, (११) उपगूहन, (१२) पूर्वभाव, ( १३ ) उपसंहार तथा ( १४ ) प्रशस्ति ॥१०९–११०३॥

---

१. प्रथनमिति अ० पु० पाठः ।

तत्र सन्धिः

**बीजोपगमनं सन्धिः—**

यथा तत्रैव नवमेऽङ्के—कृष्णः—

निह्नूतामृतमाधुरी-परिमलः कल्याणि विम्बाधरौ
वक्त्रं पङ्कजसौरभं कुहरितश्लाघाभिदस्ते गिरः।
अङ्गश्चन्दनशीतलस्तनुरियं सौन्दर्यसर्वस्वभाक्
त्वामासाद्य ममेदमिन्द्रियकुलं राधे मुहुर्मोदते॥ (ल० मा० ९।९)

अत्रानुरागबीजोपगमनात् सन्धिः।

अथ विरोधः—

**—विरोधः कार्यमार्गणम्॥ १११॥**

यथा तत्रैव नवमांके—नववृन्दा—

---

सन्धि—बीजार्थ की प्राप्ति होना 'सन्धि' कहलाता है।

जैसे इसी नाटक के नवम अंक में—

श्रीकृष्ण—अरी भद्रे राधिके, तुम्हारे बिम्बाधर अमृत की मधुरिमा को परास्त करनेवाले, तुम्हारा कमल जैसी सुवास लिये हुए मुख और तुम्हारी वाणी कोकिला की कीर्ति को ध्वस्त करनेवाली है। तुम्हारा शरीर चन्दन जैसा शीतल है। इस प्रकार तुम्हारा यह शरीर सौन्दर्य की सारी सम्पत्तियाँ धारण किये हुए है। इस समय तुम्हें पाकर मेरे सम्पूर्ण अवयव मुदित हो रहे हैं।

प्रस्तुत पद्य में श्रीराधा के प्रति श्रीकृष्ण के अनुरागरूपी बीजार्थ की उपलब्धि होने से 'सन्धि' है।

विरोध—इष्ट कार्य या वस्तु की तलाश करना 'विरोध' कहलाता है॥ १११॥

जैसे इसी नाटक के नवम अंक में—

---

१. कलरुत इति ख० पु० पाठः।

२. बीजोपगमादिति ख० पु० पाठः।

माधवीविरहितां मधुवीरः कुण्डिनेश्वरसुतां निशमय्य।
नन्दयन्स्फुरदमन्दविलासैर्हासकन्दललसन्मुखमाह ॥
सत्याख्यस्य विलोकाय लोकस्यात्मभुवार्थितः।
प्रतिष्ठासुरहं देवि तत्रानुज्ञा विधीयताम् ॥ (ल॰मा॰६।७,८)

अत्र राधासङ्गमकार्यस्य मार्गणाद्विरोधः।

अथ ग्रथनम्—

ग्रथनं सदुपक्षेपः,

यथा तत्रैव राधिका—( कृष्णं पश्यन्ती )

अंजलिमेत्तं सलिलं सभरीए अहिलसंतीए।
ओवरि सअं णअजलदा धारावरिसी समुल्लसई ॥ (ल॰मा॰६।१६)
[ अञ्जलिमात्रं सलिलं शफर्या अभिलषन्त्या।
उपरि स्वयं नवजलदो धारावर्षी समुल्लसति ॥ ]

---

नववृन्दा—माधवी से रहित कुण्डिनेश्वर पुत्री ( राधा ) का समाचार पाकर अतिशय प्रसन्न हो विलास, हाव आदि से मुसकराते हुये ( सुशोभित होकर ) माधव बोले—

देवि, मैं ब्रह्मा के द्वारा ( मनोभू या काम ) प्रार्थना किये जाने के कारण आज सत्यलोक ( सत्यभामा ) के अवलोकनार्थ जा रहा हूँ। तुम मुझे आज्ञा दो।

उपर्युक्त अंश में श्री राधा से मिलनरूपी कार्य की गवेषणा करने से 'विरोध' समझना चाहिये।

**ग्रथन**—( उत्तम रूप में ) इष्टार्थ की उपलब्धि का आरम्भ होना 'ग्रथन' कहलाता है।

जैसे इसी नाटक में—

श्री राधा—( श्रीकृष्ण को देखती हुई ) इस मछली के द्वारा अपने जीवन के लिये एक अञ्जलि पानी की कामना की गयी थी। परन्तु उसकी कामना की पूर्ति के लिये यह नवमेघ स्वयं धारावर्षण करते हुये सुशोभित हो रहा है ( या उदित हो रहा है। )

अत्र पुनः सहसा कृष्णदर्शनरूपस्य सदर्थस्योपक्षेपाद् ग्रथनम् ।

अथ निर्णयः—

निर्णयस्त्वनुभूतोक्तिः ॥ ११२ ॥

यथा तत्रैव—कृष्णः—

नवमदनविनोदैः केलिकुञ्जेषु राधे
निमिषवदुपरामं काममासेदुषीनाम् ।
उपचितपरितोषप्रोषितापत्रपाणां
स्मरसि किमिव तासां शारदीनां क्षपाणाम् ॥ (ल०मा० ६।४३)

अत्र स्पष्ट एव निर्णयः ।

अथ परिभाषणम्—

परिभाषा मिथो जल्पः परिवादोऽथवा भवेत् ॥ ११३ ॥

तत्राद्यं यथा तत्रैव—

मधुमङ्गलः—भोदि किं ति आअदासि ? [ भवति किमित्यागतासि ? ]

---

प्रस्तुत अंश में श्रीकृष्ण के दर्शनरूपी इष्टार्थ की अकस्मात् उपलब्धि ( का आरम्भ ) होने से 'ग्रथन' है।

**निर्णय**—अनुभवपूर्ण उद्गार को 'निर्णय' समझना चाहिये॥ ११२ ॥

जैसे इसी नाटक में—

श्रीकृष्ण—अरी राधे, नये नये विनोद और कीड़ाओं से हटकर कुछ क्षणों तक ( पलक मारते हुये ) यथेष्ट विश्राम देने वाली एवं आह्लादाधिक्य के कारण लज्जा को दूर कर देने वाली उन शरद ऋतु की रात्रियों की क्या तुम्हें याद आती है ?

यहाँ 'निर्णय' स्पष्ट है।

**परिभाषण**—परस्पर विवाद या निन्दा (आदि) करना 'परिभाषण' कहलाता है ॥ ११३ ॥

इनमें प्रथम प्रकार ( परस्पर विवाद ) का उदाहरण इसी अंक में—

मधुमंगल—अरे आप यहाँ क्यों आयी हैं ?

सुकण्ठी—इमस्स पण्होत्तरस्स सदिक्खं अण्णं वि महुरं सुणिदुम् [ अस्य प्रश्नोत्तरस्य सदृक्षमन्यदपि मधुरं श्रोतुम् । ]

मधुमङ्गलः—भोदि ! पण्णोत्तरं वि तुए सुणिदम् ? [ भवति, प्रश्नोत्तरमपि त्वया श्रुतम् ? ]

सुकण्ठी—ण केअणं इदं ज्जेव । [ न केवलमिदमेव । ]

मधुमङ्गलः—अवरं किं ? [ अपरं किम् ? ]

सुकण्ठी—जा किं पि दिट्ठं तं गदुअ देइए णिवेदिस्सं । [ यत् किमपि दृष्टं तद्गत्वा देव्यै निवेदयिष्यामि । ]

अत्र विदूषकसुकण्ठयोर्मिथो जल्पः । द्वितीयो यथा तत्रैव—

मधुमङ्गलः—( संस्कृतेन )

असि विषकण्ठीकठिने किमिति सुकण्ठीति भण्यते चेटि ।

अथवा का मम शस्ता भद्रेत्यभिधीयते विष्टिः ॥ (ल०मा० ६।२१)

---

सुकंठी—इस प्रकार के प्रश्न और उत्तर के समान और भी कुछ मधुर शब्दों को सुनने के लिये ।

मधुमंगल—अच्छा, तो आपने प्रश्न और उत्तर भी सुने थे ।

सुकंठी—सिर्फ इतना ही नहीं ।

मधुमंगल—तो फिर और क्या ( सुना ) ?

सुकंठी—सुना और जो भी देखा उसे अब मैं महारानी को जाकर बतलाती हूँ ।

उपर्युक्त अंश में विदूषक और सुकंठी का परस्पर विवादपूर्ण संभाषण होने से 'परिभाषण' है ।

दूसरे प्रकार ( निन्दा से होनेवाले परस्पर विवाद ) का उदाहरण—

मधुमंगल—( संस्कृत भाषा में बोलते हुए ) अरी कठोरहृदये दासी तुम्हारा कंठ तो विष से भरा हुआ है पर यों ही तुम्हें सुकंठी कहा जा रहा है । इसमें ( मेरी ) व्यर्थ प्रशंसा से क्या होगा । क्योंकि संसार में अमङ्गल या अप्रशस्त विष्टि तिथि को भी भद्रा कहा जाता है ।

अत्र सुकण्ठ्याः दोषदर्शनात् परीवादः ।

अथ प्रसादः—

शुश्रूषाद्युपसम्पन्ना यत्प्रसादः प्रसन्नता ॥ ११४ ॥

यथा नवमे—कृष्णः ( सहर्षम् ) सुकण्ठिके, बाढमस्मिन्नर्थे दुष्करस्ते मया निष्क्रयः ।

अत्र श्रीकृष्णस्य प्रसादः स्पष्ट एव ।

अथानन्दः—

आनन्दोऽभीष्टसम्प्राप्तिः,

यथा तत्रैव—दशमे

नयनयोः स्तनयोरपि युग्मतः परिपतद्भिरसौ पयसां झरैः ।
अहह वल्लवराजविलासिनी स्वतनयं प्रणयादभिषिञ्चति ॥

अत्र यशोदाया आनन्दः । यथा वा तत्रैव—

कृष्णः—( सानन्दम् ) चिरेणाद्य गोकुलवासिनामिवात्मानमभिमन्यमानः प्रमोदमुग्धोऽस्मि ।

---

यहाँ सुकण्ठी के दोष प्रदर्शन के द्वारा निन्दा होने से 'परिभाषण' स्पष्ट है ।

प्रसाद—शुश्रूषा आदि से प्रसन्न करना 'प्रसाद' कहलाता है ॥११४॥

जैसे इसी नाटक के नवम अंक में :—

श्रीकृष्ण—( प्रसन्न होकर ) सुकंठिके, इस कठिन कार्य को करने के उपलक्ष में मेरे द्वारा कोई भी निष्क्रय देना कठिन है ।

उपर्युक्त कथन में श्रीकृष्ण की प्रसन्नता प्रकट होने से 'प्रसाद' है ।

आनन्द—इष्ट पदार्थ की उपलब्धि होना 'आनन्द' कहलाता है ।

जैसे इसी नाटक के दशम अंक में :—

ओहो ! यह गोपालों की महादेवी यशोदा अपने नेत्र एवं उरोज युगल से गिरने वाली पय ( जल, दूध ) की धाराओं से वात्सल्य के कारण अपने पुत्र को अभिषिक्त कर रही हैं ।

यहाँ यशोदा जी को इष्टप्राप्ति होने से 'आनन्द' है ।

अथवा इसी अंक में—

श्रीकृष्ण—( प्रसन्न होकर ) आज कई दिनों बाद मैं स्वयं को गोकुलवासी मानकर आनन्द से मूढ़ हो रहा हूँ ।

अत्र कृष्णस्यानन्दः ।

अथ समयः—

समयो दुःखसङ्क्षयः ॥ ११५ ॥

यथा तत्रैव—दशमे

राधिका—( मुखादञ्चलमपास्य, सविक्रोशम् ) हा हा कधं पिअसही मे ललिदा । हा कधं वच्छला भअवदी । हा कधं अज्जिआ मुहरा । [ हा हा, कथं प्रियसखी मे ललिता । हा कथं वत्सला भगवती । हा कथमार्या मुखरा । ] ( इत्यानन्देन घूर्णन्ती भूमौ स्खलति । )

अत्र सुहृद्दर्शनाद्राधाया दुःखसंक्षयः ।

अथ कृतिः—

लब्धार्थस्य कृतिः स्थैर्यम्,

यथा तत्रैव—चन्द्रावली—( जनान्तिकम् ) भअवदि, वहिणीए करं गेण्हिदुं मह वअणेण अब्भत्थीअदु ...... अज्जउत्तो । [भगवति, भगिन्याः करं ग्रहीतुं मम वचनेन अभ्यर्थ्यतामार्यपुत्रः ।]

---

यहाँ श्रीकृष्ण की प्रसन्नता होने से 'आनन्द' है ।

**समय**—दुःखों की समाप्ति हो जाना 'समय' कहलाता है ॥ ११५ ॥

जैसे इसी नाटक के दसवें अंक में—

राधिका—( अपने मुँह से आँचल हटाकर रोती हुई ) हाय ! हाय । यह तो मेरी प्रिय सखी ललिता है और इधर मुझ पर स्नेह रखने वाली देवी, आर्या मुखरा है (आनन्द से चकरा कर पृथ्वी पर लड़खड़ाती है)।

यहाँ मित्रमण्डली को देखने से राधा के दुःखों का नाश हो जाने से 'समय' है ।

**कृति**—प्राप्त होने वाले पदार्थ का स्थिर हो जाना 'कृति' कहलाता है ।

जैसे इसी नाटक में—

चन्द्रावली—( जनान्तिक के द्वारा ) भगवती, इस बहिन का कर-ग्रहण करने की आप आर्यपुत्र से मेरी ओर से प्रार्थना करें ।

---

१. निजसुहृदिति क० पु० पाठः ।

अत्र यशोदादिसमागमाल्लब्धस्य राधिकारूपार्थस्य चन्द्रावलीप्रार्थनेन स्थैर्यङ्कृतिः ।

अथ भाषणम्—

मानाद्याप्तिश्च भाषणम् ॥ ११६ ॥

यथा तत्रैव—

( भगिन्यौ पौर्णमासीमन्तराकृत्य गोपेन्द्रं प्रणमतः )

नन्दः—वत्से, परस्परस्य प्राणाधिक्यं भजन्त्यौ सौभाग्यवत्यौ भूयास्म् ।

अत्र नन्दकृताशीर्वादादिमानप्राप्त्या भाषणम् ।

अथोपगूहनम्—

अद्भुतार्थपरिप्राप्तिरुपगूहनमुच्यते ॥ ११७ ॥

यथा तत्रैव—

राधा—( सर्वासां पादानभिवाद्य सोत्कण्ठम् ) कुसलिणी किं मे वहिणी चन्द्राअली । [कुशलिनी किं मे भगिनी चन्द्रावली ।]

---

यहाँ यशोदा आदि के मिलन होने पर उपलब्ध राधिका के चन्द्रावली की प्रार्थना द्वारा स्थिर हो जाने के कारण 'कृति' समझना चाहिये।

**भाषण**—सम्मान आदि की प्राप्ति होना 'भाषण' कहलाता है ।

जैसे इसी ( नाटक के दसवें अंक ) में—

( दोनों बहिनें पौर्णमासी को बीच में रखकर नन्द जी को प्रणाम करती हैं ) ।

नन्द—बच्चियों, तुम एक दूसरे की प्राणाधिक बन कर सौभाग्यशालिनी बनी रहो ।

यहाँ नन्दजी के आशीर्वाद द्वारा सम्मान प्राप्त करने से 'भाषण' है।

**उपगूहन**—अपूर्व अर्थ की पूर्णतः प्राप्ति हो जाना 'उपगूहन' कहलाता है ॥ १०२ ॥

जैसे वहीं—

श्री राधा—( सभी के चरणस्पर्श कर उत्कंठा पूर्वक ) क्या मेरी बहिन चन्द्रावली सानन्द हैं ?

चन्द्रावली—( गाढं परिष्वज्य ) वहिणी एसाम्हि दुज्जणी-हतचन्दाअलिआ। ( भगिनि, एषास्मि दुर्जनी हतचन्द्रावलिका। ]( इति रोदिति )

राधिका—( सानन्दं ससम्भ्रमं पादयोः पतन्ती ) हद्धि, हद्धि, विडम्बिदम्हि हददेव्वेण। [ हा धिक्, हा धिक्, विडम्बितास्मि हतदैवेन। ]

अत्राद्दष्टपूर्वयोर्भगिन्योः परस्परालिङ्गनाद्यद्भुतार्थपरिप्राप्तिरुपगूहनम्।

अथ पूर्वभावः—

मुख्यकार्यस्य संसर्गः पूर्वभावः प्रकीर्तितः ॥ ११८ ॥

यथा तत्रैव—पौर्णमासी—यशोदामातः, उपस्थितोऽयं सर्वोऽभिषेकसम्भारः। तदलङ्क्रियतां प्रथमं राधया सह पर्ववेदी ततः क्रमेण कुमारीभिश्च।

अत्र मुख्यकार्यस्य राधामाधवयोः परिणयमहोत्सवस्य संसर्गात् पूर्वभावः।

---

चन्द्रावली—( गाढ़ आलिंगन करती हुई ) बहिन, यह रही मैं दुष्टा चन्द्रावली।

श्री राधा—(आनन्द और घबड़ाहट में आकर पैरों पर गिरती हुयी) हाय ! हाय ! धिक्कार है। मैं दुर्भाग्य से इस विडम्बना में आ पड़ी हूँ।

यहाँ एक दूसरे को न पहिचानने वाली दो बहिनों को मिलन रूपी अद्भुत अर्थ की उपलब्धि हो जाना 'उपगूहन' है।

**पूर्वभाव**—मुख्य कार्य से सम्बन्ध हो जाना 'पूर्वभाव' कहलाता है।

जैसे वहीं—पौर्णमासी—हे यशोदानन्दन, अभिषेक की सारी सामग्री आ चुकी है। इसलिये इस वेदिका पर तुम पहिले राधिका के साथ बैठ जाओ और फिर क्रमशः कुमारियाँ बैठें।

यहाँ राधा और कृष्ण के विवाह-महोत्सव रूपी मुख्य कार्य से सम्बन्ध होने के कारण 'पूर्वभाव' है।

केचित् पूर्ववाक्यं केचित् पूर्वभाषामिति पठन्तो लक्षयन्ति—'पूर्ववाक्यन्तु विज्ञेयं यथोक्तार्थोपदर्शकम्' ।

यथा तत्रैव—( नेपथ्ये )

विनीते राधायाः परिणयविधानानुमतिभिः,
स्वयं देव्या तस्मिन् पितुरिह निवन्धे मुदितया ।
कुमारीणां तासामयमुपनयन् षोडश कृती
सहस्राणि स्मेरः प्रविशति शताढ्यानि गरुडः ॥ (ल०मा० १०।३१)

अत्र पूर्वं कृष्णेन तृतीयाङ्के यदुक्तं 'एतास्तूर्णं नयत कियतीरि'त्यादिना पुनः स्वयं गमनम् तस्यैवोपदर्शनम् ।

अथोपसंहारः—

कृतार्थतोपसंहारः सर्वाभीष्टोपलक्षितः[1] ॥ ११९ ॥

यथा तत्रैव—दशमे—

---

कुछ विद्वान् 'पूर्वभाव' के स्थान पर 'पूर्ववाक्य' और कुछ 'पूर्वभाषा' मानते हैं। इनके मत में—'उपयुक्त या यथोक्त अर्थ को बतलाना 'पूर्ववाक्य' कहलाता है'।

जैसे इसी अंक में ( नेपथ्य में ) श्री राधा के शान्त ( या प्रसन्न ) हो जाने तथा महादेवी रुक्मिणी के द्वारा विवाह की स्वयं स्वीकृति दे देने पर एवं पिता के द्वारा लगाये गए प्रतिबन्ध के हट जाने पर यह गरुड़ प्रसन्न मुख हो उन सोलह हजार कुमारिकाओं को अपने साथ लेकर यहाँ आ रहा है।

प्रस्तुत अंश में श्रीकृष्ण के द्वारा 'ये कितनी भी हों इन्हें भी जल्दी साथ ले चलो' इत्यादि कहकर जिन्हें लाया गया ( तथा इसी कारण वहाँ जाना पड़ा था ) उसी को फिर से बतलाने के कारण 'पूर्वभाव' है।

**उपसंहार**—सभी इष्ट पदार्थों के प्राप्त हो जाने से कृतार्थ हो जाना 'उपसंहार' कहलाता है ॥ ११९ ॥

जैसे इसी नाटक के दसवें अक में :—

---

१. सर्वाभीष्टार्थशब्दितः इति ख० पु० पाठः ।

कृष्णः ( सर्वमभिनन्द्य, जनान्तिकम् ) प्राणेश्वरि राधे, प्रार्थयस्व किमतः परं ते प्रियं करवाणि । ( इत्यारभ्य )

राधिका—( सानन्दं संस्कृतेन )

सख्यस्ता मिलिता निसर्गमधुरप्रेमाभिरामीकृता
यामी मे समगंस्तु संस्तववती श्वश्रूश्च गोष्ठेश्वरी ।
वृन्दारण्यनिकुञ्जधाम्नि भवता सङ्गोऽप्ययं रङ्गवान्
संवृत्तः किमतः परं प्रियतरं कर्तव्यमत्रास्मि मे ॥ (ल०मा०१०।३६)

अत्र प्रकटमेवोपसंहारः ।

अथ प्रशस्तिः—

मङ्गलाशंसनं सम्यक्प्रशस्तिरभिधीयते ॥ १२० ॥

यथा तत्रैव—तथापीदमस्तु—

चिरादाशामात्रं त्वयि विरचयन्तु स्थिरधियो,
विदध्युर्ये वासं मधुरिमगभीरे मधुपुरे ।

---

श्रीकृष्ण—( सभी का अभिनन्दन करते हुए जनान्तिक द्वारा ) प्रिये राधिके, तुम बतलाओ अब मैं इससे अधिक तुम्हारा कौन इष्ट सम्पादन करूँ ? ( यहाँ से लेकर )

राधा—( आनन्द में आकर संस्कृत भाषा में ) सहज प्रेम से सुहाने वाली मेरी सारी सखियाँ आज मिल गयीं बहिन चन्द्रावली और गोपालों की स्वामिनी सास भी मिल गयी जो मेरी अति परिचित हैं। आपके साथ वृन्दावन के निकुंज में सानन्द मिलन भी हो गया अतः अब और कौन कार्य रहा जिसकी पूर्ति शेष हो ।

यहाँ 'उपसंहार' स्पष्ट है ।

**प्रशस्ति**—सभी की मंगलकामना की उद्घोषणा करना 'प्रशस्ति' कहलाता है ॥ १२० ॥

जैसे इसी नाटक में :—

फिर भी ऐसा हो कि माधुर्य से आपूर्ण इस मथुरा नगरी में निवास करने वाले भक्तगण स्थिर मति होकर भक्तिभाव से सदा आप पर

दधानः कैशोरे वयसि सखितां गोकुलपतेः
प्रपद्येथास्तेषां परिचयमवश्यं नयनयोः ॥

( ल० मा० १०।३७ )

अत्र माथुरमञ्जुलनिबद्धवासानां नेत्रपथे कृष्णावाप्तिरूपमङ्ग-लाशंसनात् प्रशस्तिः ।

पञ्चानामेव सन्धीनां चतुषष्टिः क्रमादिह ।
कीर्तितानि मयाङ्गानि सम्यग्ललितमाधवे ॥ १२१ ॥

रसभावानुबोधेन प्रयोजनमवेक्ष्य च ।
साफल्यं कार्यमङ्गानामित्याचार्याः प्रचक्षते ॥ १२२ ॥

केषाञ्चिदेषामङ्गानां वैफल्यं केचिदूचिरे ।
दशरूपककाराद्यास्तत्सर्वेषां न सम्मतम् ॥ १२३ ॥

---

अपनी श्रद्धा बनाये रखें और नित्य किशोर अवस्था वाले गोकुलेश श्रीकृष्ण का दर्शन इन्हें सदा प्राप्त होता रहे ।

प्रस्तुत कथन में मथुरा क्षेत्र में मधुरभाव से श्रीकृष्ण की उपासना करने वाले भक्तमण्डल को श्रीकृष्ण की भक्ति प्राप्त होने की मंगलकामना करना 'प्रशस्ति' है ।

इस प्रकार मैंने पांच सन्धियों के चौसठ अंगों को ललितमाधव नाटक पर घटाते हुए बतलाया ॥ १२१ ॥

आचार्यों का मत है कि रस, भाव आदि को व्यवस्थित रूप में संकेतित करते हुए प्रयोजन के अनुसार सम्पूर्ण सन्ध्यङ्गों को नाट्य-रचना में सन्निविष्ट करना नाटकीय सफलता है ॥ १२२ ॥

दशरूपक आदि के रचयिता आचार्यों का मत है कि इन अंगों में कुछ अंग व्यर्थ हैं परन्तु यह मत सर्वसम्मत नहीं ॥ १२३ ॥

---

१. मधुरा इति क० ख० पुस्तके पाठः ।
२. कीर्तिता नियमाङ्गानि इति क० ख० पुस्तके पाठः ।
३. साकल्यं इति ब० पु० पाठः ।
४. वैकल्यमिति ब० पु० पाठः, कैवल्यमिति ख० पु० पाठः ।

मुखादिसन्धिष्वङ्गानां क्रमोऽयं न विवक्षितः ।
क्रमस्यानादरादाद्यैः लक्ष्येषु व्युत्क्रमादपि ॥ १२४ ॥
अङ्गान्निष्पादयेदेतान् नायका प्रतिनायका ।
तदभावे पताकाद्यास्तदभावे तथेतरः ॥ १२५ ॥

अथ सन्ध्यन्तराणि—

सुखादिसन्धिष्वङ्गानामशैथिल्याय सर्वदा[1] ।
सन्ध्यन्तराणि योज्यानि तच्च तत्रैकविंशतिः ॥ १२६ ॥
सामदाने भेददण्डौ प्रत्युत्पन्नमतिर्वधः ।
गोत्रस्खलितमोजश्च धीः क्रोधस्साहसं भयम् ॥ १२७ ॥
माया च संवृतिर्भ्रान्तिर्दूत्यं हेत्ववधारणम् ।

---

इन अंगों का मुख आदि सन्धियों में क्रमशः रखा जाना इष्ट नहीं है क्योंकि लक्ष्य ग्रन्थों में ये अंग विपरीत क्रम से प्राप्त होते हैं अतएव 'सन्ध्यङ्गों' का क्रमशः रखने का नियम नहीं हो सकता ॥ १२४ ॥

इन अंगों का नायक या प्रतिनायक के द्वारा निर्वाह किया जाए तथा इन ( पात्रों ) के अभाव में पताका नायक या अन्य पात्र इनका निर्वाह करें ॥ १२५ ॥

**अन्तरसन्धियाँ या सन्ध्यन्तर[1]**

मुख आदि सन्धियों में स्थित सन्ध्यंगों की कसावट के लिये इक्कीस सन्ध्यन्तर या अन्तरसन्धियों की नाट्य रचना में योजना करना चाहिये ॥ १२६ ॥

इनके नाम हैं—( १ ) साम, ( २ ) दान, ( ३ ) भेद, ( ४ ) दण्ड, ( ५ ) प्रत्युत्पन्नमति, ( ६ ) वध, ( ७ ) गोत्रस्खलित, ( ८ ) ओज, ( ९ ) धी, ( १० ) क्रोध, ( ११ ) साहस, ( १२ ) भय, ( १३ ) माया, (१४) संवृति, ( १५ ) क्षान्ति, ( १६ ) दूत्य, ( १७ ) हेत्ववधारण,

---

१. अन्तरसन्धियों के लक्षण धनञ्जय ने दशरूपक में नहीं दिये । विश्वनाथ ने धनिक के अनुसार इन्हें नहीं दिया है । भरत और भोज ने ( क्रमशः नाट्यशास्त्र तथा शृङ्गार-प्रकाश में ) इनका उल्लेख किया है । नाट्यदर्पणकार ने इन अंगों की परम्परा अति प्राचीन मानी है ।

---

१. सर्वतः इति ब० पु० पाठः ।

स्वप्नलेखौ मदश्चित्रमेषां लक्षणमुच्यते ॥ १२८ ॥

तत्र साम—

भवेत् साम प्रियं वाक्यं स्वानुवृत्तिप्रकाशनम् ॥ १२९ ॥

यथा—ललितमाधवे—दशमेऽङ्के—

कृष्णः—प्रिये, मैवं ब्रवीः

सन्तु भ्राम्यदपाङ्गभङ्गिखुरलीखेलाभुवः सुभ्रुवः,
स्वस्ति स्यान्मदिरेक्षणे क्षणमपि त्वामन्तरा मे कुतः ?
ताराणां निकुरुम्बकेन वृतया श्लिष्टेऽपि सोमाभया
नाकाशे वृषभानुजां श्रियमृते निष्पद्यते स्वश्छटा[1]।

(ल० मा० १०।१०)

अथ दानम्—

दानन्तु कथितं धीरैः प्रियवस्तुसमर्पणम् ॥ १३० ॥

यथा तत्रैव अष्टमे—

माधवी—भट्टिदारिए ! सहत्थेण तुए गंठिदा एसा सूरसो-

---

(१८) स्वप्न, (१९) लेख, (२०) मद तथा (२१) चित्र। अब क्रमशः इनके लक्षण बतलाता हूँ ॥ १२७–१२८ ॥

साम—अपनी अनुकूलता बतलाने के लिये प्रियवचन कहना 'साम' कहलाता है ॥ १२९ ॥

जैसे ललितमाधव के दसवें अंक में :—

श्रीकृष्ण—प्रिये, तुम ऐसा क्यों कहती हो। देखो, अपने चंचल नेत्रों के कोनों से क्रीड़ा के अभ्यास या कवायद करने वाली चाहे अनेक सुन्दरी बालाएँ हों किन्तु हे मदिरेक्षणे, तुम्हारे बिना मेरा क्षेम कैसे हो सकता है ? आकाश में विद्यमान असंख्य तारों के समूह से चन्द्र की आभा को घेर लेने पर भी बिना अनुराधा के उसकी अपनी शोभा पूर्ण नहीं होती।

दान—प्रिय या इष्टतम वस्तु को देना 'दान' कहलाता है ॥ १३० ॥

जैसे इसी नाटक के अष्टम अंक में :—

माधवी—क्या इस सूर सौगन्धिक माला को अपने हाथों से गूथा

---

१. स्वच्छता इति ब० पु० पाठः।

अंधिअमाला । [ भर्तृदारिके ! स्वहस्तेन त्वया ग्रथितैषा स्वरसौग-न्धिकमाला । ]

चन्द्रावली—( मालामादाय ) अज्जउत्त, एसा कोत्थुहस्स सहवासिणी होदु । [ आर्यपुत्र, एषा कौस्तुभस्य सहवासिनी भवतु । ] ( इति वक्षसि विन्यस्यति । )

अथ भेदः

भेदस्तु कपटालापैः सुहृदां भेदकल्पना ॥ १३१ ॥

यथा चतुर्थे—

जटिला—( अपवार्य, सालीकस्नेहम् ) अयि वच्छे, 'सदा मं पलोहिअ ललिदा अहिसारेदि' त्ति मह पुत्तस्स पुरदो वहूडिआ अलिअं जेव्व तुमं सन्दूसेदि;[1] ता किंत्ति लाहवं सहेसि । [ अयि वत्से, 'सदा मां प्रलोभ्य ललिता अभिसारयति' इति मम पुत्रस्य पुरतो वधूटिकालीकमेव त्वां दूषयति; तत्किमिति लाघवं सहसे ? ]

---

था राजकुमारी तुमने ?

चन्द्रकला—( माला को उठा कर ) हाँ जिससे यह आर्यपुत्र की हृदयवर्तिनी कौस्तुभमणि की सहवासिनी बने [ श्रीकृष्ण के वक्षःस्थल पर पहिना देती है ]

भेद—कपट भरे वचनों से दो व्यक्तियों में फूट डाल देना 'भेद' कहलाता है ॥ १३१ ॥

जैसे इसी नाटक के चतुर्थ अंक में :—

जटिला—( अपवारितक के द्वारा झूठा प्रेम बतलाते हुए ) अरी बिटिया, मेरे पुत्र के सामने यह बहू तुम्हें यह कह कर अपमानित करती है कि प्रलोभन देकर ही मुझे तो यह ललिता अभिसरण करवाती रहती है, अब तुम्हें इस अपमान को क्यों सहन करना चाहिये ।

---

१. दूसेदि इति ब० पु० पाठः ।

अत्र जटिलया कपटेन ललितायाः भेदः कृतः।

अथ दण्डः—

दण्डस्त्वविनयादीनां दृष्ट्या श्रुत्या च तर्जनम् ॥ १३२ ॥

यथा द्वितीये—कृष्णः ( साटोपम् ) रे रे दुष्ट !

राधापराधिनि मुहुस्त्वयि यन्न शस्तं,
शक्ष्यामि कर्तुमखिलां गुरुरेष खेदः।
सर्वाङ्गिलेयमभिधावति लुप्तधर्मा
त्वां मुक्तिकालरजनी बत किं करिष्ये ?

( ल० मा० २।२८ )

अत्र शङ्खचूडतर्जनं दण्डः।

अथ प्रत्युत्पन्नमतिः—

तात्कालिकी च प्रतिभा प्रत्युत्पन्नमतिर्मता ॥ १३३ ॥

यथा तत्रैव द्वितीये—

---

प्रस्तुत अंश में जटिला के द्वारा ( अपने ) कपटपूर्ण वचन द्वारा ललिता और राधा के बीच फूट डालना 'भेद' है।

दण्ड—दुष्ट पुरुष के अविनीत आचरण को देख या सुन कर उसे डाँट आदि बतलाना 'दण्ड' कहलाता है ॥ १३२ ॥

जैसे ललितमाधव नाटक के द्वितीय अंक में :—

श्रीकृष्ण—अरे दुष्ट, तूने श्रीराधा का अपराध किया ( यह अच्छा नहीं हुआ और ) इसलिये अब मैं वह सभी करने के लिये उद्यत हूँ जो प्रशंसनीय नहीं। मुझे बड़ा दुःख हो रहा है कि अब यह सभी को ग्रस जाने वाली और मर्यादा तथा कर्तव्य का ध्यान न रखने वाली कालरात्रि तेरी ओर बढ़ रही है, पर अब क्या कर सकता हूँ।

यहाँ शंखचूड़ को डांटना 'दण्ड' है।

प्रत्युत्पन्नमति—तात्कालिक प्रतिभा या हाजिरजबाबी को 'प्रत्युत्पन्नमति' समझना चाहिये ॥ १३३ ॥

जैसे इसी नाटक के द्वितीय अंक में :—

---

१. कृत इति अ० क० पुस्तके च नास्ति।

ललिता—कुन्दलदे, अस्सुदपुव्वा एसा [1]कीरिसी रिचा वडुएण पढिज्जइ। [ कुन्दलते, अश्रुतपूर्वैषा कीदृशी ऋग् बटुकेन पठ्यते ? ]

मधुमङ्गलः—( साट्टहासम् ) वुड्ढिए, आहीरीमुद्धिआ तुमं री री गीदं च्चेअ जाणासि। अम्हअ वेदस्स तुमं कासि ? ता सुणाहि—कोसुमेसवीए साहाए तइअ-वग्गस्स ललणासुहअरी रिचा एसा। [ वृद्धे, आभीरीमुग्धिका त्वम्, री री गीतमेव जानासि। अस्मद्वेदस्य त्वं कासि ? तत् शृणु—कौसुमेषव्याः शाखायास्तृतीयवर्गस्य ललनाशुभकरी ऋगेषा। ]

अत्र मधुमङ्गलस्य प्रतिभा।

अथ वधः—

वधस्तु जीवितद्रोहक्रिया स्यादाततायिनः ॥ १३४ ॥

यथा द्वितीये ( नेपथ्ये )—

मुष्टिना झटिति पुण्यजनोऽयं
हन्त ! पापविनिवेशितचेताः।

---

ललिता—कुन्दलते, यह ऋचा तो कभी नहीं सुनी जिसे यह ब्राह्मण बालक पढ़ रहा है।

मधुमंगल—( अट्टहास करते हुए ) अरी बुढ़िया, तू भोली ग्वालिन ठहरी। तू केवल री री करते हुए ही गाना गाती है, तुझे हमारे वेद के ज्ञान से क्या वास्ता। तो सुन—यह कुसमेषु की शाखा के तीसरे वर्ग में कुमारी ललनाओं की मंगलकारिणी ऋचा है।

यहाँ मधुमंगल का उत्तर 'प्रत्युत्पन्नमति' है।

**वध**—आततायी के जीवन की विनाश करने वाली क्रिया का नाम 'वध' है॥ १३४ ॥

जैसे इसी नाटक के द्वितीय अंक में ( नेपथ्य में ) :—

ओ हो ! उस पापी यक्ष को कमलनयन श्रीकृष्ण ने अपने मुष्टि-

---

1. करिसीति ब० पु० पाठः।

पुण्डरीकनयनेन सखेलं
दण्डितस्सकलजीवितवित्तम् ॥ ( ल० मा० २।३० )

अथ गोत्रस्खलितम्[1] :—

तद्गोत्रस्खलितं यत्तु नामव्यत्ययभाषणम् ॥ १३५ ॥

यथा सप्तमे—

चन्द्रावली—कण्ह [कृष्ण] (इत्यर्धोक्ते सलज्जम्) अज्जउत्त ! [ आर्यपुत्र, ]

कृष्णः—( सानन्दस्मितम् ) प्रिये ! दिष्ट्या सुधाधारां पायितोऽस्मि । तदलमार्यपुत्रेति कूपाम्बुना ।

अत्र चन्द्रावल्याः समयोल्लङ्घनाद् गोत्रस्खलितम् ।

अथौजः—

ओजस्तु वागुपन्यासो निजशक्तिप्रकाशकः ॥ १३६ ॥

---

प्रहार से क्रीड़ा करते हुये मार कर अच्छा दण्ड दिया। यह सभी को बड़ा कष्ट देता था।

गोत्रस्खलित—नामों को उलट पलट कर विपरीत भाव से कह देना 'गोत्रस्खलित' कहलाता है ॥ १३५ ॥

जैसे इसी नाटक के सप्तम अंक में :—

चन्द्रावली—कृष्ण, ( फिर बीच में ही रुक कर लजाती हुई ) आर्यपुत्र !

श्रीकृष्ण—( आनन्द में मुसकुरा कर ) प्रिये, तुमने प्रथम जो अमृत-पान करवा दिया उसके बाद आर्यपुत्ररूपी इस कूपोदक को रहने दो।

यहाँ मर्यादालंघन करते हुये चन्द्रावली के द्वारा विरुद्ध शब्दों का प्रयोग करना 'गोत्रस्खलित' है।

ओज—अपनी शक्ति को बतलाने वाले वचनों का प्रयोग 'ओज' कहलाता है ॥ १३६ ॥

---

१. गोत्रस्खलनमिति ख० पु० पाठः ।

यथा पञ्चमे—

सुपर्णः—देव ! बाढमातपत्रफणापटलीलघीयसः किङ्कर-स्यास्य गरुत्मतः सकृत्पक्षविक्षेपकेलयेऽपि न पर्याप्तिमेष्यति, दूरे विश्राम्यतु सखा मे सुदर्शनः कल्पान्तकुशलः ।

अत्र गरुडेन स्वशक्तिप्रकाशनादोजः ।

अथ धीः—

इष्टार्थसिद्धिपर्यन्ता चिन्ता धीरिति कथ्यते ॥ १३७ ॥

यथा द्वितीये—

राधिका—कुन्दलदे ! प्पसीद अनुकम्पेहि । अज्ज सा क्खु सामला कोमुदी जेण पीदा, ता जेव्व पुण्णवन्तं अप्पणो वाम-लोअणंचलं एत्थ खिण्णे मन्दभाइणि जणे खणं अप्पेहि । [ कुन्दलते, प्रसीद, अनुकम्पय । अद्य सा खलु श्यामला कौमुदी येन पीता, तमेव पुण्यवन्तमात्मनो वामलोचनाञ्चलमेतस्मिन् खिन्ने मन्दभागिनि जने क्षणमर्पय । ]

---

जैसे इसी नाटक के पंचम अंक में :—

सुपर्ण—देव, यह ठीक है कि आपका सेवक यह गरुड़ ही फणरूपी आतपत्र को फैलाने वाले इस तुच्छ के लिये पर्याप्त है। यह मेरे पंखों की क्रीड़ा के सम्मुख थोड़ी देर भी नहीं टिक सकता है इसलिये कल्पान्त में समर्थ मेरे मित्र सुदर्शन चक्र को अभी आप विश्राम करने दीजिये।

यहाँ गरुड़ द्वारा अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना 'ओज' है।

धी—अभीष्ट वस्तु की प्राप्ति तक रहने वाली चिन्ता को 'धी' कहते हैं ॥ १३७ ॥

जैसे इसी नाटक के द्वितीय अंक में :—

राधिका—कुन्दलते, तुम मुझ पर प्रसन्न होकर कृपा करो। आज जिसने उस श्याम कौमुदी का पान किया उसी भाग्यशाली बायें अपने नेत्र के अंचल को थोड़ा इस अभागे और दुःखी जन पर भी कुछ क्षण के लिये जमने दो।

कुन्दलता—( सासूयमिवालोक्य ) अलं परपुरिसे गिज्झन्तीहिं तुम्हेहिं संभासणेण ( इति धावन्ती जटिलामुपेत्य ) अज्जे ! कहं पढमं बह्मणं ण मग्गेसि, जो क्खु सुरं पुआवइस्सदि। [ अलं परपुरुषे गृध्यन्तीभिर्युष्माभिः सम्भाषणेन। आर्ये ! कथं प्रथमं ब्राह्मणं न मृगयसे, यः खलु सूर्यं पूजापयिष्यति। ]

जटिला—वच्छे, सच्चं कहेसि। ता पसीद। आणेहि एक्कं विअक्खणं वम्हणम्। [ वत्से ! सत्यं कथयसि। तस्मात् प्रसीद। आनयैकं विचक्षणं ब्राह्मणम्। ]

अत्र राधिकोत्कण्ठातिशयदर्शनेन जटिलासमक्षमेव विप्रवेशेन कृष्णप्रवेशचिन्तनं कुन्दलतायाः धीः।

अथ क्रोधः—

क्रोधस्तु मनसो दीप्तिरपराधादिदर्शनात् ॥ १३८ ॥

यथा द्वितीये ( नेपथ्ये )—

फुल्लत्यारान्नवविचकिले केलिकुञ्जेषु[1] फुल्ला

---

कुन्दलत—( घृणा से देखती हुई ) मैं अपनी वाणी को उनसे मिलाना नहीं चाहती जो नारियाँ परपुरुषों को देखकर ललचाने वाली हों ( दौड़ कर जटिला के पास जाकर ) आर्ये, तुम सर्वप्रथम उस ब्राह्मण को क्यों नहीं ढूँढ़ती जो सूर्य की पूजा करवादे।

जटिला—बिटिया, तुम सच कहती हो। अच्छा तो प्रसन्न हो जाओ और एक किसी चतुर ब्राह्मण को ढूँढ़ कर ले आओ।

यहाँ राधिका की अतिशय उत्कण्ठा जान जटिला के सम्मुख ही ब्राह्मणवेशधारी कृष्ण को लाने के लिये कुन्दलता का विचार 'धी' है।

क्रोध—अपराध आदि के देखने से मन में जलन उत्पन्न होना 'क्रोध' कहलाता है ॥ १३८ ॥

जैसे इसी नाटक के द्वितीय अंक में ( नेपथ्य में ) :—

सान्ध्यवेला में नवमालिका के प्रफुल्ल होने पर यह बाला भी खिल

---

१. कुञ्जेऽद्य इति अ० पु० पाठः।

शेफालीनां स्खलति कुसुमे हन्त ! चस्खाल बाला ।
मीलत्युच्चैः कुवलयवने मीलिताक्षी किलासीत्
वाच्यं किं वा परमुपहसीर्मां प्रणामच्छलेन ॥
(ल० मा० २।७)

अत्र पद्मासखीनां हरये रोषः ।

अथ साहसम् :—

स्वजीवितनिराकाङ्क्षो व्यापारस्साहसं भवेत् ॥ १३९ ॥

यथा दशमे—

राधिका—( सखेदमात्मगतम् ) साहु रे कीर, साहु, बाढं अणुग्गहिदम्हि; ता दाणिं दुल्लहाहिट्ठदाणदच्छिणं तित्थवरं कालिअदेहं प्पविसिय अप्पाणं सप्पाणं तुरिअं उवहरिस्सम् । [ साधु रे कीर ! साधु, बाढमनुगृहीतास्मि; तदिदानीं दुर्लभाभीष्टदानदक्षिणं तीर्थवरं कालियह्रदं प्रविश्यात्मानं सर्पेभ्यस्त्वरितमुपहरिष्यामि । ]

---

गयी अर्धरात्रि में हरसिंगार के पुष्पों के गिरने पर यह भी लड़खड़ाने लगी ( चस्खाल ) और प्रातः कुमुदिनी के बन्द हो जाने पर यह भी नेत्रों को बन्द किये है। इसलिये क्या कहें प्रणाम के बहाने इसका उपहास क्यों कर रही हो।

प्रस्तुत अंश में पद्मा की सखियों का श्रीहरि के प्रति 'क्रोध' स्पष्ट है।

साहस—अपने जीवन की परवाह न करते हुये शौर्यपूर्ण कार्यों का करना 'साहस' है ॥ १३६ ॥

जैसे इसी नाटक के दशम अंक में :—

राधिका—( दुःखी होती हुई स्वगत ) अच्छा सुग्गे, तूने ठीक किया। मैं तेरी बड़ी अनुगृहीत हूँ। इसलिये अब मैं दुर्लभ और अपने इष्टपदार्थ की दान-दक्षिणा देने के लिये प्रसिद्ध उस कालियह्रदतीर्थ में कूद कर अपने प्राणों को शीघ्र ही सर्पों को समर्पित करती हूँ।

अत्र राधायाः कालियह्रदप्रवेशः साहसम् ।

अथ भयम्—

भयन्त्वाकस्मिकत्रासः ।

यथा नवमे चित्रदर्शने—

मधुमङ्गलः—एसो संखऊडो । [ एष शंखचूडः । ]

राधा—( सभयम् ) परित्ताहि परित्ताहि ( इति कृष्ण-मालिङ्गति[1] )

अत्र शंखचूडप्रसङ्गेन राधात्रासः भयम् ।

अथ माया :—

माया कैतवकल्पना ॥ १४० ॥

यथा चतुर्थे—

वृन्दा—( सानन्दम् ) किं नाम राधासखीनां धियामक्षुण्णम् पश्य पश्य ।

---

प्रस्तुत अंश में श्रीराधाद्वारा कालियह्रद में प्रवेश करना 'साहस' है ।

भय—आकस्मिक रूप से उपस्थित हो जाने वाली घबड़ाहट को 'भय' समझना चाहिये ।

जैसे इसी नाटक में चित्रदर्शन के प्रसंग में :—

मधुमङ्गल—यह शंखचूड़ है ।

राधिका—( डरती हुई ) बचाओ, बचाओ ( आगे बढ़कर श्रीकृष्ण का आलिंगन करती है । )

यहाँ शंखचूड़ के प्रसंग में राधा का घबड़ा जाना 'भय' है ।

माया—किसी को धोखे में रखने के लिये कपट-कल्पना करना 'माया' है ॥ १४० ॥

जैसे चतुर्थ अंक में :—

वृन्दा—( आनन्द के साथ ) राधा की सखियाँ क्या नहीं जानती हैं । देखो, देखो ।

---

१. कृष्णमालिङ्गते इति ख० पु० पाठः ।

मन्दा सान्ध्यपयोदसोदररुचिस्सैवाभिमन्योस्तनु-
र्वक्त्रं हन्त तदेव खर्वटघटीघोणं विगाढेक्षणम् ।
व्यस्ता सैव गतिः करीरकुसुमच्छायं तदेवाम्बरम्
मुद्रा कापि तथाप्यसौ पिशुनयत्यस्य स्वरूपच्छटाम् ॥
( ल० मा० ४।३३ )

अत्र कैतवादभिमन्युवेषकल्पनेन[1] माया ।

अथ संवृति :—

संवृतिः स्वयमुक्तस्य स्वयमाच्छादना भवेत् ॥ १४१ ॥

यथा नवमे—कृष्णः ( वृन्दामवलोक्य ) सत्यभामा, मयि कथम् ( इत्यर्द्धोक्ते । नववृन्दा दृशं कूणयति )

चन्द्रावली—( सखेदं नीचैः ) विण्णादं पेम्मगोरवम् । [ विज्ञातं प्रेमगौरवम् ]

---

सायंकालीन मेघों के समान इस अभिमन्यु के शरीर की भी मन्द शोभा है, और आँखों में धँसी हुई पर्वत की उपत्यका जैसा घड़े के समान नाकवाला वही मुँह है, इसकी चाल भी वैसी ही अटपटी और करीर के पुष्पों जैसा कपड़ा भी वही है पर फिर भी इसकी मुखमुद्रा आज किसी अपूर्व शोभा को स्वयं कह रही है।

यहाँ धोखा देने के लिये ( श्रीकृष्ण द्वारा ) अभिमन्यु का वेश धारण करना 'माया' है।

संवृति—पहिले किसी तथ्य को बतला कर फिर उसे छुपाने का उद्योग करना 'संवृति' कहलाता है॥ १४१ ॥

जैसे नवम अंक में :—

श्रीकृष्ण—( आनन्द के साथ वृन्दा को देख कर ) सत्यभामा मुझ पर कैसे ( कहते हुये बीच ही में रुक जाते हैं। नववृन्दा आँख से, इशारा करती है। )

चन्द्रावली—(दुःखी होकर धीरे से) आपके प्रेम की महत्ता जान ली।

---

१. कल्पना इति ब० पु० पाठः ।

कृष्णः—( निभाल्य, स्वगतम् ) हन्त ! कथमसौ देवी । भवतु । संवरीतुं प्रयतिष्ये ( प्रकाशम् ) ।

सती कथमसौ भामा देवी नाद्य प्रसीदति ।

निदानमविदं सद्यः खिद्यते हृदयं मम ॥ (ल० मा० ६।५६)

अत्र स्वयमुक्तस्य सत्यभामेत्यस्य शब्दस्य 'सती कथमभामा' इत्यर्थान्तरेण संवरणात् संवृतिः ।

अथ भ्रान्तिः—

भ्रान्तिर्विपर्ययज्ञानं प्रसङ्गस्यापि निश्चयात् ॥ १४२ ॥

यथा नवमे कृष्ण—

अत्र भावि-निरातङ्क-मारो मे रमणं मम ।

दुरत्यन्ते कुशस्थल्या यदि दर्भाङ्गभूरियम् ॥ (ल० मा० ६।५८)

चन्द्रा—माहवि, णूणं दिट्ठह्मि, जं विदब्भंगभुत्ति बाहरीअदि । [ माधवि, नूनं दृष्टास्मि, यद्विदर्भाङ्गभूरिति व्याह्रियते । ]

---

श्रीकृष्ण—( सम्हल कर अपने मन में ) अरे ! यह तो महादेवी ( रुक्मिणी ) है । खैर ! अब इसे छुपाने का उद्योग करता हूँ [ प्रकट ]

यह सती अभामा [ क्रोध न करने वाली स्त्री ] होकर आज क्यों रूठ गयी है जो अभी तक प्रसन्न नहीं हो रही । मैं इसका कारण नहीं जान पाया इसी कारण मेरा मन दुःखी हो रहा है ।

यहाँ स्वयं कहे गये सत्यभामा शब्द की ( सती+अभामा के सन्धिविच्छेद द्वारा ) विपरीत अर्थ में संगति लगा देने के कारण 'संवृति' है ।

भ्रान्ति—किसी बात के प्रसंग को सुन कर या निश्चित कर उसके विपरीत भाव को ले लेना 'भ्रान्ति' है ॥ १४२ ॥

जैसे नवम अंक में :—

श्रीकृष्ण—यहाँ मेरा अनंगविषयक रमण बिना आशंका के हो सकता है क्योंकि कुशस्थली में यहीं बिना दर्भ की भूमि है ।

चन्द्रावली—माधवी, मुझे देख लिया । क्योंकि विदर्भ की पुत्री ( विदर्भाङ्गभूः ) कह कर व्यवहार किया जा रहा है ।

अत्र विदर्भाङ्गभूरित्यस्य विगतदर्भभूमित्वाज्ञानं देव्याः भ्रान्तिः ।

भ्रान्तिस्तु केचिदिच्छन्ति भृङ्गबाधाविचेष्टितम् ।

अथ दूत्यम् :—

दूत्यन्तु सहकारित्वं दुर्घटे कार्यवस्तुनि ॥ १४३ ॥

यथा प्रथमे—

कुन्दलता—

तिह्णाउला चऊरी पञ्जरिआसञ्जदा चिरं जलइ ।

पाअं वंजुलकुञ्जे ताराही सप्पधारेहि ॥ (ल० मा० १।५८)

[ तृष्णाकुला चकोरी पञ्जरिकासंयता चिरं ज्वलति ।

पादं वञ्जुलकुञ्जे ताराधीश प्रसारय ॥ ]

अत्र जटिलाप्रातिकूल्येन कुन्दलतायाः दुर्घटे राधासङ्गमकार्ये सहकारित्वं दूत्यम् ।

---

प्रस्तुत अंश में—'विदर्भाङ्गभूः' शब्द को सुनकर एवं उसके विपरीत भावार्थ को महादेवी द्वारा ग्रहण करने के कारण 'भ्रान्ति' है [ अथवा 'विदर्भाङ्गभूः' शब्द के प्रयोग से महादेवी का दर्भहीन भूमि पर विदर्भ की पुत्री अर्थ लेते हुये आशंकित हो जाना 'भ्रान्ति' है । ]

कुछ आचार्य श्रृङ्गबाधा आदि से होने वाली चेष्टाओं को भ्रान्ति मानते हैं ।

दूत्यम्—किसी दुष्कर कार्य में सहायता करना 'दूत्य' कहलाता है ॥

जैसे प्रथम अंक में :—

कुन्दलता—( अपवारित के द्वारा ) प्यासी चकोरी पिंजरे में रोक देने के कारण जल रही है इसलिये हे ताराधिपति इन्दु, तुम अपने पादों ( किरणों, पैरों ) को लताकुंज में भी फैलाओ ।

यहाँ कुन्दलता का जटिला से विरुद्ध होकर दुर्घट राधामिलन में सहायता करना 'दूत्य' है ।

---

१. विदर्भ भूमित्वेति क० ख० पुस्तके पाठः ।

अथ हेत्ववधारणम् :—

निश्चयो हेतुनार्थस्य मतं हेत्ववधारणम् ॥ १४४ ॥

यथा द्वितीये—

वृन्दा—स्थाने खल्वियं तव चिन्ता। तथ्यमेषा दुष्टेनाक्रान्ता त्रिलोकीमेव सन्तापयेत्। यतः—

विद्योतन्ते गुणपरिमलैर्यास्समस्तोपरिष्टात्
ताः कस्यार्त्तं दधति न खलस्पर्शदग्धास्तरुण्यः।
भूयो भूयः स्वयमनुपमां क्लान्तिं[1]मासादयन्ती
मन्दाक्रान्ता भवति जगतः क्लेशदात्री[2] हि चिन्ता॥

(ल० मा० २।६)

अत्र चित्रनिदर्शनोपबृंहितेन सर्वगुणोत्तम-स्त्रीदुःखरूपेण हेतुना सर्वजनदुःखस्य[3] निश्चयाद्धेत्ववधारणम्।

---

हेत्ववधारण—कारण को प्रदर्शित करते हुये किसी अर्थ का निश्चय करना 'हेत्ववधारण' समझना चाहिये॥ १४४॥

जैसे इसी नाटक के द्वितीय अंक में :—

वृन्दा—तुम्हारी यह चिन्ता उचित ही है। क्योंकि दुष्टों से आक्रान्त होने पर यही त्रिभुवन को सन्तप्त कर देगी। क्योंकि—

जो युवतियाँ गुणों के सौरभ से खिल जाती हों वे इन दुष्टों के स्पर्श से दग्ध होकर किसे पीड़ा न देंगी। बार-बार अतिशय मलिनता प्राप्त कर धीरे-धीरे स्वयं ही वे सारे संसार को क्लेश देने वाली चिन्ता बन जायेंगी।

यहाँ स्त्री के दुःखी होने पर सभी को दुःख होने रूपी अर्थ को सकारण बतलाने से 'हेत्ववधारण' है।

---

१. कान्तिमिति क० पु० पाठः।
२. क्लेशपात्री हि चित्रा इति ख० पु० पाठः।
३. सर्वजनदुःखनिश्चयादिति क० ख० पुस्तके पाठः।

अथ स्वप्न :—

स्वप्नो निद्रान्तरे किञ्चिज्जल्पितं परिचक्षते[1] ॥ १४५ ॥

यथा सप्तमे—

नव०:—

श्वाफल्कः[2] सफलीबभूव ललिते हृल्लालसा-वल्लरी

हा धिक्! पश्य मुरान्तकोऽयमुररीचक्रे रथारोहणम्।

इत्थं ते करुणस्वरस्तवकितं स्वप्नायितं शृण्वती

मन्ये[3] तन्वि पतत् तुषारकपटाच्चक्रन्द यामिन्यपि ॥

(ल० मा० ७।१०)

अत्र राधायाः स्वप्नायितम्।

अथ लेखः—

विवक्षितार्थकलिता पत्रिका लेख ईरितः ॥ १४६ ॥

यथा पञ्चमे—

---

स्वप्न—नींद में थोड़ा बड़बड़ाना 'स्वप्न' कहलाता है ॥ १४५ ॥

जैसे सप्तम अंक में :—

'अरी ललिते' अक्रूर के हृदय की आशालता आज सफल हो गयी। हाय! हाय! ये मुरारी भी रथ पर चढ़ने के लिये राजी हो गये। हे तन्वि, इस प्रकार स्वप्न में तुम्हारे उच्चरित करुणापूर्ण शब्दों को सुनती हुई यह रात्रि भी ओस बरसाने के बहाने से दुःखी होती हुई चिल्ला रही है।

यहाँ राधा का नींद में बड़बड़ाना 'स्वप्न' है।

लेख—अपने हार्द या इष्ट भाव को बतलाने के लिये लिखी गई पाती (पत्रिका) को 'लेख' कहते हैं ॥ १४६ ॥

जैसे पंचम अंक में :—

---

१. परिकथ्यते इति ब० पु० पाठः।

२. श्वाफलगः इति ब० पु० पाठः।

३. मन्ये तन्वि पतत्तुषार इति ब० पु० पाठः।

पौर्णमासीः—

अचिरं निरस्य रसितैः प्रतिपक्षं राजहंसनिकुरम्बम् ।

कृष्णघनस्त्वाममृतैस्तृषिताश्चन्द्रकवतीं सिञ्च ॥ (ल० मा० ५।७)

इत्यसौ चन्द्रावली-पत्रिका[1]लेखः ।

अथ मदः—

मदस्तु मद्यजः ।

यथा पञ्चमे—भीष्मः ( पुनरवधाय, सस्मितम् )

विले क्व नु विलिल्यिरे नृपपिपीलिकाः पीडिताः

पिनष्मि जगदण्डकं न न हरिः क्रुधं धास्यति[2] ।

शचीगृह कुरङ्ग रे हससि किं त्वमित्युन्नद-

न्नुदेति मदडम्बरस्खलितचूडमग्रे हली ॥ (ल० मा० ५।४१)

अत्र बलदेवस्य मदः ।

---

पौर्णमासी—अरे कृष्णमेघ, तुम अपना गर्जन आरम्भ कर राजहंस के समूह को हटाते हुये अपना अमृतवर्षण कर इस तृषित चन्द्रकलता का ( चन्द्रावली से आशय है ) सिंचन कीजिये।

यहाँ चन्द्रावली की उपर्युक्त पत्रिका 'लेख' है।

मद—मद्यपान आदि से होने वाला नशा 'मद' कहलाता है।

जैसे पंचम अंक में :—

भीष्मक—( फिर ध्यान से देख कर मुसकुराते हुये ) ये राजा रूपी चीटियाँ तो घबरा कर बिलों में समा गई हैं। मैं ही इस संसार के अण्डकटाह को दो टूक कर सकता हूँ पर ऐसा करने से श्री हरि क्रुद्ध नहीं होंगे ऐसा नहीं होगा। अरे इन्द्राणी से पाले हुये मृगपोत, तू व्यर्थ ही मुसकुराकर क्यों शोर मचा रहा है। देख, बलदेव जी मदमत्त हो अपना मस्तक हिलाते हुये इधर ही आ रहे हैं।

प्रस्तुत अंश में बलराम की दशा से 'मद' प्रकट हो रहा है।

---

१. पत्रलेखः इति क० ख० पुस्तके पाठः।

२. धास्यते इति ख० पु० पाठः।

अथ चित्रम्—

चित्रन्त्वाकाराणां विलोकनम् ॥ १४७ ॥

यथा नवमे—

नववृन्दा—( प्रविश्य ) समीक्ष्यतां विचित्रमिदं चित्रम् ।

अत्र माथुरचरित्रं चित्रलिखितम् ।

सन्ध्यन्तराणां विज्ञेयः प्रयोगस्त्वविभागतः ।
तथैव दर्शनादेषामनैयत्येन सन्धिषु ॥ १४८ ॥

अथ विभूषणानि

एवमङ्गैरुपाङ्गैश्च सुश्लिष्टं रूपकश्रियः ।
शरीरं वस्त्वलङ्कुर्यात् षट्त्रिंशद्भूषणैः स्फुटम् ॥ १४९ ॥

---

चित्र—आकृतियों का आलेखन करना 'चित्र' कहलाता है ॥१४७॥

जैसे नवम अंक में :—

नववृन्दा—( आकर ) देखिये, यह चित्र बड़ा अचरज भरा है। इसमें मथुरा के निवासी का आश्चर्यमय चरित्र आलेखित किया गया है।

इन सन्ध्यन्तर या अन्तर सन्धियों का प्रयोग किसी विभाग के साथ नहीं किया जाता और सन्धियों में इनकी नियत स्थिति भी नहीं रहती ॥ १४८ ॥

**नाट्यालङ्कार**[1]

इन अंगों और उपांगों से ग्रथित रूपकों की शारीरशोभा कथावस्तु

---

१. नाट्यालंकारों के लक्षण नाट्यशास्त्र के १७ वें अध्याय में हैं। नाट्यालंकारों के नाम और क्रम में थोड़ा भेद नाट्यशास्त्र के दो पाठान्तरों के कारण प्राचीनकाल से ही चला आ रहा है। इनमें एक पाठ को नाट्यशास्त्र के प्राचीन टीकाकारों ने लिया और उसी का विश्वनाथ ने साहित्यदर्पण में तथा सिंहभूपाल ने रसार्णवसुधाकर में अनुसरण किया। रूपगोस्वामी ने भी इसी पाठ का अनुसरण किया। परन्तु दूसरे पाठ का आचार्य कीर्तिधर, धनञ्जय तथा अभिनवगुप्त ने भी अनुसरण किया है। विस्तार भय से हम यहाँ इनकी तुलना नहीं दे रहे हैं तदर्थ जिज्ञासुजन हमारे नाट्यशास्त्र के अनुवाद तथा टिप्पणी, परिशिष्ट आदि का सम्बन्धित स्थान पर अवलोकन करें।

---

१. चरितमिति क० ख० पुस्तके पाठः।

भूषणाक्षरसङ्घातौ हेतुः प्राप्तिरुदाहृतिः ।
शोभा-संशय-दृष्टान्तावभिप्रायो निदर्शनम् ॥ १५० ॥
सिद्धि-प्रसिद्धिर्दाक्षिण्यमर्थापत्तिर्विभूषणम् ।
पदोच्चयस्तुल्यतर्को विचारस्तद्विपर्ययः ॥ १५१ ॥
गुणातिपातोऽतिशयो निरुक्तं गुणकीर्तनम् ।
गर्हणानुनयौ भ्रंशो लेशः क्षोभो मनोरथः ॥ १५२ ॥
अनुक्तिसिद्धिः सारूप्यं माला मधुरभाषणम् ।
पृच्छोपदिष्टदृष्टानि षट्त्रिंशद्भूषणानि हि ॥ १५३ ॥

तत्र भूषणम् :—

गुणालङ्कारबहुलं भाषणं भूषणं स्मृतम् ॥ १५४ ॥

यथा नवमे—

कृष्णः—( समन्तादवलोक्य )

लक्ष्मीः कैरवकाननेषु परितः शुद्धेषु विद्योतते

---

को छत्तीस अलङ्कारों से भूषित करना चाहिये। ये अलङ्कार हैं—( १ ) भूषण, ( २ ) अक्षरसंघात, ( ३ ) हेतु, ( ४ ) प्राप्ति, ( ५ ) उदाहृति, ( ६ ) शोभा, ( ७ ) संशय, ( ८ ) दृष्टान्त, ( ९ ) अभिप्राय, ( १० ) निदर्शन, ( ११ ) सिद्धि, ( १२ ) प्रसिद्धि, ( १३ ) दाक्षिण्य, ( १४ ) अर्थापत्ति, ( १५ ) विभूषण, ( १६ ) पदोच्चय, ( १७ ) तुल्यतर्क, ( १८ ) विचार, ( १९ ) विपर्यय, ( २० ) गुणातिपात, ( २१ ) अतिशय, ( २२ ) निरुक्त, ( २३ ) गुणकीर्तन, ( २४ ) गर्हण, ( २५ ) अनुनय, ( २६ ) भ्रंश, ( २७ ) लेश, ( २८ ) क्षोभ, ( २९ ) मनोरथ, ( ३० ) अनुक्त-सिद्धि, ( ३१ ) सारूप्य, ( ३२ ) माला, ( ३३ ) मधुरभाषण, ( ३४ ) पृच्छा, ( ३५ ) उपदिष्ट तथा ( ३६ ) दिष्ट ॥ १४९–१५३ ॥

भूषण—गुण तथा अलङ्कारों से युक्त वचनावली में सम्भाषण करना 'भूषण' कहलाता है ॥ १५४ ॥

जैसे इसी नाटक के नवम अंक में :—

श्रीकृष्ण—(चारों ओर देखकर) इधर इस अतिशय स्वच्छ कुमुदिनी-बहुल क्रीडाउपवन की सभी ओर शोभा बढ़ रही है, उधर सन्मार्ग के

सन्मार्गद्रुहि सर्वशार्वरकुले प्रोन्मीलति क्षीणता ।
नक्षत्रेषु किलोद्भवत्यपचितिः क्षुद्रात्मसु प्रायिकी
शङ्के शङ्करमौलिरभ्युदयते राजा पुरस्ताद्दिशि ॥
( ल० मा० ६।१० )

अत्र प्रसादमाधुर्यादिगुणानामनुप्रासश्लेषानुमानाद्यलङ्काराणाञ्च सत्तया भूषणम् ।

अथाक्षरसङ्घातः—

वाक्यमक्षरसङ्घातो भिन्नार्थं श्लिष्टशब्दकम्[1] ॥ १५५ ॥

यथा पञ्चमे—

सुपर्णः—देव, पश्य पश्य ।

वक्त्राणि भान्ति परितो हरिणेक्षणाना-
मारूढहर्म्यशिरसां भवदीक्षणाय ।
यैर्निर्मितानि तरसा सरसीरुहाक्ष
चन्द्रावलीपरिचितानि नभस्तलानि ॥
( ल० मा० ५।३२ )

---

प्रतिबन्धक अन्धकार वर्ग में क्षीणता आने लगी है और छोटे छोटे तारों की कहीं कहीं झिलमिलाहट झलक जाती है। इन बातों से प्रतीत होता है कि सामने वाली (पूर्व) दिशा में शिवजी के मस्तक पर स्थित रहने वाले नक्षत्रराज ( चन्द्र ) का उदय हो रहा है ॥

प्रस्तुत अंश में प्रसाद, माधुर्य आदि गुण तथा अनुप्रास, श्लेष, अनुमान आदि अलंकार होने से 'भूषण' है।

अक्षरसङ्घात

भिन्न अर्थक एवं श्लिष्ट शब्दों की रचनावाली वाक्यावली को 'अक्षर-संघात' समझना चाहिये ॥ १५५ ॥

जैसे पंचम अंक में :—

सुपर्ण—हे कमलनयन देव, देखिये ! अपने अपने महलों की अटारियों पर आपके दर्शनार्थ स्थित रहने वाली इन हरिणनयनी सुन्द-रियों के मुख चारों ओर ऐसे सुशोभित हो रहे हैं कि मानों वेग में जाने वाली चन्द्रों की पांत से जाना जाने वाला आकाश का रुचिर प्रदेश हो।

---

१. श्लिष्टरूपकमिति क० पु०, श्लिष्टवर्णकमिति रसार्णवसुधाकरे च पाठः ।

अत्र चन्द्राणामावल्या परिचितानीत्यत्र चन्द्रावली नाम प्रतिभानादक्षरसङ्घातः ।

अथ हेतुः—

स हेतुरिति निर्दिष्टो यत्साध्यार्थप्रसाधकम्[1] ॥ १५६ ॥

यथा सप्तमे—

मधुमङ्गलः—( निरीक्ष्य ) पिअवअस्स ! पेक्ख। काए वि अणुराइणीए सेवा किदत्थि । [ प्रियवयस्य, पश्य । कयाप्यनुरागिण्या सेवा कृतास्ति । ]

कृष्णः—सखे ! साधु लक्षितम् ।

असौ व्यस्तन्यासा विशदयति माला विवशतां
विभक्तेयं चर्चा नयनजलवृष्टिं कथयति ।
करोत्कम्पं तस्या वदति तिलकं कुञ्चितमिदं
कृशाङ्ग्याः प्रेमाणं वरिवसितमेव प्रथयति ॥

( ल० मा० ७।३२ )

---

प्रस्तुत पद्य में चन्द्रावली शब्द के प्रयोग द्वारा 'चन्द्र की पांत' अर्थ के साथ 'चन्द्रावली' नाम की प्रतीति होने से 'अक्षरसंघात' है ।

हेतु—अपने उद्देश्य ( साध्य ) की सिद्धि के लिये प्रस्तुत किये गये कारण को 'हेतु' समझना चाहिये ।। १५६ ।।

जैसे सप्तम अंक में :—

मधुमंगल—( देख कर ) प्रिय मित्र, देखिये—यह सेवा किसी अनुरागिणी ने की है ।

श्रीकृष्ण—मित्र, खूब पहिचाना । अव्यवस्थित रूप में यहाँ रखी हुई यह माला उसकी विवशता को प्रकट कर रही है, गिरे हुए आँसुओं से वियोग प्रकट हो रहा है और माला में गूंथे हुए तिल के पुष्पों की सिकुड़न से उसके हाथों के कम्पन का अंदाज लग जाता है । इस प्रकार उस कृशांगी के पूजन के ये उपकरण ही उसके आन्तरिक सन्ताप को बतला रहे हैं ।

---

१. प्रकाशकमिति ख० पु० पाठ ।

अत्रानुरागसाधनाय विवशत्वादिहेतुनां कथनादयं हेतुः ।

अथ प्राप्तिः—

एकदेशविलोकेन प्राप्तिः शेषाऽभियोजनम् ॥ १५७ ॥

यथा नवमे—

कृष्णः ( परिक्रम्य )

लब्धा कुरङ्गि नवजङ्गमहेमवल्ली
रम्या स्फुटं विपिनसीमनि राधिकाऽत्र ।
अस्यास्त्वया सखि गुरोर्यदियं गृहीता
माधुर्यवल्लित-विलोचन-केलिदीक्षा ॥ (ल० मा० ६।१७)

अत्र लोचनसौन्दर्य-दीक्षा-लालसस्य एकदेशस्य त्वयि विलोकनेन सालं त्वया लब्धेति विशेषार्थस्य योजनात् प्राप्तिः ।

---

यहाँ अनुराग की सिद्धि के लिये विवशता आदि कारणों को बतलाना 'हेतु' है ।

**प्राप्ति**

किसी एक अंश को देख कर अवशिष्ट भागों की विशेषता जान लेना 'प्राप्ति' कहलाता है ॥ १५७ ॥

जैसे इसी नाटक के नवम अंक में :—

श्रीकृष्ण—( आगे बढ़ते हुए ) अरी हिरनी, तूने इसी वन प्रदेश में उस अनवद्य सुन्दरी राधिका को—जो जंगम हेमलता जैसी है—अवश्य प्राप्त किया है; क्योंकि तुम्हारी सुन्दरता से लहराने वाली नेत्रों की इन क्रीड़ाओं का शिक्षण बिना उस गुरु से शिक्षा लिये कैसे हो सकता है ।

प्रस्तुत उदाहरण में 'नेत्रों के सुन्दर कटाक्ष' को देख कर 'राधा से ही शिक्षा ग्रहण किये बिना उपलब्धि कैसे हो सकती है, इस (अवशिष्ट) विशेष अर्थ में योजना करने से 'प्राप्ति' है ।

---

१. हेतुकथनादिति ख० पु० पाठः ।

२. दीक्षालाभस्येति ब० पु० ।

अथोदाहरणम्—

वाक्यं यद्गूढतुल्यार्थं तदुदाहरणं मतम् ॥ १५८ ॥

यथा द्वितीये—

कुन्दलता—( सस्मितम् ) राहि, देहि मे पारितोसिअं, यं सुट्ठु दुल्लहं दे अब्भत्थिदं मए णिव्वाहिदम् । [ राधे देहि मे पारितोषिकम् ; यत् सुष्ठु दुर्लभन्तेऽभ्यर्थितं मया निर्वाहितम् । ]

राधिका—( वक्रमवेक्ष्य ) कुन्दलदिए, किं मे अब्भत्थिदं ? कुन्दलते, किं मेऽभ्यर्थितम् ? ]

कुन्दलता—अइ, कीस भ्रुअं भंगुरेसि, जं सूराराहणं भणामि । [ अयि, कस्माद् भ्रुवं भङ्गुरयसि, यत् सूर्याराधनं भणामि ]

अत्र कुन्दलता भणितस्य साभिप्रायगूढार्थतया उदाहरणम् ।

"यत्र तुल्यार्थयुक्तेन वाक्येनाभिप्रदर्शनात् ।
साध्यतेऽभिमतश्चार्थस्तदुदाहरणं मतमिति" कश्चित् ।

( सा० द० ६।११७ )

---

**उदाहरण**

समानता को दिखलाने वाले गूढ़ार्थक वाक्य को 'उदाहरण' कहते हैं।।

जैसे द्वितीय अंक में :—

कुन्दलता—( मुसकुराती हुई ) राधिके, तुम्हारे इष्ट एवं दुर्लभ इस कार्य को पूर्ण कर देने का अब हमें पारितोषिक मिल जाना चाहिये।

राधिका—( तिरछी निगाह से देखती हुई ) कुन्दलते, मेरा कौन इष्टकार्य था।

कुन्दलता—अरे ! तुम मुझ पर अपनी भौंहें क्यों चढ़ा रही हो। मैं तो सूर्य देवता के आराधन की बात कह रही थी।

यहाँ कुन्दलता के द्वारा अपने वक्तव्य को गूढ़ रखते हुए प्रस्तुत करने से 'उदाहरण' है।

तद् यथा—षष्ठे—

नारदः—ततस्तेनोक्तम्—

ज्वलितो जनः कृशानौ शाम्यति ततः कृशानुनैवायम् ।

भगवति कृतागसो मे भगवानेवाधुना शरणम् ॥

( ल० मा० ६।१७ )

अथ शोभा—

शोभा स्वभावप्राकट्यं यूनोरन्योन्यमुच्यते ।

यथा चतुर्थे—

राधिका ( माधवमवलोक्य, सानन्दमात्मगतम् ) भो भअवं, आणन्दपज्जण्ण, ण क्खु रुन्धीअइ जलासारेण उक्कंठिदा तवस्सिणीहि मे दिट्ठीचउरी । क्खणं पिवेदु एसा दुल्लहं इमस्स मुहचन्दस्स जोण्हम् । [ भो भगवन् , आनन्दपर्जन्य, न खलु

---

अन्य आचार्य का मत है कि—'जहाँ समानार्थक वाक्यों के द्वारा अपना इष्ट अर्थ सिद्ध किया जाए उसे 'उदाहरण' समझना चाहिये'

( सा० द० ६।११७ )

जैसे इसी नाटक के षष्ठ अंक में :—

नारद—फिर उसने कहा—"आग से जलने वाले को आग से ही शान्ति मिल सकती है । भगवान् का अपराध करने पर अब मेरे रक्षक भी भगवान ही हो सकते हैं" ।

**शोभा**

युवक और युवती का परस्पर अपने हार्द भाव बतलाना 'शोभा' कहलाता है ॥

जैसे ( इसी नाटक के ) चतुर्थ अंक में :—

राधिका—( माधव को देख कर आनन्दित होती हुई मन में ) अरे आनन्द की वर्षा करने वाले भगवन् मेघ, मेरी अति उत्कंठित बेचारी यह दृष्टि चकोरी इन (नेत्रों से) बहने वाली (आंसुओं की) धारा से जब

---

१. प्रभावप्राकव्यमिति ब० पु० पाठः ।

रुन्ध्यतां जलासारेणोत्कण्ठिता तपस्विनी मे दृष्टिचकोरी। क्षणं पिबत्वेषा दुर्लभामस्य मुखचन्द्रस्य ज्योत्स्नाम्।]

कृष्ण—( राधामवेक्ष्य, सहर्षम् )

धावत्याक्रमितुं मुहुः श्रवणयोः सीमानमक्ष्णोर्द्वयी
पौष्कल्यं हरतः कुचौ बलिगुणैरारब्धमानं ततः।
मुष्णीतश्चलतां भ्रुवौ चरणयोरुद्यद्धनुर्विभ्रमे
राधायाः तनुपत्तने नरपतौ बाल्याभिधे शीर्यति॥

( ल० मा० ४।२७ )

अत्र परस्परभावप्राकट्याच्छोभा। कैश्चित्तु—
'सिद्धैरर्थैः समं यत्राप्रसिद्धोऽर्थः प्रकाशते।
श्लिष्टलक्षणचित्रार्था सा शोभेत्यभि धीयते।' इत्याह

यथा नवमे—

नववृन्दा—( पुरोऽवलोक्य, सहर्षम् )

---

तक बन्द नहीं हो जाती तब तक इस मुखचन्द्र की दुर्लभ चन्द्रिका का पान थोड़ी देर इसे करने दिया जाए।

श्रीकृष्ण—( राधिका को देख प्रसन्न होकर ) श्रीराधा की शरीररूपी नगरी में बाल्यकाल की घोषणा करने वाले शासक के नष्ट हो जाने से मानो इसके दोनों सुन्दर नेत्र कर्ण प्रदेश की सीमा का उल्लङ्घन करने के लिये बढ़ रहे हैं, उरोज त्रिवली के गुणों से मध्यभाग को बाँध कर अपना विस्तार करने लगे हैं और चंचल भौहें चढ़ाए हुए धनुष की लीला का अपहरण करने लगी है।

यहाँ दोनों ( श्रीराधा और कृष्ण ) के कथन द्वारा परस्पर अपने आन्तरिक भाव प्रकट करने से 'शोभा' है। अन्य आचार्य का मत है कि—'जहाँ प्रसिद्ध अर्थ के साथ अप्रसिद्ध अर्थ को प्रकट किया जाए और जहाँ श्लेष, कोमलता और वैचित्र्यगुम्फित रचना रहे तो उसे 'शोभा' मानना चाहिये।' ( सा० द० ६।१७६ )

जैसे नवम अंक में :—

नववृन्दा—( सामने देख प्रसन्न होती हुई ) पृथ्वी के वन प्रदेश को विशुद्ध करने वाली, चन्द्र के शीतल प्रकाश को विस्तीर्णकरने में निपुण

निर्मितभुवनविशुद्धि-र्विधुर्मधुरालोकसाधने निपुणा।
उल्लसित-परमहंसा भक्तिरिवेयं शरन्मिलति ॥
( ल० मा० ६।१ )

अथ संशयः—

अनिश्चयात्तु यद्वाक्यं सन्देहस्स निगद्यते ॥ १५९ ॥

यथा द्वितीये—( नेपथ्ये )

स्थूलस्तालभुजोन्नतिर्गिरितटीवक्षाः क्व यक्षाधमः
क्वायं बालतमालकन्दलमृदुः कन्दर्पकान्तः शिशुः।
नास्त्यन्यः सहकारितापटुरिह प्राणो न जानीमहे
हा! गोष्ठेश्वरि कीदृगद्य तपसां पाकस्तवोन्मीलति ॥
( ल० मा० २।२८ )

---

एवं हंसों के उल्लास को बढ़ाने वाली यह शरदृऋतु भक्ति के समान प्राप्त हो रही है।

[ **भक्ति पक्ष में**—संसार को निर्मल करने वाली, श्रीकृष्णचन्द्र के शीतल प्रकाश से मधुरता लिये हुए, प्राणियों के हितसाधन में निपुण तथा परमहंसों (भक्तों) को उल्लसित करने वाली, 'भक्ति' (प्राप्त हो गयी) है।]

**संशय**

जिस वाक्य में ( अन्त तक ) किसी तथ्य का निश्चय न होता हो उसे 'संशय' समझना चाहिये ॥ १५९ ॥

जैसे द्वितीय अंक में :—

( नेपथ्य में ) कहाँ ताड़ वृक्षों के समान मोटी भुजाओं और गिरितट के समान उन्नतवक्षाः वह नीच यक्ष और कहाँ छोटे तमाल वृक्ष की टहनी जैसी शोभावाला, कामदेव जैसा सुन्दर एवं कोमल बालक। आज यहाँ सहायता देने में चतुर कोई प्राणी नहीं रहा यह हमें ज्ञात हो गया। हाय, यशोदे! तुम्हारे तप का आज यह कौन फल प्रकट होने लगा है ?

---

१. विधुविधुरेति अ० पु० पाठः।
२. कन्दलरुचिः इति ख० पु० पाठः।

अत्र संशयेनैव वाक्यसमाप्तेरयं संशयः ।

अथ दृष्टान्तः—

[1]स्वपक्षे दर्शनं हेतोर्दृष्टान्तः साध्यसिद्धये ॥ १६० ॥

यथा नवमे—

कृष्णः—( विमृश्य ) अथवा

धीरः प्रकृत्यापि जनः कदाचिद्
धत्ते विकारं समयानुरोधात् ।
क्षान्तिं हि मुक्त्वा चलवच्चलन्ती
सर्वंसहा भूरपि भूरि दृष्टा ॥ (ल० मा० ६।२०)

अत्र धीरेऽपि जने विकारसद्भावे साध्ये तत्साधकस्य चलनरूपविकारस्य हेतोः सर्वंसहायां भुवि[2] दर्शितत्वाद् दृष्टान्तः ।

---

यहाँ सम्पूर्ण वाक्य में सन्देहवश किसी तथ्य का निश्चय न होने से 'संशय है।

**दृष्टान्त**

इष्ट अर्थ की सिद्धि के लिये कारण बतलाते हुए किसी अर्थ को अपने ही पक्ष में लगा लेना 'दृष्टान्त' है ॥ १६० ॥

जैसे नवम अंक में :—

श्रीकृष्ण—( सोचते हुए ) स्वभावतः गम्भीर प्रकृति के पुरुष के मन में भी समय पाकर कभी विकार उत्पन्न हो जाता है । क्योंकि सभी कुछ सहन करने वाली ( सर्वंसहा ) पृथ्वी भी गंभीरता छोड़ कर धूजते हुए देखी जाती है ।

प्रस्तुत पद्य में 'गंभीर मनुष्य में भी विकार हो सकते हैं' को सिद्ध करने के लिये पृथ्वी को धूजने का उदाहरण देने के कारण 'दृष्टान्त' है ।

---

१. पक्षाभिमर्शतमिति अ० पु० पाठः ।

२. भूरि दर्शितत्वात् इति क० ख० पुस्तके पाठः ।

अथाभिप्रायः—

अभिप्रायस्त्वभूतार्थो हृद्यः साम्येन कल्पितः ।
अभिप्रायं परे प्राहुर्ममतां हृद्यवस्तुनि ॥ १६१ ॥

यथा चतुर्थे—

कृष्णः—( सोत्सुकं रोमाञ्चमुन्मील्य )
उद्गीर्णाद्भुतमाधुरी—परिमलस्याभीरलीलस्य मे
द्वैतं हन्त ! समक्षयन्मुहुरसौ चित्रीयते चारणः ।
चेतः केलिकुतूहलोत्तरलितां सद्यः सखे मामकं
यस्य प्रेक्ष्य [1]सुरूपतां व्रजवधूसारूप्यमन्विष्यति [2] ॥

( ल० मा० ४।१६ )

अत्राभूतार्थरूपस्य भगवद्-द्वितीयत्वस्य नटे कल्पनमभिप्रायः, हृद्यवस्तुनि स्वसौन्दर्ये भोगेच्छया ममता वा ।

---

अभिप्राय

असंभव वस्तु की समानता बतलाते हुए रमणीय कल्पना करना 'अभिप्राय' कहलाता है। अन्य आचार्य सुन्दर वस्तु की ओर होने वाली ममता या आकर्षण को 'अभिप्राय' कहते हैं ॥ १६१ ॥

जैसे चतुर्थ अंक में :—

श्रीकृष्ण—( उत्सुकता प्रकट करते हुए रोमाञ्चित होकर ) यह नट माधुर्य के सौरभ को विकीर्ण करने वाली मेरी ग्वाल लीला को दूसरी बार अभिन्न रूप में प्रत्यक्षतः चित्रित कर रहा है। आज इसके अभिनय की रमणीय अभिव्यक्ति को देख कर मेरा मन चंचल होकर केलि कौतूहल हेतु व्रजाङ्गनाओं की समानता को तलाश करने लगा है।

प्रस्तुत उदाहरण में केवल भगवान् में रहने वाले असम्भव स्वरूप की नट में कल्पना करने से 'अभिप्राय' है। अथवा सुन्दर लगने वाले स्वयं के स्वरूपसौन्दर्य में लगाव होकर भोगेच्छा वा ममता जागृत हो जाना 'अभिप्राय' समझना चाहिये ।

---

१. सरूपतामिति ख० पु० पाठः ।
२. मन्विच्छति इति ख० पु० पाठः ।

अथ निदर्शनम्—

[1]यथार्थानां प्रसिद्धानां क्रियते परिकीर्तनम् ।
परोपेक्षाव्युदासार्थं तन्निदर्शनमुच्यते ॥ १६२ ॥

यथा चतुर्थे—

गार्गी—( संस्कृतेन )

कामं सर्वाभीष्टकन्दं मुकुन्दं
या निर्बन्धात् प्राहिणोदिन्धनाय ।
[2]आचार्यानी सा करोति स्म पण्यं[3]
पिण्याकार्थं हन्त चिन्तामणीन्द्रम् ॥ (ल० मा० ४।६)

अत्र बिम्बानुबिम्बवस्तुबोधनात् निदर्शनम् ।

अथ सिद्धिः—

अतर्कितोपपन्नः स्यात्सिद्धिरिष्टार्थसङ्गमः ।

---

निदर्शन

जब दूसरे के पक्ष या उपेक्षा को खण्डित करने के लिये प्रसिद्ध वस्तु का ( बिम्ब प्रतिबिम्ब भाव के साथ ) निरूपण किया जाये तो उसे 'निदर्शन' समझना चाहिये ॥ १६२ ॥

जैसे चतुर्थ अंक में :—

गार्गी—( संस्कृत भाषा में ) जो आचार्यानी सभी के प्रिय मुकुन्द को आग्रह कर लकड़ी लाने के लिये भेजती है वह मानो सरसों या तिल की खली के लिये चिन्तामणि रत्न का विनिमय करती है ।

प्रस्तुत अंश में प्रसिद्ध वस्तु का बिम्ब प्रतिबिम्ब भाव के द्वारा बोधन करवाने के कारण 'निदर्शन' है ।

सिद्धि

अभीष्ट वस्तु की अकस्मात् उपलब्धि हो जाना 'सिद्धि' कहलाता है ।

---

१. अत्रार्थानामिति अ० पु० पाठः ।
२. आचार्याणामिति ब० पु० पाठः ।
३. पुण्यमिति ब० पु० पाठः ।

यथा षष्ठे—

कृष्णः—( यथा कृत्वा सगद्गदम् )

उपतरु ललितां तां प्रत्यभिज्ञाय सद्यः
प्रकृतिमधुररूपां वीक्ष्य राधाकृतिं च[१] ।
मणिमपि परिचिन्वञ् शङ्खचूडावतंसं
मुहुरहमुदघूर्णं भूरिणा सम्भ्रमेण ॥ (ल० मा० ६।४०)

अत्र इष्टस्य ललितादर्शनस्यातर्कितोपपन्नत्वात् सिद्धिः । कश्चित्तु—'बहूनां कीर्तनं सिद्धिरभिप्रेतार्थ-सिद्धये' इत्याह ।

तद् यथा—दशमे—

कृष्णः—प्रिये त्वदास्यं पश्यतो मे नोपमानवस्तूनि हृदयमारोहन्ति नः । यतः—

धत्ते न स्थितियोग्यतां चरणयोरङ्केऽपि पङ्केरुहं
नाप्यङ्गुष्ठनखस्य रत्नमुकुरः कक्षासु दक्षायते ॥

---

जैसे षष्ठ अंक में :—

श्रीकृष्ण—( वैसा करते हुये गद्गद होकर ) तब वृक्ष के पास स्थित ललिता को पहिचान कर और वृक्ष के नीचे स्थित राधा की उस सहज सुन्दर प्रतिमा को देख और शंखों से निर्मित वेणी के साथ सजायी हुई उस ( स्यमन्तक ) मणि को पहिचान कर मुझे अति भ्रमवश चक्कर आने लगा ।

प्रस्तुत अंश में ललिता-दर्शन की अकस्मात् उपलब्धि होने से 'सिद्धि' है । कोई आचार्य ( सा० द० ) अपनी इष्ट सिद्धि के लिये अनेक बातों को एक साथ कह देना 'सिद्धि' मानते हैं ।

जैसे इसी नाटक के दशम अंक में :—

श्रीकृष्ण—प्रिये, तुम्हारा मुँह देखने पर मुझे उसकी तुलना के लिये कोई भी उपमानवस्तु स्थिर भाव से मन में नहीं टिकने पाती । क्योंकि कमल में तुम्हारे दास होने की भी योग्यता नहीं है, रत्नों से जटित या निर्मित दर्पण तुम्हारे पैर के अंगूठे के नख के अंश की भी बराबरी

---

१. कृतिश्चेति ब० पु० पाठः ।

चण्डि, त्वन्मुखमण्डलस्य परितो निर्मञ्छनेप्यक्षमा ।
नौचित्यं भजते समुज्ज्वलकला सान्द्रापि चन्द्रावली ॥
(ल० मा० १०।१२)

अत्र स्पष्टं गुणकीर्तनम्[1] ।

अथ प्रसिद्धिः—

प्रसिद्धिर्लोकविख्यातैरर्थैः स्वार्थप्रसाधनम् ॥ १६३ ॥

यथा षष्ठे—

नवबृन्दा—(स्वगतम्)

वसन्ती शुद्धान्ते मधुरिमपरीता मधुरिपो-
रियं तन्वी सद्यः स्वयमिह भवित्री करगता ।
वृताङ्गीमुत्तुङ्गैरविकलमधूलीपरिमलैः[2]
प्रफुल्लां रोलम्बे नवकमलिनीं कः कथयति[3] ॥
(ल० मा० ६।२८)

---

नहीं कर सकता । हे कोपने, वह घनी चन्द्रावली अपनी सम्पूर्ण उज्वल कलाओं से पूर्ण होने पर भी तुम्हारे मुखमण्डल की आभा को सहज में ही तिरोहित कर लेने की योग्यता नहीं रख पा रही है ।

यहाँ गुणों का कीर्तन स्पष्ट है ।

**प्रसिद्धि**

लोकप्रसिद्ध उत्कृष्ट पदार्थों के द्वारा किसी वस्तु का परिचय करवाना 'प्रसिद्धि' कहलाता है ॥ १६३ ॥

जैसे षष्ठ अंक में :—

नवबृन्दा—(राधा के साथ चलती हुई, स्वगत) माधुर्य परिपूर्ण होकर अंतःपुर में रहने के कारण यह कोमलांगी स्वयं ही मुरारि को हस्तगत होने वाली है क्योंकि वसन्त परिमल से अपने शरीर को

---

१. अयं भागः अ० क० पुस्तकयोर्नास्ति ।
२. मधुनां परिमलैरिति अ० पु० पाठः ।
३. प्रथयति इति ब० पु० पाठ ।

अत्र लोकविख्यातस्य प्रफुल्लकमलिनीरोलम्बसङ्गमस्य कथनेन स्वार्थस्य राधामाधवयोः सङ्गमस्य साधनं प्रसिद्धिः ।

अथ दाक्षिण्यम्—

[१]दाक्षिण्यन्तु भवेद्वाचा परचित्तानुवर्तनम् ॥ १६४ ॥

यथा—द्वितीये—

ललिता—( सालीकम् ) अज्जे, पेक्ख । एसो किण्हो मोडिमं अह्म विडंवणं करेदि । [ आर्ये, पश्य । एष कृष्णः बलादस्मद्-विडंबनं करोति । ]

अत्र ललितया मुखरायाः चित्तानुवृत्तिर्दाक्षिण्यम् ।

अथार्थापत्तिः—

उक्तार्थानुपपत्त्याऽन्यो यस्मिन्नर्थः प्रकल्पते ।
वाक्यान्माधुर्यसंयुक्तात्सार्थापत्तिरुदाहृता ॥ १६५ ॥

---

आवृत करने वाली विकसित कमलिनी की अवस्था भौंरे को बतलाने के लिये कौन जाता है ?

यहाँ विकसित कमलिनी तथा भ्रमर के लोकप्रसिद्ध संगम को बतलाते हुये स्वाभीष्ट राधा-माधव-मिलन का संकेत करना 'प्रसिद्धि' है।

**दाक्षिण्य**

अपनी ( मधुर ) वाणी द्वारा दूसरों के मन का अनुरञ्जन करना 'दाक्षिण्य' कहलाता है ॥ १६४ ॥

जैसे द्वितीय अंक में :—

ललिता—( झूठ मूठ बतलाती हुई ) आर्य, देखो । यह कृष्ण हमारी हठात् नकल करने लगा है ।

प्रस्तुत अंश में ललिता के द्वारा मुखरा का अनुरंजन करना 'दाक्षिण्य' है ।

---

१. दाक्षिण्यमुद्भवेदिति क० पु० पाठः ।

यथा—नवमे—

नववृन्दा—

कुन्ददन्ति दृशोर्द्वन्द्वं चन्द्रकान्तमयं तव ।

उदेति हरि-वक्त्रेन्दौ स्यन्दते कथमन्यथा ? (ल० मा० ९।१३)

अत्र स्यन्दनान्यथानुपपत्त्या नेत्रस्य चन्द्रकान्तमयत्वकल्पनादियमर्थापत्तिः ।

यथा वा—दशमे—

चन्द्रावली—देअ ! तुह्म विलास सोक्खाणं वाहादेण किद-महापराहम्हि[1] । ता कारुण्णेण आणवेहि । जधा गोट्ठवइणो गोट्ठं गदुअ वसंती तुमं सुहिणं करोमि । [ देव ! तव विलाससौख्यानां व्याघातेन कृतमहापराधास्मि । तत् कारुण्येनाज्ञापय । यथा गोष्ठपतेर्गोष्ठं गत्वा वसन्ती त्वां सुखिनं करोमि । ]

---

**अर्थापत्ति**

जहाँ उक्त अर्थ के उपपन्न न होने पर अन्यार्थ प्रतीति माधुर्यपूर्ण वाक्यों के द्वारा की जाए तो उसे 'अर्थापत्ति' समझना चाहिये ॥१६५॥

जैसे नवम अंक में :—

नववृन्दा—अरी कुन्द सदृश शुभ्र दाँतों वाली, तुम्हारे ये दोनों नेत्र चन्द्रकान्तमणि से ही निर्मित किये गये हैं। यदि ऐसा न होता तो ये कृष्णरूपी चन्द्र के उदित होने पर क्यों बहने लगते ?

प्रस्तुत अंश में नेत्रों को चन्द्रकान्त मणि से निर्मित न मानने पर उनका बहना नहीं बतलाया जाने से 'अर्थापत्ति' समझना चाहिये ।

अथवा दशम अंक में :—

चन्द्रावली—देव, आपके विलास सुख में बाधा उत्पन्न करने के कारण मैं अपराधिनी बन गई। इसलिये मुझे इतना आदेश देने की दया करें कि गोपेश्वर की गोशाला में स्थित होकर तुम्हें सुखी बनाऊँगी।

---

१. किदमहापावह्मि इति ख० पु० पाठः ।

अत्र गोष्ठगमनार्थस्यानुपपत्त्या सत्यासङ्गमनिषेधः प्रकल्प्यते ।

अथ विशेषणम्—

सिद्धान्बहून्प्रधानार्थानुक्त्वा यत्र प्रयुञ्जते ।
विशेषयुक्तं वचनं विज्ञेयं तद्विशेषणम् ॥ १६६ ॥

यथा—चतुर्थे—

कृष्णः—

लक्ष्मीवानिह दक्षिणानिलसखः साक्षान्मधुर्मोदते
माद्यद्भृङ्गविहङ्गहारिविहसत्यत्रापि वृन्दावनम् ।
राधा यद्यभिसारमत्र कुरुते सोऽयं महानेव मे
सान्द्रानन्द-विलास-सिन्धुलहरी-हिन्दोलकोलाहलः ॥
(ल० मा० ४।१७)

अत्र प्रसिद्धार्थान्मधुवृन्दावनादीनुक्त्वा राधाभिसारस्य वैशिष्ट्यकथनाद्विशेषणम् ।

---

यहाँ गोशाला में जाना रूपी अर्थ अनुपपन्न होकर सत्या के समागम का निषेध प्रतीत करवाने से 'अर्थापत्ति' समझना चाहिये ।

**विशेषण**

यदि अनेक प्रसिद्ध वस्तुओं का पहिले उल्लेख कर देने के उपरान्त फिर किसी एक में विशेषता बतलायी जाये तो उसे 'विशेषण' समझना चाहिये ॥ १६६ ॥

जैसे चतुर्थ अंक में :—

श्रीकृष्ण—यहाँ दक्षिणानिल का मित्र वसन्त अपनी सम्पूर्ण शोभा के साथ स्वयं विकसित हो रहा है और मदमत्त भौंरों और पक्षियों से मनोहर होकर वृन्दावन भी खिलखिलाकर प्रसन्न हो रहा है। ऐसे अवसर पर यदि राधा भी अभिसार करे तो निश्चित् ही आनन्द और विलास के महासागर में उत्पन्न होने वाली लहरियों के आन्दोलन की अतिशय कोलाहल भरी अवस्था बन जायेगी ।

प्रस्तुत अंश में वसन्तऋतु तथा वृन्दावन आदि प्रसिद्ध वस्तुओं का उल्लेख करने के उपरान्त राधाभिसार का विशेषतः उल्लेख करने से 'विशेषण' है ।

कश्चित् तु लेखिष्यमाणं—'नवनवसुधासम्बाधोऽपी'त्यादि-पद्यमत्रोदाहरति ।

अथ पदोच्चयः—

बहूनान्तु प्रयुक्तानां पदानां बहुभिः पदैः ।
उच्चयः सदृशार्थो यः स विज्ञेयः पदोच्चयः ॥ १६७ ॥

यथा चतुर्थे—

कृष्णः—

मतिरघूर्णत सार्धमलिव्रजैः
धृतिरभून्मधुभिस्सह विच्युता ।
व्यक्तसदुत्कलिका कलिकालिभिः
समम[1]मिह प्रियया वियुतस्य मे ॥ (ल० मा० ४।२१)

अत्र मत्यादीनां घूर्णादिक्रियासु अलिव्रजादिभिः समावेशादयं पदोच्चयः ।

---

कुछ आचार्य आगे दिये जाने वाले 'नवनवसुधासम्बान्धोऽपी' आदि पद्य को विशेषण का उदाहरण मानते हैं ।

**पदोच्चय**—प्रयोग किये गये अनेक पदों के समानता बतलाने वाले अर्थ का अनुरूप पदों में गुम्फन 'पदोच्चय' कहलाता है ॥ १६७ ॥

जैसे चतुर्थ अंक में :—

श्रीकृष्ण—प्रियतमा से वियुक्त हो जाने की दशा में इन भौंरों के साथ मेरी बुद्धि भी घूमने लगी है, वसन्त के साथ धैर्य भी लुप्त हो रहा है और पुष्पों की कलियों के साथ मिलन की उत्कण्ठा भी चटखाने लगी है ।

प्रस्तुत अंश में मति घूमने आदि क्रियाओं के साथ भँवरों के समूह आदि की समानता बतलाने वाले ,पदों का सन्निवेश करने के कारण 'पदोच्चय' समझना चाहिये ।

---

१. अयमहप्रिययेति क० पु० पाठः ।

कश्चित्तु—'उच्चयोऽर्थानुरूपो यः पदानां स पदोच्चयः' इत्याह।
यथा दशमे—

सुतनु किञ्चिदुदञ्चय लोचने चलचकोर-चमत्कृति-चुम्बिनी।
स्मितसुधाञ्च सुधाकरमाधवी विधुरतो विधयेऽत्र[1] धुरन्धराम्॥
(ल० मा० १०।८)

अथ तुल्यतर्कः—

रूपकैरुपमाभिर्वा तुल्यार्थाभिः प्रयोजितः।
अप्रत्यक्षार्थसंस्पर्शः तुल्यतर्क इतीरितः॥ १६८॥

यथा तत्रैव—नवमे—

कृष्णः—

कदर्थनादप्युरुबाल्यचापलैरुत्सर्पतो स्नेहभरेण विक्लवाम्।
विलोकमानस्य ममाद्य मातरं हविर्विलायं[2] हृदयं विलीयते॥
(ल० मा० ९।२६)

---

कोई आचार्य 'अर्थ के अनुरूप पदों का सन्निवेश करना 'पदोच्चय' बतलाते हैं' ( सा० द० ६।१८० )।

जैसे दशम अंक में :—

सुन्दरी, तुम अपने उन नेत्रों को तो थोड़ा ऊपर उठाओ जो चंचल चकोर के समान चमत्कृत करने वाले हैं और मधुर मुसकान रूपी सुधा का जो इस कार्य में अतिशय प्रमुख रहती है—विस्तार कीजिये ?

तुल्यतर्क—उपमा या रूपक के द्वारा किसी परोक्ष अर्थ को समानता बतलाते हुए अभिहित करना 'तुल्यतर्क' कहलाता है ॥१६८॥

जैसे नवम अंक में :—

मेरे द्वारा बाल्यकाल में अतिशय चपलता वश सतायी जाने के कारण घबड़ाई हुए माता को आज उमड़ते हुए प्रेमाधिक्य के कारण देखने पर मेरा हृदय घृत ( हविष् द्रव्य ) के समान द्रवित हो रहा है।

प्रस्तुत उदाहरण में 'घृत' के समान द्रवित होने में लुप्तोपमा के द्वारा अप्रत्यक्ष चित्तद्रव का कथन करना 'तुल्यतर्क' है।

---

१. विधयेऽद्येति ब० पु० पाठः। २. विलोयमिति ब० पु० पाठः।

अत्र हरिर्विलायमिति लुप्तोपमयाऽप्रत्यक्षस्य चित्तद्रवस्य कथनं तुल्यतर्कः।

कश्चित्तु 'तुल्यतर्को' यदर्थेन तर्कः प्रकृतगामिने'त्याह।

यथा चतुर्थे—

जटिला—णूणं, णूउरसद्देन आहडिट्टां एदे हंसा हंसणंदिणीजलादो वणे धाअन्ति। ता वहूडिआ णादिदूरे हविस्सदि। [ नूनं नूपुरशब्देनाकर्षिता एते हंसा हंसनन्दिनीजलात् वने धावन्ति। तद्वधूटिका नातिदूरे भविष्यति। ]

अथ विचारः—

विचारस्त्वेकसाध्यस्य वहुसाधनवर्णनम्।

यथा प्रथमे—

कृष्णः—

सखे, मधुमङ्गल, पश्य।

अतनुतृणकदम्बास्वादशैथिल्यभाजा-
मविरलतरहंभारम्भताम्यन्मुखीयम्।

---

कोई आचार्य—'प्रकृत पदार्थ के द्वारा ( समानता बतलाने वाले ) तर्क प्रस्तुत करना 'तुल्यतर्क' मानते हैं ( सा० द० ६।१८० )।

जैसे चतुर्थ अंक में :—

जटिला—जब पैंजन की आवाज से खिंचकर ये हंस जमुना के जल से निकल कर वन की ओर भाग रहे हैं तो जरूर बहू भी पास के ही किसी वन में होनी चाहिये।

**विचार**—एक साध्य के लिये अनेक साधनों का वर्णन करना 'विचार' कहलाता है।

जैसे प्रथम अंक में :—

श्रीकृष्ण—मित्र मधुमंगल, देखो। तृणों का अतिशये आस्वादन करने से अघायी हुई और इसी कारण धीरे धीरे चलने वाली यह

---

१. हम्वारन्त इति ब० पु० पाठः।

चटुलितनयनश्रीरावली नैचिकीनां
पथि[1] सुवलितकण्ठी गोकुलोत्कण्ठिताभूत् ॥
( ल० मा० १।२८ )

अत्रोत्कण्ठितस्य[2] साध्यस्य साधनानि तृणास्वादशैथिल्यादीनि। यद्वा अग्रे लेख्यं 'शरणमिह यो भ्रातुः' ( ल० मा० ५।२५ ) इत्यादि पद्यमत्रोदाहरणं ज्ञेयम्। कश्चित्तु—'विचारो युक्तिवाक्यैर्यदप्रत्यक्षार्थदर्शनम्' इत्याह। अत्रोक्तमुदाहरणमपि सङ्गच्छते।

अथ तद्विपर्ययः—

विचारस्यान्यथाभावो विज्ञेयस्तद्विपर्ययः ॥ १६९ ॥

यथा—षष्ठे—

राधा—( सव्यथमाकाशे संस्कृतमाश्रित्य )

---

सुरभि गौओं की पाँत अब धीरे धीरे उत्कंठा के कारण गोकुल की ओर जाने के लिये उतावली हो रही है। इसलिये इनके मुँह अति हुङ्कार भरने से खिन्न हो रहे हैं, नेत्र चञ्चल हैं और ये सुन्दर कण्ठों को तिरछे घुमाती हुई रास्ता पार कर रही हैं।

प्रस्तुत वर्णन में उत्कण्ठातिशय साध्य है तथा इसी को उपपन्न करने के लिये तृणों के अतिशय आस्वादन में शिथिलता आदि अनेक कारण साधन रूप में प्रस्तुत करने से 'विचार' है। अथवा इसका उदाहरण—'अग्रे लेख्यम्' इत्यादि पद्य समझना चाहिये। किसी आचार्य ने इसका लक्षण किया है—'युक्तियुक्त' वाक्य के द्वारा अप्रत्यक्ष अर्थ को सिद्ध करना 'विचार' है ( सा० द० ६।१८२ )। ऐसा लक्षण मानने पर भी हमारा उक्त उदाहरण ही ठीक घट जाता है।

विपर्यय—अपने विचार के विपरीत ( कार्य आदि ) हो जाना 'विपर्यय' कहलाता है ॥ १६९ ॥

जैसे इसी नाटक के षष्ठ अंक में :—

राधा—( दुःखी हो ऊपर ( आकाश में ) देखती हुई, संस्कृत भाषा में। )

---

१. पथिषु इति अ० पु० पाठः। २. अत्रोत्कठितश्च इति अ पु० पाठः।

विचित्रायां क्षोण्यामजनिषत कन्याः कति न वा
कठोराक्षी नान्या निवसति मया कापि सदृशी ।
मुकुन्दं यन्मुक्त्वा समयमहमद्यापि गमये
धिगस्तु प्रत्याशामहह धिगसून् धिङ् मम धियम् ॥
( ल० मा० ६।२१ )

अत्रोद्वेगातिशयेन प्रत्याशाधिकरणाद्विपर्ययः ।

अथ गुणातिपातः—

गुणातिपातो व्यत्यस्तं[1]गुणाख्यानमुदाहृतः ॥ १७० ॥

यथा चतुर्थे—( सोल्लुण्ठं विहस्य, संस्कृतेन )

व्रजेश्वरसुतस्य कः परवधूविनोदक्रिया-
प्रशस्तिभरभूषितं गुणमवैति नास्य क्षितौ ।
यदेष रतितस्करः पथि निरुध्य साध्वीर्बला-
त्तदीयकुचकुड्मले करजमौनमो विष्णवे ॥
( ल० मा० ४।३१ )

---

इस विचित्र पृथ्वी पर कितनी ही कन्यायें उत्पन्न नहीं होतीं ? पर मेरे समान कठोर हृदय वाली ऐसी कोई न होगी जो मुकुन्द को छोड़ कर आज यों ही अपना समय बिताती हो। हाय! हाय!! ऐसी आशाओं, (ऐसे) प्राणों और मेरी ( ऐसी ) बुद्धि को भी धिक्कार है ! धिक्कार है !!

प्रस्तुत अंश में उद्वेग के आधिक्य होने से सभी को धिक्कारना 'विपर्यय' है ।

**गुणातिपात**—किसी के गुणों का विपरीत दिशा से वर्णन करना 'गुणातिपात' कहलाता है ॥ १७० ॥

जैसे चतुर्थ अंक में :—

( आक्षेप करते हुये हँस कर संस्कृत भाषा में ) इस व्रजराज के कुमार को दूसरों की बहू-बेटियों से विनोद करने का क्या वास्ता ? पृथ्वी पर इसके प्रशस्तियों के भार अलंकृत होने वाले गुणों को कौन

---

१. व्यत्यस्तो इति क० पु० पाठः ।

अत्र प्रकटश्च गुणातिपातः । कश्चित्तु—'गुणातिपातः कार्यं यद्विपरीतं गुणान् प्रति' ( सा० द० ) इत्याह ।

यथा पञ्चमे—चन्द्रावली ( संस्कृतेन )

शरणमिह यो भ्रातुस्तस्य प्रतीपविधायिना
हितकृदपि ता देव्यास्तस्याः समग्रमुपेक्षणम् ।
गतिरविकलो यो मे तस्य प्रियस्य च विस्मृति-
र्वत हतविधौ वामे सर्वं प्रयाति विपर्ययम् ॥

( ल० मा० ५।२५ )

अथ अतिशयः—

बहून् गुणान्कीर्तयित्वा सामान्येन च संश्रितान् ।
विशेषः कीर्त्यते यत्र ज्ञेयः सोऽतिशयो बुधैः ॥ १७१ ॥

---

नहीं जानता कि यह रति-चौर हो, सती-साध्वी वधुओं को रास्तों में रोक कर उनके उरोज-कुड्मलों पर अपने नखों से खरोंचें डाल देता है।

प्रस्तुत उदाहरण में स्पष्टतः 'गुणातिपात' है। कोई आचार्य प्रसिद्ध गुणों के विपरीत कार्य हो जाना 'गुणातिपात' मानते हैं। ( सा० द० ६।१८४ )।

जैसे इसी नाटक के पंचम अंक में :—

चन्द्रावली—( संस्कृत भाषा में ) जो भाई रक्षक था उसी के द्वारा विपरीत आचरण किया गया, जो देवी हित करने वाली थी उसी की पूर्णतः उपेक्षा की गयी और जो मेरा एक मात्र आश्रय था उसी प्रिय की विस्मृति हो गयी। इस प्रकार स्पष्ट हो गया कि भाग्य के विपरीत होनें पर सभी कार्य विपरीत हो जाते या बिगड़ जाते हैं।

( प्रस्तुत उदाहरण में विपरीत कार्य होने से 'गुणातिपात' है। )

**अतिशय**—पहिले साधारण या समान गुणों को बतला कर बाद में वहीं विशेषता बतलाना 'अतिशय' कहलाता है ॥ १७१ ॥

यथा प्रथमे—कृष्णः—

नवनवसुधासम्बन्धोऽपि प्रियोऽपि दृशां सदा
सरसिजवनीं म्लानां कुर्वन्नपि प्रभया स्वया।
विधुरपि कलापूर्णोऽप्युच्चैः कुरङ्गधरश्शशी
व्रजमृगदृशां वक्त्रैरेभिः सुरङ्गधरैर्जितः॥

(ल० मा० १।३३)

अत्र चन्द्रमुखयोः सुधासम्बन्धत्वादिसामान्यगुणकीर्तनानन्तरं मुखेषु सुरङ्गत्वकीर्तनं विशेषः।

अथ निरुक्तम्—

निरुक्तं निरवद्योक्तिर्नामान्यर्थप्रसिद्धये॥ १७२॥

यथा प्रथमे—कृष्णः—(चन्द्रावलीमासाद्य सानन्दम्)

---

जैसे प्रथम अङ्क में :—

श्रीकृष्ण—यद्यपि यह चन्द्र अयातयाम सुधा से पूर्ण है, सदा दृष्टि को प्रिय लगने वाला, अपनी प्रभा से कमलवन को मलिन कर देने वाला एवं समस्त कलाओं से पूर्ण होकर एवं कुरंग (हरिण, कुत्सितरंग) को धारण कर 'शशि' कहलाते हुए, व्रज की अंगनाओं के मुखों की सारी समानताएँ धारण करने पर भी इन सुन्दरियों के सुन्दर वर्ण वाले मुखों के सुरंग होने के कारण जीत लिया गया है।

प्रस्तुत उदाहरण में चन्द्र के साथ मुख की सामान्यगुणों के द्वारा समानता बतला कर बाद में चन्द्र को कुरङ्गधर और व्रजांगनाओं के मुखों को सुरंगधर बतलाने के कारण 'अतिशय' है।

निरुक्त—किसी अदुष्ट शब्द या कथन को पुष्ट करने के लिये उसके समर्थन में दीजाने वाली और प्रसिद्ध वस्तुओं को बतलाने वाली वाक्यावली को 'निरुक्त' समझना चाहिये॥ १७२॥

जैसे प्रथम अङ्क में :—

श्रीकृष्ण—(चन्द्रावली के समीप आकर प्रसन्न होते हुए) हे सुन्दरी, जब तुम्हारे मुख ने अपने भ्रूविक्षेप की लीला मात्र से चन्द्र को

---

१. मुखे इति ब० पु० पाठः।

नीतस्तन्वि मुखेन ते परिभवं भ्रूक्षेपविक्रीडया
बिभ्यद्विष्णुपदं जगाम शरणं तत्राप्यधैर्यं गतः ।
आसाद्य द्विजराजितां विजयिनः सेवार्थमस्योज्वल-
चन्द्रोऽयं द्विजराजतापदमगात्तेनासि चन्द्रावली ॥

( ल० मा० १।४० )

अत्र चन्द्रावली नाम निरुक्तम् ।

अथ गुणकीर्तनम्—

लोके गुणातिरिक्तानां बहूनां यत्र नामभिः ।
एकः संशब्दयते तत्तु विज्ञेयं गुणकीर्तनम् ॥ १७३ ॥

यथा द्वितीये—कृष्णः—( पुरो राधां पश्यन्नपवार्य )

विहार सुरदीर्घिका मम मनःकरीन्द्रस्य या
विलोचन-चकोरयोः शरदमन्दचन्द्र-प्रभा ।

---

पराभूत कर दिया तो भयभीत हो वह आत्मरक्षण के लिये आकाश में भाग गया पर उसे वहाँ भी शान्ति न मिल पायी फिर उसने अपने विजेता के दाँतों की पांत का स्वरूप ( द्विजराजिताम् ) सेवा के लिये प्राप्त किया और संतप्त चन्द्र के द्वारा ऐसा स्वरूप प्राप्त होने पर उन्हीं दाँतों की पांत को [ चन्द्रानाम् आवलिः ] तुम्हारे मुख द्वारा धारण कर लेने से तुम्हारा 'चन्द्रावली' नाम हो गया ।

यहाँ चन्द्रावली नाम की सार्थक एवं प्रसिद्ध व्याख्या करने से 'निरुक्त' है ।

**गुणकीर्तन**—जब समस्त संसार में उपलब्ध होने वाले गुणों की संख्या से अधिक गुण एक ही व्यक्ति में बतलाये जाएँ तो उसे 'गुणकीर्तन' कहते हैं ॥ १७३ ॥

जैसे द्वितीय अङ्क में :—

श्रीकृष्ण—( अपने सम्मुख राधा को देखकर अपवारित के द्वारा ) मेरे मन रूपी मत्तगजेन्द्र के विहारार्थ निर्मित की गयी जो दिव्य वापिका ( सुरदीर्घिका ) है, मेरे नेत्रचकोरों के आह्लादार्थ शरद ऋतु

उरोम्बरतटस्य चाभरणचारुतारावली
मयोन्नत-मनोरथैरियमलम्भि सा राधिका ॥
( ल० मा०. २।१० )

अत्र सुरदीर्घिकाशब्दैः राधासंशब्दनं गुणकीर्तनम् ।

अथ गर्हणम्—

यत्र सङ्कीर्तयन् दोषान्गुणमर्थेन दर्शयेत् ।
गुणान्वा कीर्तयन्दोषं दर्शयेद्गर्हणं हि तत् ॥ १७४ ॥

तत्राद्यं यथा सप्तमे—माधवी—देअ ! कटोरप्पा एसा भट्टिदारिआ सुट्ठु तावं सोढुं पारेदि जं तुम्ह पच्चक्खं च्चेअ चंद-भाआमंदिरे जलंतं जलनकुंडं जलकेलिकुण्डं विण्णादवदी । [ देव ! कठोरात्मैषा भर्तृदारिका सुष्ठु तापं सोढुं पारयति तत्त्वं प्रत्यक्षमेव चन्द्रभागामन्दिरे ज्वलन्तं ज्वलनकुण्डं जलकेलिकुण्डं विज्ञातवती । ]

---

की अतिशय विस्तीर्ण ज्योत्स्ना है, मेरे वक्षरूपी आकाश को अलंकृत करने वाली तारावली ( एक अलंकार जो वक्षःस्थल पर धारण किया जाता है; तारों की पांत ) है वही यह राधिका है जिसे मैंने अपने उत्कट मनोरथ के द्वारा प्राप्त किया है [ अथवा अतिशय गुणशालिनी [ साराधिका ] इस सुन्दरी को मैंने अपने उत्कृष्ट मनोरथ से ( आज ) प्राप्त किया है ]

प्रस्तुत अंश में सुरदीर्घिका आदि शब्दों के द्वारा राधिका का वर्णन करना 'गुणकीर्तन' है।

**गर्हण**—दोषों को बतला कर उन्हें गुण के रूप में और गुणों को बतला कर दोषों के रूप में दर्शाया जाए तो 'गर्हण' समझना चाहिये ॥ १७४ ॥

इनमें प्रथम ( दोषों का गुण रूप में दर्शाना ) का उदाहरण सप्तम अंक में :—माधवी—देव, यह राजकुमारी बड़ी मजबूत है और सन्ताप को सहन करने में समर्थ भी। यह तुम्हें विदित ही है कि इसने

कृष्णः ( स्वगतम् )—माधवि ! साधु साधु यदत्र स्नेहातिरेकं सूचयन्ती समये सख्यसेवां वितनोषि।

अत्र कठोरादिरूपस्य[1] दोषस्य कथनमपि कृष्णविषयानुराग गुणकीर्तनतया पर्यवसितम्।

द्वितीयं यथा—चतुर्थे—

कुन्दलता—वीराहिमण्णो ! पुण्णवदी मे सही राहा। जाए दक्खिणा सच्चवादिणी सिणिद्धा तुम्ह मादा सस्सू लद्धा। [ वीराभिमन्यो ! पुण्यवती मे सखी राधा। यया दक्षिणा सत्यवादिनी स्निग्धा तव माता श्वश्रूर्लब्धा। ]

अत्र गुणकीर्तनमप्यर्थतो[2] दोष[3] इति गर्हणम्।

---

चन्द्रभागा के मन्दिर में जलते हुए अग्निकुण्ड को जलविहार का कुण्ड समझ लिया था।

श्रीकृष्ण—( अपने मन में ) माधवी, ठीक ही कहा। तुमने इसके अतिशय स्नेह की सूचना देकर अपना सूचना देने का कार्य एवं सखीस्नेह का निर्वाहित कर लिया।

प्रस्तुत अंश में कठोर ( मजबूत ) आदि बतलाना यद्यपि दोष है किन्तु वही श्रीकृष्ण के अनुराग रूपी गुण के रूप में प्रकट होने से 'गर्हण' है।

दूसरे ( गुणों का दोषरूप में दर्शाना ) का उदाहरण चतुर्थ अंक में :—

कुन्दलता—वीर अभिमन्यु, मेरी सखी यह राधा बड़ी भाग्यवती है; जिसने चतुर, सत्य बोलनेवाली और सदा प्रेम करनेवाली तुम्हारी माता को सास के रूप में प्राप्त किया है।

प्रस्तुत अंश में गुणों का वर्णन अन्ततः दोष में परिणत हो जाने से 'गर्हण' है।

---

१. कठोरत्वादिरूपेति ख० पु० पाठः।

२. अन्ततो इति क० पु० पाठः।

३. दोषायेति ख० पु० पाठः।

अथानुनयः—

अभ्यर्थनापरं वाक्यं विज्ञेयोऽनुनयो बुधैः ।

यथा पञ्चमे—

कृष्णः—( सास्रम् )

अयं कण्ठे लग्नः शशिमुखि जनस्ते प्रणयवान्
यदप्राप्त्या धन्यां तनुमतनुरूपां तृणयसि ।
प्रसीदाद्य प्राणेश्वरि विरम मास्मिन्ननुगते
कृथाः पत्यावत्याहितमिदमुरो मे विदलति[1] ॥

( ल० मा० ५।३५ )

अत्र कृष्णेन चन्द्रावलीप्रार्थनमनुनयः ।

अथ भ्रंशः—

पतनात्प्रकृतादर्थादन्यस्मिन्भ्रंश ईरितः ॥ १७५ ॥

यथा नवमे—माधवी—देअ, इमाणं पेम्मकोमलाणं

---

अनुनय—(किसी के लिये ) प्रार्थना करने वाले वचनों का व्यवहार करना 'अनुनय' है । जैसे पंचम अंक में :—

श्रीकृष्ण ( आँखों में आँसू लाकर ) चन्द्रमुखी प्रिये, जिसके प्राप्त न होने पर अपना सुन्दर रूप भी तुम तृणवत् तुच्छ समझती थी वही तुम्हारा प्रिय आज तुम्हारे गले से लगा हुआ है । इसलिये, तुम प्रसन्न हो जाओ । हे प्राणेश्वरी, अपने अनुगत स्वामी का इस प्रकार अहित मत करो ( ऐसा करने से ) आज मेरा हृदय फटा जा रहा है ।

प्रस्तुत अंश में श्रीकृष्ण के द्वारा चन्द्रावली की चाटुकारिता करना 'अनुनय' है ।

भ्रंश—प्रस्तुत अर्थ को छोड़कर स्वयं ही दूसरा ( अप्रस्तुत ) अर्थ कह देना 'भ्रंश' है ॥ १७५ ॥

जैसे नवम अङ्क में :—

माधवी—देव, प्रेम से मधुर वचनावाली का प्रयोग करने के कारण इसे अपने अनुकूल मत समझो । यह सत्या नहीं है ।

---

१. विलसतीति ख० पु० पाठः ।

अक्खराणं मा क्खु णं अहिरूवं जाणाहि। जं एसा सच्चा ण होदि। [ देव, एषा प्रेमकोमलानामक्षराणां मा खल्वेतामभिरूपां जानीहि। यदेषा सत्या न भवति। ]

कृष्णः—साधु माधविके! साधु! मदीयहृदयाशङ्का त्वया निरस्ता। तदिन्द्रजालाभिज्ञया नववृन्दयैव निर्मितेयं मायिकी देवी रसालमूलवर्तिनी खलु सत्या।

अत्र सत्याशब्दस्य प्रकृतार्थं सत्यभामारूपं परित्यज्य तथ्यार्थलक्षणस्य कथनाद् भ्रंशः। कश्चित्तु—कथयन्ति बुधाः भ्रंशं वाच्यादन्यतरद्वचः' इत्याह। यथा प्रथमे—

कृष्णः—सरोजाक्षि परोक्षं ते कदापि हृदयं मम।
न स्प्रष्टुमप्यलं बाधा राधा त्वाक्रम्य गाहते॥

(ल० मा० १।४२)

अत्र वाच्याद्राधाया अस्पर्शादन्यद्बाधाक्रमणं भ्रंशः।

---

श्रीकृष्ण—माधविके, तूने अच्छा किया। मेरे मन की आशङ्का दूर कर डाली। माया की विज्ञाता नववृन्दा ने इसी मायाविनी देवी को बनाया है जो आम्र के पेड़ की जड़ पर स्थित है और जो सत्या भी है।

यहाँ सत्या शब्द द्वारा प्रस्तुत सत्यभामा रूपी अर्थ को छोड़ कर दूसरे ही तथ्य (सच) अर्थ को ग्रहण करलेने से 'भ्रंश' है। किसी आचार्य के मत में प्रमत्त या दुःखी मनुष्यों के द्वारा प्रस्तुत अर्थ के विपरीत-कथन करना 'भ्रंश' है, (सा० द० ६।१८७)।

जैसे प्रथम अङ्क में:—

श्रीकृष्ण—अरी कमलनयने, मेरा हृदय तुम्हारे परोक्ष में बाधाओं को स्पर्श करने में असमर्थ हो रहा है पर जो बाधाएँ राधा को मन में रखने से आरही हैं उनको स्पर्श करने में भी समर्थ नहीं है।

यहाँ वाच्यार्थ में राधा का स्पर्श न होने पर दूसरी बाधाएँ आ जाती है ऐसा कथन करने से 'भ्रंश' है।

अथ लेशः—

लेशः स्यादिङ्गितज्ञानकृद्विशेषणवद्वचः ॥

यथा पञ्चमे—

भीष्मकः—अयमिह किल कन्या बान्धवानां निबन्धः
समुचित इति लक्ष्मीकान्त विज्ञापयामि ।
मम दुहितुरनुज्ञोल्लङ्घनादङ्गनायाः
कथमपि न परस्याः पाणिसङ्गो विधेयः ॥
( ल० मा० ५।३८ )

( इत्याद्युक्तौ कृष्णः पौर्णमासीमुखमीक्षते )

पौर्णमासी—मुकुन्द ! गोकुलकुमारीकुलानि चन्द्रावली-मात्रावशेषाणि दुर्विदग्धेन विधिना कृतानि । तदत्र का क्षतिः ?

अत्र चन्द्रावलीमात्रावशेषाणीति विशेषणवद्वचः कृष्णेङ्गित-ज्ञापकतया[1] संवृत्तमिति लेशः ।

---

लेश—आकार और चेष्टा को बतलाने वाले विशेषतापूर्ण उल्लेख करना 'लेश' कहलाता है ।

जैसे पंचम अङ्क में :—

भीष्मक—हे लक्ष्मीकान्त, हमारे परिवार के स्नेह का एकमात्र उचित आलम्बन यही कन्या रही है यह मैं आपको निवेदन करना चाहता हूँ । इसलिये मेरी इस पुत्री के आशय या मानसिक कामना का उल्लंघन कर किसी अन्य कुमारी के साथ आप अपना पाणिग्रहण न करें ।

( श्रीकृष्ण यह सुनकर पौर्णमासी की ओर देखने लगते हैं । )

पौर्णमासी—मुकुन्द, इस विधना ने दुर्भाग्य से अब गोकुल में केवल चन्द्रावली मात्र शेष रखते हुए कुलीनकन्या के कुल बनाये हैं । इसलिये कोई हानि नहीं होगी ( यदि आप इनकी बात मान लें । )

प्रस्तुत अंश में चन्द्रावली मात्र इत्यादि विशेषता पूर्ण उल्लेख के द्वारा कृष्ण को इंगित द्वारा सूचित करने के कारण 'लेश' है ।

---

१. संवृतमिति ख० पु० पाठः ।

अक्खराणं मा क्खु णं अहिरूवं जाणाहि। जं एसा सच्चा ण होदि। [ देव, एषा प्रेमकोमलानामक्षराणां मा खल्वेतामभिरूपां जानीहि। यदेषा सत्या न भवति। ]

कृष्णः—साधु माधविके! साधु! मदीयहृदयाशङ्का त्वया निरस्ता। तदिन्द्रजालाभिज्ञया नववृन्दयैव निर्मितेयं मायिकी देवी रसालमूलवर्तिनी खलु सत्या।

अत्र सत्याशब्दस्य प्रकृतार्थं सत्यभामारूपं परित्यज्य तथ्यार्थलक्षणस्य कथनाद् भ्रंशः। कश्चित्तु—कथयन्ति बुधाः भ्रंशं वाच्यादन्यतरद्वचः' इत्याह। यथा प्रथमे—

कृष्णः—सरोजाक्षि परोक्षं ते कदापि हृदयं मम।
न स्प्रष्टुमप्यलं बाधा राधा त्वाक्रम्य गाहते॥

(ल० मा० १।४२)

अत्र वाच्याद्राधाया अस्पर्शादन्यद्बाधाक्रमणं भ्रंशः।

---

श्रीकृष्ण—माधविके, तूने अच्छा किया। मेरे मन की आशङ्का दूर कर डाली। माया की विज्ञाता नववृन्दा ने इसी मायाविनी देवी को बनाया है जो आम्र के पेड़ की जड़ पर स्थित है और जो सत्या भी है।

यहाँ सत्या शब्द द्वारा प्रस्तुत सत्यभामा रूपी अर्थ को छोड़ कर दूसरे ही तथ्य (सच) अर्थ को ग्रहण करलेने से 'भ्रंश' है। किसी आचार्य के मत में प्रमत्त या दुःखी मनुष्यों के द्वारा प्रस्तुत अर्थ के विपरीत कथन करना 'भ्रंश' है, (सा० द० ६।१८७)।

जैसे प्रथम अङ्क में:—

श्रीकृष्ण—अरी कमलनयने, मेरा हृदय तुम्हारे परोक्ष में बाधाओं को स्पर्श करने में असमर्थ हो रहा है पर जो बाधाएँ राधा को मन में रखने से आरही हैं उनको स्पर्श करने में भी समर्थ नहीं है।

यहाँ वाच्यार्थ में राधा का स्पर्श न होने पर दूसरी बाधाएँ आ जाती हैं ऐसा कथन करने से 'भ्रंश' है।

अथ लेशः—

लेशः स्यादिङ्गितज्ञानकृद्विशेषणवद्वचः ॥

यथा पञ्चमे—

भीष्मकः—अयमिह किल कन्या बान्धवानां निबन्धः
समुचित इति लक्ष्मीकान्त विज्ञापयामि ।
मम दुहितुरनुज्ञोल्लङ्घनादङ्गनायाः
कथमपि न परस्याः पाणिसङ्गो विधेयः ॥

( ल० मा० ५।३८ )

( इत्याद्युक्तौ कृष्णः पौर्णमासीमुखमीक्षते )

पौर्णमासी—मुकुन्द ! गोकुलकुमारीकुलानि चन्द्रावली-मात्रावशेषाणि दुर्विदग्धेन विधिना कृतानि । तदत्र का क्षतिः ?

अत्र चन्द्रावलीमात्रावशेषाणीति विशेषणवद्वचः कृष्णेङ्गित-ज्ञापकतया[1] संवृत्तमिति लेशः ।

---

लेश—आकार और चेष्टा को बतलाने वाले विशेषतापूर्ण उल्लेख करना 'लेश' कहलाता है ।

जैसे पंचम अङ्क में :—

भीष्मक—हे लक्ष्मीकान्त, हमारे परिवार के स्नेह का एकमात्र उचित आलम्बन यही कन्या रही है यह मैं आपको निवेदन करना चाहता हूँ। इसलिये मेरी इस पुत्री के आशय या मानसिक कामना का उल्लंघन कर किसी अन्य कुमारी के साथ आप अपना पाणिग्रहण न करें।

( श्रीकृष्ण यह सुनकर पौर्णमासी की ओर देखने लगते हैं। )

पौर्णमासी—मुकुन्द, इस विधना ने दुर्भाग्य से अब गोकुल में केवल चन्द्रावली मात्र शेष रखते हुए कुलीनकन्या के कुल बनाये हैं। इसलिये कोई हानि नहीं होगी ( यदि आप इनकी बात मान लें। )

प्रस्तुत अंश में चन्द्रावली मात्र इत्यादि विशेषता पूर्ण उल्लेख के द्वारा कृष्ण को इंगित द्वारा सूचित करने के कारण 'लेश' है।

---

१. संवृतमिति ख० पु० पाठः ।

अथ क्षोभः—

क्षोभस्त्वन्यगते हेतावन्यस्मिन् कार्यकल्पनम् ॥ १७६ ॥

यथा सप्तमे—कृष्णः—

त्वदङ्गसङ्गतैरेभिस्तत्मास्मि मिहिरातपैः ।

विन्दन्ती वन्दनच्छायां मां देवि शिशिरीकुरु ॥

( ल० मा० ७।३७ )

अत्र सूर्यातपेषु चन्द्रावल्यङ्गसङ्गतेषु तत्कार्यभूतस्य तापस्य कृष्णेन स्वस्मिन्कल्पनात् क्षोभः । कश्चित्तु क्षोभस्थाने सङ्क्षेपं पठन्[1] लक्षयति–'सङ्क्षेपो यत्तु संक्षेपादात्मान्यर्थे प्रयुज्यते' । यथाष्टमे—कृष्णः[2]—देवि ! त्रिलोककक्षासु किं तवाभीष्टम् तद-

---

क्षोभ—कारण के अन्यत्र रहने पर भी अन्यत्र कार्य को समझ लेना 'क्षोभ' कहलाता है ॥ १७६ ॥

जैसे सप्तम अंक में :—

श्रीकृष्ण—हे देवि, तुम्हारे कोमल शरीर पर गिरने वाले इस सूर्य के ताप से हम स्वयं तप्त हो रहे हैं इसलिये इसे समझ कर अपने मुख ( चन्द्र ) की छाया प्रदान कर हमें शीतल बनाओ ।

प्रस्तुत अंश में चन्द्रावली के अंग पर गिरने वाली सूर्य की धूप से उत्पन्न होने वाले ताप रूपी कार्य का श्रीकृष्ण द्वारा स्वयं पर आरोप करते हुए बतलाना 'क्षोभ' है । कुछ आचार्य क्षोभ के स्थान पर 'संक्षेप' मान कर उसका लक्षण बतलाते हैं। यथा—'जहाँ थोड़े से कथन के बाद दूसरे को आत्मसमर्पण कर दिया जाए तो उसे 'संक्षेप' समझना चाहिये ।'

जैसे अष्टम अंक में :—

श्रीकृष्ण—देवी, तीन लोकों में विद्यमान किस पदार्थ पर तुम्हारी इच्छा है। हे प्रिये, तुम उसे बतला कर अपनी आज्ञाओं का उपयुक्त

---

१. सङ्क्षेपपठनं इति ख० पु० पाठः ।

२. नववृन्दामुखे कृष्णोक्तिरिति ब० पु० ।

भिव्यज्य निज निदेशभाजनमन्यतयैव पर्याप्तसमस्तनिश्रेयसे श्रेयसि विधेहि प्रसादमाधुरीम् ।

अथ मनोरथः—

मनोरथस्तु व्याजेन विवक्षितनिवेदनम् ॥ १७७ ॥

यथा चतुर्थे—

राधिका—(सौत्सुक्यम् पुरो दृष्ट्वा) हला ललिदे, पेक्ख पेक्ख धण्णा एसा तरंगलेहा जा खु सेवालवल्लीणिबद्धपाआणं हंसिअं मोआवेदि । ता फुडं भिसिणीपत्तरिदेण कलहंसेण संघट इस्सदि । [ हला ललिते ! पश्य पश्य धन्यैषा तरङ्गलेखा या खलु शैवाल-वल्लीनिबद्धपादामेनां हंसिकां मोचयति तत्स्फुटं बिसिनीपत्रान्त-रितेन कलहंसेन संघट्टयिष्यति । ]

अत्र हंसीव्याजेन राधायाः कृष्णसङ्गमाभिलापकथनं मनोरथः ।

---

पात्र मान कर ( हमारे ) कल्याणार्थ अपनी प्रसन्नता की मधुरिमा को इधर अभिमुख करो ।

**मनोरथ**—किसी बहाने से ( अथवा अन्यापदेश के द्वारा ) अपना मनोगत भाव बतला देना 'मनोरथ' कहलाता है ॥ १७७ ॥

जैसे चतुर्थ अंक में :—

राधिका—( उत्सुकता के साथ सामने देखकर ) सखी ललिते, देख तो जरा। यह लहरों की पांत कितनी सौभाग्यशालिनी है जो सेंवार की तांतों से बन्धी हुई उस हँसिनी के पैरों को छुड़वा रही है ( मुक्त हो जाने पर ) अब यह कमलिनी के पत्तों में दुबके हुए अपने इष्ट हँस से मिल जाएगी ।'

प्रस्तुत अंश में श्रीराधा का हंसिनी के बहाने कृष्णमिलन रूपी मनोगत भाव बतलाना 'मनोरथ' है ।

अथानुक्तसिद्धिः—

प्रस्तावनैव शेषार्थो यत्रानुक्तोऽपि बुद्ध्यते ।
अनुक्तसिद्धिरेषा स्यादित्याह भरतो मुनिः ॥ १७८ ॥

यथा चतुर्थे—राधा—हला, लअंगकुंडुंगे पुप्फं आहरंती वुंदावुणवासिणा मत्तकलहिंदेण आअदुअ हत्थेण गहिदहत्थंह्मि संवुत्ता । तदो संभमेण घुमंतीए तुह हठेण ओट्ठपल्लअं दसन्तेण तिणा वामे त्थवअम्मि फ्फुरत्तीक्खकामंकुसं करपुक्खरं ( इत्यर्धोक्ते सरोमाञ्चानतमुखी भवति )। [ हला ! लवङ्गकुञ्जे पुष्पमाहरन्ती त्वं वृन्दावनवासिना मत्तकलभेन्द्रेणागत्य हस्तेन गृहीतहस्तास्मि संवृत्ता । ततस्सम्भ्रमेण घूर्णन्त्यास्तव हठेनोष्ठपल्लवं दशता तेन वामे स्तबके स्फुरत्तीक्ष्णकामाङ्कुशं करपुष्करम्...।]

अत्रानुक्तस्यापि स्तने नखरार्पणस्य बोधादनुक्तसिद्धिः ।

---

अनुक्तसिद्धि—किसी बात को बिना पूर्णतः अभिहित किये जाने पर केवल उसके आरम्भ मात्र से ( जब ) अवशिष्ट अर्थ की प्रतीति हो जाए तो भरतमुनि के अनुसार उसे 'अनुक्तसिद्धि' समझना चाहिये ॥ १७८ ॥

जैसे चतुर्थ अंक में :—

राधिका—सखि, लवंगकुंज में, पुष्पों को चुनते हुए तुझे वृन्दावन निवासी मदमत्त हाथी ने आकर अपने कर ( हाथ, शुण्डादंड ) से तुम्हारे हाथों को थाम लिया । फिर जब घबड़ाहट के कारण तुम उसे घूरने लगी तो हठात् उसने तुम्हारे ओष्ठपल्लव को डस लिया और तुम्हारे बाएँ गुच्छ पर कामाङ्कुश जैसे शुण्डादण्ड रूपी कर को ( बीच में ही रुक कर रोमाञ्चित होकर अपना मस्तक झुका लेती है । )

प्रस्तुत कथन में उरोज पर नखार्पण का प्रत्यक्ष कथन न करने पर भी प्रसंगवश शेष अर्थ की सुस्पष्ट प्रतिपत्ति हो जाने से 'अनुक्तसिद्धि' है ।

अथ सारूप्यम्—

दृष्टश्रुतानुभूतार्थकथनादिसमुद्भवम् ।

सादृश्यं यत्र संक्षोभात् तत्सारूप्यं निरूप्यते ॥ १७९ ॥

यथा चतुर्थे—जटिला—अरे आहिंडआ कीस मुखं ढकेसि ? जं दे विज्जा न विकाइदा । [ अरे आहिण्डक ! कस्मान्मुखमाच्छादयसि ? यत्ते विद्या न विक्रीता । ] ( इति प्रसह्य सम्मुखयति ) अभि—(स्वगतम्) हद्धी हद्धी वाउलिआए अम्माए लज्जापज्जाउलो किदम्हि । ता इदो अवक्कमिस्सम् [ हा धिक् ! हा धिक् ! वातूलिकया अम्बया लज्जापर्याकुलः कृतोऽस्मि; तदितोपक्रमिष्यामि । ]

अत्र सारिकामुखश्रुतकृष्णप्रवेशसंक्षोभाज्जटिलायाः स्वपुत्रे कृष्णबुद्धिकथनात् सारूप्यम् ।

अथ माला[2]—

ईप्सितार्थप्रसिद्ध्यर्थं कथ्यन्ते यत्र सूरिभिः ।

---

**सारूप्य**—जब किसी वस्तु के देखने, सुनने, कहने अथवा अनुभव करने के कारण उसकी समानतावश भ्रम उत्पन्न होने लगे तो उसे 'सारूप्य' समझना चाहिये ॥ १७६ ॥

जैसे चतुर्थ अंक में :—

जटिला—अरे संपेरे, तू अपना मुँह क्यों छिपा रहा है ? क्या तूने अपनी सारी विद्या तो नहीं बेच डाली ?

अभिमन्यु—( स्वगत ) हाय ! हाय !! वायुरोग से पीड़ित इस माँ के यहाँ आ जाने से लज्जा के कारण मेरा मन घबड़ाने लगा है। इसलिये अब यहाँ से भाग उठना चाहिये ।

प्रस्तुत अंश में सारिका के मुख से श्रीकृष्ण के आगमन का समाचार पाकर आनेवाली जटिला का अपने पुत्र अर्जुन से भ्रमवश श्रीकृष्ण समझते हुए बात करना 'सारूप्य' है ।

**माला**—जब विद्वानों के द्वारा अपने प्रयोजन की पूर्ति के

---

१. प्रसाद्येति अ० पु० । २. शोभेति अ पु० पाठः ।

बहूनि कारणान्येत्र सा मालेत्यभिधीयते ॥ १८० ॥

यथा द्वितीये—राधा—ललिदे ! प्पसीद प्पसीद सुठ्ठु संकाउलम्हि । [ ललिते ! प्रसीद प्रसीद सुष्ठु शङ्काकुलास्मि । ] ( पुनः संस्कृतेन )

गतप्रायं सायं चरितपरिशङ्की गुरुजनः
परीवादस्तुङ्गो जगति सरलाहं कुलवती ।
वयस्यस्ते लोलः सकलपशुपालीसुहृदसौ
तदा नम्रं याचे सखि रहसि सञ्चारय न माम् ॥

( ल० मा० २।१६ )

अत्र सायं गमनादिबहुकारणानां स्वेष्टसञ्चारणाभावाय कथितत्वात् माला ।

अथ मधुरभाषणम्—

यत् प्रसन्नेन मनसा पूज्यं पूजयितुर्वचः ।

---

लिये अनेक कारण प्रस्तुत किये जाते हैं तो उसे 'माला' समझना चाहिये ॥ १८० ॥

जैसे द्वितीय अंक में :—

राधिका—ललिते, तुम मुझ पर दया करो और प्रसन्न हो जाओ। मैं सचमुच आशंकाओं से घबड़ा गयी हूँ ( संस्कृत भाषा में बोलते हुए )—( क्योंकि ) इस समय सन्ध्या होने को है ( यदि मैं यहाँ रुक जाती हूँ तो ) गुरुजन आचरण में शंका करने वाले हो जाएँगे और इससे बड़ी बदनामी होगी क्योंकि मैं सीधी-साधी और कुलीन घराने की बहू बेटी हूँ दूसरी ओर तुम्हारा सखा बड़े चंचलस्वभाववाला और समस्त गोपिकाओं का मित्र है। ऐसी दशा में तू एकान्त में जाने के लिये मुझे मत ढकेल। हे सखि, मैं नम्र होकर तुझ से यही प्रार्थना करती हूँ।

प्रस्तुत अंश में स्वच्छन्दतापूर्वक विहार करने में सायंकाल आदि अनेक कारणों को बाधा स्वरूप संकेतित करने के कारण 'माला' है।

**मधुरभाषण** ( प्रियोक्ति )—जब प्रसन्न चित्त होकर अपने पूज्यजन

स्तुतिप्रकाशनं तत्तु ज्ञेयं मधुरभाषणम् ॥ १८१ ॥

यथा पञ्चमे—

नृपौ—( सप्रश्रयम् )

एकस्मिन्निह रोमकूपकुहरे ब्रह्माण्डभाण्डावली

यस्य प्रेक्षयते गवाक्षपदवीघूर्णत्पराणूपमा ।

केयं तस्य समृद्धये तव विभो राजेन्द्रता-ग्रामटी

शौटीर्येण चमत्कृतिं तदपि नः कामप्यसौ पुष्यति ॥

( ल० मा० ५।१७ )

अत्र प्रकटमेव मधुभाषणम् ।

अथ पृच्छा—

प्रश्न एवोत्तरे यत्र सा पृच्छा परिकीर्तिता ॥

यथा नवमे—

कृष्णः—( पुरो दाडिमीमुपेत्य[2] )

---

के प्रति आनन्दपूर्वक सम्मान प्रकट करने वाले वचन कहे जाएँ तो उसे 'मधुरभाषण' समझना चाहिये ॥ १८१ ॥

जैसे पंचम अंक में :—

दो राजा—( विनयपूर्वक एक दूसरे से स्वर मिलाते हुए ) हे प्रभो, जिसके एक रोमकूप के अन्तराल में अनेक ब्रह्माण्ड की पातें समा जाती हैं और जो गवाक्ष के मार्ग से आने वाले प्रकाशपुंज में घूमने वाले परमाणुओं के समान दिखलाई देती है। उन राजराजेन्द्र ( श्रीकृष्ण ) द्वारा समृद्धि के लिये छोटी सी राज-ग्रामटिका पर किये गए पराक्रम से हमारे अन्तःकरणों में कोई विशेष चमत्कार की उत्पत्ति नहीं हो रही है ।

प्रस्तुत अंश में 'मधुरभाषण' स्वयं स्पष्ट हो रहा है।

**पृच्छा**—जब स्वयं ही प्रश्न और उत्तर किये जाएँ तो उसे 'पृच्छा' समझना चाहिये ।

जैसे नवम अंक में :—

श्रीकृष्ण ( अपने सम्मुख विद्यमान अनार के पेड़ के समीप जा

---

१. वत इति क पु० पाठः । २. मुपसृत्येति ब० पु० पाठः ।

कान्तिं पीतांशुकस्फीतां बिभ्रती वीक्षिता वने ।
मयाद्य मृग्यमाणा सा त्वया मृगविलोचना ॥

( ल० मा० ६।१८ )

अत्र हे शुक ! पीतां कान्तिं बिभ्रती मया मृग्यमाणा सा दृष्टेति प्रश्ने—हे पीतांशुक ! त्वया मृग्यमाणा सा मया दृष्टेत्युत्तरेण पृच्छा ।

अथोपदिष्टम्—

शास्त्रानुसारि यद्वाक्यमुपदिष्टं तदुच्यते ॥ १८२ ॥

यथा षष्ठे—नारदः

प्रेयस्यः पशुपालिका विहरतो यास्तत्र वृन्दावने
लक्ष्मीदुर्लभचित्रकेलिकलिका कान्तस्य कंसद्विषः ।
राधा तत्र वरीयसीति नगरीं तामाश्रितायां क्षितौ
सेवां देवि समस्तमङ्गलकरीं यस्यास्त्वमङ्गीकुरु ॥

( ल० मा० ६।१६ )

---

कर ) अरे शुक ! क्या तुमने गौरवर्ण की कान्ति धारण करने वाली उस मृगलोचना को देखा है जिसे मैं ढूंढ़ रहा हूँ ।

प्रस्तुत पद्य में हे शुक, पीली ( या गौरवर्ण की ) कान्ति से सुशोभित होने वाली सुन्दरी की मैं तलाश कर रहा हूँ क्या उसे तुमने देखी है ? इस प्रश्न के उत्तर में ( इसी वाक्य को थोड़ा परिवर्तित कर अन्वय करने के उपरान्त ) 'हे पीले वस्त्र वाले, ( पीताम्बरधारी श्रीकृष्ण, ) तुम जिसकी तलाश कर रहे हो उसे मैंने देखा है' इस उत्तर के ( भी ) प्राप्त होने के कारण 'पृच्छा' है ।

उपदिष्ट—शास्त्र का आधार लेकर कहे गए वचनों को 'उपदिष्ट' समझना चाहिये ॥ १८२ ॥

जैसे षष्ठ अंक में

नारद—इस पृथ्वी पर अवतीर्ण हो वृन्दावन में विहार करने के अवसर पर गोपियाँ जिसकी प्रियतमाएँ रहीं उन कंसारि भगवान्

अत्र हरिप्रियजनसेवा समस्तमङ्गलकरीति शास्त्रानुसारित्वम्।

अथ दृष्टम्—

जात्यादिवर्णनं धीरैर्दृष्टमित्यभिधीयते ॥ १८३ ॥

यथा—द्वितीये—

वृन्दा—( पुरो दृष्टिं क्षिपन्ती )

करोति दधिमन्थनं स्फुटविसर्पिफेनच्छटा[1]

विचित्रितगृहाङ्गणं गहनगर्गरीगर्जितम् ।

मुहुर्गुणविकर्षणप्रवणताक्रमाकुञ्चित-[2]

प्रसारितकरद्वयीक्वणितकङ्कणं मालती ॥

( ल० मा० २।३ )

---

श्रीकृष्ण द्वारा की गयी विचित्र क्रीड़ाकेलियाँ श्री लक्ष्मीजी को भी दुर्लभ थीं। उन गोपियों की सिरमौर राधिका जी थीं। हे देवी, आज उसी नगरी में आकर तुम श्रीहरि के इन प्रियपात्र द्वारा अर्पित सेवाओं को अङ्गीकार करो जिनसे सम्पूर्ण संसार का मंगल हो सकता है।

प्रस्तुत अंश में 'श्रीहरि के भक्तों की सेवा करने से संसार का कल्याण होता है' इस वचन को शास्त्र का आधार लेकर बतलाने के कारण 'उपदिष्ट' है।

**दृष्ट**—किसी पदार्थ का देश, काल या जाति के अनुरूप हूबहू वर्णन करना 'दृष्ट' कहलाता है॥ १८३॥

जैसे इसी नाटक के द्वितीय अंक में :—

वृन्दा—( सामने देखती हुई ) यह मालती जब दही को बिलोती है तो गहरी गगरी की मन्द ध्वनि से और चारों ओर फैल जाने वाले झागों से घर के आंगन की बड़ी अनोखी शोभा बन पड़ती है और जब बार-बार बिलोने वाली रस्सी को खींचने और सिकोड़ने की क्रिया में अपने दोनों हाथों को फैलाते समय कंगनों की जो झंकार होती है वह तो बड़ी ही मनोहारिणी हो जाती है।

---

१. स्फुटति सर्पि इति अ० पु० पाठः।

२. क्रमात् कुञ्चित इति ख० पु० पाठः।

अत्र दधिमथनक्रियास्वभाववर्णनं दृष्टम् ॥

सन्ध्यन्तराण्यनुक्त्वैव भूषणं लक्षणाख्यया ।
प्रोच्यतेऽन्यत् त्रयस्त्रिंशत्संख्या कश्चिद्विभूषणम् ॥ १८४ ॥
मुनेरसम्मतत्वेन तत्तु सर्वमुपेक्षितम् ।
केषाञ्चिदत्र सन्ध्यङ्गगुणालङ्कार-लक्ष्मणाम् ॥ १८५ ॥
अन्तर्भावेऽपि यत्नेन कर्तव्यत्वाय कीर्तितम् ।

अथ पताकास्थानानि—

अर्थस्य तु प्रधानस्य भाव्यवस्थस्य सूचकम् ॥ १८६ ॥
यदागन्तुकभावेन पताकास्थानकं हि तत् ।
एतद्द्विधा तुल्यसंविधानं तुल्यविशेषणम् ॥ १८७ ॥

---

प्रस्तुत वर्णन में दही बिलोने का आंखों देखा ठीक वर्णन करने के कारण 'दृष्ट' है ।

कुछ आचार्य संध्यन्तर या अन्तर सन्धियों को न बतला कर तैंतीस नाट्यालङ्कारों[1] को बतलाते हैं किन्तु ये नाट्यालंकार भरतमुनि को मान्य न होने के कारण हमने भी नहीं बतलाये । पर कुछ का सन्ध्यङ्ग, गुण या अलंकार के समान लक्षण होने से उन्हीं में अन्तर्भाव समझना चाहिये इसी आशय से यहाँ उनका संकेत भर कर दिया गया है ॥ १८४-१८६ ॥

**पताकास्थानक**—जब मुख्य कार्य की किसी भावी अवस्था या घटना की अकस्मात् सूचना मिलती हो तो उसे 'पताकास्थानक' समझना चाहिये। पताकास्थानक के दो प्रकार होते हैं—तुल्य-

---

१ भरतमुनि ने तैंतीस नाट्यालंकार नहीं बतलाये । ये साहित्यदर्पण तथा नाटकलक्षण-रत्नकोश में प्राप्त होते हैं । श्रीरूपगोस्वामीजी को भरत के द्वारा इष्ट न होने से ये मान्य नहीं प्रतीत होते हैं । नाट्यदर्पणकार ने इनका उल्लेख नहीं किया । नाट्यालंकारों का विकास भरत के उपरान्त ही हुआ और मातृगुप्ताचार्य ने 'नाट्यविभूषण' के नाम से जिनको अभिहित किया उन्हें ही बाद में सागरनन्दी तथा विश्वनाथ ने नाट्यालंकार मान कर सोदाहरण विवेचन दिया यह स्पष्ट है ।

तत्राद्यं त्रिप्रकारं स्याद्वितीयं त्वेकमेव हि ।
एवं चतुर्विधं ज्ञेयं पताकास्थानकं बुधैः ॥ १८८ ॥

तत्राद्यम्—

सहसैवार्थसम्पत्तिर्गुणवत्युपचारतः ।
पताकास्थानकमिदं प्रथमं परिकीर्तितम् ॥ १८९ ॥

यथा ललितमाधवे सप्तमे—

राधिका—( परिक्रम्य पीतोत्तरीयाञ्चलं गृह्णती सकम्पम् )
दग्धं हन्त दधानया वपुरिदं यस्यावलोकाशया
सोढा मर्मविपाटने पटुरियं[1] पीडातिवृष्टिर्मया ।
कालिन्दीयतटीकुटीरकुहरक्रीडाभिसारव्रती
सोऽयं जीवितबन्धुरिन्दुवदने भूयः समालिङ्गितः ॥

( ल० मा० ७।१८ )

---

संविधान तथा तुल्यविशेषण । इनमें तुल्यसंविधान के तीन और तुल्य-विशेषण के एक प्रकार को मिलाने से पताकास्थानक के कुल चार प्रभेद बन जाते हैं ॥ १८६-१८८ ॥

**प्रथमपताकास्थानक**—इनमें प्रथम—( तुल्यसंविधान नामक ) पताकास्थानक का लक्षण है—'जहाँ किसी अप्रत्यक्ष या गौण प्रकार से सामाजिकों को अभीष्ट कार्य की अकस्मात् सूचना मिल जाये तो उसेप्रथम ( तुल्यसंविधान नामक ) 'पताकास्थानक' समझना चाहिये ॥ १८६ ॥

जैसे ललितमाधव के सप्तम अंक में :—

राधिका—( आगे घूमकर पीतोत्तरीय के अंचल को थाम कर कम्पित होती हुई ) अरी चन्द्रमुखी सखि, इतने दिन तक जिसे देखने की आशा में अपने शरीर को जला कर मर्मस्थल को विदीर्ण करते हुए कष्ट की अतिवृष्टि को भी सहन किया तो यमुना के तट पर विद्यमान कुंजों के अंक में क्रीडार्थ अभिसरण करने का व्रत धारण॰ करने वाला वही मेरा प्राणधन ( आज ) फिर से प्राप्त हो गया है ।

---

१. समासादितः इति ब० पु० पाठः ।

अत्र प्रतिबिम्बे सोऽयं जीवितबन्धुरित्युपचारप्रयोगेण भाविनः कृष्णस्य सूचनात् सहसार्थसम्पत्तिरूपमिदं पताकास्थानकम् ।

अथ द्वितीयम्—

वचःसातिशयश्लिष्टं काव्यवस्तुरसाश्रयम् ।
पताकास्थानकमिदं द्वितीयं परिकीर्तितम् ॥ १९० ॥

यथा द्वितीयेऽङ्के—कृष्णः—

स्मररोधनानुबन्धी क्रमविस्तारितकलाविलासभवः ।
क्षणदापतिरिव दृष्टः क्षणदायी राधिकासङ्गः ॥

( ल० मा० २।१७ )

( नेपथ्ये )

दुर्लभः पुण्डरीकाक्ष वृत्तस्ते विप्रकर्षतः ।

---

प्रस्तुत अंश में 'प्रतिबिम्बित होने वाला ही मेरा प्राणधन है' इस लाक्षणिक प्रयोग द्वारा भावी कृष्णमिलन की अकस्मात् सूचना मिल जाने से 'प्रथम पताकास्थानक' है ।

**द्वितीय पताकास्थानक**—जब किसी काव्यरचना में प्रयुक्त श्लिष्ट वचन का प्रकृत विषय के वर्णन-हेतु किया गया प्रयोग अप्रकृत अर्थ के भी उपयुक्त हो जाता हो तो उसे 'द्वितीय पताकास्थानक' समझना चाहिये ॥ १९० ॥

जैसे इसी नाटक के प्रथम अंक में :—

श्रीकृष्ण—काम के अनुरोध का अनुसरण करने, क्रमशः बढ़ने वाली कलाओं के विलास से उद्भूत और उत्सव ( आनन्द ) का प्रदाता होने से राधिका का मिलन चन्द्रमा के समान दिखाई दे रहा है ।

[ **चन्द्रमा के पक्ष में अर्थ**—चन्द्रमा कामक्रीडाओं को उत्तेजित करने में सहायक, क्रमशः बढ़ने वाली कलाओं से अपने ( क्रमिक ) रूप को बतलाने वाला तथा आनन्दप्रद होता है । ]

( नेपथ्य में )

'कमलनयन, तुम्हारे दूर रहने से यह दुर्लभ हो गया है' ।

कृष्ण—( सव्यथमुच्चैः ) भोः कोऽयं दुर्लभः ?

( पुनर्नेपथ्ये )

यत्नादन्विष्यमाणोऽपि वल्लवैः पशुमण्डलः ॥

( ल० मा० २।१८ )

अत्र भविष्यतो राधासङ्गमदुर्लभत्वस्य सूचनादिदं श्लिष्टं नाम द्वितीयं पताकास्थानकम् ।

अथ तृतीयम्—

अर्थोपक्षेपणं यत्तु लीनं सविनयं भवेत् ।
श्लिष्टोत्तरयुतं नाम तृतीयं परिकल्पितम्[१] ॥ १९१ ॥

यथा सप्तमे—कृष्णः ( सर्वतः प्रेक्ष्य ) प्रियवयस्य ! कियद्दूरे सा वृन्दाटवी ?

मधुमङ्गलः ( संस्कृतेन )—

स्फुटच्चटुलचम्पकप्रकररोचिरुल्लासिनी

---

श्रीकृष्ण—( घबरा कर जोर से चिल्लाते हुए ) अरे, कौन दुर्लभ हो गया ?

( फिर नेपथ्य में )

प्रयत्नपूर्वक खोज करने पर भी ग्वालों को न मिलने वाला गौओं का झुण्ड। यहाँ भावी राधासंगम की दुर्लभता को सूचित करने तथा श्लिष्ट रचना के कारण 'द्वितीय पताकास्थानक' समझना चाहिये।

**तृतीय पताकास्थानक**—जब अस्फुट एवं अभिप्रेत प्रस्तुत अर्थ की अभिव्यक्ति श्लिष्ट एवं प्रश्नोत्तर वाले संवादों के द्वारा होती हो तो उसे 'तृतीय पताकास्थानक' समझना चाहिये ॥ १६१ ॥

जैसे सप्तम अंक में :—

श्रीकृष्ण—( चारों ओर देखते हुए ) प्रियमित्र, वह वृन्दाटवी ( अब ) कितनी दूर है ?

मधुमंगल—( संस्कृत भाषा में ) अपनी चमकीली चम्पक पुष्प

---

१. परिकीर्तितम् इति ब० पु० पाठः ।

मदोत्तरलकोकिलावलिकलस्वरालापिनी।
मरालगतिशालिनी कलय कृष्णसाराधिका

( इत्यर्द्धोक्ते )

कृष्णः ( ससम्भ्रमौत्सुक्यम् ) वत्स ! क्वासौ ! !

मधुमङ्गलः ( अङ्गुल्या दर्शयन् )

पुरः स्फुरति वल्लभा तव—

कृष्णः ( सव्यग्रम् ) वयस्य ! नाहं पश्यामि। तदाशु-दर्शय। क्व सा मे राधिका ?

मधुमङ्गलः—······मुकुन्द वृन्दाटवी ॥ ( ल० मा० ७।२७)

अत्र सञ्जल्पितेन मधुमङ्गलवाक्येन भाविनो राधादर्शनस्य सूचनाच्छ्लिष्टोत्तरं नाम तृतीयं पताकास्थानम्।

---

जैसी कान्ति से जो सुशोभित हो रही है, मदमत्त कोकिलाओं के स्वरों का जो आलाप लेती है, जो हंसों सी गति से शोभित होती है और कृष्णसार की बहुलता ( या अतिशय समानता ) लिये हुए है।

श्रीकृष्ण—( घबड़ा कर अति उत्सुक होकर ) मित्र, वह कहाँ है ?

मधुमंगल—( अपनी अंगुली से इशारा करते हुए ) तुम्हारी वही प्रिया सामने है।

श्रीकृष्ण—( व्यग्र होकर ) पर मित्र, वह मुझे नहीं दिखलाई दे रही है इसलिये अब तुम्हीं शीघ्र मेरी प्रिया राधिका को बतलाओ वह कहाँ है ?

मधुमंगल—अरे मुकुन्द, ( तुम्हारे द्वारा पूछी गयी यही वह ) वृन्दाटवी है।

प्रस्तुत अंश में मधुमंगल के सम्भाषण द्वारा भावी राधामिलन की सूचना ( प्रकट ) मिलने से इसे 'तृतीय पताकास्थानक' समझना चाहिये।

अथ चतुर्थम्—

द्व्यर्थो वचनविन्यासः सुश्लिष्टः काव्ययोजितः ।
उपन्यासेन युक्तस्तु चतुर्थं परिकीर्तितम् ॥ १९२ ॥

यथा पञ्चमे—

सुपर्णः—नभसि रभसवद्भिः श्लाघमाना मुनीन्द्रै-
र्महितकुवलयाक्षी कीर्तिशुभ्रांशुवक्त्रा ।
नृपकुलमिह हित्वा चेदिराजप्रधानं
मुरदमन गमिष्यत्युत्सुका त्वां जयश्रीः ॥

(ल० मा० ५।२८)

अत्र सुपर्णस्य द्व्यर्थवचनेन चन्द्रावलीप्राप्तिसूचनात्तुल्य-विशेषणम् ।

अथार्थोपक्षेपकाः

वस्तु सर्वं द्विधा सूच्यमसूच्यमिति भेदतः ।

---

**चतुर्थ पताकास्थानक**—जब नाटकीय कथा के उपयुक्त द्व्यर्थवचन की रचना मुख्य अभिप्राय के अतिरिक्त किसी भिन्न अर्थ को भी प्रकट करे तो उसे 'चतुर्थ पताकास्थानक' समझना चाहिये ॥ १९२ ॥

जैसे पंचम अंक में :—

सुपर्ण—हे मुरारि, आकाश में वेग से जाने वाले मुनिजन के द्वारा प्रशंसित, कुवलयरूपी उत्तम नेत्रों वाली, कीर्ति के शुभ्र अंशु रूपी आनन को धारण किये हुए यह विजयश्री आज इन चेदिराज आदि प्रमुख राजाओं के कुल को छोड़ कर स्वयं उत्सुक होकर तुम्हें प्राप्त होगी।

[ चन्द्रावली पक्ष में—आकाशचारी मुनि नारद द्वारा प्रशंसित, कुवलय के समान (नीले) नेत्रों वाली, कीर्ति के समान शुभ्रवस्त्र धारण किये हुए उत्सुक होकर स्वयं यह चन्द्रावली चेदिराज आदि राजाओं को छोड़ कर तुम्हारा वरण करेगी। ]

उपर्युक्त पद्य में तुल्यविशेषण के द्वारा चन्द्रावली प्राप्ति की सूचना देने के कारण 'चतुर्थ-पताकास्थानक' है।

**अर्थोपक्षेपक**—कथावस्तु के और दो प्रकार होते हैं—एक सूच्य

रसहीनं भवेद्यत्र वस्तु तत्सूच्यमुच्यते ॥ १९३ ॥
अदर्शनीयमङ्के तदवश्यं वाच्यमेव चेत् ।
अर्थोपक्षेपकैरेतत्सूचयेत् सुष्ठु पण्डितः ॥ १९४ ॥
विष्कम्भचूलिकाङ्कास्याङ्कावतारप्रवेशकैः ।

तत्र विष्कम्भः—

भवेद्विष्कम्भको भूतभाविवस्त्वंशसूचकः ॥ १९५ ॥
अमुख्यपात्रैः संक्षेपादादावङ्कस्य दर्शितः ।
स शुद्धो मिश्र इत्युक्तो मिश्रः स्यान्नीचमध्यमैः ॥ १९६ ॥
विदग्धमाधवे यद्वद्द्वितीयाङ्कमुखे कृतः ।
मुखरायुक्तया नान्दीमुख्यासौ मिश्रसंज्ञकः ॥ १९७ ॥
शुद्धः केवलमध्येऽयमेकानेककृतो भवेत् ।
विनिर्मितो बहुत्रायं तस्मिल्ललितमाधवे ॥ १९८ ॥

---

और दूसरा असूच्य । रसहीन वस्तु 'सूच्य' कहलाती है ॥ १९३ ॥

जो घटना अंक में प्रत्यक्ष न दर्शायी जा सकती हो और जिसका बतलाना आवश्यक हो तो ऐसी घटनाओं को अर्थोपक्षेपक के द्वारा बतलाना चाहिये ॥ १९४ ॥

अर्थोपक्षेपक के पांच प्रकार होते हैं—( १ ) विष्कम्भ ( २ ) चूलिका ( ३ ) अङ्कास्य ( ४ ) अङ्कावतार तथा ( ५ ) प्रवेशक ।

**विष्कम्भ**—अप्रधान पात्रों के द्वारा संक्षेप में भूत तथा भविष्यत् काल की घटनाओं की सूचना देने वाला 'विष्कम्भ' कहलाता है। इसे ( सदा ) अङ्क के प्रारंभ में रखा जाता है। इसके दो प्रकार होते हैं—शुद्ध तथा मिश्र । मिश्र विष्कम्भ में नीच तथा मध्यम पात्र होते हैं। जैसे विदग्धमाधव के द्वितीय अंक में मुखरा और नान्दीमुखी के संवाद से होने वाला मिश्र विष्कम्भक है ॥ १९५-१९७ ॥

केवल मध्यम पात्र होने पर शुद्ध विष्कम्भ होता है। यह एक या अनेक पात्रों के द्वारा बन सकता है। ललितमाधव में यह विष्कम्भक बहुधा दृष्टिगोचर होने से स्पष्ट ही है ॥ १९८ ॥

अथ चूलिका—

प्राज्ञैर्यवनिकान्तःस्थैरदृश्यैर्या तु निर्मिता ।
आदावङ्कस्य मध्ये वा चूलिका नाम सा भवेत् ॥ १९९ ॥[1]

स्पष्टं बहुत्रोदाहरणम्

अथाङ्कास्यम्—

यत्र स्यादङ्क एकस्मिन्नङ्कानां सूचनाखिला ।
तदङ्कास्यमिति प्राहुर्बीजार्थव्यापकश्च यत्[2] ॥ २०० ॥
गार्गीसंयुक्तया पौर्णमास्या ललितमाधवे ।
प्रथमाङ्के यथा सुष्ठु सुहितं निखिलं स्फुटम् ॥ २०१ ॥

केचित्तु—

पूर्वाङ्कान्ते सम्प्रविष्टैः पात्रैर्भाव्यङ्कवस्तुनः ।
सूचनं तदविच्छेदैर्यत्तदङ्कास्यमीरितम् ॥ २०२ ॥

इति लक्षयन्ति ।

---

चूलिका—पर्दे के पीछे स्थित पात्र के द्वारा किसी घटना की सूचना देना 'चूलिका' कहलाता है । इसे अंक के आरंभ या मध्य में रखा जा सकता है ॥ १६६ ॥

इसके उदाहरण भी स्पष्ट हैं ।

अङ्कास्य—( अङ्कमुख ) जब किसी एक ही अंक में सभी अंकों की घटनाओं की संक्षेप में सूचना दी जाए और नाटकीय बीज को भी संकेतित किया जाय तो उसे 'अङ्कास्य' समझना चाहिये ॥ २०० ॥

जैसे ललितमाधव नाटक के प्रथम अंक में गार्गी और पौर्णमासी के संवाद से 'अङ्कास्य' सम्पन्न किया गया ॥ २०१ ॥

कोई आचार्य अङ्कास्य का निम्न लक्षण करते हैं :—

पूर्व अङ्क में प्रविष्ट पात्रों के द्वारा भावी अंक की अविच्छिन्न रूप में सूचना देना 'अङ्कास्य' कहलाता है ॥ २०२ ॥

---

१. आदावन्ते च मध्ये च इति अ० पु० पाठः ।
२. तदिति ख० पु० पाठः ।

एतदङ्कावतारेण गतार्थत्वात्तु केचन ।
प्रथमोक्तार्थमेवेदं वदन्त्यङ्कमुखं बुधाः ॥ २०३ ॥

अथाङ्कावतारः—

अङ्कावतारः पात्राणां पूर्वाङ्कार्थानुवर्तिनाम् ।
अविभागेन सर्वेषां भाविन्यङ्के प्रवेशनम् ॥ २०४ ॥
स्पष्टमुदाहरणम् ।

अथ प्रवेशकः—

यन्नीचैः केवलं पात्रैर्भाविभूतार्थसूचनम् ।
अङ्कयोरुभयोर्मध्ये स विज्ञेयः प्रवेशकः ॥ २०५ ॥
यदा स्यान्नीरसं सूच्यमामुखानन्तरं तदा ।
विष्कम्भोऽङ्कास्यकं वा स्यादामुखाक्षिप्तपात्रकम् ॥ २०६ ॥
यदा तु सरसं वस्तु मूलादेव प्रवर्तते ।
आदावेव तदाङ्कस्स्यादामुखाक्षेपसंश्रयः ॥ २०७ ॥

---

किन्तु यह लक्षण अङ्कावतार की समानता लिये होने से विद्वज्जन प्रथम लक्षण ( हमारे लक्षण ) को ही उपयुक्त मानते हैं ॥ २०३ ॥

अङ्कावतार—पूर्व अंक में विद्यमान पात्रों के द्वारा अङ्क का विभाग किये बिना अगले अंक में प्रविष्ट हो जाना 'अङ्कावतार' कहलाता है ॥ २०४ ॥

इसका उदाहरण भी स्पष्ट है ।

प्रवेशक—जब दो अंकों के बीच में भूत या भावी घटना की सूचना केवल नीच पात्रों द्वारा दी जाए तो उसे 'प्रवेशक' समझना चाहिये ॥ २०५ ॥

यदि सूच्यवस्तु नीरस हो तो आमुख के बाद ही विष्कम्भ या अङ्कास्य की योजना कर देनी चाहिये और आमुख में ही ( इनके ) पात्रों की सूचना भी दे देनी चाहिये ॥ २०६ ॥

किन्तु प्रारम्भ में सरस वस्तु से कथा आरम्भ हो जाय तो आमुख में ( भावी पात्रों की ) सूचना देकर अङ्क की योजना कर देनी चाहिये ॥ २०७ ॥

असूच्यन्तु शुभोदाररसभावनिरन्तरम् ।
प्रारम्भे यद्यसूच्यं स्यादङ्कमेवात्र कल्पयेत् ॥ २०८ ॥
असूच्यन्तु द्विधा दृश्यं श्रव्यञ्चाद्यन्तु दर्शयेत् ।
द्वेधा द्वितीयं स्वगतं प्रकाशश्चेति[1] भेदतः ॥ २०९ ॥
स्वगतं स्वैकविज्ञेयं प्रकाशं तद्द्विधा भवेत् ।
सर्वप्रकाशं नियतप्रकाशश्चेति भेदतः ॥ २१० ॥
सर्वप्रकाशं सर्वेषां स्थितानां श्रवणोचितम् ।
द्विधा विभज्यते तच्च जनान्तमपवारितम् ॥ २११ ॥
त्रिपताककरेणान्यानपवार्यान्तरा कथाम्[2] ।
या मिथः क्रियते द्वाभ्यां तज्जनान्तिकमुच्यते ॥ २१२ ॥
रहस्यं कथ्यतेऽन्यस्य परावृत्यापवारितम् ।

---

शुभ, उदार और रस तथा भाव आदि से पूर्ण असूच्यवस्तु होती है यह आरम्भ में ही रहे तो आमुख के बाद सीधे अंक को रख देना चाहिये ।

असूच्य के दो प्रकार होते हैं—दृश्य तथा श्रव्य। इसमें प्रथम के स्वगत तथा प्रकाश ( नामक ) दो भेद हो जाते हैं ॥ २०८ ॥

दूसरों के सुनने योग्य न होकर केवल स्वयं के जानने योग्य होने वाली वस्तु 'स्वगत' कहलाती है। प्रकाश के दो प्रकार होते हैं—सर्वप्रकाश तथा नियतप्रकाश ॥ २०६ ॥

मंच पर विद्यमान सभी पात्रों के सुनने योग्य कथन 'सर्वप्रकाश' कहलाता है। नियतप्रकाश में मंच पर विद्यमान पात्रों में किसी विशेष पात्र के सुनने योग्य कथन रखा जाता है। इस नियतप्रकाश के दो प्रकार माने जाते हैं—एक जनान्तिक और दूसरा अपवारित। जब दो पात्रों के द्वारा शेष पात्रों से छिपा कर त्रिपताक हस्तमुद्रा रखते हुए परस्पर वार्तालाप किया जाता है तो उसे 'जनान्तिक' और किसी गुप्त बात को छिपा कर किसी एक पात्र को 'कही जाय तो 'अपवारित' समझना चाहिये ॥ २१०-२१३ ॥

---

१. प्रकाशश्च द्विधेति ब० पु० पाठः । २. कथेति ख० पु० पाठः ।

अथाङ्कस्वरूपम्—

प्रत्यक्षनेतृचरितः क्षुद्रचूर्णकसंयुतः ॥ २१३ ॥
[1]नातीवगूढशब्दार्थो नातिप्रचुरपद्यवान् ।
[2]अयुतो बहुभिः कार्यैर्बीजसंहरणेन च ॥ २१४ ॥
अनेकदिननिर्वर्त्यकथया च विवर्जितः ।
दिनार्द्धदिनयोर्योग्यवस्तुना परिकल्पितः ॥ २१५ ॥
वधेन दूराह्वानेन युद्धराज्यादिविप्लवैः ।
शापोत्सर्गविहाराभ्यां रतभोजनमृत्युभिः ॥ २१६ ॥
स्नानानुलेपनिद्राद्यैश्चुम्बनालिङ्गनादिभिः ।
व्रीडाहेतुभिरन्यैश्च बीभत्सैश्च विना कृतः ॥ २१७ ॥
अन्तनिष्क्रान्तनिखिलपात्रोऽङ्क इति कीर्तितः ।

---

अङ्क—जिसमें नायक का चरित्र प्रत्यक्ष होता हो, जिसमें छोटे-छोटे चूर्णक ( गद्य खण्ड में संवाद ) रहते हों, जिसमें गूढार्थ शब्द अधिक न रहते हों, जिसमें अधिक मात्रा में पद्य न रहें, अनेक कार्यों का विस्तार न रहे और जिसमें बीजार्थ की समाप्ति न होती हो, दिन के अर्ध भाग या एक दिन और रात्रि में घटित या पूर्ण हो जाने वाली घटना रहती हो, अनेक दिन तक चलने वाली घटनाओं का जिसमें निवेश न रहे; जिसमें वध, दूर से ( चिल्लाकर ) बुलाना, युद्ध, राज्य-विप्लव, शाप, शौच ( पुरीषोत्सर्ग ), विहार, संभोग, भोजन, मृत्यु, स्नान, चन्दन-लेपन, निद्रा लेना, चुम्बन, आलिंगन तथा अन्य ऐसे कार्य जो लज्जा उत्पन्न करते हों नहीं रहते हों और अन्त में सभी पात्रों का मंच से निष्क्रमण हो जाए तो उसे 'अङ्क' समझना चाहिये ॥ २१३–२१८ ॥

---

१. नातीवगूढसर्वार्थो इति ख० पु० पाठः।
२. अयुक्तो इति ख० पु० पाठः।

अथ गर्भाङ्कः—

अङ्कप्रसङ्गाद्गर्भाङ्कलक्षणं वक्ष्यते मया ॥ २१८ ॥
अङ्कस्य मध्ये योऽङ्कः स्यादसौ गर्भाङ्क ईरितः ।
वस्तुसूचकनान्दीको दिङ्मात्रमुख[1]सङ्गतः ॥ २१९ ॥
अर्थोपक्षेपकैर्हीनो युतः पात्रैस्तु पञ्चपैः ।
अन्वेष्यवस्तुविषयः स्वाधाराङ्कान्तशोभितः ॥ २२० ॥
नातिप्रपञ्चेतिवृत्तः प्रस्तुतार्थानुबन्धकः ।
प्रथमाङ्के न कर्तव्यः सोऽयं काव्यविशारदैः ।
चतुर्थेऽङ्के तु गर्भाङ्को यथा ललितमाधवे ॥ २२१ ॥

अथ सामान्यनिर्णयः—

नाटकेऽङ्का न कर्तव्या पञ्चन्यूना[2] दशाधिकाः ॥ २२२ ॥

---

गर्भाङ्क—अङ्क के स्वरूप-निरूपण के अवसर (आने) पर 'गर्भाङ्क' का भी लक्षण बतलाता हूँ। जो अंक किसी अंक के अन्दर रखा जाता है उसे 'गर्भाङ्क' समझना चाहिये। (इसकी) कथावस्तु की सूचना नान्दी में दी जाती है तथा मुखसन्धि की अल्पमात्रा में योजना रहती है। इसमें अर्थोपक्षेपक नहीं होते तथा चार या पाँच पात्र रहते हैं। इसका विषय (मुख) कथावस्तु की अन्वेष्य वस्तु होती है और अन्त में उसका आधार भी बतलाया जाता है। कथा का अधिक विस्तार नहीं रहता। इसकी कथा मुख्य उद्देश्य में सहायता करती है। (रूपक आदि के) प्रथम अंक में गर्भाङ्क नहीं रखा जाता है। इसका उदाहरण है ललितमाधव नाटक के चतुर्थ अंक में स्थित गर्भाङ्क ॥ २१८-२२१ ॥

(नाटक आदि के) सामान्य-नियम—नाटक में पाँच से कम तथा दस से अधिक अंक नहीं रखे जाना चाहिये। विष्कम्भक आदि में (भी) मुख्य नायक का वध नहीं बतलाना चाहिये ॥ २२३ ॥

---

१. दिङ्मात्रमुखदर्शकः इति ख० पु० पाठः।
२. न्यूनादसन्धिका इति अ० पु० पाठः।

विष्कम्भकाद्यैरपि नो वधो वाच्योऽधिकारिणः ।
अन्योन्येन तिरोधानं न कुर्याद्रसवस्तुनोः ॥ २२३ ॥
यत् स्यादनुचितं वस्तु नायकस्य रसस्य वा ।
विरुद्धं तत्परित्याज्यमन्यथा वा प्रकल्पयेत् ॥ २२४ ॥
अविरुद्धञ्च यद्वृत्तं रसाभिव्यक्तयेऽधिकम् ।
[1]तदप्यन्यथयेद्धीमान्न वदेद्वा कदाचन ॥ २२५ ॥
लास्याङ्गानि दश तथा वीथ्यङ्गानि त्रयोदश ।
अङ्केष्वपि निबध्यानि केचिदेवं प्रचक्षते ॥ २२६ ॥
प्रायस्तान्यपि सन्त्येव तस्मिंल्ललितमाधवे ।
क्वचिदत्र विनिष्पाद्यं धीरैराकाशभाषितम् ॥ २२७ ॥
अन्येनानुक्तमप्यन्यो वचः श्रुत्वैव यद्वदेत् ।
इति किं भणसीत्येतद् भवेदाकाशभाषितम् ॥ २२८ ॥

---

रस और कथावस्तु परस्पर आच्छादक नहीं रहने चाहिये। रस या नायक से ( सम्बद्ध ) कोई बात अनुचित या विरुद्ध दिखलाई दे तो उसे छोड़ देना या बदल देना चाहिये तथा जो वस्तु या घटना विरुद्ध न होकर भी रसाभिव्यक्ति को दूर तक विस्तार देती हो तो उसे भी बदल देना या नहीं बतलाना चाहिये ॥ २२३–२२५ ॥

कुछ आचार्यों का मत है कि अङ्क में भी ( दस ) लास्यांग और ( तेरह ) वीथ्यङ्गों का निवेश किया जाय। ललितमाधव में प्रायः ये सभी अङ्ग रखे गये हैं ॥ २२६–२२७ ॥

( नाटक आदि में ) आवश्यक होने पर कभी-कभी 'आकाशभाषित' का भी प्रयोग रखा जाता है। किसी दूसरे के द्वारा न कहे गये शब्दों को भी कहे गये शब्द जैसा सुनकर जब कोई ( मंचस्थ पात्र ) बोलता है तो उसे 'आकाशभाषित' समझना चाहिये ॥ २२७–२२८ ॥

---

१. तथाप्यन्यथयेदिति क० ख० पु० पाठः ।

अथ भाषाविधानम्—

नाटके तत्र पात्राणां भाषारूपं[1] निरूप्यते।
तत्र भाषा द्विधा भाषा विभाषा चेति भेदतः ॥ २२९ ॥
चतुर्दश विभाषाः स्युः प्राच्याद्या वाक्यवृत्तिभिः।
आसां संस्काराराहित्याद्विनियोगो न गद्यते।
भाषा द्विधा संस्कृता च प्राकृती चेति भेदतः ॥ २३० ॥

तत्र संस्कृता—

संस्कृता देवतादीनां मुनीनां नायकस्य च ॥ २३१ ॥
लिङ्गिविप्रवणिक्क्षत्रमन्त्रिकञ्चुकिनामपि ।
अरण्यदेवी-गणिका-मन्त्रिजाधीतियोषिताम् ।

---

[1]**भाषाविधान**—हम अब नाटक में विद्यमान भाषाओं का नियम बतलाते हैं। भाषा के दो प्रकार होते हैं—( एक ) भाषा तथा ( दो ) विभाषा। वाक्यों में प्रयुक्त की जाने वाली विभाषा ( के ) चौदह ( भेद होते ) हैं। संस्कारहीन होने से विभाषाओं की नाटक आदि में योजना नहीं की जाती। भाषा के दो भेद हैं—संस्कृत तथा प्राकृत भाषा ॥ २२९-२३० ॥

**संस्कृत भाषा**—देवता, मुनि, नायक, संन्यासी, ब्राह्मण, वणिक्, क्षत्रिय, मन्त्री, कंचुकी, वनदेवता, मन्त्रिकन्या, विदुषीमहिला, योगिनी, अप्सरा और शिल्पकारिणी आदि की संस्कृत भाषा रखी जाय ॥ २३१-२३२ ॥

---

१. रसार्णव सुधाकर के अनुसार भाषा विधान की गणना प्रवृत्ति के अन्तर्गत मानी गयी है। इनके मत में भाषा के सात तथा विभाषा के सात प्रकार मिल कर १४ प्रकार हो जाते हैं । भाषा के सात भेदों में ( जो प्राकृत के होते हैं ) प्राच्या, अवन्ती, मागधी, वाह्लीका, दाक्षिणात्या, शूरसेनी तथा अर्धमागधी आती हैं। विभाषा के सात भेदों में शाबरी, द्राविड़ी, आन्ध्री, शाकारी, आभीरी चाण्डाली और वानेचरी आती हैं। इनका देशगत औचित्य के अनुसार नाटक आदि में व्यवहार किया जाता है। भाषा विधान का विस्तार से विवेचन नाट्यशास्त्र के १८ वाँ अध्याय में द्रष्टव्य हैं। यहाँ इनके सम्बोधन आदि का भी विस्तार भय से विवेचन नहीं किया गया उसे भी नाट्यशास्त्र १९ तथा साहित्य दर्पण ६ परि० में देखा जा सकता है।

---

१. भाषा खलु इति ब० पु० पाठः।

योगिन्यप्सरसोः शिल्पकारिण्या अपि कीर्तिता ॥ २३२ ॥

तत्र प्राकृती—

षोढान्तिमा प्राकृती स्याच्छौरसेनी च मागधी ॥ २३३ ॥
पैशाची चूलिकापैशाच्यपभ्रंश[1] इति क्रमात् ।
अत्र तु प्राकृतं स्त्रीणां सर्वासां नियतं भवेत् ॥ २३४ ॥
ऐश्वर्येण प्रमत्तानां दारिद्र्योपहतात्मनाम् ।
ये नीचाः कर्मणा जात्या तेषां च प्राकृतं स्मृतम् ॥ २३५ ॥
तत्रापि नायिकादीनां शौरसेनी प्रकीर्तिता ।
आसामेव तु गाथासु महाराष्ट्री स्मृता बुधैः ॥ २३६ ॥
अत्रोक्ता मागधी भाषा राजान्तःपुरचारिणाम् ।
तथा विदूषकादीनां चेटानामपि कीर्तिता ॥ २३७ ॥
रक्षःपिशाचनीचेषु पैशाचीद्वितयं भवेत् ।
अपभ्रंशस्तु चण्डालयवनादिषु युज्यते ॥ २३८ ॥

---

प्राकृत भाषा—दूसरी भाषा प्राकृत है। इसके छः भेद हैं—( १ ) प्राकृत, ( २ ) शौरसेनी, ( ३ ) मागधी, ( ४ ) पैशाची, ( ५ ) चूलिका-पैशाची तथा ( ६ ) अपभ्रंश ॥ २३३ ॥

सामान्यतः सभी स्त्री पात्र की प्राकृत भाषा नियत होती है। जो पात्र ऐश्वर्यहीन से प्रमत्त, दरिद्री तथा जाति और कर्म से नीच हो तो उनकी भी प्राकृत भाषा रखी जाय। इनमें नायिका आदि उत्तम स्त्री पात्र की संवादों में सौरसेनी तथा गाथा ( आदि ) में महाराष्ट्री ( प्राकृत ) रखी जाय। राजा के रनिवास में स्थित भृत्यों, विदूषक, चेट आदि की मागधी भाषा रखी जाय। राक्षस, पिशाच आदि पात्रों की चूलिका पैशाची तथा पैशाची भाषा रखी जाय और चाण्डाल और यवन पात्रों की अपभ्रंश भाषा ॥ २३४–२३८ ॥

---

१. शाबर्यपभ्रंश इति ख० पु० पाठः ।

सर्वेषां कारणवशात् कार्यो भाषाव्यतिक्रमः ।
माहात्म्यस्य परिभ्रंशान्मदस्यातिशयात्तथा ॥ २३९ ॥
प्रच्छादनञ्च विभ्रान्तिर्यथालिखितवाचनम् ।
कदाचिदनुवादश्च कारणानि प्रचक्षते ॥ २४० ॥
नायिकानां सखीवेश्या-कितवाप्सरसां तथा ।
वैदग्ध्यार्थं प्रयोक्तव्यं संस्कृतश्चान्तरान्तरा ॥ २४१ ॥
स्पष्टान्येषामुदाहरणानि ।

अथ वृत्तयः—

अथोच्यन्ते स्वभावेन वृत्तयः परमाद्भुताः ।
जाता नारायणादेता मधुकैटभयोर्वधे ॥ २४२ ॥
नेतृव्यापाररूपास्तु रसावस्थानसूचिका:[1] ।

---

विशेष दशा या कारण वश सभी पात्रों की नियत भाषाओं में परिवर्तन किया जा सकता है। उदाहरणार्थ किसी का अपनी उन्नत अवस्था से अवनत अवस्था को प्राप्त करने ( या उच्च पद से च्युत हो जाने ), अतिशय मदमत्त हो जाने [ या विकल होने ] पर भाषा-परिवर्तन हो जाता है। कभी कभी अपने को छिपाने, भ्रम में आजाने, किसी लिखित अंश को उसी प्रकार पढ़ने या किसी के कथन का अनुवाद करने आदि में भी भाषा परिवर्तन रखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त नायिका तथा उसकी सखियों, वेश्या, चुगलखोर तथा अप्सरा पात्रों के वैदग्ध्य को दर्शाने की स्थिति में उनकी नियत भाषा के बीच बीच में संस्कृत भाषा का भी सन्नियोजन करना चाहिये।

इन नियमों के उदाहरण स्पष्ट हैं।

**वृत्तियाँ**—अब हम अद्भुत स्वरूप वाली वृत्तियों को बतलाते हैं। ये वृत्तियाँ मधु और कैटभ दैत्यों का वध करते समय श्रीविष्णु के शरीर से उत्पन्न हुई थीं। ये वृत्तियाँ नायक आदि पात्रों के व्यापार की निदर्शक और रस की स्थति की सूचना देने वाली होती हैं। विद्वज्जन

---

१. सूचकाः इतिख० पु० पाठः ।

चतस्रो वृत्तयो धीरैः प्रोक्ता नाट्यस्य मातरः ॥ २४३ ॥
भारत्यारभटी चैव सात्वती कैशिकी तथा ।

तत्र भारती—

एषा वाणीप्रधानत्वाद्भारतीति निगद्यते ॥ २४४ ॥
प्रस्तावनोपयोगित्वात्तत्रैव परिकीर्तिता ।
स्त्रीहीना पुरुषश्रेष्ठप्रयोज्या वाक्प्रधानिका ॥ २४५ ॥
भारती संस्कृतैर्युक्ता वृत्तिस्स्याच्चतुरङ्गिका ।

अथारभटी—

मायेन्द्रजालप्रचुरचित्रयुद्धक्रियामया ॥ २४६ ॥
आटोपच्छेद्यभेदाढ्या वृत्तिरारभटी मता ।
अङ्गान्यस्यास्तु चत्वारि सङ्क्षिप्तिरवपातनम् ॥ २४७ ॥
वस्तूत्थापनसम्फेटावित्याह भरतो मुनिः ।

---

इन वृत्तियों को नाट्यविद्या की माताएँ कहते हैं। ये वृत्तियाँ चार हैं। यथा—(१) भारती (२) आरभटी (३) सात्वती तथा (४) कैशिकी ॥ २४२-२४४ ॥

**भारती ( वृत्ति )**—[1]संवाद या वाक् तत्व की मुख्यता के कारण इसे 'भारती वृत्ति' कहा जाता है। इसका प्रयोग स्त्री पात्रों में नहीं रहता तथा उत्तम पात्रों के संवादों में ( प्रयोग ) रखा जाता है। भारती वृत्ति की भाषा संस्कृत होती है तथा इस वृत्ति के चार अंग होते हैं जिन्हें प्रस्तावना का लक्षण बतलाते समय बतलाया जा चुका है ॥२४४-२४६॥

**आरभटी वृत्ति**—माया और इन्द्रजाल आदि की मुख्यता के साथ युद्धों के अनेक आश्चर्यकारी और कूदने फाँदने की क्रियाओं से युक्त; दम्भ, छेदन भेदन आदि क्रियाओं से पूर्ण वृत्ति को आरभटीवृत्ति समझना चाहिये ॥ २४६-२४७ ॥

भरतमुनि ने आरभटी वृत्ति के चार अंग बतलाये हैं। यथा—(१) संक्षिप्ति (२) अवपातन (३) वस्तूत्थापन तथा (४) सम्फेट ॥२४७-२४८॥

---

१. भारती वृत्ति के अंगों को प्रस्तावना के लक्षण के अवसर पर बतलाया जा चुका है [ द्रष्टव्य-प्ररोचना, आमुख, वीथी तथा प्रहसन के लक्षण-कारिका सं० २० से ३३ तक ]।

तत्र सङ्क्षिप्तिः—

सङ्क्षिप्तिरुक्ता सङ्क्षिप्तवस्तुसृष्टिर्महाद्भुता ॥ २४८ ॥

यथा—

विधिना हते शिशुकुले तादृशमपरं हरिस्तथा व्यतनोत् ।
विरमतु परस्य वार्ता स्वयमेव विसिस्मिये स यथा ॥

अथावपातनम्—

विभ्रान्तिरवपातस्स्यात् प्रवेशद्रवविद्रवैः ।

यथा—

निघ्नन्विघ्नमिवाग्रतः कुवलयापीडं मृदुक्रीडया
तुङ्गां रङ्गभुवं प्रविश्य तरसा प्रत्यर्थिनां त्रासनः ।
दृप्यन्मल्ल-दवाम्बुदश्चलदृशा क्षुद्रानपि द्रावयन्
पश्याराद् गरुडायते सरुडयं कंसोरगे केशवः ॥

---

संक्षिप्ति—जब किसी विचित्रता से पूर्ण वस्तु की रचना संक्षेप में में की जाए तो उसे 'संक्षिप्ति' समझना चाहिये ॥ २४८ ॥

जैसे—ब्रह्मा के द्वारा एक बार शिशुओं के समूह को नष्ट कर देने पर श्री हरि ने उनकी दूसरी बार वैसी ही सृष्टि इस प्रकार कर दी कि ( दूसरों की तो बात ही क्या ) स्वयं श्रीहरि भी उसे देख कर विस्मित हो गए।

**अवपातन**—प्रवेश, द्रव (निर्गम) तथा विद्रव (भागना) आदि कार्यों का भ्रम ( आदि कारणों ) से होना 'अवपातन' कहलाता है ॥ २४६ ॥

जैसे—देखो, श्रीकृष्ण ने विघ्न रूप से सामने आनेवाले इस कुवलयापीड गज को बात ही बात में साधारण क्रीड़ा करते हुए समाप्त कर डाला फिर शत्रुओं के हृदय में भय का संचार करते हुए वे उस विस्तीर्ण और ऊँची रंगभूमि पर वेग से चढ़ गए और दर्प से भरी हुई मल्लरूपी दावाग्नि को शान्त करने में मेघस्वरूप हो कर अपने चंचल

---

१. वस्तुमिष्ट इति अ० पु० पाठः ।
२. सोऽपि इति ख० पु० पाठः ।

अथ वस्तूत्थानपम्—

तद्वस्तूत्थापनं यत्तु वस्तु मायोपकल्पितम् ॥ २४९ ॥

यथा—

दौर्जन्यानि हृदि स्फुटानि कपटस्नेहेन संवृण्वती
मायाकल्पितसुन्दरी मधुरिमा लेभे व्रजं पूतना ।
तस्याः सुष्ठु तथा पयोधररसः प्रीतः शिशुक्रीडया
वैकुण्ठेन हठाद्यथा न स पुनः मातुस्तथा पास्यते[1] ॥

अथ सम्फेटः—

सम्फेटस्स्यात्समाघातः क्रुद्धसङ्क्रुद्धयोजितः ॥ २५० ॥

यथा—

चाणूरमल्लेन यथा मुरारेरन्योन्यमासीद्गुरुसम्प्रहारः ।
कंसस्य येनानकदुन्दुभेश्च सन्तापचिन्ताभिरुरः पफाल ॥

---

नेत्रों से नीच एवं कायरों को भयभीत कर भगाते हुए क्रोध में भर कर अब गरुड़ के समान कंस रूपी महासर्प पर टूट पड़े हैं।

**वस्तूत्थापन**—माया से निर्मित वस्तुओं के कारण भगदड़ आदि हो जाना 'वस्तूत्थापन' कहलाता है ॥ २४९ ॥

जैसे—वह पूतना कपट पूर्ण स्नेह के द्वारा अपने हृदय में भरी हुई दुष्ट भावनाओं को आच्छादित कर माया से सुन्दर रूप बना कर व्रज में आयी तो भगवान् बालकृष्ण ने बाल्य क्रीड़ा में ही उसके उरोज रस का इस प्रकार पान किया कि वह वैकुण्ठ में जा कर ( मुक्त होने से ) पुनः अपनी माता का स्तन्यपान न कर सके।

**सम्फेट**—क्रोध या उत्तेजना में आकर शीघ्रता से प्रहार आदि करना 'सम्फेट' कहलाता है ॥ २५० ॥

जैसे :—युद्ध में चाणूर मल्ल और मुरारि ने परस्पर ऐसे प्रहार किये कि उन्हें देख कर क्रमशः कंस और वसुदेव के हृदय संताप और चिन्ता से फटने लगे।

---

१. पुनर्मातस्त्वयेति अ०, क० पु० पाठः ।

अथ सात्वती—

सात्त्विकेन गुणेनापि त्यागशौर्यादिना युता।
हर्षप्रधाना निश्शोका सात्वती परिकीर्तिता ॥ २५१ ॥
अङ्गान्यस्यास्तु चत्वारि संल्लापोत्थापकावपि।
सङ्घात्यपरिवर्तौ चेत्येषां लक्षणमुच्यते ॥ २५२ ॥

अथ संल्लापः—

ईर्ष्याक्रोधादिभिर्भावै रसैर्वीराद्भुतादिभिः।
परस्परं गभीरोक्तिः संलाप इति कीर्त्यते ॥ २५३ ॥

यथा—

वयं वालास्तुल्यैः सह रचयितुं युद्धमुचितम्‌ः
पुरो यूयं मल्लाः प्रकटितकरालाचलरुचः।
मदेनोन्मत्तानां मृदुलतनुभिः कः कलभकैः
करीन्द्राणां धीरः परिणमनरङ्गं रचयति ॥

---

**सात्वती वृत्ति**—जो सात्विक ( सात्वत ? ) गुणों तथा त्याग शौर्य आदि से युक्त हो जिसमें प्रसन्नता का बाहुल्य और शोक का अभाव हो उसे 'सात्वती' वृत्ति समझना चाहिये ॥ २५१ ॥

इस वृत्ति के चार अंग होते हैं। यथा—( १ ) संलाप ( २ ) उत्थापक ( ३ ) सांघात्य तथा ( ४ ) परिवर्तक। अब मैं क्रमशः इनके लक्षण बतलाता हूँ ॥ २५२ ॥

**संलाप**—ईर्ष्या व क्रोध आदि भावों तथा वीर, अद्भुत आदि रसों के द्वारा परस्पर गंभीर आरोप लगाने वाले संवादों का प्रयोग करना 'संलाप' कहलाता है ॥ २५३ ॥

जैसे :—हम तो ( छोटे ) बालक हैं और युद्ध तो बराबरी के व्यक्तियों के साथ होना उचित होता है। यहाँ हमारे सामने पर्वत के समान भीषण लगने वाले तुम मल्लजन हो। ऐसा कौन धीर बुद्धि है जो मदमत्त हाथियों के साथ सुकुमार हाथी के बच्चे का रंगमंच पर युद्ध करवाये।

काल जैसे विकराल कुवलयापीड जैसे हस्तिराज को बालक्रीडाओं

अवितथमसि बालः काल-रूपं विभिन्दन्
द्विरद-पतिमुदग्रं वाल-विक्रीडयैव ।
[1]इह किल भुज-युद्ध-प्रस्तुतेरुच्चलेयं
तव तनुकृतसख्या साक्षिणी बालराजिः[2] ।

अथोत्थापकः—

प्रेरणं यत्परस्यादौ युद्धायोत्थापकस्तु सः ॥

यथा—

लुञ्छन्नस्मि पुरस्त्रिविष्टपपुरीसौभाग्यसारश्रियं
गीर्वाणेश्वरपारिजातममरीकन्दर्पसन्दर्पदम्[3] ।
पौलोमीकुचकुम्भकेलिमकरीव्यापारवैज्ञानिकः
पाणिस्तेन हि दक्षिणः कथमसौ दम्भोलिमुद्यच्छते[4] ॥

---

के द्वारा विच्छिन्न करने पर भी तुम बालक ही हो यह सच है। आज बाहुयुद्ध के उपस्थित होने पर बाल्यभाव की सूचक तथा सदा तुम्हारे शरीर के साथ मैत्रीभाव से रहने वाली यह रोमपंक्ति भी (युद्धार्थ) खड़ी हो रही है।

उत्थापक—युद्ध के लिये शत्रु को सर्वप्रथम प्रेरित करना 'उत्थापक' कहलाता है ॥ २५४ ॥

जैसे :—आज मैं देवराज इन्द्र तथा देवताओं की (इस) अमरावती नगरी के सौभाग्य एवं श्री लक्ष्मी के सार (तत्व) भूत इस पारिजातवृक्ष को नोंच रहा हूँ जो अमराङ्गनाओं को कामोन्मत्त बनाता है। अब इन्द्राणी के उरोजकुम्भों पर विलासकीड़ा आदि के लिये मकर, पत्रभङ्ग आदि की रचना करने में दक्ष इन्द्र का दाहिना हाथ वज्र को कैसे धारण कर सकेगा ?

---

१. मृजु इति अ० पु० पाठः ।
२. रोमराजिः इति क० ख० पु० पाठः ।
३. ममरीकन्दर्पेति अ० पु० पाठः ।
४. मुद्गच्छति इति क० पु० पाठः ।

अथ संघात्यः—

**प्रभावमन्त्रदेवाद्यैः[1] सङ्घात्यः सङ्घभेदनम् ।**

तत्र प्रभावेन यथा—

दुकूलं धुन्वाना जयजयजयेत्युच्च भणितिः
स्थिता रङ्गाभ्यर्णे प्रणयगरिमोद्दामितमुखी ।
प्रभावं पश्यन्ती कमपि कमनीयाद्भुतरसं[2]
हरेः कंसोपेक्षां व्यधित बत साक्षान्मधुपुरी ॥

मन्त्रेण यथा—

निशम्य युक्तिं दनुजार्दनस्य
गोवर्द्धनाराधनबद्धरागाम्[3] ।
आभीरगोष्ठी रभसेन सर्वा
गीर्वाणराजस्य मखाद् व्यरंसीत् ॥

---

संघातक ( सांघात्य )—प्रभाव, मन्त्र या देवता के द्वारा एकता या समूह में फूट डाल देना 'सांघात्य' कहलाता है ॥ २५४ ॥

प्रभाव से भेद का उदाहरण :—

वह मधुपुरी ( मथुरा ) जब साक्षात् अपने वस्त्रों को हिलाती हुई जोरों से जय जय शब्द की चिल्लाहट के साथ रंगमण्डप के समीप आ प्रेम से अपना मुँह ऊँचा कर खड़ी हो श्रीहरि के कोमल और अद्भुत प्रभाव को देखने लगी तो उसने कंस के प्रति होने वाली श्रीकृष्ण की उपेक्षा को नष्ट कर डाला ।

मन्त्र के द्वारा भेद का उदाहरण:—

गोवर्द्धन पर्वत की आराधना में अनुराग उत्पन्न करने वाली श्रीकृष्ण की युक्ति को सुन कर वह सारी ग्वाल मंडली इन्द्राराधन के यज्ञानुष्ठान से विरत हो गयी ।

---

१. वेदाद्यैरिति क० पु० पाठः ।
२. कमनीयाद्भुततरमिति क० पु० पाठः ।
३. गोवर्द्धनावर्द्धन इति ख० पु० पाठः ।

अथ परिवर्तकः—

प्रारब्धकार्यादन्यस्य करणं परिवर्तकः ॥ २५४॥

यथा—

व्रज भुवि गुरुगर्वात् कुर्वतस्तीव्रवृष्टिं
हृदि भवदनुभावाद्यभीतिर्ममासीत् ।
त्वमसि किल कृपालुर्दोग्धुकामोऽपि कामं
तदिह मयि शरण्ये गोकुलेन्द्र प्रसीद ॥

अथ कैशिकी—

नृत्यगीत-विलासादिमृदु-शृङ्गार-चेष्टितैः ।
समन्विता भवेद्वृत्तिः कैशिकी श्लक्ष्णभूषणा ॥ २५५ ॥
हरेः केशाभिसम्बन्धात् कैशिकीति प्रथां गता ।
अङ्गान्यस्यास्तु चत्वारि नर्मतत्पूर्वका इमे ।
स्फञ्ज: स्फोटश्च गर्भश्चेत्येषां लक्षणमुच्यते[1] ॥ २५६ ॥

---

**परिवर्तक**—प्रारंभ किये हुए कार्य के बदले अन्य कार्य को करना 'परिवर्तक' कहलाता है ॥ २५५ ॥

जैसे :—हे गोकुलेश्वर श्रीकृष्ण, अपने ही गर्व से अभिभूत होकर इस वज्रभूमि पर जोरों की वृष्टि करते समय आपके प्रभाव के कारण मेरे मन में भय भी रहता था। यद्यपि चाहे आप ग्वाले हो फिर भी दयालु हैं। इसलिये शरण में आने के कारण आप मुझ पर प्रसन्न हो जाइये।

**कैशिकीवृत्ति**—नृत्य, गीत, विलास तथा शृङ्गार रस की कोमल चेष्टाओं से युक्त आकर्षक वेषभूषा से सज्जित होने पर 'कैशिकी वृत्ति' कहलाती है। श्रीविष्णु के केश से सम्बद्ध होने के कारण इसकी प्रसिद्धि 'कैशिकी' नाम से हो गयी। इसके चार अंग हैं इनमें नर्म तथा शेष में नर्म शब्द को पूर्व में संयुक्त करते हुए स्फञ्ज, स्फोट तथा

---

१. लक्षणमीर्यते इति अ० पु० पाठः।

तत्र नर्म—

शृङ्गाररसभूयिष्ठः प्रियचित्तानुरञ्जकः ॥ २५७ ॥
अग्राम्यः परिहासः स्यान्नर्म तत्तु त्रिधा मतम् ।
शृङ्गारहास्यजं शुद्धहास्यजं भयहास्यजम् ॥ २५८ ॥
शृङ्गारहास्यजं नर्म त्रिविधं परिकीर्तितम् ।
सम्भोगेच्छाप्रकटनादनुरागनिवेशनात् ॥ २५९ ॥
तथा कृतापराधस्य प्रियस्य प्रतिभेदनात् ।
सम्भोगेच्छाप्रकटनं त्रिधा वाग्वेषचेष्टितैः ॥ २६० ॥

तत्र वाचा यथा पद्यावल्याम्—

गच्छाम्यच्युत दर्शनेन भवतः किं तृप्तिरुत्पद्यते
किन्त्वेवं विजनस्थयोर्हतजनः संभावयन्त्यन्यथा ।

---

नर्म रखा जाए। [अर्थात् नर्म, नर्मस्फञ्ज, नर्मस्फोट तथा नर्मस्फोट]। अब क्रमशः इनके लक्षण बतलाता हूँ ॥ २५५-२५६ ॥

**नर्म**—जो अंग शृङ्गार प्रचुर, प्रिय के मन का रंजक तथा अग्राम्य परिहास से युक्त हो उसे 'नर्म' कहते हैं। इस (नर्म) के शृङ्गार तथा हास्य से, शुद्ध हास्य से तथा भय और हास्य से मिल कर तीन प्रकार बनते हैं। इनमें भी शृङ्गार तथा हास्य से बनने वाले नर्म के तीन प्रकार और होते हैं। यथा—सम्भोग की इच्छा प्रकट करने, अनुराग प्रकट करने तथा अपराधी प्रिय में भेद उत्पन्न करने के कारण ॥ २५७॥

सम्भोग की इच्छा को प्रकट करने वाले नर्म का प्रकार भी वाणी, वेष तथा चेष्टा से होने के कारण (पुनः) तीन प्रकार का हो जाता है ॥

**वाणी से होने वाले सम्भोगेच्छा प्रकाशक नर्म का उदाहरणः—** हे अच्युत [न हटने वाले,] आपके दर्शन मात्र से [संभोगेच्छा की] तृप्ति कैसे हो सकती है। ओर एकान्त में इस प्रकार स्थित हम दोनों को देख कर दुष्ट जन कुछ अन्य (सम्भोग आदि की) आशंका करने लगते हैं। [अब यहाँ कुछ न मिलने से] मैं जाती हूँ। इस प्रकार सम्बोधन की विशिष्ट शैली से [श्रीकृष्ण के पास] व्यर्थ बैठने

---

१. प्रियाचित्तेति ख० पु० पाठः ।

इत्यामन्त्रणभङ्गिसूचितवृथावस्थानखेदां हस-

न्नाश्लिष्यन् पुलकोत्कराञ्चिततनुर्गोपीं हरिः पातु वः ॥

( पद्या० २०७ )

वेशेन यथा—रसार्णवसुधाकरे—

अभ्युद्यते शशिनि पेशलकान्तदूती

सन्तापसंवलितमानसलोचनाभिः ।

अग्रा हि मण्डनविधिर्विपरीतभूषा

विन्यासहासितसखीजनमङ्गनाभिः ॥

( र० सु० १।२७३ )

चेष्टया यथा—

श्यामे यामुनरोधसि प्रियसखीवर्गान्तरस्थायिनी

सव्यां स्मेरमुखी दृशं मधुभिदः स्मेरे मुखाम्भोरुहे ।

---

के खेद से अलसायी हुई ( उस ) गोपिका का हंस कर आलिंगन करने से रोमाञ्चित शरीर वाले श्रीकृष्ण आपकी रक्षा करें।

वेष के द्वारा होने वाले सम्भोगेच्छा प्रकाशक नर्म का उदाहरणः—

सन्ताप से युक्त चित्त और नेत्रों वाली उन अंगनाओं ने चन्द्र के उदित होने पर सुन्दर प्रियतम की दूती के समान शीघ्रतावश अपने अंगों की अस्थान में की गयी उस सजावट को आरंभ किया जो सखियों के परिहास का विषय हो रही थी।

चेष्टा के द्वारा होनेवाले सम्भोगच्छा प्रकाशक नर्म का उदाहरणः—अपनी प्रिय सखियों के बीच विद्यमान ( उस ) नायिका ने मुसकुराहट के साथ अपनी बायीं दृष्टि को श्याम वर्ण वाले यमुना के किनारे काले भौंरे के समान शोभित श्री मुरारी के प्रसन्न मुख कमल पर और अपनी दाहिनी दृष्टि को बार बार क्रीड़ा निकुञ्ज की ओर निक्षिप्त करते

---

१. वृथावस्थानखेदालसामाश्लिष्यन्निति पद्यावल्यां पाठस्समुपलभ्यते ।

२. सारसलोचनाभिरिति क० पु० पाठः । रसार्णवसुधाकरे तु अभ्युद्गते शशिनि पेशलकान्तदूतीसन्तापसंबलितलोचनमानसाभिरिति पाठः समुपलभ्यते ।

३. स्थापिनीति क० पु० पाठः ।

४. स्मेरमुखीमिति ख० पु० पाठः ।

भृङ्गोद्भासिनि दक्षिणान्तु किरती क्रीडानिकुञ्जे मुहुः
सूर्यं रज्यति सच्छलं विचिनुते तल्पाय पुष्पाघलिम् ॥

अनुरागप्रकाशोऽपि भोगेच्छानर्मवत् त्रिधा ।

तत्र वाचा यथा—

देहि कुन्दमिति देवि वक्ष्यती
यन्मुकुन्दमविलम्बमब्रवीः ।
तावकीनकुलपालिकाव्रतं
तेन साम्प्रतमभून्विकरस्वरम् ॥

वेशेन यथा—

यदुपहससि मां सदाभिसारो-
त्सुकहृदयामभितस्तदत्र युक्तम् ।
वपुषि हरिकथाप्रसङ्गमात्रे[1]
तव च कथं पुलकालिरुन्मिमील ॥

---

हुए ( सायं काल के समय ) सूर्य बिम्ब को रक्त वर्ण देख कर किसी व्याज से बिछौने के लिये पुष्पों को चुनने लगी।

सम्भोगेच्छा को प्रकट करने वाले नर्म के समान ही वाणी, वेश और चेष्टा के भेद से अनुराग प्रकट करने वाले नर्म के भी तीन प्रकार होते हैं ॥ २६१ ॥

इनमें वाणी के द्वारा होने वाले नर्म का उदाहरणः—

हे देवि, जो तुमने कुन्द को देदो वाक्य को कहने के समय शीघ्रता-वश अपने मुँह से मुकुन्द का नाम ले लिया उसी से तुम्हारा पातिव्रत्य व्रत ( अब ) प्रकट हो गया।

इसी के वेष से होने वाले भेद का उदाहरणः—

अरी सखी, अभिसार के प्रति उत्सुक हृदय रखने पर तुम जो मेरा उपहास कर रही हो वह है तो उचित परन्तु यह बतलाओ कि

---

१. प्रसङ्गमात्रादिति क० पु० पाठः ।

चेष्टया यथा—

सखि कुर्वती विविक्ते वनमालागुम्फनाभ्यासम् ।

विदितासि त्वमखण्डितपातिव्रत्ये कृतं भणितैः ॥

प्रियापराधनिर्भेदोऽप्युक्तस्त्रेधा तथा बुधैः ॥ २६१ ॥

तत्र वाचा यथा—

व्रजराजकुमार मा कृथाः

स्तुतिमुद्राभिरनल्पचातुरीम् ।

अनिमित्तविशङ्कितेन ते

वचसाहं गुरुणास्मि बोधिता ॥

वेशेन यथा—ललितमाधवे

चन्द्रावली—( सोत्प्राससस्मितम् )

कज्जलसामलमज्झं पल्लअसाणुज्जलं मुउंदस्स ।

---

श्रीकृष्ण की केवल बात निकलने पर ही तुम्हारे शरीर पर रोंगटे क्यों खड़े हो जाते हैं ?

**चेष्टा के द्वारा होने वाले ( नर्म भेद ) का उदाहरणः**—अरी सखी, तुम अपने अखण्ड पातिव्रत धर्म का क्यों बखान कर रही हो ? जब एकान्त में वनमाला गूंथने का अभ्यास करते हुए तुम पकड़ ही ली गयी तो अब और कहने की क्या आवश्यकता ( शेष ) रही ?

प्रिय के अपराध जन्य नर्म के भी वाणी, वेष तथा चेष्टा भेद से तीन प्रकार होते हैं ॥ २६१ ॥

**इनमें वाणी के द्वारा होने वाले भेद का उदाहरणः**—हे व्रजराज कुमार, तुम इन चाटुकारिता से भरी प्रशंसा के द्वारा अपनी चतुराई क्यों प्रकट कर रहे हो ? तुम्हारे अकारण आशंकित रह कर कहे जाने वाले इन गंभीर आलापों से ही मुझे सब कुछ विदित हो गया है ।

**वेष के द्वारा होने वाले नर्म भेद का उदाहरणः**—

जैसे ललितमाधव नाटक में :—

चन्द्रावली—आज मैं मध्य स्थान में कज्जल के समान काले एवं

गुंजाफलं व्व अहरं सहि पेक्खन्ती पमोदामि ॥
[ कज्जलश्यामलमध्यं पल्लवशोणोज्वलं मुकुन्दस्य ।
गुञ्जाफलमिवाधरं सखि पश्यन्ती प्रमोदे ॥ ]
( ल० मा० ६।५४ )

चेष्टया यथा—रससुधाकरे
लोलभ्रूलतया विपक्षदिगुपन्यासे विधूतं शिर-
स्तद्वृन्दस्य निशामनेऽकृत नमस्कारं विलक्षस्मितम् ।
रोषात्ताम्रकपोलकान्तिनि मुखे दृष्ट्या नतं पादयो-
[१]रुत्सृष्टो गुरुसन्निधावपि विधिर्द्वाभ्यां न कालोचितः ॥
( र० सु० १।२७३ )

अथ शुद्धहास्यजम्—
शुद्धहास्यजमप्युक्तं तद्वदेव त्रिधा बुधैः ॥ २६२ ॥
तत्र वाचा—यथा—
वृद्धे चन्द्र इति प्रतारय न मामज्ञासिषं मद्वया-

---

सर्वत्र रक्तपल्लव के समान चमकीले वर्ण वाले गुंजाफल के समान रक्तवर्ण मुकुन्द के अधर को देख कर प्रसन्न हो रही हूँ।

चेष्टा के द्वारा होने वाले नर्म भेद का उदाहरण—जैसे रसार्णव सुधाकर में—उस नायिका के समक्ष जब नायक ने ( उसकी भावना के ) विपरीत प्रस्ताव आरंभ किया तो ( असहमति के कारण ) उसने क्रोधवश अपनी भौहों को चढ़ा कर कम्पित करते हुए मस्तक हिलाया। पर जब नायक ने उसके सखीवर्ग को सुनाने का उपक्रम किया तो ( भय और ) लज्जा से वैसा न करने के लिये उसने मुसकुरा कर हाथ जोड़ लिये। तथा ( नायिका के ) क्रोध से तमतमाते लाल मुँह होने पर उस नायक ने अपनी दृष्टि पैरों पर झुका ली। इस प्रकार अपने गुरुजन के समक्ष उन दोनों का ( सदाचार का परित्याग करते हुए किया गया ) व्यवहार समय के अनुकूल नहीं था।

शुद्धहास्य से होने वाला नर्म का भी इसी प्रकार वाणी, वेष तथा चेष्टागत विभेद से तीन प्रकार हो जाते हैं॥ २६२॥

इनमें वाणी से होने वाले शुद्ध हास्यज नर्म का उदाहरणः—

अरी बुढ़िया, मुझे चन्द्र बतला कर क्यों धोखा दे रही हो ? मैं जान

---

१. संसृष्टो इति अ० पु० पाठः।

न्निक्षिप्तं नवनीतपिण्डमुपरि स्थानेऽद्य राधाम्बया ।
गूढं पातयितास्मि दीर्घतरया यष्ट्येति वाचं हरे-
रिन्दुन्यस्तदृशो निशम्य मुखरा क्षेमं हसन्ती क्रियात् ॥

वेशचेष्टाभ्याम् यथा—

कम्बलकृतवृषवेषं भृङ्गाभृङ्गि प्रणीतसंरम्भम् ।
प्रेक्ष्य हरिं विधिरहसीन्मुदिर[2]च्छन्नो गभीरोऽपि ॥

अथ भयहास्यजम्—

हास्याद्भयेन जनितं कथितं भयहास्यजम् ।
तद् द्विधा मुखम[3]ङ्गन्तु तद् द्वयं पूर्ववत् त्रिधा ॥ २६३ ॥

मुख्यं वाचा[1] यथा—

शैलेन्द्रोद्धृतिलीलया किल परित्राते गवां मण्डले
तत्र स्तोत्रविधित्सयाभ्युपगतं दृष्ट्वा सहस्रेक्षणम् ।

---

गया हूँ कि आज मेरे भय से राधा की माता ने ऊँचे स्थान पर उस नवनीत के गोले को रख दिया है। पर अब मैं इसे अपनी लंबी लकुटिया से छिप कर गिरा देता हूँ। इस प्रकार चन्द्र की ओर देखते हुए कही गयी श्रीकृष्ण की वाणी सुन कर हंसने वाली मुखरा आप सभी का कल्याण करे।

**वेष तथा चेष्टा से होनेवाले शुद्ध हास्यज नर्म का उदाहरणः—**
कम्बल ओढ़ कर सुन्दर वेष बना बाललीला में भौरों की लीला का अनुकरण कर श्री मुकुन्द को गोलचक्कर लगा कर घूमते हुए देख कर गंभीर प्रकृति होने पर भी प्रच्छन्न रूप से प्रसन्न हो ब्रह्माजी हंस पड़े।

**भयहास्यज नर्म**—हास्य तथा भय से उत्पन्न होने वाला नर्म 'भयहास्यज नर्म' कहलाता है। यह दो प्रकार का होता है—मुख्य तथा अंग। ये दोनों भेद भी पूर्ववत् पुनः वाणी, वेष और चेष्टा के द्वारा तीन प्रकार के हो जाते हैं॥ २६३ ॥

**मुख्यभेद के वाणी से होनेवाले भयहास्यज नर्म का उदाहरणः—**
जब गोवर्द्धन पर्वत को लीलामात्र से धारण कर श्रीकृष्ण जी ने गौओं ( तथा गोपों ) के समूह की रक्षा की तो वहाँ उनकी प्रार्थना हेतु

---

१. वाचा इति क० पु० पाठः। २. मदिरच्छन्नो—इति अ० पु० पाठः।
३. मुखमङ्गेति ब० पु० पाठः।

प्रत्यासीदति पश्य राक्षसपतिस्साक्षादयं पाहि मां
इत्युत्क्रोशति मुग्धवल्लवशिशौ स्मेरो हरिः पातु वः ॥

एवं वेशचेष्टाभ्यामप्युदाहार्यम्। अथान्याङ्गम्। तत्र वाचा—यथा—

यद्युल्लङ्घ्य गिरं विसर्पति ततः स्वाङ्गे व्रणं पाणिजैः
कुर्वन्नेव कृतं त्वयेति जरतीलक्षाय वक्ष्याम्यहम्।
इत्युक्ते स्वरमाकुलामिव भयादालोक्य राधां पुनः
स्तब्धीभूतगतिं हरिः स्मितमुखः श्लिष्यन् मुदं वः क्रियात् ॥

वेषेण यथा—

राधापुरः स्फुरति संविहिताभिमन्युवेषे मुरद्विषि मनागुपलब्धभीतिः।
नैसर्गिकीं प्रणयतः [1]स्वमनःप्रवृत्तिं तत्रावधार्य चतुरा स्मितमाततान ॥

चेष्टया यथा—रससुधाकरे

---

सहस्रनेत्र इन्द्र स्वयं उपस्थित हुए। समागत इन्द्र के उस विचित्र स्वरूप को देख कर तब भोले ग्वालों के बालक रोने लगे और चिल्ला-चिल्ला कर कहने लगे—'अरे यह राक्षसों का राजा यहाँ आ रहा है। इससे भी हमारी रक्षा कीजिये'। यह सुनकर मन्द मन्द मुसकुराने वाले भगवान् मुकुन्द आपकी रक्षा करें।

इसी प्रकार वेष और चेष्टा के भी उदाहरण समझना चाहिये। अन्य या अंग नामक भेद के वाणी से होने वाले भयहास्यज नर्म का वाणी का उदाहरणः—

यदि तुम मेरी बात की परवाह न कर यहाँ से चली जाओगी तो मैं अपने शरीर पर नखों से खरोंचे बना कर उन सभी बूढ़ियों को बतला दूँगा। (श्रीकृष्ण के) ऐसा कहने पर भय से घबरा कर रुक जाने वाली श्री राधा का मुसकुरा कर आलिंगन करने वाले श्रीकृष्ण आपको प्रसन्नता प्रदान करें। (या आपका कल्याण करें)।

इसी के वेष से होने वाले प्रकार का उदाहरणः—

श्रीकृष्ण जब अभिमन्यु का वेष धारण कर श्रीराधा के सामने खड़े हुए तो राधा उन्हें वैसा देख कर पहिले तो थोड़ी भयभीत हुई पर बाद में अपनी मानसिक प्रवृत्ति के झुकाव को देख कर उस चतुरा ने (उन्हें पहचानते हुए) धीरे से मुसकुरा दिया।

इसी के चेष्टा से होने वाले प्रकार का उदाहरण रसार्णवसुधाकर में:-

---

१. प्रणयतस्तु मनःप्रवृत्तिमिति ख० पु० पाठः।

प्रह्लादवत्सल वयं बिभिमो विहारादस्मादिति ध्वनितनर्मसु गोपिकासु ।
लीलामृदु स्तनतटेषु नखाङ्कुराणि व्यापारयन्नवतु वः शिखिपिच्छमौलिः ॥

( र० सु० १।२७५ )

नर्मेदमष्टादशधा विस्पष्टमभिदर्शितम् ।

अथ नर्मस्फञ्जः—

**नर्मस्फञ्जः सुखोद्योगो भयार्तो नवसङ्गमः ॥ २६४ ॥**

**यथा—**

साशङ्कं क्षिपतोर्दृशं प्रतिदिशं व्रीडाजडस्वान्तयो-
र्याता क्वासि निशीति तीव्रजरतीवाचाधिकत्रस्तयोः ।
गोष्ठद्वारि निवेशितस्य कुहरे गोग्रन्थिराशेस्तदा
राधामाधवयोरभूत् क्वणिकरस्तस्मिन्नवः सङ्गमः ॥

अथ नर्मस्फोटः—

**नर्मस्फोटो भावलेशैः सूचितोऽल्परसो मतः ॥ २६५ ॥**

---

हे प्रह्लाद पर स्नेह करने वाले, 'हमें इस प्रकार के विहार से भय लग रहा है' ऐसे नर्म वचन से गोपिकाओं के द्वारा संकेत करने पर मोरपंखधारी श्रीकृष्ण लीला करते हुए उनके उरोज तटों पर मृदु नखक्षत देने लगे। श्रीकृष्ण का क्रीडाविहार वाला यही स्वरूप आप लोगों की रक्षा करे।

इस प्रकार हमने नर्म के कुल अठारह प्रकार बतलाये।

**नर्मस्फञ्ज**—प्रणय के आधिक्य से जब दो प्रेमियों का प्रथम सुखद मिलन हो तथा अन्त में उसका परिणाम कष्टप्रद हो जाए तो उसे 'नर्मस्फञ्ज' समझना चाहिये ॥ २६४ ॥

जैसे :—आशंका के कारण चारों ओर अपनी दृष्टि दौड़ाने वाले, लज्जा के कारण स्तब्ध अन्तःकरण वाले और 'रात में कहाँ जा रही है, ऐसे बुढ़िया के शब्दों को सुन कर घबड़ाने वाले उन राधा और श्रीकृष्ण का गोशाला के द्वारा पर इकट्ठे किये जाने वाले कंडों के ढेर पर जब प्रथम संगम हुआ तो हलकी आवाज चारों ओर उठने लगी।

**नर्मस्फोट**—यदि अल्प प्रकाशित भावों से रस की सूचना मिले तो उसे 'नर्मस्फोट' कहते हैं ॥ २६५ ॥

यथा विदग्धमाधवे—

मधुमङ्गलः ( कृष्णं पश्यन् स्वगतम् )

फुल्लप्रसूनपटलैस्तपनीयवर्णामालोक्य चम्पकलता किल कम्पतेऽसौ ।
शङ्के निरङ्कनवकुङ्कुमपङ्कगौरी राधास्य चित्तफलके तिलकीबभूव ॥

( वि० मा० २।२५ )

अथ नर्मगर्भः

नेतुर्वा नायिकाया वा व्यापारः स्वार्थसिद्धये ।
प्रच्छादनपरो यस्तु नर्मगर्भः स उच्यते ॥ २६६ ॥

यथा—रससुधाकरे—

श्रियो मानग्लानेरनुशयविकल्पैः स्मितमुखे
सखीवर्गे गूढं कृतवसतिरुत्थाय सहसा ।
समनेष्ये धूर्तं तमहमिति जल्पन्नतमुखीं
प्रियान्तामालिङ्गन् हरिररतिखेदं[1] हरतु वः ॥

( र० सु० १।२७६ )

---

जैसे विदग्धमाधव नाटक में

मधुमंगल—( श्रीकृष्ण को देख कर अपने मन में ) मेरा यह मित्र आज विकसित पुष्पों के गुच्छों से सुवर्ण के समान गौरवर्ण की दिखाई देने वाली इस चम्पकलता को देख कर कंपित हो रहा है। इससे ऐसी आशंका हो रही है कि निर्मल केशर के समान गौरवर्ण वाली राधिका इसके चित्त-रूपी फलक पर तिलक के समान मुख्यतः चित्रित हो चुकी है।

**नर्मगर्भ**—जब नायक या नायिका का प्रयोजनवश प्रच्छन्न व्यवहार होता है तो उसे 'नर्मगर्भ' समझना चाहिये ॥ २६६ ॥

जैसे रसार्णवसुधाकर में :—

श्री लक्ष्मी जी के मान धारण से दुःखी होकर अनेक विध पश्चात्ताप करने वाली और मुसकुराने वाली सखियों के बीच छिपे हुए श्रीहरि ने जब सहसा उठ कर कहा 'मैं अभी उस धूर्त को यहाँ ले आता हूँ' यह सुन कर लज्जा से अपना मस्तक झुका लेने वाली प्रिया का आलिंगन करने वाले श्रीहरि आप सभी के अरतिजन्य कष्टों का नाश करें।

---

१. हरिरवति खेदमिति अ० पु० पाठः ।

तिस्रोऽर्थवृत्तयः प्रोक्ता शब्दवृत्तिस्तु भारती।
अथैतासां चतसृणां रसनैयत्यमुच्यते ॥ २६७ ॥
शान्तवीराद्भुतप्रीतवत्सलेषु तु[1] सात्वती।
प्रेयः शृङ्गारहास्येषु प्रोक्ता वृत्तिस्तु कैशिकी ॥ २६८ ॥
बीभत्से करुणे चारभटी वीरे भयानके।
प्रायो रसेषु सर्वत्र भारती करुणादिषु ॥ २६९ ॥

[2]इति ध्वनिप्रस्थापनपरमाचार्यश्रीमद्रूपगोस्वामि-
प्रभुपादप्रणीता श्रीनाटकचन्द्रिका समाप्ता ॥

---

इनमें (शेष) तीन वृत्तियाँ अर्थाश्रित हैं तथा भारतीवृत्ति शब्दाश्रित होती है। अब हम इन वृत्तियों की रसाश्रित विधि को बतलाते हैं ॥ २६७ ॥

शान्त, वीर, अद्भुत, प्रीति (प्रेय) तथा वात्सल्य रसों में सात्वती वृत्ति की, प्रेय, शृङ्गार तथा हास्य रस में कैशिकी वृत्ति की; भयानक, बीभत्स तथा करुण रस में आरभटी वृत्ति की और सभी रसों में भारती वृत्ति की योजना करनी चाहिये ॥ २६७-२६८ ॥

ध्वनिप्रस्थापन परमाचार्य श्री रूपगोस्वामी प्रभुपाद द्वारा
प्रणीत नाटकचन्द्रिका समाप्त ॥

आचार्य श्री बी० एल० शुक्ल शास्त्री एम० ए०, साहित्याचार्य द्वारा
प्रणीत नाटकचन्द्रिका की 'प्रकाश' हिन्दी व्याख्या सम्पूर्ण ॥

---

१. चेति ब० पु० पाठः।
२. इति श्रीलरूपगोस्वामीति ब० पु० पाठः।

## नाटकचन्द्रिकायामुदाहृतानां ग्रन्थानांसूची



—○○◇○○—

# नाटकचन्द्रिकास्थोदाहरणपद्यानुक्रमणिका

# नाटकचन्द्रिकायाः कारिकानुक्रमणिका

# शुद्धिपत्र

| पृष्ठ | पङ्क्ति | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|---|
| १ | ६ | तथा दिव्येन | तथाऽदिव्येन |
| ३ | ७ | कृष्णश्च | कृष्णच्च |
| ३ | ८ | आचारण | आचरण |
| ३ | १९ | नाटकभेद | नायकभेद |
| ४ | ५ | श्रृङ्गारवीराढ्या | श्रृङ्गारवीराद्या |
| ५ | १९ | प्रस्तावना द्वारा | प्रस्तावना द्वार |
| ८ | ८ | स्फुरदुत्सवः | शरदुत्सवः |
| ८ | २१ | यहाँ बड़े उत्साह से उत्सव | यहाँ बड़े उत्साह से शारद उत्सव |
| ११ | १० | वृद्धया | वृद्धया |
| १६ | १ | नीते मञ्जु | नीरे मञ्जु |
| १६ | १४ | " | " |
| १७ | २८ | दिति स० पु० | दिति ख० पु० |
| २१ | ८ | मुख प्रतिमुख | मुखं प्रतिमुखं |
| २२ | २८ | इति स० पु० | इति ख० पु० |
| २३ | ६ | कर्षति धारा | कर्षति राधां |
| २४ | २९ | इति स० पु० | इति ख० पु० |
| २८ | २८ | इति स० पु० | इति ख० पु० |
| २९ | २८ | इति स० पु० | इति ख० पु० |
| ३० | २८ | इति स० पु० | इति ख० पु० |
| ३३ | २७ | –मिति स० पु० | –मिति ख० पु० |
| ३४ | ७ | चन्क्राभिख्यः | चक्राभिख्यः |
| ४० | ४ | रहयवरो | रहपवरो |
| ४० | ५ | सवन्तु | सबन्धुं |
| ४२ | २०–२१ | इसलिये तू इस ···क्यों ले आयी? | इसलिये तू सूने घर को छोड़ कर इस बहू को यहाँ क्यों ले आयी? |
| ४५ | १३ | मुच्चास्त्र– | मुच्चास्त्र– |
| ४६ | ५ | दासादय | दासादयो |
| ५४ | ८ | प्राप्तोद्ऽभूद् | प्राप्तोऽभूद् |
| ५५ | ७ | अववादोऽय | अववादोऽथ |
| ५७ | २२ | वहाँ शिकार ढूँढ़ते हुए पाण्डव को······कहने लगा' | वहाँ शिकार ढूँढ़ते हुए पाण्डव से बाज से पकड़े गये दो पक्षियों में से एक कहने लगा' |

| पृष्ठ | पङ्क्ति | अशुद्ध | शुद्ध |
| --- | --- | --- | --- |
| ६१ | ८ | तस्य त्यक्तुं | ततस्त्यक्तुं |
| ६३ | १५ | इत्युत्र | इत्यत्र |
| ६८ | १० | सन्धिर्विरोधो | सन्धिर्विबोधो |
| ६९ | ९ | विरोधः | विबोधः |
| ६९ | १० | विरोधः कार्यमार्गणम् | विबोधः कार्यमार्गणम् |
| ६९ | २२ | विरोध | विबोध |
| ७२ | ११ | असि विषकण्ठी | अयि विषकण्ठी |
| ७३ | ३ | यत् प्रसादः | स्यात् प्रसादः |
| ७८ | ६ | सङ्गोऽप्यं | सङ्गोऽप्ययं |
| ८० | ३ | नायका प्रतिनायका | नायकप्रतिनायकौ |
| ८० | ६ | सुखादिसन्धि- | मुखादिसन्धि- |
| ८१ | २३ | के समूह से | के समूह द्वारा |
| ८८ | २ | किलासीत् | किलासीद् |
| ९१ | ३ | सती कथमसौ भामा | सती कथमभामासौ |
| ९१ | १० | निरातङ्क-मारो मे | निरातङ्कमारामे |
| ९१ | ११ | यदि दर्भाङ्गभू- | यद्विदर्भाङ्गभू- |
| ९२ | ९ | ताराही सप्पधारेहि | ताराहीस प्पधारेहि |
| ९२ | १८ | श्रृङ्गबाधा | भृङ्गबाधा |
| ९५ | ३ | कृष्णघनस्त्वा- | कृष्णघनस्त्व |
| १०३ | ८ | कैश्चित्तु | कश्चित्तु |
| १०४ | ९ | प्राणो | प्राणी |
| १०७ | २ | यथार्थानां | यत्रार्थानां |
| ११३ | १४ | सुधासम्बान्धोऽपी' | सुधासम्बाधोऽपी' |
| ११७ | १ | विचित्रायां त्त्राण्याम- | विचित्रायां त्त्रोण्याम- |
| १२३ | २५ | वचनावाली | वचनावली |
| १२४ | २ | एषा | एषां |
| १२६ | ४ | रेभिस्तत्मास्मि | रेभिस्तस्माःस्मो |
| १२७ | १० | गृहीतहस्तास्मि | गृहीतहस्तासि |
| १५० | ११ | सङ्क्षिप्ति | सङ्क्षिप्ति |
| १५२ | १८ | रूप बनाकर व्रज में | रूप बना कर जब व्रज में |